य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 71 | अंक 134 | पृष्ठ 36 (24+12) | मूल्य 5.00 | जयपुर, शनिवार, 18 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी संवत् 2083
राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

पृष्ठ 36
राजस्थान पत्रिका
राजस्थान पत्रिका
आज का अंक दो भागों में 24+12 के साथ 36 पेज का है।

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।





Registration No. : S/RS/DW(SW)/04/2024
SHEKHAWATI FOUNDATION
शेखावाटी फाउंडेशन
(शेखावाटी के विकास के लिए सदैव प्रयासरत संस्था) की ओर से
ऐतिहासिक यमुना जल समझौते के लिए भारत के प्रधानमंत्री
माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री
माननीय श्री भजनलाल जी शर्मा
का हार्दिक आभार
30 वर्षों के संघर्ष का मिला परिणाम
यमुना जल समझौते का जोरदार स्वागत
कार्यक्रम का विवरण
दिनांक : 20 जुलाई, 2026 ( सोमवार )
समय : सायं 4:30 बजे से
स्थान : बिरला ऑडिटोरियम, जयपुर।
विनोद कुमार गोयल
राष्ट्रीय अध्यक्ष
शेखावाटी फाउंडेशन
शेखावाटी फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य
राष्ट्रीय महामंत्री
गजानन्द शर्मा
राष्ट्रीय संयोजक
हरि शर्मा
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
प्रकाश अग्रवाल
राष्ट्रीय संरक्षक
सुभाष जोशी
राष्ट्रीय प्रभारी
पशुपति कुमार शर्मा
राष्ट्रीय सहप्रभारी
गिरधारी लाल शर्मा
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
पराक्रम सिंह राठौड़
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
जाकिर भाटी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
रमाकांत जौहरी
राष्ट्रीय सचिव
जयसिंह भगासरा
राष्ट्रीय सचिव
आशीष सर्राफ
राष्ट्रीय सचिव
प्रवीण बलवदा
कार्यकारिणी सदस्य
गितेश टिकमानी
कार्यकारिणी सदस्य
श्रवण कालेर
कार्यकारिणी सदस्य
संजय जोशी
कार्यकारिणी सदस्य
कैलाश अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य
सुशील गुप्ता
कार्यकारिणी सदस्य
अनुराग शर्मा
कार्यकारिणी सदस्य
विजय शंकर तिवाड़ी
कार्यकारिणी सदस्य
एस. पी. यादव
कार्यकारिणी सदस्य
मुकेश कुमार वत्स
कार्यकारिणी सदस्य
योगेश व्यास
कार्यकारिणी सदस्य
मनीष मोरालिया
कार्यकारिणी सदस्य
पंकज भारद्वाज
कार्यकारिणी सदस्य
विजय बसावतिया
कार्यकारिणी सदस्य
हरीश चन्द्र शर्मा
कार्यकारिणी सदस्य
डॉ. आशीष गौड़
प्रदेश संयोजक
राकेश लाटा
जिलाध्यक्ष झुंझुनू
डॉ. दिलीप मोदी
जिलाध्यक्ष सीकर
विष्णु भूत
जिलाध्यक्ष चूरू
महेन्द्र कुमार चौबे
यमुना जल समझौता - शेखावाटी के उज्जवल भविष्य की ओर एक ऐतिहासिक कदम

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 71 | अंक 134 | पृष्ठ 36 (24+12) | मूल्य 5.00 | जयपुर, शनिवार, 18 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी संवत् 2083

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

पृष्ठ 36

राजस्थान पत्रिका

राजस्थान पत्रिका

आज का अंक दो भागों में 24+12 के साथ 36 पेज का है।

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

Okay PLUS®
BUILDERS & DEVELOPERS

RERA Reg. No. : RAJ/P/2026/4685
www.rera.rajasthan.gov.in

## हर घर...पहले एक प्लॉट होता है

आज पहला कदम उठाइए

RG City में बिना इंतजार, घर बनाने की शुरूआत कीजिए




Okay PLUS RG City
PREMIUM TOWNSHIP

*T & C Apply

आधुनिक जीवन की सभी सुविधाएँ

- चौड़ी सड़कें
- अंडरग्राउंड बिजली व्यवस्था
- आधुनिक स्ट्रीट लाइट
- जल भंडारण सुविधा
- STP (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट)
- प्लॉट डिमार्केशन/ब्लॉक बाउंड्री
- रिटेल कमर्शियल एरिया
- हरित पार्क क्षेत्र

Dot 'N' Dash

LAKHNA ROAD, VATIKA, TONK ROAD, JAIPUR

SCAN QR CODE FOR LOCATION

+91 9261 511 511

Okay PLUS® BUILDERS & DEVELOPERS
72-A, Kiran Path, Suraj Nagar (West), Civil Lines, Jaipur, Rajasthan, Ph.: 0141-4270000
: mail@okayplus.com | www.okayplusgroup.com

Marketed by : AADHAR PRIME

Member of CREDAI RAJASTHAN | TODAR | RAJREDCO

Visit Us

Scan for More Details

**Disclaimer :** Images/Facilities shown above are only representational and informative. Information, images, and visuals are only indicative of the envisaged developments and the same are subject to change in actual asper approvals. The views shown in the pictures may vary over the period of time and does not guarantee the same. All intending purchaser/s are bound to inspect all plans and approvals and visit the project site and apprise themselves of all plans and approvals and other relevant information obtained from time to time from respective authority

# MOTION
## NEET Result 2026
मोशन है, तो भरोसा है



**Nitin Vijay** (NV Sir)
Founder & Educator

## हमारे यहाँ सिर्फ टॉप रैंक्स नहीं हर सिलेक्शन जीत है

*National % of students Under 50000 Rank from student appeared in RENEET*
**50000/1999895**
**2.5%**

**3.8 TIMES**

*Motion's % of students Under 50000 Rank from student appeared in RENEET*
**488/5083**
**9.71%**

*Motion Percentage of Qualified students 4526/5023 =* **90.12%**

## 101 IN TOP 5000 ALL INDIA RANK (GENERAL, EWS & OBC)
### OFFLINE AND ONLINE CLASSROOM SUPPORT PROGRAM STUDENTS (1 & 2 YEAR)

- AIR-40 Satwik Patnaik
- AIR-76 Aditya Sharma
- AIR-108 Priyanshu Lamba
- AIR-109 Rahul Choudhary
- AIR-112 Kavya Yadav
- AIR-125 Vanga Srinivasa Reddy
- AIR-127 Arpit Pandey
- AIR-170 Pushpendra Sain
- AIR-197 Janshi Kumari
- AIR-202 Jaiesh
- AIR-374 Harsh
- AIR-378 Pradyot Pandey
- AIR-390 Kanhaiya Kumar
- AIR-406 Banshika Raj
- AIR-499 Jishan
- AIR-550 Rohit
- AIR-556 Bhaskar Mishra
- AIR-610 Mahendra Kumar
- AIR-611 Hariom Agrahari
- AIR-717 Shoyab Khan
- AIR-772 Ojaswini Vijay
- AIR-823 Priyanshu Jha
- AIR-980 Adarsh Tiwari
- AIR-985 MD. Anish Tabrez
- AIR-1014 Tiya Bhalotiya
- AIR-1015 Sidra Ali
- AIR-1025 Ujjwal P. Singh
- AIR-1034 Dinesh Jakhar
- AIR-1038 Himesh Chimnani
- AIR-1053 Purav
- AIR-1062 Akshara
- AIR-1065 Rahul Kumar
- AIR-1067 Pratap
- AIR-1074 Aayush Kumar
- AIR-1083 Sagun Sachan
- AIR-1198 Atulya Shandilya
- AIR-1268 Raghvendra Joshi
- AIR-1288 Shubham Sharma
- AIR-1317 Hritik Kumar Singh
- AIR-1351 Deepak Kumar
- AIR-1429 Vipin Kumar
- AIR-1497 Darpan Jain
- AIR-1520 Akarsha Ranjan
- AIR-1571 Namisha
- AIR-1592 Hasan Raza
- AIR-1601 Deepshikha
- AIR-1696 Md Waris Karim
- AIR-1887 Satyam Raj
- AIR-1890 Harshit Gupta
- AIR-1903 Sonakshi Raj
- AIR-1909 Rishabh Kumar
- AIR-1997 Hemansh Rawat
- AIR-2024 Abhishek Kumar
- AIR-2026 Atishek R Mishra
- AIR-2128 Sameer Soni
- AIR-2376 Vaishnavi Gupta
- AIR-2408 Hemant Ajay Sinha
- AIR-2422 Atal Gupta
- AIR-2448 Pradeep Singh
- AIR-2629 Anuj
- AIR-2646 Pragya Bhardwaj
- AIR-2691 Dinesh Jangid
- AIR-2730 Aman Patel
- AIR-2826 Aastha Kumari
- AIR-2945 Adarsh Singh
- AIR-2979 Deelip Kumar
- AIR-3006 Amit Gupta
- AIR-3164 Aryan Malav
- AIR-3182 Priyank Chauhan
- AIR-3240 Satyam Bhardwaj
- AIR-3261 Mantu Kumar
- AIR-3300 Ananya Sharma
- AIR-3345 Ansh Raj
- AIR-3511 Manyak Sharma
- AIR-3639 Priyanshu Singh
- AIR-3710 Suyash Singh
- AIR-3766 Nirbhay
- AIR-3819 Md Ehsan Alam
- AIR-3932 Muskan Anand
- AIR-3936 Hazifa Sameer
- AIR-4035 Anshika Gupta
- AIR-4046 Zaib Khan
- AIR-4121 Md Jamil
- AIR-4134 Md Azad
- AIR-4157 Aalekh Faujdar
- AIR-4191 Juveriya Alt. Awati
- AIR-4216 Ushira Ghosh
- AIR-4244 Shikha Parmar
- AIR-4266 Omnath Sidh
- AIR-4281 Shubham Suman
- AIR-4287 Shourya Agrawal
- AIR-4510 Mahvish Afsar
- AIR-4564 Atmadeep Roy
- AIR-4577 Kushwah Lokesh
- AIR-4578 Anugrah Barnwal
- AIR-4691 Mahabir Meher
- AIR-4693 Prakhar Upadhyay
- AIR-4718 Vishal Singh
- AIR-4720 Ankit Raj
- AIR-4823 Sushant Anjenay
- AIR-4903 Anik Roy

*Results are published with utmost care based on information provided by students and/or parents; however, Motion Education shall not be held responsible for any inadvertent errors, if any.*

*Result received so far...*

**ENROLL WITH A PROGRAM IN KOTA**
THAT HAS A TRACK RECORD OF **100% SELECTION**

**J STAR BATCH**

*Eligibility Criteria*

| NEET Marks | Final Fee |
|---|---|
| 501+ | Fee |
| 451 - 500 | ₹20,000 |

- In case of FREE only the kit amount of ₹15,000 + GST will be charged.

*Get Scholarship on the basis of NEET 2026 Marks*

| NEET Marks | Final Fee |
|---|---|
| 501+ | FREE |
| 451 - 500 | ₹30,000 |
| 401 - 450 | ₹40,000 |
| 301 - 400 | ₹55,000 |
| 201 - 300 | ₹60,000 |
| 151 - 200 | ₹65,000 |

*Batch Dates:*
*22nd & 29th July 2026*

- In case of FREE only the kit amount of ₹15,000 + GST will be charged.

*T&C Apply

# MOTION
2X Learning Experience

For more information visit :

Corporate Office:
394, Rajeev Gandhi Nagar, Kota (Raj.)

www.motion.ac.in
info@motion.ac.in

**1800 212 1799**

**OUR RAJASTHAN CENTERS**
AJMER CENTER : 9929121368/ 9929146768 | BANSWARA CENTER : 7230008751 / 7230008752 | BHARATPUR CENTER : 9376714999/9694414999 | BIKANER CENTER : 7296942121/ 9530045543
JAIPUR (Gopalpura) : 8905015689 | JAIPUR (Banipark) : 9358589514 | JODHPUR CENTER : 7733999595/ 7733889595 | SAWAI MADHOPUR CENTER : 9460957518 / 9460957519

Disclaimer: Our academic framework is designed to ready students for their target exams. However, enrollment in a coaching center does not ensure success in these examinations. Results displayed may include students from different courses and durations of association. Achieving selection is based upon the individual's preparation, the availability of seats in the competitive exam, and the total number of candidates participating. Result shown are from students of our paid & Sponsored courses

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 71 | अंक 134 | पृष्ठ 36 (24+12) | मूल्य 5.00 | जयपुर, शनिवार, 18 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी संवत् 2083 | राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

पृष्ठ 36

राजस्थान पत्रिका

राजस्थान पत्रिका

आज का अंक दो भागों में 24+12 के साथ 36 पेज का है।

# राजस्थान पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

ओकुहारा ने दिया वॉकओवर, पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंची

@स्पोर्ट्स&गेमिंग



## MUST READ


- **पेट्रोल** पंप संचालक दबी जुबां में बोले-भूमिगत पेट्रोल टैंकों में भी नमी से पेट्रोल बन रहा है पानी। पेज 02
- **शहर** की सड़कों पर हर साल करीब 500 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं, लेकिन जिन ठेकेदारों और एजेंसियों ने ये सड़कें बनाईं, उनकी पहचान छिपी हुई है। पेज 04
- **बरसों** नौकरी कर पैसा जोड़ा, कर्ज लिया सोचा अपना घर होगा। जब जमीन खरीदी, तब लगा लड़ाई जीत ली। लेकिन असली लड़ाई तो उसके बाद शुरू हुई। पेज 04
- **बिड़ला** सभागार में हनुमत कथा में स्वामी गोविंददेव गिरी का युवाओं से महाभारत पढ़ने का आह्वान। पेज 06
- **मोहल्ला** मीटिंग के तहत शुक्रवार को मानसरोवर, कावेरी पथ पर सेक्टर-13 एवं 14 में आयोजित बैठक में स्थानीय लोगों ने गिनाई समस्याएं। पेज 08
- **डाक** विभाग में कर्मचारियों की कमी तथा रिक्त पदों को समय पर नहीं भरने सहित अन्य मांगों को लेकर भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ ने आंदोलन की घोषणा की है। पेज 08
- **ग्रह नक्षत्र** पेज 08
- **री नीट**-2026 के परिणाम में राजस्थान के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कई विद्यार्थियों ने पहले ही प्रयास में हासिल की उत्कृष्ट रैंक। पेज 12
- **सुडोकू व वर्ग पहेली** पेज 12
- **इस** बार थाली में श्रीअन्न महंगा पड़ सकता है। कमजोर मानसून और धीमी बुवाई ने बाजरा, ज्वार समेत मोटे अनाज की फसल पर संकट के संकेत दे दिए हैं। पेज 13
- **हाईकोर्ट** ने पासपोर्ट के लिए चरित्र सत्यापन के मामले में तत्कालीन आइएएस संजय दीक्षित व रणजीत सिंह के खिलाफ सीबीआइ में दर्ज एफआइआर रद्द करने का आदेश दिया। पेज 13
- **राम** मंदिर के शौचालय में मिले 40 हजार रुपए की जानकारी जब मंदिर प्रबंधन को हुई तब उसने चढ़ावा चोरी मामले की जांच शुरू की। पेज 15
- **ईरान**-अमरीका युद्ध दोबारा भड़कने से न सिर्फ भारतीय नाविकों पर संकट छाया है बल्कि भारतीय निवेश को भी चोट पहुंची है। पेज 15
- **स्पेन** की टीम जानती है कि यदि उन्हें दूसरी बार विश्व कप जीतने का सपना पूरा करना है तो हर हाल में मेसी को रोकना होगा। पेज 16
- **ब्राजील** के दिग्गज खिलाड़ी पेले ने 1958 के विश्व कप फाइनल में जो 10 नंबर की जर्सी पहनी थी, वह नीलामी में लगभग 47 करोड़ 21 लाख रुपए में बिकी है। पेज 16




पेज 14

**पत्रिका से जुड़ें**

patrika.rajasthan@in.patrika.com

jaipur@in.patrika.com

9057531314 (सिर्फ वॉट्सऐप)

ताजा खबरों के लिए पढ़ते रहें

patrika.com

**री-नीट-2026 परिणाम:** 10 वर्षों के स्कोर में सबसे बड़ा उछाल

# 575 से कम अंक तो जनरल को सरकारी कॉलेज मिलना मुश्किल

पत्रिका एनालिसिस

## पिछले साल 564 अंक पर मिली थी राज्य के पुराने 7 सरकारी कॉलेजों में सीट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर** . नीट-यूजी 2026 का परिणाम इस बार राजस्थान के मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए राहत से ज्यादा चुनौती लेकर आया है। परीक्षा में क्वालिफाई करने वाले विद्यार्थियों की संख्या और हाई स्कोर करने वालों का अनुपात पिछले एक दशक में सबसे अधिक माना जा रहा है। विशेषज्ञों का आकलन है कि सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को इस बार राजस्थान के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीट हासिल करने के लिए कम से कम 575 या उससे अधिक अंक की जरूरत पड़ सकती है।

### कड़ा रहेगा मुकाबला

इस वर्ष राजस्थान से 2,85,583 विद्यार्थियों ने नीट के लिए पंजीकरण कराया। इनमें से 1,92,023 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 1,33,140 ने परीक्षा क्वालिफाई की। परिणामों के विशेषज्ञ विश्लेषण से संकेत मिल रहे हैं कि 500 से 715 अंक के बीच करीब एक लाख विद्यार्थी हो सकते हैं। यही कारण है कि काउंसलिंग में सीटों के लिए मुकाबला पहले से कहीं अधिक कड़ा रहने वाला है। इस वर्ष राजस्थान के आंकड़े देखे जाएं तो 69.34% विद्यार्थी नीट क्वालिफाइड हुए हैं।

**बढ़ी सरकारी मेडिकल सीटों की दौड़...**




## 500 से 715 अंक के बीच करीब एक लाख अभ्यर्थियों की संभावना

**सामान्य श्रेणी में कॉलेज के लिए कितने अंक चाहिए**

**575 से अधिक अंक** सरकारी मेडिकल कॉलेज की दौड़ में मजबूत स्थिति।

**560-575 अंक** नए कॉलेजों-काउंसलिंग के बाद की स्थिति पर नजर रखनी होगी।

**550 से कम अंक** सरकारी सीट की संभावना सीमित, निजी कॉलेज या अन्य विकल्पों की तैयारी भी साथ रखें।

**548 अंक** थे नीट 2025 में कटऑफ। जानकारों के मुताबिक, इस बार दस से पंद्रह अंकों की बढ़ोतरी संभव।

### राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर

**देश** के सरकारी और निजी मेडिकल संस्थानों के एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राजस्थान से 1.33 लाख विद्यार्थी क्वालिफाइड घोषित किए गए हैं। क्वालिफाइड विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश 1.70 लाख क्वालिफाइड विद्यार्थियों के साथ पहले स्थान पर है। दरअसल, वर्ष 2025 में राजस्थान से 1.19 लाख विद्यार्थी क्वालिफाइड हुए थे। इस बार संख्या बढ़कर 1.33 लाख हो गई, यानी करीब 14 हजार विद्यार्थियों की वृद्धि हुई। यह मेडिकल अंडर ग्रेजुएट शिक्षा के लिए सकारात्मक संकेत है।

### हमारे विद्यार्थी कर रहे बेहतर प्रदर्शन

तीन वर्षों में न्यूनतम क्वालिफाइंग अंक लगातार बढ़े हैं और राजस्थान के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं। यही वजह है कि अन्य राज्यों की तुलना में यहां सरकारी मेडिकल कॉलेजों की कटऑफ परंपरागत रूप से अधिक रहती है। वर्ष 2023, 2024 और 2025 के प्रमुख काउंसलिंग राउंड के रुझानों और इस बार के परिणामों को देखते हुए सामान्य वर्ग के लिए 575 प्लस अंक सुरक्षित स्थिति माने जा रहे हैं। **अतुल बापना,** चिकित्सा शिक्षा विशेषज्ञ

### कटऑफ में 10 से 15 अंकों तक की बढ़ोतरी संभव

पिछले वर्ष 2025 की काउंसलिंग में जयपुर, जोधपुर, अजमेर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर और झालावाड़ जैसे पुराने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को लगभग 564 अंक तक प्रवेश मिला था। वहीं राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी (राजमेस) के अधीन नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में यह कटऑफ करीब 548 अंक रही थी। इस बार हाई स्कोरर्स की संख्या बढ़ने से अनुमान है कि कटऑफ में 10 से 15 अंकों तक की बढ़ोतरी संभव है। **डॉ.राकेश जैन,** चेयरमैन, राजस्थान नीट यूजी काउंसलिंग बोर्ड 2025

पत्रिका एक्सपोज | अजमेर : जेएलएन अस्पताल की इमरजेंसी का मामला

# एक मरीज के 39 एक्स-रे... कागज के टुकड़ों पर लिखी जा रहीं जांचें

चन्द्र प्रकाश जोशी
patrika.com

**अजमेर.** सरकारी अस्पतालों में एक्स-रे जांच के नाम पर गंभीर अनियमितता सामने आई है। जवाहरलाल नेहरू अस्पताल की आपातकालीन इकाई में एक मरीज के नाम पर एक साथ 39 एक्स-रे दर्ज मिले। पत्रिका की पड़ताल में कई अन्य मरीजों के नाम पर भी 10 से 20 एक्स-रे लिखे जाने के मामले सामने आए हैं।

एक साथ अत्यधिक एक्स-रे करने के दौरान न तो तकनीशियन ने उच्चाधिकारियों से संपर्क किया न कोई जानकारी दी गई। जब एक्स-रे फिल्म की खपत एवं एक्स-रे जांचों की जानकारी की गई तो पर्चियां सामने आईं। आपातकालीन इकाई में जांच के लिए निर्धारित प्रिंटेड स्लिप होने के बावजूद सामान्य कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों पर एक्स-रे लिखे जा रहे हैं। जबकि अस्पताल प्रशासन ने प्रिंटेड स्लिप हर ओपीडी, आपातकालीन इकाई में चिकित्सकों की टेबल व विभागों में रखवाई हुई हैं। अधिकांश पर्चियों पर न चिकित्सक के हस्ताक्षर हैं, न सील और न ही निर्धारित प्रारूप का पालन किया गया है।



अस्पताल में एक्स-रे के लिए लिखी पर्चियां। पत्रिका

### 35 साल की नौकरी में कभी ऐसे मामले सामने नहीं आए

**रेडियोग्राफर** रामकिशोर मीणा के अनुसार उनकी 35 साल की नौकरी में कभी ऐसे एक्स-रे के मामले सामने नहीं आए। मैंने भी एक्सीडेंट केस में ज्यादा से ज्यादा किसी मरीज के तीन-चार एक्स-रे एक साथ किए होंगे। अब तो मरीज खुद चिकित्सक से परामर्श के समय खुद एक्स-रे जांच लिखने का आग्रह कर देते हैं। पर्ची से ना तो चिकित्सक का पता चलता है ना जिम्मेदार का।

### केवल नाम, अन्य ब्योरा भी नहीं

**पत्रिका** पड़ताल में 34 वर्षीय रामलाल के नाम पर एक साथ 39 एक्स-रे दर्ज मिले। सामान्य परिस्थितियों में किसी मरीज के इतने एक्स-रे की जरूरत नहीं होती। जब अस्पताल प्रशासन से मरीज की अन्य डिटेल लेने का प्रयास किया तो कोई जानकारी नहीं मिली। मरीज का मोबाइल नम्बर भी अंकित नहीं है।

**अन्य केस में भी 20 एक्स-रे**

**पड़ताल** में अन्य केस भी सामने आए, जिनमें मरीज दीपक (21) के एक साथ 12 एक्स-रे किए गए। एक 38 वर्षीय मरीज के एक साथ 19 एक्स-रे जांच की गई। वहीं किसी में 16 को किसी में 14 एक्स-रे एक साथ किए गए।

**पाबंद किया, जांच जारी**

रेडियोग्राफी, ऑर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष, आपातकालीन इकाई व एक्स-रे इंचार्ज को पत्र लिखा है। पर्ची पर एक्स-रे नहीं लिखने को पाबंद किया है। **- डॉ. अरविन्द खरे,** अधीक्षक, जेएलएन अस्पताल अजमेर

### फिल्म की खपत पर भी सवाल

**आपातकालीन** एक्स-रे कक्ष में प्रतिदिन 300 से 400 एक्स-रे होते हैं। प्रति फिल्म की लागत करीब 35 रुपए है। इस हिसाब से हर महीने लाखों रुपए की एक्स-रे फिल्मों की खपत होती है। ऐसे में एक मरीज के नाम पर 39 एक्स-रे दर्ज होने जैसे मामलों ने फिल्म की खपत और रिकॉर्ड की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं यह भी आशंका है कि कहीं फिल्म की खपत में गड़बड़ी तो नहीं हो रही।

**अमरनाथ यात्रा** से लौटते समय रामबन के पास हादसा, 54 यात्री थे सवार

# राजस्थान के यात्रियों से भरी बस बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे

## सलूंबर व डूंगरपुर के निवासी थे यात्री, जम्मू प्रशासन ने संभाला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**डूंगरपुर. सलूंबर** . जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ के दर्शन कर राजस्थान लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस गुरुवार को भीषण हादसे का शिकार हो गई। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन क्षेत्र के पास चलती बस का अचानक पिछला टायर फट गया, जिसके तुरंत बाद बस में भीषण आग लग गई। धुआं देखकर चालक और स्थानीय लोगों की मुस्तैदी से बस में सवार सभी 54 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बस में सवार सभी श्रद्धालु उदयपुर संभाग के सलूंबर जिले के ढाकड़ा गांव व डूंगरपुर के निवासी हैं। वे खेरवाड़ा क्षेत्र से अमरनाथ यात्रा पर गए थे। अग्निकांड में बस सहित यात्रियों का कीमती सामान, कपड़े और दस्तावेज जलकर खाक हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन की टीम फायर ब्रिगेड के साथ पहुंची। सभी 54 यात्रियों को जम्मू के लिए रवाना कर दिया गया।

बस में आग की सूचना मिलते ही ढाकड़ा गांव में चिंता का माहौल हो गया। प्रवीण पटेल ने बताया कि उनके माता-पिता के साथ रिश्तेदार और आसपास के गांवों के लोग यात्रा में गए थे। माता-पिता का फोन आने और उनके सुरक्षित होने की सूचना मिलने पर परिवार ने राहत की सांस ली।




**रामबन.** अमरनाथ यात्रियों की बस में लगी भयावह आग।

### पिछला टायर फटने से भड़की आग

हादसा उस समय हुआ, जब 52 यात्रियों का जत्था अमरनाथ के दर्शन कर जम्मू लौट रहा था। अचानक तेज धमाके के साथ बस का पिछला टायर फट गया और चिंगारी के कारण बस के डीजल टैंक या वायरिंग में आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। बस में धुआं भरने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

### चालक की सतर्कता से निकले यात्री

**डूंगरपुर .** बस यात्री आदर्श नगर निवासी लक्ष्मीलाल पटेल ने बताया कि चालक ने धुआं देखकर बस को रोककर सवारियों को नीचे उतारा। कुछ ही देर में आग की लपटें तेजी के साथ उठने लगी, जिससे बस पूरी जल गई। जल्दबाजी में यात्रियों के सामान बस में छूट गए। डूंगरपुर से कांता पटेल, शंकरलाल पटेल व इंदिरा पटेल शामिल थे।

**मुंबई-अमृतसर स्वर्ण मंदिर मेल** रातभर परेशान रहे यात्रियों ने जताई नाराजगी, 4 घंटे रोका

# एसी कोच और खाने की प्लेट में मिले कॉकरोच

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कोटा** . कोटा जंक्शन पर सुबह 7 बजे पहुंचने वाली मुंबई-अमृतसर स्वर्ण मंदिर मेल (12903) गुरुवार को करीब 4 घंटे 20 मिनट की देरी से पहुंची। देरी का कारण गुजरात के वडोदरा स्टेशन पर सैकंड एसी कोच में कॉकरोचों की भरमार को लेकर यात्रियों का विरोध रहा। इसके अलावा नई दिल्ली-मुंबई तेजस राजधानी एक्सप्रेस (12952) में भोजन में भी कॉकरोच मिलने का मामला सामने आया है। यात्रियों ने बताया कि वे ट्रेन के ए-1 (सैकंड एसी श्रेणी) कोच में यात्रा कर रहे थे। ट्रेन संचालन के साथ ही बड़ी संख्या में कॉकरोच होने से यात्री पूरी रात परेशान रहे।

पढ़ें **एसी** @ पेज 09



तेजस में खाने की प्लेट पर कॉकरोच।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट

नई दिल्ली-मुंबई तेजस राजधानी एक्सप्रेस (12952) में भोजन में भी कॉकरोच मिलने का मामला सामने आया है। दिल्ली से नागदा की यात्रा कर रहे प्रिंस तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि ट्रेन में परोसे गए भोजन में कॉकरोच मिला।

**जयपुर**

## मधुमक्खियों के हमले में 50 से अधिक घायल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जालसू (जयपुर ग्रामीण).** ग्राम मोड़ी के श्मशान में शुक्रवार को अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियों के हमले में 50 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों का जालसू, चौमूं व जाहोता के अस्पतालों में इलाज कराया गया। मोड़ी गांव में मुसानियों की ढाणी निवासी एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी, जिसका अंतिम संस्कार किया जा रहा था। तभी धुएं के चलते पेड़ पर छत्ते में बैठी मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया।

करीब आधा-पौन घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। मधुमक्खियों के हमले में 50 से अधिक लोग जख्मी हो गए, जिन्हें निजी वाहनों से जालसू के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जाहोता और चौमूं के निजी अस्पताल में पहुंचाया। उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।




ईडी की रेड | राजस्थान सहित कई राज्यों में एक साथ छापे

# भाजपा नेता के 5 ठिकानों पर दबिश, दस्तावेज खंगाले

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**श्रीगंगानगर** . प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को राजस्थान सहित कई राज्यों में एक साथ व्यापक छापेमारी की। पटना क्षेत्रीय कार्यालय के नेतृत्व में गठित टीमों ने दिल्ली, बिहार, राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों में कार्रवाई करते हुए दस्तावेजों, बैंकिंग रिकॉर्ड और वित्तीय लेन-देन से जुड़े साक्ष्यों की जांच शुरू की। श्रीगंगानगर में ईडी ने कारोबारी एवं भाजपा नेता अशोक चांडक के विनोबा बस्ती स्थित आवास, एल ब्लॉक स्थित कार्यालय, जवाहरनगर स्थित शिवा वाइंस कार्यालय, एक रिश्तेदार के आवास तथा जयपुर के एक ठिकाने पर तलाशी ली। कार्रवाई शुक्रवार तड़के शुरू हुई, जबकि जयपुर के वैशाली नगर क्षेत्र में भी संबंधित परिसरों की जांच की गई। सूत्रों के अनुसार, जरूरत पड़ने पर जब्त दस्तावेजों और डिजिटल सामग्री का फॉरेंसिक विश्लेषण भी कराया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, महादेव ट्रेडिंग कंपनी प्रकरण से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जा रही है।



**श्रीगंगानगर .** चांडक ग्रुप के ठिकानों पर पहुंची ईडी टीम।

### विधायक का चुनाव भी लड़ चुके

**अशोक** चांडक का नाम इससे पहले भी ईडी की जांच में सामने आ चुका है। लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें नोटिस मिला था और बाद में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। इससे पहले वे कांग्रेस के टिकट पर श्रीगंगानगर विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। चांडक परिवार का स्थानीय राजनीति में प्रभाव माना जाता है। उनकी पत्नी करुणा चांडक नगर परिषद की पूर्व सभापति रही हैं, जबकि भाई अजय चांडक भी नगर परिषद सभापति रह चुके हैं।

### दो वर्ष पहले भी जांच

**करीब** दो वर्ष पहले आयकर विभाग ने भी चांडक ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी कर रियल एस्टेट निवेश और वित्तीय दस्तावेजों की जांच की थी। वर्तमान कार्रवाई के कारणों पर ईडी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

RAJ/P/2026/4618
rera.rajasthan.gov.in

EXCLUSIVE ALL **3BHK** APARTMENTS

# No Surprises, Just Value.

ALL-INCLUSIVE FROM ₹85.95 LAKHS.*

Fixed Price | Zero Hidden Charges

- 30+ Premium Amenities
- Corner Project with Two-sided 100-ft Roads.
- Fast-Growing Premium Location
- Double-Heighted 18ft Stilt Floor

PUSHPA Aangan

YOUR FAMILY'S FOREVER HOME

PATRIKA PropEX 2026 MANSAROVAR

18 19 JULY 2026

Hotel Hyatt Regency
Mansarovar, Jaipur

VISIT US AT

STALL NO. 9 10

Flat ₹1 Lakh OFF

On-The-Spot Bookings

& Get a Chance to Win A Gold Coin!

Concept & Design by: www.arcstudio.co.in

S JEE



Project By: LALPURIA INFRA

Marketed By: arc consultants

SCAN FOR MORE DETAILS

Mansarovar Extension, Jaipur

WhatsApp or Call: 7734 977 277

*Terms & Conditions Apply.


Loot Blink
SATURDAY
WEEKEND DHAMAKA!
MAST DEALS. BADI BACHAT!
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED | EASY RETURNS
SABSE BADI BACHAT!
UP TO 90% OFF
HUGE DISCOUNTS
TOP BRANDS • BEST QUALITY • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR LO SABSE BADI LOOT DEALS!
iPhone 13 128GB
₹59,900 ₹5,399
91% OFF
YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG
32" HD Smart TV
89% OFF
YOU SAVE ₹22,301
realme
Narzo N55 (6GB+128GB)
₹13,999 ₹799
94% OFF
YOU SAVE ₹13,200
boAt
Airdopes 141
₹2,990 ₹249
92% OFF
YOU SAVE ₹2,741
Noise
Pulse 2 Smart Watch
₹4,999 ₹349
93% OFF
YOU SAVE ₹4,650
ASUS
Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)
₹40,990 ₹4,499
89% OFF
YOU SAVE ₹36,491
ZEBRONICS
Headphones
₹1,499 ₹169
89% OFF
YOU SAVE ₹1,330
WILDCRAFT
Backpack
₹1,999 ₹149
93% OFF
YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS
Trimmer Series 3000
₹1,995 ₹199
90% OFF
YOU SAVE ₹1,796
AGARO
Air Fryer 4.5L
₹6,999 ₹699
90% OFF
YOU SAVE ₹6,300
SAMSUNG
980 500GB NVMe SSD
₹6,999 ₹6,400
91% OFF
YOU SAVE ₹599
PUMA
Men's Running Shoes
₹3,999 ₹699
91% OFF
YOU SAVE ₹3,300
PORTABLE
Laptop Table Foldable
₹1,299 ₹129
90% OFF
YOU SAVE ₹1,170
boAt
Stone 650 Bluetooth Speaker
₹3,999 ₹199
95% OFF
YOU SAVE ₹3,800
GREEN SOUL
Office Chair Ergonomic
₹14,999 ₹1,499
90% OFF
YOU SAVE ₹13,500
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITN BADHI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAUGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

य एषु सुप्तेषु जागर्ति
वर्ष 71 | अंक 134 | पृष्ठ 36 (24+12) | मूल्य 5.00
patrika.com /rajasthanpatrika
/rpbreakingnews /rajasthan_patrika
राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

जयपुर, शनिवार, 18 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी संवत् 2083

मेसी के लिए स्पेन बिछाएगा विशेष जाल



@स्पोर्ट्स &गेमिंग



एआइ की जंग में यूएस को चीन की टक्कर

@इंडिया&वर्ल्ड



लार्जकैप में 'वैल्यू बाइंग'... क्या ब्लूचिप शेयरों के पक्ष में बदला निवेशकों का रुख?

@पत्रिका फाइनेंस

**क्लाइमेट सेंट्रल की रिपोर्ट:** जलवायु परिवर्तन से होने वाले 'स्लीप लॉस' का वैश्विक हॉटस्पॉट बना भारत, दुनिया भर में औसतन हर व्यक्ति ने रात की गर्मी से हर साल 56 घंटे की नींद खोई

# करवटें बदलते रहे... तपती रातों ने चुराई लोगों की नींद...

## कई राज्यों में लोग हर साल 90 घंटे तक कम सो रहे

नितिन मित्तल
patrika.com

**नई दिल्ली.** जलवायु परिवर्तन अब बढ़ते तापमान, पिघलते ग्लेशियरों या भीषण बाढ़ का ही मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह लोगों की रातों का सुकून भी छीनने लगा है। तपती रातें ऐसी बेचैनी लेकर आ रही हैं कि नींद आंखों तक पहुंचकर भी लौट जाती है।

वैश्विक शोध संस्था क्लाइमेट सेंट्रल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत जलवायु परिवर्तन से होने वाले 'स्लीप लॉस' (नींद की कमी) का वैश्विक हॉटस्पॉट बन चुका है। देश के 107 शहरों के विश्लेषण में

### दक्षिण भारत सबसे ज्यादा प्रभावित

**रिपोर्ट** के अनुसार, जलवायु परिवर्तन समेत अन्य कारणों से पुदुचेरी के लोग हर साल औसतन 92 घंटे की नींद गंवा रहे हैं, जो देश में सबसे अधिक है। इसके बाद आंध्र प्रदेश में 88.6 घंटे और केरल में 88.3 घंटे की औसत नींद का नुकसान दर्ज किया गया है।

दक्षिण भारत सबसे अधिक प्रभावित पाया गया। गर्म रातों के कारण कई राज्यों के लोग हर साल 90 घंटे तक की नींद गंवा रहे हैं।






**ऐसे हो रही हालत खराब...** विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह स्थिति जारी रही तो यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। लगातार अधूरी नींद शरीर और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करती है तथा कार्यक्षमता पर भी प्रतिकूल असर डालती है।

### केवल जलवायु परिवर्तन के कारण प्रतिवर्ष नींद में कमी




### राज्यों की स्थिति (जलवायु परिवर्तन के कारण, घंटे/वर्ष)

| | |
|---|---|
| तमिलनाडु | 7.9 घंटे |
| कर्नाटक | 7.8 घंटे |
| राजस्थान | 7 घंटे |

### यह कहती है रिपोर्ट

**भारत** के 107 और दुनिया के 1,338 शहरों का विश्लेषण

**राजस्थान:** जलवायु परिवर्तन से नींद प्रभावित होने के मामले में देश में तीसरे स्थान पर।

**वैश्विक औसत:** प्रति व्यक्ति सालाना 56 घंटे नींद का नुकसान, जिसमें 6 घंटे का योगदान जलवायु परिवर्तन का।

**मध्य पूर्व में कहर:** सऊदी अरब, ओमान व यूएई में सिर्फ जलवायु परिवर्तन से हर साल 12-16 घंटे की नींद कम हुई।

### बीमारियों व दुर्घटनाओं का बढ़ता खतरा

2020 से 2025 के बीच दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति ने गर्म रातों से करीब 56 घंटे की नींद गंवाई। इनमें 6 घंटे की कमी सीधे जलवायु परिवर्तन से जुड़ी थी। अध्ययन में शामिल दुनिया के 1,338 शहरों में 1970 के दशक की तुलना में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी नींद की कमी दोगुनी हो चुकी है। अपर्याप्त नींद हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक तनाव, कमजोर प्रतिरक्षा, कार्यक्षमता में गिरावट तथा सड़क और कार्यस्थल दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ाती है।

पृष्ठ 36
राजस्थान पत्रिका
राजस्थान पत्रिका
आज का अंक दो भागों में 24+12 के साथ 36 पेज का है।

**आइएमडी:** बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर सक्रिय, कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

# बिन बारिश बढ़ रही बेचैनी... बीत रहा जुलाई, सावन से उम्मीद

### राजस्थान में 21 जुलाई के बाद बारिश संभव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** देशभर में मानसून छाने के बावजूद जुलाई के मध्य तक कई राज्यों में बारिश का लंबा ब्रेक किसानों और आमजन की चिंता बढ़ा रहा है। सामान्यतः जुलाई मानसून का सबसे अधिक वर्षा वाला महीना माना जाता है, लेकिन इस बार आधा महीना बीतने के बाद भी उत्तर-पश्चिम व मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में बारिश सामान्य से काफी कम रही है। इसका असर खरीफ फसलों की बुवाई, जलाशयों के जलस्तर और पेयजल-सिंचाई व्यवस्था पर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के अनुसार इस बार 1 जून से 17 जुलाई तक देश में मानसूनी वर्षा सामान्य से 24 प्रतिशत कम दर्ज की गई है। सामान्य 313.9 मिमी की तुलना में 238 मिमी बारिश ही हुई है। कई राज्यों में मानसून की सक्रियता कमजोर बनी हुई है। आइएमडी का अनुमान है कि पूरे जुलाई में भी वर्षा सामान्य से कम, यानी दीर्घकालिक औसत (एलपीए) का करीब 94 प्रतिशत रह सकती है।

पढ़ें बिन @ पेज 09
संबंधित@इंडिया&वर्ल्ड व पेज 13

### इधर बिलासपुर में टूटा रेकॉर्ड





बिलासपुर में 3-4 फीट पानी के बीच फंसी बस और लोगों को बचाती रेस्क्यू टीम।

### 100 साल का बारिश का रेकॉर्ड टूटा

**रायपुर/बिलासपुर.** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संभाग में 'बादल फटने' जैसी ऐतिहासिक घटना हुई है, जिससे बाढ़ के हालात बन गए। आइएमडी के अनुसार बीते 24 घंटे में रेकॉर्ड 415 मिमी पानी बरसा। अरपा चेक डैम की नहर टूटने से रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया है। एसडीआरएफ ने नावों की मदद से लोगों का सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

**मानसून सीजन**

| | |
|---|---|
| 1 जून से 17 जुलाई तक बारिश का सामान्य औसत | 313.9 मिमी |
| इस साल अब तक हुई बारिश | 238 मिमी |

**खरीफ बुवाई** (आंकड़े लाख हेक्टेयर)

| | |
|---|---|
| पिछले साल | 632.69 |
| इस बार | 531.25 |
| अब तक कमी | 101.44 (16.03% कम) |



17 जुलाई सैटेलाइट तस्वीर

### ज्योतिष: सूर्य के आगे शुक्र, उत्तम वर्षा के योग

**उज्जैन @ पत्रिका.** ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस वर्ष सावन व भादो में अच्छी बारिश के संकेत हैं। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला के अनुसार मेदिनी ज्योतिष में ग्रहों की वर्तमान स्थिति, अधिकतर ग्रहों का जलनाड़ी में होना और सूर्य के आगे शुक्र की स्थिति उत्तम वर्षा के योग बना रही है। 1 अगस्त को शुक्र के कन्या राशि में प्रवेश, 2 अगस्त को मंगल के मिथुन राशि में आने और 3 अगस्त को सूर्य के अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश से वर्षा के योग व मजबूत होंगे। 11 अगस्त को गुरु तारा उदित होने तथा शुक्र के हस्त नक्षत्र में प्रवेश से देशभर में व्यापक वर्षा के संकेत हैं।

**मिशन पंजाब:** किसानों, दलितों, युवाओं को साधने से शुरुआत

# 'आप' कट्टर बेईमान, कांग्रेस में कलह; पंजाब में भाजपा जरूरी: मोदी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जालंधर.** पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक विजय के बाद भाजपा का सपना पंजाब में सरकार बनाना है। इसी सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'मिशन पंजाब' की शुरुआत जालंधर से की। हरियाणा के जींद और चंडीगढ़ होते हुए जालंधर पहुंचे मोदी ने वहां 5470 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करने के बाद जनसभा में स्पष्ट कहा कि पंजाब में भाजपा की डबल इंजन की सरकार जरूरी है। मोदी ने किसानों, दलितों, व्यापारियों और युवाओं को साधते हुए सीधा संदेश दिया कि राज्य की सत्ता में न होने के बावजूद केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा-एनडीए विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही। मोदी ने राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने आप को कट्टर बेईमान पार्टी बताते हुए कहा कि वह विज्ञापनों से विश्वासघात छुपा रही है।

मोदी ने कहा, महाराजा रणजीत सिंह की धरती पंजाब में आज कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जो लोग सत्ता में हैं वह घमंड से राजनीति बदलने का दावा करते थे लेकिन देश उनका असली चेहरा देख रहा है। पढ़ें आप @ पेज 09



जींद और सोनीपत के बीच पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाते पीएम मोदी।

### किसको, कैसे संदेश

- **किसान:** हरियाणा में भाजपा सरकार 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है, पंजाब में सिर्फ धोखा
- **व्यापारी:** कारोबार करना मुश्किल, रंगदारी वसूली जा रही।
- **दलित:** अमृतसर से वाराणसी तक संत रविदास एक्सप्रेस की शुरुआत, दलित रविदासिया समुदाय वाराणसी की यात्रा करते हैं। डेरा सचखंड के प्रमुख से चर्चा।
- **युवा:** पंजाब के युवाओं में क्षमता, खेलों में परचम लेकिन ड्रग तस्करों पर रोक न होने से नशे की गिरफ्त में जाने को मजबूर।
- **महिला:** महिलाओं को चुनावी वादे के तहत 50000 रुपए अब तक नहीं मिले।

### रचा इतिहास: देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी

**मोदी** ने हरियाणा के जींद में जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ऐतिहासिक मौके पर उन्होंने कहा कि जींद, सोनीपत और हरियाणा का नाम इतिहास में दर्ज हो गया। मोदी ने पश्चिम एशिया युद्ध का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि यदि 2014 से पहले ऐसा संकट आता तो देश में रेलवे का काम ठप हो गया होता। उस समय अधिकतर ट्रेनें डीजल से चलती थी। अब 99% ट्रेन रूटों का विद्युतीकरण हो गया है। **(संबंधित इंडिया&वर्ल्ड)**

**श्रद्धांजलि**

### वेस्टइंडीज के महान ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स का निधन



**बारबाडोस @ पत्रिका.** वेस्टइंडीज के महान ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे और दो सप्ताह बाद यानी 28 जुलाई को 90वां जन्मदिन आने वाला था। सोबर्स ने 1954 से 1974 के बीच 93 टेस्ट और एक वनडे में वेस्टइंडीज की टीम का प्रतिनिधित्व किया था। इस दौरान उन्होंने 93 टेस्ट मैचों में 26 शतकों के साथ 8032 रन बनाए और 235 विकेट चटकाए।

विस्तृत@स्पोर्ट्स&गेमिंग

### जहरीली गैस से छात्रा की मौत, 13 अचेत

**सीकरी (डीग) @ पत्रिका.** गोपालगढ़ थाना क्षेत्र के मील का मदरसा में शुक्रवार शाम सैप्टिक टैंक की जहरीली गैस से बड़ा हादसा हो गया। टैंक में सफाई के दौरान बेहोश हुई छात्राओं को बचाने के प्रयास में कई छात्राएं और युवक भी बिना सुरक्षा उपकरण के उतर गए। जहरीली गैस की चपेट में आने से हरियाणा के सांगरस निवासी 17 वर्षीय छात्रा रोहिल की मौत हो गई, जबकि 12 छात्राएं और युवक अचेत हो गए।

**झरोखा**




**पचपदरा रिफाइनरी:** पेट्रोलियम कंपनियों को छूट

# डीजल-पेट्रोल व एटीएफ बिक्री पर नहीं लगेगा वैट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर.** राज्य सरकार ने पचपदरा रिफाइनरी को टैक्स छूट वाली सूची में शामिल कर लिया है। साथ ही इससे प्रोसेस होकर निकलने वाले डीजल-पेट्रोल, एटीएफ (विमान ईंधन) पर वैट माफ कर दिया। यह छूट 31 मार्च 2027 तक जारी रहेगी। वित्त विभाग ने इसके लिए दो अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की है। इससे हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल व भारत पेट्रोलियम कंपनियों को पचपदरा रिफाइनरी के पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की बिक्री पर वैट नहीं देना होगा, यह छूट राज्य के भीतर ही रहेगी। प्रदेश में अभी पेट्रोल की बिक्री पर 29.04% और डीजल पर 17.30% वैट लगता है। इसके अलावा राजस्थान वैल्यू एडेड टैक्स एक्ट 2003 के शेड्यूल में टैक्स छूट वाले 24 आइटम्स के साथ ही रिफाइनरी को 25वें नंबर पर जोड़ा गया है।

**दुस्साहस:** पुलिस टीम को घेरा, छुड़ा ले गए संदिग्ध

# ट्रेन लुटेरों को दबोचने गई पुलिस टीम से मारपीट, दो जवान घायल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**गुना.** जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस की दो कोच में गुरुवार को रूठियाई स्टेशन पर लूट करने वाले संदिग्धों को पकड़ने कुंभराज क्षेत्र में गई जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस टीम पर गुरुवार शाम 6 बजे हमला हो गया। गुलवाड़ा के पास गुजराती डेरे से टीम दो संदिग्धों को लेकर लौट ही रही थी कि करीब 50 लोगों ने पुलिस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इसमें जीआरपी गुना के प्रधान आरक्षक गोविंद सिंह और आरक्षक सत्येंद्र सिंह घायल हो गए। कुंभराज पुलिस ने 12 नामजद और 5 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को भी 6 टीमों के साथ आरोपियों की तलाश में कई जगहों पर दबिश दी। लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं कर सकी।

पढ़ें ट्रेन @ पेज 09

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**सुप्रीम कोर्ट**

### 'महाप्रभु जगन्नाथ' मूवी को सशर्त मंजूरी

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म 'महाप्रभु जगन्नाथ' की रिलीज को सशर्त मंजूरी दे दी है। निर्देश है कि यह फिल्म 28 जुलाई तक प्रदर्शित नहीं होगी। इससे पहले ओडिशा हाईकोर्ट ने इस एनिमेटेड फिल्म में धार्मिक चित्रण को लेकर रिलीज पर रोक लगा दी थी।

**महाराष्ट्र**

### ताज होटल को 27 करोड़ का नोटिस

**मुंबई@ पत्रिका.** बृहन्मुंबई नगर निगम ने ताज महल पैलेस होटल को सार्वजनिक सड़क और फुटपाथ के इस्तेमाल के लिए 27.12 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस भेजा है। 26/11 हमले के बाद सुरक्षा इंतजामों के तहत होटल की ओर से लगाए गए बैरिकेड और प्लांटर्स विवाद का कारण हैं।

**कचरे से सोना** | पारंपरिक रसायनों का नहीं, बल्कि एआइ से डिजाइन बैक्टीरिया का इस्तेमाल

# कबाड़ बैटरियों से शुद्ध लिथियम खींच निकालेगा भारत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** भविष्य के ईंधन लिथियम के लिए विदेशो पर अपनी आयात निर्भरता को कम करने का भारत ने एक बहुत अनोखा तोड़ निकाल लिया है। अब देश में पुरानी और बेकार हो चुकी बैटरियों से लिथियम निकालने के लिए पारंपरिक रसायनों का नहीं, बल्कि एआइ से डिजाइन किए गए बैक्टीरिया यानी माइक्रोब्स का इस्तेमाल किया जाएगा। ये बैक्टीरिया पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना बैटरी कचरे से लिथियम सोख लेंगे। बेंगलूरु की एट्रिया यूनिवर्सिटी इस तकनीक को मिनीमाइन्स क्लीनटेक सॉल्यूशंस स्टार्टअप के साथ मिलकर विकसित कर रही है।

शुरुआती चरण में लिथियम आयरन फॉस्फेट बैटरियों को टारगेट किया जाएगा, जिनका इलेक्ट्रिक वाहनों व ऊर्जा भंडारण प्रणालियों में सबसे ज्यादा उपयोग होता है। इस तकनीक से शुद्ध लिथियम मिलेगा, साथ ही बहुमूल्य 'हाई-ग्रेड आयरन फॉस्फेट' भी सुरक्षित बच जाएगा।

**इसलिए कहते 'वाइट गोल्ड'**
लिथियम को 'वाइट गोल्ड' कहा जाता है। स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक, हर जगह लिथियम बैटरी का ही राज है।



### 'एआइ और बैक्टीरिया' का फॉर्मूला

**पारंपरिक** रीसाइक्लिंग में इस्तेमाल होने वाले हैवी केमिकल्स से बैटरियों के कई मूल्यवान तत्व नष्ट हो जाते हैं। समस्या को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक सिंथेटिक बायोलॉजी और एआइ की जुगलबंदी कर रहे हैं। पारंपरिक जैविक प्रयोगों में सही बैक्टीरिया की पहचान करने में बरसों लग जाते थे। अब एआइ चुटकियों में ऐसे 'सुपर माइक्रोब्स' की पहचान और उन्हें डिजाइन करने में मदद करेगा, जो बैटरी से धातु को अलग कर सकें।

**गेम-चेंजर बनेगी तकनीक**

1. भारत अभी लिथियम आयात के लिए विदेशों पर निर्भर है। खनन के नए प्रोजेक्ट धरातल पर उतारने में सालों लग जाते हैं। ऐसे में पुरानी बैटरियों को रीसायकल करना सबसे तेज और सस्ता रास्ता है।
2. यह अनूठा प्रोजेक्ट भारत सरकार की बायोटेक्नोलॉजी आधारित विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली नीति 'बायो ई-3' और 'नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन' के उद्देश्यों के साथ सीधे तौर पर मेल खाता है।



**बड़ा सवाल:** पंप पर भूमिगत पेट्रोल टैंक ई-20 पेट्रोल के भंडारण के हिसाब से तैयार हैं या नहीं?

# नमी सोख रहा एथेनॉल, पेट्रोल शुद्ध नहीं, बारिश में बढ़ेंगी दिक्कतें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

*जयपुर. एथेनॉल की प्रकृति हवा, आर्द्रता से भी नमी सोखने की हैं। कार निर्माता कंपनियों ने ई-20 पेट्रोल के हिसाब से वाहनों के इंजन तो तैयार कर दिए, लेकिन पेट्रोल पंप पर पेट्रोल स्टॉक करने के लिए बने भूमिगत टैंक अब भी पुराने परंपरागत पेट्रोल को भंडारण करने की डिजाइन पर ही बने हुए हैं। ऐसे में हवा की नमी और भूमिगत आर्दता भी इस पेट्रोल को भी पानी बना रही है और पेट्रोल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में अब पेट्रोल पंप पर मिलने वाला पेट्रोल शुद्ध पेट्रोल की श्रेणी में नहीं माना जा रहा है। ऐसे में अब बारिश का दौर शुरू होने के बाद कम गुणवत्ता वाले पेट्रोल के उपयोग से वाहनों में मिसिंग, इंजन की आवाज बदलने और गाडी बंद होने जैसी दिक्कतें बढेंगी।*

## पेट्रोल पंप संचालक दबी जुबां में बोले-भूमिगत पेट्रोल टैंकों में भी नमी से पेट्रोल बन रहा है पानी

### टैंक में पानी का रिसाव

### पेट्रोल पानी बन रहा नमी पहुंच रही



**पेट्रोल** पंप पर पेट्रोल स्टॉक करने के लिए भूमिगत टैंक होते हैं। इन टैंक में बारिश के दौरान पानी का रिसाव, भूमिगत आर्द्रता से नमी और पेट्रोल लेकर आने वाले टैंकरों से पानी की कुछ टैंक में पहुंचती है। पानी की यह मात्रा आधा प्रतिशत से ज्यादा हो जाती है तो एथेनॉल इस पानी को सोखना शुरू कर देता है और पेट्रोल में पानी मिल जाता है। हालांकि यह दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल में मिला हुआ पानी टैंक के तल में बैठ जाता है और इसका उपयोग नहीं होता है।

## इंजन ई-20 के हिसाब से, टैंक अब भी पुराने ईंधन के हिसाब से

**जानकारी** के अनुसार कार निर्माता कंपनियों ने कारों के इंजन ई-20 पेट्रोल के हिसाब से डिजाइन किए हैं। लेकिन पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल स्टॉक करने के लिए बने भूमिगत टैंक पुराने पेट्रोल के स्टाक करने के हिसाब से बने हुए हैं। पुराने डिजाइन के टैंक में एथेनॉल हवा और नमी के कारण पानी में बदल रहा है और एक हिसाब से पेट्रोल अब शुद्ध पेट्रोल नहीं माना जा रहा है। क्योंकि पेट्रोल में पानी की मात्रा होने पर इसे शुद्ध नहीं माना जा सकता।

### ये बोले पंप संचालक

एथेनॉल हवा से नमी सोखता है और पानी बन जाता है। लेकिन पंप पर टैंक में पेट्रोल स्थिर रहने के कारण यह टैंक के तले में बैठ जाता है। वहीं सिस्टम भी ऐसा है कि जब टैंक में 2500 लीटर पेट्रोल शेष रहने पर पंप ऑटोकट हो जाता है। **पंप संचालक,** रामबाग सर्कल

एथेनॉल हवा से नमी सोखता है और पानी बन जाता है। ऐसे में पंप पर बने भूमिगत टैंक में भी हवा और आर्द्रता के कारण एथनॉल पानी में बदल रहा है। हालांकि यह टैंक के तले में बैठ जाता है। **पंप संचालक,** सांगानेर चौराहा

भूमिगत टैंक पुराने डिजाइन के बने हुए हैं और हवा की नमी,आर्द्रता से एथनॉल पानी में बदल रहा है और यह पेट्रोल में मिल रहा है। **पंप संचालक** टोंक रोड

## आवासीय क्षेत्र में कारखाने व व्यावसायिक गतिविधियां सील होंगी

**जयपुर @ पत्रिका.** हाईकोर्ट ने जयपुर विकास प्राधिकरण को जयपुर के करणी विहार पुलिस थाने के सामने स्थित 200 फीट बाईपास के पास गणेश वाटिका कॉलोनी में बिना अनुमति चल रहे कारखानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व गोदामों को सील करने का निर्देश दिया, वहीं 29 जुलाई को कार्रवाई रिपोर्ट तलब की है।

न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह व संदीप तनेजा की खंडपीठ ने नवीन शर्मा की याचिका पर यह आदेश दिया। प्रार्थीपक्ष ने कोर्ट को बताया कि गणेश वाटिका आवासीय कॉलोनी है, जहां बिना अनुमति गोदाम, फैक्ट्रियों सहित अन्य व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं। कारखानों के प्रदूषण से वातावरण प्रभावित हो रहा है। जेडीए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जबकि उसकी रिपोर्ट में इस समस्या की पुष्टि हो चुकी है। कोर्ट ने कॉलोनी में अवैध रूप से चल रही व्यावसायिक गतिविधियां व केमिकल कारखानों को सुरक्षा के लिए खतरा माना है। साथ ही कहा कि कार्रवाई से पहले प्रभावित होने वालों को सात दिन का नोटिस दिया जाए, जिससे वे सामान बाहर निकाल सकें।

**बहाव क्षेत्र में** अतिक्रमण और निर्माण पर मौन रहा जल संसाधन विभाग

# वन विभाग ने दीवारें, पीडब्ल्यूडी ने बनाईं सड़कें... और सूख गया रामगढ़ बांध

**रामगढ़ बांध जीर्णोद्धार आखिर कब!**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

*जयपुर. ऐतिहासिक रामगढ़ बांध को सुखाने में उन्हीं सरकारी विभागों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन पर इसे सुरक्षित रखने का जिम्मा था। वन विभाग ने बांध के कैचमेंट एरिया (बहाव क्षेत्र) और सहायक नदियों में दीवारें खड़ी कर दीं, सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सड़कें बना दीं और राजस्व विभाग ने नदी के पाट में अवैध खेती को बढ़ावा दिया। इन विभागों की लापरवाही से साल-दर-साल पानी का मार्ग अवरुद्ध होता गया और अंततः जयपुर की लाइफलाइन कहा जाने वाला यह बांध पूरी तरह सूख गया।*

## हाईकोर्ट के 2012 के आदेशों की पालना कराने में भी नाकाम रहे जिम्मेदार विभाग



बांध के बहाव क्षेत्र में बलखंडा के नाले के पास बनी दीवार।

### हाईकोर्ट की अवहेलना

***जल संसाधन विभाग की सबसे बड़ी नाकामी:*** इस पूरे घटनाक्रम में जल संसाधन विभाग की भूमिका मूकदर्शक की रही। बांध को बचाने के लिए वर्ष 2012 में हाईकोर्ट ने जो कड़े निर्देश दिए थे, विभाग उनकी पालना सुनिश्चित नहीं करवा सका। अन्य विभागों से समन्वय बिठाने और आदेश जारी करने को लेकर जल संसाधन विभाग ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई।

### इन तीन विभागों ने ऐसे बिगाड़ा खेल

**वन विभाग:** पानी को रोकने के लिए विभाग ने दीवारें और एनिकट बनाए, लेकिन उनमें आउटफ्लो (मोखे) नहीं छोड़े। भारी बारिश में भी पानी बांध तक नहीं पहुंच सका। बाद में जल संसाधन विभाग ने मोखे बनाने की कोशिश भी की, तो वन विभाग ने अनुमति नहीं दी।

**सार्वजनिक निर्माण विभाग:** पीडब्ल्यूडी ने बांध को भरने वाली प्रमुख रोड़ा और माधोवेणी नदियों के बहाव क्षेत्र के बीच से ग्रामीण संपर्क सड़कें निकाल दीं। इससे नदी का पानी दो हिस्सों में बंट गया और बांध तक पानी पहुंचने का प्राकृतिक मार्ग हमेशा के लिए बंद हो गया।

**राजस्व विभाग:** नदियों, मुख्य नालों और बहाव क्षेत्र की जमीनों को समतल कर वहां खेती शुरू कर दी गई। राजस्व विभाग इन भू-माफिया और अवैध खेती करने वालों पर कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे बैठा रहा, जिससे कई जगह बहाव क्षेत्र का वजूद ही खत्म हो गया।

संसद आपकी, सवाल आपके... #monsoonsession2026

# सांसद के नाम चिट्ठी

**ज**यपुर के नागरिकों ने शहर की बढ़ती समस्याओं को लेकर सांसद से ठोस हस्तक्षेप की मांग की है। आगामी सत्र में इन मुद्दों को विस्तार से रखने की तैयारी की मांग की है, ताकि शहर की मूलभूत जरूरतों को लेकर लंबित कार्यों को गति मिले।

**सांसद महोदया,**
संसदीय क्षेत्र, जयपुर



मंजू शर्मा

*जयपुर केवल राजस्थान की राजधानी नहीं, बल्कि विरासत, संस्कृति, शिक्षा, उद्योग और पर्यटन का राष्ट्रीय केंद्र है। बदलती आबादी, तेज शहरीकरण और बढ़ती जरूरतों के बीच शहर का विकास नई चुनौतियों से जूझ रहा है। कहीं आधारभूत सुविधाओं पर बढ़ता दबाव है तो कहीं अधूरी परियोजनाएं लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पा रही हैं। यातायात, पेयजल, पर्यावरण, सार्वजनिक परिवहन, रेल और हवाई कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार, शिक्षा और शहरी नियोजन जैसे कई मुद्दे आज हर नागरिक के जीवन से सीधे जुड़े हैं।*

*लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता की आवाज है और संसद उस आवाज को नीति और समाधान तक पहुंचाने का सर्वोच्च मंच। इसी विश्वास के साथ राजस्थान पत्रिका ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए 'संसद आपकी, सवाल आपके' अभियान शुरू किया है। इस पहल के तहत जयपुर के नागरिकों ने अपने क्षेत्र, भविष्य और अधिकारों से जुड़े सवाल हमारे माध्यम से साझा किए हैं। इनमें से प्रमुख और प्रतिनिधि सवालों को इस चिट्ठी के जरिए आपके समक्ष रखा जा रहा है। उम्मीद है कि इन्हें संसद में गंभीरता से उठाया जाएगा, संबंधित मंत्रालयों तक पहुंचाया जाएगा और समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। यही प्रयास लोकतंत्र को अधिक जवाबदेह व जनकेंद्रित बनाने की दिशा में सार्थक कदम साबित होगा।*

*–संपादक, राजस्थान पत्रिका*



### मानसून सत्र

20 जुलाई से 13 अगस्त

राजस्थान से...25 सांसद
- 1 लोकसभा अध्यक्ष
- 2 कैबिनेट मंत्री
- 1 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- 1 राज्य मंत्री

25 कुल लोस. सांसद
- 14 भाजपा
- 08 कांग्रेस
- 01 भाकपा (मा.)
- 01 रालोपा
- 01 बीएपी

#questionsforMP

## इन प्रश्नों को सदन तक ले जाएं

**डॉ. एस.के. जोशी, वैशाली नगर**

Q. राजधानी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना की मांग वर्षों से उठ रही है। इसको बहुत पहले पूरा हो जाना चाहिए था। गुलाबी नगर के लोगों का यह सपना कब तक पूरा होगा।

**महेश तिवाड़ी, बनीपार्क**

Q. कई वर्षों से रिंग रोड अधूरी है। इसे पूरी करने के लिए उत्तरी रिंग रोड को धरातल पर उतारने की जरूरत हे। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से भारी वाहनों का प्रवेश शहर में बंद होगा। भारी वाहनों के शहर में प्रवेश करने से न सिर्फ प्रदूषण बढ़ता है बल्कि हादसे भी होते हैं। इस दिशा में ठोस पहल कब होगी।

### स्थानीय मुद्दे भी उठाए

**अयोध्या प्रसाद सिंह, भांकरोटा**

Q. धार्मिक स्थलों पर जयपुर से ट्रेनों का अभाव है। यात्रियों की तुलना में ट्रेन बेहद कम हैं। कभी कभी स्पेशल ट्रेन चलाई जाती हैं। वे भी नाकाफी साबित होती है।

Q. द्वारिकाधीश, सोमनाथ सहित देश के प्रमुख मंदिरों और धर्मस्थलों से सीधे रेल मार्ग से जयपुर कब जुड़ेगा? इसके लिए क्या प्रयास होंगे?

**कृष्ण चौधरी, दुर्गापुरा**

Q. शहर का बड़ा हिस्सा बीसलपुर बांध के भरोसे है, जो गर्मियों में अक्सर जवाब दे जाता है। जगतपुरा व खो-नागोरियान सहित कई बाहरी इलाकों में टैंकर माफिया का राज है।

Q. केंद्र सरकार की 'जल जीवन मिशन' या अमृत योजना के तहत इस संकट से राजधानी को उबारने के लिए कोई ठोस रोडमैप है क्या?

**बी.डी. शर्मा, चित्रकूट**

Q. ई-बस शहरों का भविष्य हैं। जयपुर में बढ़ती आबादी के हिसाब से करीब 2000 बसों की जरूरत है। प्रदूषण को नियंत्रित करने और सुगम यातायात के लिए जरूरी है। जनप्रतिनिधियों को सदन में अतिरिक्त बसों की मांग करनी चाहिए ताकि अत्यधिक बसें जयपुर को मिल सकें। लोकसभा में यह मांग कब उठेगी?



राजस्थान पत्रिका का प्रॉपर्टी एक्सपो होटल हयात रीजेंसी में आज से

# आपको आपके घर का स्थायी पता... 'प्रोपेक्स' में मिलेगा

राजस्थान पत्रिका
मानसरोवर का सबसे बड़ा प्रॉपर्टी एक्सपो
PATRIKA PropEX 2026 MANSAROVAR
18 19 JULY 2026 Hotel Hyatt Regency Mansarovar, Jaipur

## दो दिन का आयोजन, ये प्रमुख आकर्षण

- डेवलपर्स के विशेष ऑफर्स
- 45 हजार तक एश्योर्ड रेंटल
- सोने के सिक्के और आईफोन
- स्पॉट बुकिंग पर अतिरिक्त लाभ

### यहीं मिलेगा सही फैसला लेने का मौका

**घर** खरीदना हो या निवेश करना, सही जानकारी और सही विकल्प सबसे जरूरी होते हैं। प्रोपेक्स आपको एक ही जगह पर बिना किसी दबाव के बेहतर निर्णय लेने का अवसर देगा।

### फ्लैट, विला, प्लॉट और कॅमर्शियल प्रॉपर्टी के सैकड़ों विकल्प

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** अगर आप नया घर खरीदने की योजना बना रहे हैं, भविष्य के लिए प्लॉट में निवेश करना चाहते हैं या बेहतर रिटर्न देने वाली प्रॉपर्टी की तलाश में हैं, तो आपके लिए शानदार मौका है। राजस्थान पत्रिका का बहुप्रतीक्षित प्रॉपर्टी एक्सपो 'प्रोपेक्स' शुक्रवार से मानसरोवर स्थित होटल हयात रीजेंसी में शुरू होने जा रहा है। दो दिनों तक चलने वाले इस एक्सपो में शहर के प्रमुख बिल्डर्स और डेवलपर्स अपने प्रोजेक्ट्स के साथ मौजूद रहेंगे। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। सुबह 11:00 से रात 8:00 बजे तक ग्राहक यहां आ सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए 9610447943 पर संपर्क करें। इस इवेंट का मैनेजमेंट आइएफएफपीएल की ओर से किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और विशिष्ट अतिथि कलक्टर संदेश नायक होंगे। प्रोपेक्स में फ्लैट, विला, प्लॉट और कॅमर्शियल प्रॉपर्टी के सैकड़ों विकल्प उपलब्ध होंगे।

एक्सपो में मानसरोवर, मालपुरा रोड, फागी रोड, मुहाना मंडी, अजमेर रोड सहित तेजी से विकसित हो रहे रियल एस्टेट कॉरिडोर की परियोजनाएं प्रदर्शित की जाएंगी। कई डेवलपर्स ऑन-द-स्पॉट बुकिंग पर विशेष छूट, आकर्षक ऑफर्स और आसान भुगतान योजनाएं भी उपलब्ध कराएंगे।

## 80 फीट रोड के निर्माण का रास्ता साफ

**जयपुर @ पत्रिका.** हाईकोर्ट की खंडपीठ ने न्यू सांगानेर रोड (सेंट एंसलम स्कूल) से वंदेमातरम सर्कल तक प्रस्तावित 1850 मीटर सड़क को 80 फीट चौड़ाई में बनाने के मामले में दखल से इनकार कर दिया है। न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह व न्यायाधीश संदीप तनेजा की खंडपीठ ने जायना देवी व अन्य की अपीलें खारिज करते हुए माना कि एकलपीठ का अतिक्रमण हटाने का आदेश जनहित में है और अपीलार्थियों के पास वैधानिक लीज भी नहीं है। जेडीए के अधिवक्ता अमित कुड़ी ने बताया कि इस जमीन को जेडीए पहले ही अवाप्त कर चुका है। अंतरिम आदेश के तहत अब तक 34 अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं।

## मुहाना मंडी: 10 फर्मों के लाइसेंस निलंबित

**जयपुर @ पत्रिका.** मुहाना स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले फल एवं सब्जी मंडी में आवंटित दुकानों को छोड़कर अन्य जगहों से मनमर्जी से कारोबार करने वाले व्यापारियों पर मंडी समिति ने कार्रवाई की है। कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी) जयपुर ने 10 फर्मों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। मंडी समिति के सचिव मोहनलाल जाट ने बताया कि निलंबन अवधि में इन फर्मों के नाम कोई भी किसान आवक गेट पास जारी नहीं किया जाएगा। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

रात की सैर के दौरान हुआ हादसा

## जगतपुरा में दौलतपुर एक्सप्रेस की चपेट में आए रेलवे अधिकारी, मौत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** जगतपुरा रेलवे फाटक के पास गुरुवार रात दौलतपुर एक्सप्रेस की चपेट में आने से उत्तर पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह रोजाना की तरह रात का खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। जीआरपी ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

एएसआइ जगदीश ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक चौधरी (48) के रूप में हुई है। वह वर्तमान में अपनी पत्नी के साथ जगतपुरा रेलवे फाटक के सामने स्थित रेलवे क्वार्टर में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, गुरुवार रात करीब 9 बजे अशोक चौधरी खाना खाने के बाद पटरी के आस-पास टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान जयपुर जंक्शन की ओर से आ रही दौलतपुर एक्सप्रेस की चपेट में आ गए और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अशोक चौधरी मूल रूप से सीकर जिले के दूजोद गांव के निवासी थे और उत्तर पश्चिम रेलवे में ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर तैनात थे।

## अस्पताल में भर्ती था बच्चा, पीछे से सूने मकान में दिनदहाड़े लाखों की चोरी

**जयपुर @ पत्रिका.** मुहाना थाना क्षेत्र की पार्श्वनाथ कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों के जेवर और 1.39 लाख रुपए नकद साफ कर दिए। वारदात के समय पीड़ित लोकेश शर्मा अपने बेटे के टाइफाइड से पीड़ित होने के कारण परिवार सहित अस्पताल में थे। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर न केवल मकान मालिक, बल्कि किराएदार के कमरे से भी सामान समेट लिया। सीसीटीवी फुटेज में दो



संदिग्ध पीठ पर बैग टांगे बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित को 16 जुलाई की दोपहर में मोबाइल ऐप पर सीसीटीवी चैक करने के बाद चोरी का पता चला।

ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस की कार्रवाई

## 6 बार पकड़ा, फिर भी नहीं छूटा स्मैक का धंधा, महिला गिरफ्तार

### महिला से 7.15 ग्राम स्मैक और 17,200 रुपए बरामद

**जयपुर @ पत्रिका.** शहर में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसका ताजा उदाहरण ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र में सामने आया, जहां पुलिस ने एक ऐसी महिला को गिरफ्तार किया है जो वर्ष 2020 से अब तक छह बार एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न मामलों में पकड़ी जा चुकी है। इसके बावजूद वह जेल से छूटकर दोबारा स्मैक बेचते हुए पकड़ी गई।

डीएसटी-ईस्ट और ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने खानिया बंधा कच्ची बस्ती निवासी रेखा सांसी (28) को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसका पति (मूल निवासी तारपुरा, सीकर) बाहर से थोक में स्मैक लाकर उसे देता था। इसके बाद वह स्मैक को छोटी-छोटी पुड़ियों में बांटकर नशे के आदी लोगों को 200 से 300 रुपए में बेचती थी। महिला से 7.15 ग्राम स्मैक और 17,200 रुपए बरामद किए गए हैं।

### 6 साल में दर्ज हुए 6 प्रकरण

**आरोपी** महिला रेखा सांसी के खिलाफ वर्ष 2020, 2023, 2024 और 2026 में कुल छह आपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं। इनमें से अधिकांश मामले एनडीपीएस एक्ट और एक मामला आबकारी अधिनियम का है। कई मामलों में पुलिस चार्जशीट दाखिल कर चुकी है और कोर्ट में सुनवाई जारी है। पुलिस अब महिला के पति और स्मैक की सप्लाई चेन से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में जुटी है।



## प्रताप नगर थाने में आज जनसुनवाई

**जयपुर @ पत्रिका.** पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल शनिवार को प्रताप नगर थाने में जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान सांगानेर सर्कल के अंतर्गत आने वाले सांगानेर, प्रताप नगर, मालपुरा गेट और रामनगरिया थाना क्षेत्रों से जुड़े परिवादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंच सकेंगे। पुलिस आयुक्त मौके पर ही मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। जनसुनवाई में सर्कल के संबंधित थानाधिकारी और उच्चाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## एटीएम बदलकर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**जयपुर @ पत्रिका.** महेश नगर थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (साउथ) राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कैलाश उर्फ देव गुर्जर (30), बैराड़ा खुर्द (सवाई माधोपुर) का रहने वाला है। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपी के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 24 एटीएम व डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने जयपुर शहर में करीब एक दर्जन वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।












## मानसून अलर्ट




राजधानी में बारिश का दौर खत्म होने के बाद अब दिन और रात के पारे में बढ़ोतरी हो गई है। शुक्रवार को दिन का पारा 37.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री दर्ज किया गया। रात का न्यूनतम तापमान 29.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र के अनुसार आगामी दिनों में बारिश का गतिविधियां कम रहेंगी।

**क्यूआर कोड स्कैन करके** *देखिए बादलों का लाइव स्टेटस।*

## शहर मौसम

**सूर्यास्त:** आज शाम 07:23 बजे
**सूर्योदय:** कल सुबह 05:47 बजे
**चन्द्रोदय:** आज सुबह 09:44 बजे
**चन्द्रास्त:** आज रात 10:46 बजे

**तापमान**

| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 37.5° | 29.8° |

ह्यूमिडिटी : 32% (अधिकतम)
हवा की गति : 13 किमी/घंटा

**फोरकास्ट**
आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार(सोर्स- मौसम केंद्र जयपुर)

**पॉल्यूशन स्तर (AQI)**

| | | |
|---|---|---|
| आदर्श नगर: | 130 | 20 ▼ |
| मानसरोवर: | 220 | 40 ▲ |
| मुरलीपुरा: | 165 | 45 ▼ |
| शास्त्री नगर: | 170 | 30 ▼ |
| सीतापुरा: | 230 | 65 ▲ |

| अच्छा | ठीक | मध्यम |
|---|---|---|
| 0-50 | 51-100 | 101-200 |
| **खराब** | **गंभीर** | **खतरनाक** |
| 201-300 | 301-400 | 401-500 |

## यात्रा अपडेट

- **रेलवे:** बीकानेर-मेड़ता रोड रेलखण्ड के मध्य तकनीकी कार्य के चलते बीकानेर-मदुरै ट्रेन का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार बीकानेर-मदुरै एक्सप्रेस ट्रेन 19, 26 जुलाई व 2 अगस्त को बीकानेर से अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे देरी से रवाना होगी।
- **रेलवे:** मध्य रेलवे के ठाकुरबारी-मंकी हिल स्टेशन के मध्य भूस्खलन के चलते तीन ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जोधपुर-हडपसर ट्रेन 18 से 24 जुलाई तक, हडपसर- जोधपुर ट्रेन 19 से 25 जुलाई तक रद्द रहेगी।

## ब्रीफ न्यूज

### 90 किलो काजू टुकड़ी को किया सीज

**जयपुर@पत्रिका.** फूड सेफ्टी टीम ने 181 पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद शुक्रवार को चोखी ढाणी पर कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ.टी शुभमंगला के बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम को सब्जी तैयार करने में उपयोग किए जा रहे काजू टुकड़ी की क्वालिटी भी घटिया पाई गई, जिसकी मैन्युफैक्चरिंग एवं एक्सपायरी दिनांक अंकित नहीं थी। 90 किलो काजू टुकड़ी को जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक सीज किया।

---

**नींव भरते ही शुरू हो गई शिकायत करने की धमकियां...** जेडीए में हमारे लोग हैं, निर्माण पर सील लग जाएगी...

# घर बनाना चाहा था...हर मोड़ पर मिले 'दलाल', नोटिसों के बीच उलझा आशियाना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**जयपुर.** मैं जयपुर का एक आम आदमी हूं। बरसों नौकरी कर पैसा जोड़ा। बैंक से कर्ज लिया। किराए के मकान से छुटकारा मिलेगा। अपना छोटा-सा घर होगा। जब जमीन खरीदी, तब लगा कि लड़ाई जीत ली। लेकिन असली लड़ाई तो उसके बाद शुरू हुई।

निर्माण संबंधी नियम समझने की कोशिश की। हर कोई अलग सलाह देता था। किसी ने कहा... बिना एजेंट के काम नहीं होगा। जैसे ही नींव खुदी, कुछ नए चेहरे आने लगे और पैसे मांगने लगे। कोई खुद को समाजसेवी बताता। कोई कॉलोनी का जिम्मेदार नागरिक। कोई कहता, आपने सेटबैक कम छोड़ा है। कोई कहता, पड़ोसी की हवा बंद हो जाएगी। किसी को मेरी दीवार से परेशानी थी, किसी को मेरी मंजिल से।धीरे-धीरे मुझे समझ आने लगा कि शहर में सिर्फ मकान नहीं बनते, शिकायतें भी बनती हैं। शुरुआती दौर में जब ये लोग आए तो मुझे लगा कि शायद ये सचमुच नियमों की बात कर रहे हैं। फिर बातों का लहजा बदलने लगा। बात यहां तक पहुंच गई कि जेडीए में हमारे लोग हैं। काम बंद हो जाएगा, निर्माण पर सील लग जाएगी।

*■ क्या आपको भी अपना घर बनाने के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ा है। लोगों ने बेवजह डराया धमकाया है। यदि हां तो हमें अपने अनुभव व्हाट्सऐप करें* ■ ***व्हाट्सएप नम्बर:*** *9057531314*

### सिस्टम बदले तो कम होगी परेशानी

- शिकायतकर्ता की डिजिटल पहचान अनिवार्य हो
- 15 दिन में प्रारंभिक जांच पूरी हो
- प्रथम दृष्टया उल्लंघन मिलने पर निर्माण न रोका जाए
- झूठी शिकायत साबित होने पर आर्थिक दंड और बार-बार ऐसा करने वालों पर कानूनी कार्रवाई हो
- शिकायत और जांच की पूरी स्थिति ऑनलाइन उपलब्ध हो, ताकि पारदर्शिता बनी रहे

### केस 1

**मानसरोवर** में मकान बनाने के दौरान दलालों का दल पहुंच गया। पर्ची पर लिखकर एक लाख रुपए मांगे और अपने ऑफिस को बुलाया। पुरानी चुंगी स्थित ऑफिस में बुलाया। जब पीड़ित मिलने पहुंचा तो मोबाइल नीचे रखवा लिया। पहले दो लाख रुपए मांगे, पीड़ित ने ज यादा बताए तो मकान तो तुड़वाने की धमकी दी। बाद में मामला 1 लाख रुपए लेकर मामला छूटा।

### केस 2

**जगतपुरा** में मकान बनाने के दौरान मीडियाकर्मी बन एक व्यक्ति ने मामला सैट करने के लिए कहा। नहीं मानने पर सील कराने और ध्वस्तीकरण की धमकी दी पीड़ित ने बताया कि जेडीए में जाकर मामला सैटल हो पाया। प्रति छत के 50 हजार रुपए लिए। इसमें उक्त व्यक्ति का भी हिस्सा था। पैसा लेने उक्त व्यक्ति ही आता था। छत से पहले राशि ले लेते।

### शिकायतों का ये हाल

- जेडीए में रोज 25 से 30 शिकायतें आती हैं। प्रवर्तन अधिकारी (ईओ) ओवरलोड हैं। ऐसे में उनको लेकर जाना पड़ता है। बमुश्किल 5 से आठ शिकायतों तक ईओ पहुंच पाते हैं। बाकी लम्बित रहती हैं।
- 500 से अधिक अवैध निर्माणों की शिकायतें नगर निगम में लम्बित चल रही हैं। इन पर सतर्कता शाखा के अधिकारी पहुंच ही नहीं पाते।

### इन इलाकों से सर्वाधिक शिकायतें

- राजापार्क, आदर्श नगर, जगतपुरा, महेश नगर, सोडाला, डीसीएम, वैशाली नगर, खातीपुरा, झोटवाड़ा, गोपालपुरा बाइपास के आस-पास की कॉलोनियां, मानसरोवर, सांगानेर, सिरसी रोड, विद्याधर नगर, सिविल लाइंस और आस-पास का क्षेत्र

यदि कोई ब्लैकमेल कर रहा है और जेडीए के अधिकारी शामिल होने का अंदेशा है तो उसकी शिकायत जेडीए में करें। इसके अलावा पीड़ित संबंधित थाने में शिकायत करने के लिए स्वतंत्र है। संबंधित थाना क्षेत्र ही कार्रवाई करेगा। **-आनंद शर्मा,** उप महानिरीक्षक, जेडीए

---

**चंडीगढ़ में एआइ कैमरे और जीआइएस से पूरी सड़क का हेल्थ ऑडिट**

# चंडीगढ़ में एआइ बता रहा सड़क की बीमारी जयपुर में अभी भी शिकायतों के भरोसे मरम्मत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर.** शहर की सडकों का रख-रखाव अब केवल गड्ढे भरने तक सीमित नहीं रह गया है। देश के कुछ शहर सड़क प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआइएस) जैसी तकनीकों का उपयोग शुरू कर चुके हैं, जबकि जयपुर में सड़कों की मरम्मत अभी भी मुख्य रूप से शिकायतों और अधिकारियों के निरीक्षण पर निर्भर है। चंडीगढ़ प्रशासन ने एआइ कैमरों और जीआइएस आधारित रोड हेल्थ ऑडिट की पहल की है। इसके तहत सड़क की दरारें, गड्ढे, किनारों की टूट-फूट, रोड मार्किंग और अन्य तकनीकी खामियों की डिजिटल पहचान कर पूरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इससे यह तय करना आसान होगा कि किस सड़क की पहले मरम्मत जरूरी है।

### ये मिलेगी जानकारी

- एआइ कैमरे सड़क की दरार, गड्ढे और रोड मार्किंग की स्वत: पहचान कर सकते हैं।
- जीआइएस आधारित डिजिटल रिकॉर्ड से हर सड़क का निर्माण, मरम्मत और वर्तमान स्थिति एक क्लिक में उपलब्ध हो सकती है।
- डिजिटल ऑडिट से सड़क पूरी तरह खराब होने से पहले ही मरम्मत की योजना बनाई जा सकती हैं।

### जयपुर में ये हाल

**इसके** विपरीत, जयपुर में सड़क निर्माण और रखरखाव का जिम्मा जेडीए, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के पास है, लेकिन किसी भी एजेंसी के पास शहर की सभी सड़कों का एकीकृत डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सड़कों की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक आकलन नहीं हो पाता और कई बार खराबी बढ़ने या शिकायतें आने के बाद ही मरम्मत होती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जयपुर में भी डिजिटल रोड एसेट मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाए तो सड़कों का नियमित तकनीकी ऑडिट संभव होगा। इससे मरम्मत की प्राथमिकता तय करने, अनावश्यक खर्च रोकने और सड़कों की गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलेगी।

**गुलाबी नगर का हाल...**

## 500 करोड़ की सड़कें, बनाने वाला कौन?

**जयपुर.** शहर की सड़कों पर हर साल करीब 500 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जिन ठेकेदारों और एजेंसियों ने ये सड़कें बनाईं, उनकी पहचान आम लोगों से छिपी हुई है। हालात ऐसे हैं कि सड़क बनने के बाद मौके पर सूचना बोर्ड तक नहीं लगाए जाते। नतीजा यह कि सड़क कुछ ही महीनों में उखड़ जाए तो लोगों को यह तक पता नहीं चलता कि जवाबदेह कौन है?

### ये है नियम

**नियमानुसार** स्थल पर बोर्ड लगाकर कार्य का नाम, स्वीकृत राशि, ठेकेदार का नाम, कार्य अवधि और दोष दायित्व अवधि (डीएलपी) जैसी जानकारी प्रदर्शित की जानी चाहिए। इसका उद्देश्य निर्माण में पारदर्शिता बनाए रखना और गुणवत्ता पर निगरानी रखना है। लेकिन शहर में अधिकांश नई सड़कों पर ऐसे बोर्ड दिखाई नहीं देते।



### यह खास-खास

- **500 करोड़ रुपए** हर साल सड़क निर्माण पर खर्च
- **3 से 5 वर्ष** तक होती है सड़क की डीएलपी
- **वेबसाइट** पर पुरानी सड़कें, नई का रिकॉर्ड गायब
- **बोर्ड** पर दर्ज होना चाहिए ठेकेदार, लागत और कार्य अवधि

### वेबसाइट पर भी अधूरी जानकारी

**जेडीए** की वेबसाइट को खंगाला तो वहां भी सड़कों की जानकारी आधी अधूरी मिली। जिन सड़कों की डीएलपी समाप्त हो चुकी है, वो अब भी वेबसाइट पर हैं और दूसरी ओर, पिछले दो वर्षों में बनी कई नई सड़कों का रिकॉर्ड वेबसाइट पर अपडेट ही नहीं किया गया। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर नई सड़कों और उन्हें बनाने वाले ठेकेदारों की जानकारी सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही?

### क्या है डीएलपी

- **डिफेक्ट** लायबिलिटी पीरियड वह अवधि होती है, जिसमें सड़क निर्माण में कोई भी तकनीकी खराबी या क्षति सामने आने पर संबंधित ठेकेदार को अपने खर्च पर उसकी मरम्मत करनी होती हैं।
- **अधिकांश** सड़क निर्माण कार्यों में 3 से 5 वर्ष की डीएलपी निर्धारित की जाती है। यदि निर्माण स्थल और वेबसाइट पर ठेकेदार व डीएलपी की जानकारी सार्वजनिक रहे तो सड़क खराब होने पर जिम्मेदारी तय करना आसान होता है।

---

**हरयाळो राजस्थान अभियान 2026 से जुड़ें**

## पौधरोपण के लिए संस्थाओं का पंजीकरण शुरू

पत्रिका हरयाळो राजस्थान
**हरियाली से खुशहाली**

**जयपुर @ पत्रिका.** राजस्थान पत्रिका की ओर से संचालित हरयाळो राजस्थान अभियान 2026 तहत प्रदेशभर में पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं, ट्रस्ट, फाउंडेशन, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों का पंजीकरण शुरू किया गया है। इच्छुक संस्थाएं गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण कर अभियान से जुड़ सकती हैं। पंजीकृत संस्थाओं के सहयोग से राजस्थान में व्यापक स्तर पर पौधरोपण एवं संरक्षण गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। राजस्थान पत्रिका ने पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत सभी संस्थाओं से इस अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की है।

पंजीकरण के लिए नीचे दिए QR Code को भरें।

---

**अब धरोहर बचाने की कोशिश**

## बरामदों से हटाए अतिक्रमण, फिर चलने लगा पंजा





**जयपुर@पत्रिका.** विश्व विरासत शहर के परकोटे की पहचान बचाने की कवायद एक बार फिर शुरू हो गई है। नगर निगम की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए त्रिपोलिया और जौहरी बाजार के बरामदों के ऊपर रखे सामान, लोहे के जाल और बाजारों की एकरूपता बिगाड़ने वाले अन्य अतिक्रमण हटाए। क्रेन की मदद से बरामदों से सामान उतारा गया। करीब 40 स्थानों से अतिक्रमण हटाकर जब्त किया गया। कार्रवाई करीब चार घंटे तक चली। परकोटे के बाजारों में वर्षों से बरामदों के ऊपर रखा सामान और लगाए गए लोहे के जाल विश्व विरासत क्षेत्र की मूल वास्तुकला और सौंदर्य भी प्रभावित कर रहे थे। नगर निगम का कहना है कि ऐसे अतिक्रमणों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

दरअसल, दिसंबर में यूनेस्को की समीक्षा के मद्देनजर परकोटे की स्थिति सुधारना नगर निगम की प्राथमिकता है। समीक्षा के दौरान यह देखा जाएगा कि विश्व विरासत का दर्जा मिलने के बाद संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए क्या प्रयास किए गए। हाल ही निगम आयुक्त ओम कसेरा ने परकोटा क्षेत्र का निरीक्षण कर सतर्कता शाखा को नियमित कार्रवाई के निर्देश दिए थे।




पत्रिका में प्रकाशित

### पत्रिका लगातार उठा रहा है मुद्दा

**राजस्थान** पत्रिका लगातार परकोटे की विश्व विरासत पहचान, बरामदों पर बढ़ते अतिक्रमण और संरक्षण कार्यों में बरती जा रही खानापूर्ति को प्रमुखता से उठाता रहा है। यदि निगम की यह कार्रवाई लगातार जारी रही तो ऑपरेशन पिंक के बाद एक बार फिर परकोटे के ऐतिहासिक बरामदों की पुरानी सूरत लौटने की उम्मीद बढ़ सकती है।

---

**22 हजार से अधिक आवेदनों का दबाव**

## कॉलेजों में दाखिले की होड़, हर सीट पर तीन से ज्यादा दावेदार

**जयपुर @ पत्रिका.** राजस्थान यूनिवर्सिटी के संघटक सरकारी कॉलेजों में पढ़ाई का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। इस बार स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटों से तीन गुना से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन कर दिया। बढ़ते दबाव को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को आखिरकार सीटों में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करनी पड़ी। अब चौथी मेरिट सूची जारी की जाएगी, जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर मिल सकता है।

विश्वविद्यालय के महाराजा, महारानी, राजस्थान और कॉमर्स कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए सहित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए इस वर्ष 22 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जबकि चारों कॉलेजों में कुल मिलाकर करीब सात हजार सीटें ही उपलब्ध हैं। यानी औसतन हर सीट के लिए तीन से अधिक छात्र-छात्राएं दावेदारी कर रहे हैं। अब तक तीन मेरिट सूची जारी हो चुकी हैं, लेकिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी अभी भी प्रवेश की दौड़ में बने हुए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया है। राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने बताया कि इस वर्ष प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षा से अधिक रही। इसी कारण विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर की सीटों में 10 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला किया है। इसका लाभ चौथी मेरिट सूची और उसके बाद की प्रवेश प्रक्रिया में मिलेगा।

---

**आरजीएचएस में अनियमितताओं पर कार्रवाई:** आंकड़े किए जारी

## 51 निलंबित अस्पतालों के नाम छिपाए रिकवरी वाले 24 अस्पतालों के नाम सार्वजनिक

**जयपुर@पत्रिका.** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में अनियमितताएं करने वाले 51 अस्पतालों के निलंबन की कार्रवाई की है। विभाग की ओर से तीन माह के आंकड़े जारी करते हुए शुक्रवार को यह जानकारी दी गई है। गत एक माह के दौरान ऑडिट के आधार पर 24 अस्पतालों पर 3 करोड़ रूपए का जुर्माना लगाया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि विभाग ने सार्वजनिक रूप से मात्र रिकवरी वाले अस्पतालों की सूची ही जारी की है।

विभाग ने यह कार्रवाई ऑडिट एवं जांच के दौरान कई गंभीर वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितताएं सामने आने पर की है। इनमें दस्तावेजों की डुप्लीकेसी, आवश्यकता से अधिक जांचें कराना, अधिक भुगतान प्राप्त करने के उद्देश्य से एक ही पैकेज में सम्मिलित सेवाओं एवं प्रक्रियाओं को अलग-अलग दर्शाकर क्लेम प्रस्तुत करना, आवश्यक दस्तावेजों का अभाव तथा ओपीडी मरीजों को अनुचित रूप से आईपीडी में परिवर्तित कर क्लेम प्रस्तुत करना जैसी गंभीर अनियमितताएं शामिल हैं। इस बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी चाही गई, लेकिन कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिला। रिकवरी वाले अस्पतालों में जयपुर के मणिपाल, नारायणा, सोनी, इंडस, महावीर जयपुरिया अस्पताल, अपोलो स्पेशियलिटी और डॉ.सोमेन्द्र डेंटल अस्पताल शामिल हैं।

### सूचना मरीज के लिए जरूरी

**आरजीएचएस** योजना में राज्य के सरकारी कर्मचारियों सहित पेंशनर्स के परिवारों के करीब 50 लाख मरीज जुड़े हैं। निलंबित अस्पताल की सूचना नहीं मिलने के कारण मरीज अस्पताल पहुंच जाते हैं। वहां जाने के बाद या इलाज शुरू होने के बाद उन्हें अस्पताल में योजना का लाभ नहीं मिलने की जानकारी मिलती है। इससे उनकी जेब पर चपत पड़ती है।

---

**बिजली गुल होने के बाद पहुंची टीम**

## जनाना अस्पताल के ब्लड बैंक की एसएमएस टीम ने की जांच

**जयपुर @ पत्रिका.** जनाना अस्पताल में बिजली गुल रहने के मामले में शुक्रवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज की इम्यूनोहेमैटोलॉजी एंड ट्रांसफ्यूजम मेडिसिन (आइएचएमटी )विभाग की टीम ने ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। टीम ने ब्लड यूनिट्स की गुणवत्ता की जांच की। इसके बाद पूरी रिपोर्ट भी तैयार की गई।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को अस्पताल में करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे ब्लड बैंक का कामकाज भी प्रभावित हुआ और इस दौरान रक्तदान भी बंद रहा। बिजली बंद होने से ब्लड के सुरक्षित भंडारण को लेकर अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर ब्लड यूनिट्स को महिला चिकित्सालय और जेके लोन अस्पताल के ब्लड बैंक में शिफ्ट करने की तैयारी भी की गई थी। हालांकि करीब एक घंटे तक बैकअप सपोर्ट मिलने और बाद में एनआईसीयू से बिजली आपूर्ति बहाल होने के कारण ब्लड शिफ्ट करने की जरूरत नहीं पड़ी।

इस मामले को लेकर शुक्रवार को एसएमएस की आइएचएमटी टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी व्यवस्था और ब्लड स्टोरेज सिस्टम का निरीक्षण किया और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। प्रारम्भिक जांच में किसी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी या ब्लड की गुणवत्ता प्रभावित होने के संकेत नहीं मिले हैं।

फॉलोअप




राजस्थान पत्रिका
*प्रकाशित खबर।*

---

**विशेषज्ञों की चेतावनी** — रोज का यह सफर हड्डियों और पोश्चर की गंभीर समस्या बन सकता है, परिजन बरतें सावधानी

# ऑटो में ठूंसकर बैठा रहे बच्चे...कमर, गर्दन और हड्डियों पर बढ़ता दबाव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर.** स्कूल आने-जाने के दौरान ऑटो, वैन और ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाना केवल सड़क सुरक्षा का उल्लंघन नहीं, बल्कि उनके शारीरिक विकास पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा है। राजधानी के सरकारी और निजी अस्पतालों में अब ऐसे बच्चों की संख्या बढ़ रही है, जो गर्दन, पीठ और कमर दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव तथा सूजन जैसी शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना 20 से 45 मिनट तक तंग जगह में गलत मुद्रा में बैठकर सफर करना इसका प्रमुख कारण है। शहर में कई स्थानों पर ऑटो और ई-रिक्शा में बच्चों को क्षमता से कहीं अधिक बैठाया जा रहा है। कई बच्चे चालक के पास बैठते हैं, जबकि कुछ किनारों पर सिमटकर या आधे खड़े होकर सफर करने को मजबूर रहते हैं। इससे रीढ़, गर्दन और कमर पर लगातार दबाव पड़ता है तथा मांसपेशियों में खिंचाव की स्थिति बनती है। मानसून में उबड़-खाबड़ सड़कों पर झटके परेशानी को और बढ़ा देते हैं।



### गलत पोश्चर से भविष्य की परेशानी

**ऑर्थोपेडिक** विशेषज्ञों के अनुसार, 6 से 15 वर्ष की आयु हड्डियों और रीढ़ के विकास का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इस दौरान यदि बच्चा रोज लंबे समय तक झुककर या एक तरफ दबकर बैठता है तो रीढ़ की प्राकृतिक बनावट प्रभावित हो सकती है। लंबे समय तक ऐसा होने पर भविष्य में क्रॉनिक बैक पेन, गर्दन दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव और पोश्चर संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

### स्कूल से लौटने के बाद गर्दन और पीठ में दर्द

10 वर्षीय राहुल (परिवर्तित नाम) पिछले कुछ महीनों से स्कूल से लौटने के बाद गर्दन और पीठ दर्द की शिकायत करने लगा। जांच में पता चला कि वह रोज करीब 35 मिनट तक क्षमता से अधिक भरे ऑटो में एक तरफ झुककर सफर करता था।

### पेरेंट्स रखें इन बातों का ध्यान

- क्षमता से अधिक बच्चों वाले ऑटो में बच्चे को न भेजें।
- बच्चे को सीधी मुद्रा में बैठने की आदत डालें।
- लंबे सफर के बाद हल्की स्ट्रेचिंग करवाएं।
- दर्द की शिकायत पर तुरंत ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ को दिखाएं।

### एक्सपर्ट व्यू

#### बैठने की आदत सुधार पर सर्वाधिक जोर

ओपीडी में ऐसे बच्चे नियमित रूप से पहुंच रहे हैं। अधिकांश मामलों में शुरुआती चरण में दवा की जरूरत नहीं पड़ती। बच्चों की बैठने की आदत और पोश्चर सुधारने पर जोर दिया जाता निवारक दवाएं, कैल्शियम और विटामिन-डी की जांच, नियमित व्यायाम, स्ट्रेचिंग और फिजियोथेरेपी की सलाह दी जाती है। **डॉ. विशाल शेखावत,** सहआचार्य, अस्थिरोग विभाग, एसएमएस अस्पताल।

Shubhashish Marina
RERA Reg.No.RAJ/P/2025/3577
www.rera.rajasthan.gov.in

Shubhashish Prakash
Phase-I RERA Reg.No.RAJ/P/2023/2544
Phase-II RERA Reg.No.RAJ/P/2024/3218
www.rera.rajasthan.gov.in

Sā™

# THE HOUSE OF SHUBHASHISH

• A part of JK Jajoo Ventures •

# THE SHUBH FESTIVAL

**FINAL OPPORTUNITY!**

*A Shubh Beginning. A Legacy Forever.*



Kapil Dev
for The House of Shubhashish

SHUBHASHISH
## MARINA
JAIPUR'S ONLY LUXURY 3&4 BHK
WATERFRONT RESIDENCES

ONLY 15 RESIDENCES LEFT




7413 00 33 99
JAGATPURA, JAIPUR

SHUBHASHISH
## PRAKASH
3 & 4 BHK
PREMIUM RESIDENCES

POSSESSION SOON

ZERO GST*




7413 00 18 55
MANSAROVAR EXT. JAIPUR

SHAKUN

KEY CEREMONY & GALA DINNER WITH **KAPIL DEV**

PRICE HIKE UP TO **₹20 LAKHS***

*T&C Apply

**LIMITED PERIOD OFFER**

7413 00 33 99

Disclaimer: This advertisement is for marketing and promotional purposes only and does not constitute a promise, representation, warranty, or any legally binding commitment.

## सोशल हलचल

- **कला वार्ता :** कलावृत्त संस्था एवं राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 10:30 बजे से। वरिष्ठ चित्रकार, सहित अन्य कलाकार व कला समीक्षक डॉ. सुमहेन्द्र की सृजन यात्रा पर प्रकाश डालेंगे।

## आगामी कार्यक्रम

- **शपथ ग्रहण :** अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति की ओर से रविवार सुबह 11 बजे से इस्कॉन रोड, महिमा नगर स्थित रिसोर्ट में।
- **विराट सत्संग:** जेएलएन मार्ग स्थित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में रविवार शाम 4:30 बजे से। आध्यात्मिक गुरु डॉ.पवन सिन्हा जीवन में सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक जागरण के बारे में बताएंगे।
- **सुवृष्टि पर्जन्य गायत्री महायज्ञ :** गोविंद देवजी मंदिर में रविवार सुबह आठ बजे से। रूठे मानसून को मनाने के लिए विशिष्ट वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी जाएंगी।

## प्रदेश में अच्छी बारिश की कामना



**जयपुर @ पत्रिका.** केंद्रीय विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नायक ने चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर में दर्शन किए। महंत गोपालदास के सान्निध्य में पूजा अर्चना कर देश की सुख समृद्धि और प्रदेश में अच्छी बारिश की कामना की। योगेश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर मंत्री का सम्मान किया गया।

## जिला योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप कल

**ब्रह्मपुरी. जयपुर @ पत्रिका.** जयपुर जिला योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 रविवार सुबह आठ बजे से राजस्थान शिक्षा कॉलेज में होगी। योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के तत्वावधान में होने वाले टूर्नामेंट में 8 से 45 वर्ष तक एवं उससे अधिक आयु वर्ग के पुरुष-महिला खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राजस्थान राज्य योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।

## निहारों सखी रथ...



**सुभाष चौक. जयपुर.** सरस निकुंज में गुरुवार को महंत अलबेली माधुरी शरण के सान्निध्य में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर ठाकुर राधा सरस बिहारी सरकार को ऋतु पुष्पों से सुशोभित रथ में विराजमान कर झांकी के दर्शन कराए गए। ठाकुर जी को विशेष व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। 'निहारों सखी रथ की शोभा आली...' सहित रथयात्रा महोत्सव की पदावलियों का गायन किया गया।

## केंद्रीय कमेटी को पत्र हज यात्रा के आवेदन की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाई जाए

**जयपुर @ पत्रिका.** हज खिदमतगार कमेटियों ने हज यात्रा 2027 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि (20 जुलाई) की मियाद एक माह बढ़ाने की मांग की है। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी शाहिद मोहम्मद ने हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई को पत्र लिखा है।

उन्होंने बताया कि आवेदन समय से पहले शुरू होने के कारण बड़ी संख्या में आवेदक समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, हज यात्रियों के पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर, 2027 तक होना अनिवार्य है। ऐसे में कई लोगों को पासपोर्ट बनवाने या पुराने पासपोर्ट का नवीनीकरण कराने के लिए अगस्त तक की अपॉइंटमेंट मिल रही है। इसके अलावा हज-2026 के तहत कई यात्री किसी कारणवश यात्रा पर नहीं जा सके। जमा राशि का रिफंड नहीं मिलने से इनमें से कई लोग भी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। राजस्थान हज वेलफेयर सोसायटी के महासचिव हाजी निजामुद्दीन ने भी आवेदन तिथि एक माह बढ़ाने की मांग की है।

**हनुमत कथा :** स्वामी गोविंददेव गिरी ने युवाओं से किया महाभारत पढ़ने का आह्वान

# शक्ति, सेवा और समर्पण का पढ़ाया महापाठ, 'दुनिया में हनुमान जी से बड़ा कोई प्रबंधक नहीं'

### कहा : हनुमान जी ने बिना पद-अहंकार के निभाई हर जिम्मेदारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** 'हनुमान जी का चरित्र हमें शक्ति के साथ विनम्रता, सामर्थ्य के साथ सेवा और सफलता के साथ समर्पण का सच्चा मार्ग दिखाता है। हनुमान जी ने असीमित शक्तियों का उपयोग सदैव भगवान श्रीराम की सेवा और लोककल्याण के लिए किया। संतों की वाणी और सनातन ग्रंथों से जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती है।' यह प्रेरणादायी प्रवचन शुक्रवार को बिड़ला सभागार में व्यासपीठ से राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने हनुमान कथा की शुरुआत के मौके पर दिए। तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत व्यासपीठ के पूजन और हनुमान स्त्रोत के पाठ के साथ हुई।

### जयपुर में वृहद वेद विद्यालय की सौगात जल्द

स्वामी गिरी ने कहा कि आज हम वेदों को भूल गए हैं। इंदौर के अहिल्यादेवी वेद विद्यालय का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वेद शिक्षा से चरित्र निर्माण, राष्ट्र चेतना और मानव कल्याण की भावना विकसित होती है। वहीं, जयपुर को भी जल्द वृहद वेद विद्यालय की सौगात मिलेगी।





कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जीवन प्रसंगों के माध्यम से जीवन को सफल बनाने के सूत्र भी जाने। फोटो : **अनुग्रह सोलोमन**

### राम मंदिर का भी जिक्र

स्वामी गिरी ने कहा कि अयोध्या में स्थापित सप्तऋषि मंडल ऋषि परंपरा के गौरव का प्रतीक है। इनमें महर्षि अगस्त्य ने तप, ज्ञान, अनुशासन और राष्ट्रधर्म का आदर्श स्थापित किया। उनका जीवन संदेश देता है कि संयम व सेवा से ही समाज का उत्थान संभव है।

### हवामहल के समक्ष विराजे पवनपुत्र

कथा में हवामहल के चित्र के समक्ष पवनपुत्र की अलौकिक छवि विराजी, जिसने पूरे वातावरण को दिव्य ऊर्जा से भर दिया। राम राम जय सीताराम.... भजन की स्वरलहरियों के बीच शहरवासियों ने चारों वेदों के भी दर्शन किए।

### मुख्य श्रोता प्रभु राम

**सबसे बड़े प्रबंधक:** स्वामी गिरी ने कहा कि हनुमान जी से बड़ा प्रबंधक कोई नहीं हो सकता, हम उन्हें पूरी तरह समझ नहीं पाए हैं।

**नि:स्वार्थ सेवा:** बिना पद, अधिकार या अहंकार के उन्होंने श्रीराम के लक्ष्य को अपना मान हर जिम्मेदारी पूरी की।

**प्रबंधन के सूत्र:** हनुमान जी से समयबद्धता, बुद्धिमत्ता, विनम्रता और पूर्ण समर्पण के साथ काम की सीख।

**प्रथम श्रोता:** कथा के प्रथम और मुख्य श्रोता स्वयं भगवान श्रीराम हैं।

**महाभारत से सीख:** युवाओं को महाभारत का अध्ययन करना चाहिए, क्योंकि यह जीवन प्रबंधन, नीति, कर्तव्य और धर्मसंकट में सही निर्णय लेने की अमूल्य शिक्षा देती है।

### ग्रंथों में छिपी हैं कई सीख

स्वामी गिरी ने कहा कि भारतीय ग्रंथों में जीवन के हर पक्ष की सीख छिपी है। महाभारत और रामायण जैसे ग्रंथ मनुष्य को सही निर्णय लेने की प्रेरणा देते हैं। श्रद्धालुओं ने हनुमान भगवान की जय, गोविंद देव भगवान की जय और हर हर महादेव के जयघोष लगाए। कार्यक्रम में इंदौर व मुंबई सहित अन्य जगहों से भी शिष्य पहुंचे।

### कथा शाम 4.30 बजे से

कार्यक्रम में आनंद राठी, कांग्रेस नेता राजीव अरोड़ा, स्वामी राघवेन्द्र, आचार्य सोमेंद्र, माहेश्वरी समाज जयपुर अध्यक्ष उमेश सोनी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। संदीप झंवर ने बताया कि शनिवार को कथा शाम 4:30 बजे से शुरू होगी।

**फूल बंगला महोत्सव :** फूलों से सजा ठाकुरजी का दरबार

## 'निरखो फूलों का बंगला में सियाराम बिराजै...'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**एमआइ रोड. जयपुर.** समाज सीताराम की ओर से शुक्रवार को गणपति प्लाजा के पीछे फूल बंगला महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भगवान सीताराम को फूल बंगले में विराजमान कराया गया।

कारीगर भरत शर्मा ने 10 किलो मोगरे, जूही, कड़ेल और गुलाब के फूलों से सुंदर झरोखे तैयार कर फूल बंगला बनाया व ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया। साथ ही उन्हें आम, जामुन, फालसे के रस तथा आंवला और बेल के मुरब्बे सहित अन्य शीतल भोग अर्पित किए गए।

राजकुमारी अग्रवाल, उर्मिला झालानी व सुनीता अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने 'दिखाओ मौज बंगले की, पिया ऋतु है गर्मी की...', 'किया सुमन श्रृंगार, सिया ने किया सुमन श्रृंगार...' तथा 'निरखो फूलों का बंगला में सियाराम बिराजै छै....' सहित अन्य पारंपरिक पदों का गायन किया। साथ ही भजनों पर नृत्य कर ठाकुजी को रिझाया। सत्यनारायण झालानी ने बताया कि प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



मोगरे, जूही और गुलाब के फूलों से झरोखा तैयार कर फूल बंगला तैयार किया गया।

### 59 साल पहले शुरूआत

रामबाबू झालानी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को होने वाले इस महोत्सव की शुरुआत वर्ष 1967 में राधा देवी झालानी ने की थी। तभी से तृतीया से एक दिन पूर्व 24 घंटे रामधुनी होती है और अगले दिन फूल बंगला महोत्सव मनाया जाता है।

## रियायती दर पर आज दोपहर एक बजे तक बुक करा सकेंगे विज्ञापन

### अग्रवाल, अरोड़ा, खत्री-पंजाबी व सिख समाज के वैवाहिक विशेषांकों का प्रकाशन कल

**जयपुर @ पत्रिका.** पत्रिका के राजस्थान के सभी संस्करणों तथा भोपाल, इंदौर व रायपुर के रविवार के संस्करण में अग्रवाल, अरोड़ा, खत्री-पंजाबी एवं सिख समाज के अलग-अलग वैवाहिक विशेषांकों का प्रकाशन किया जाएगा। इन समाजों के संगठनों के सहयोग से प्रकाशित होने वाले इन विशेषांकों में दोनों समाजों के विभिन्न घटकों के विवाह योग्य युवाओं के बायोडाटा प्रकाशित किए जाएंगे।

इन विशेषांकों के लिए शनिवार दोपहर एक बजे तक रियायती दरों पर विज्ञापन बुक कराए जा सकेंगे। इसके लिए पूरा नाम, शहर का नाम, कॉन्टैक्ट नंबर और वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज दें। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे फोन पर संपर्क करेगी।

अरोड़ा, खत्री-पंजाबी एवं सिख समाज के विशेषांक के लिए जयपुर सिख समाज से केबीजीबी, पंजाबी समाज विकास संस्था जयपुर, पंजाबी समाज वैवाहिक रिश्ते जयपुर, अखिल भारतीय खत्री मोदी अरोड़ा समन्वय समिति, पंजाबी समाज समिति-कोटा, बीकानेर पंजाबी महासभा, खत्री सेवा समिति श्रीगंगानगर व कान्हा पंजाबी वर-वधू मिलान, उज्जैन सहित सिख-पंजाबी समाज के अन्य संगठन जुड़ चुके हैं। इसी प्रकार अग्रवाल-वैश्य समाज के विशेषांक के लिए अग्रसेन महासभा, अग्रवाल्स जयपुर डॉट कॉम तथा अग्रवाल विकास परिषद समिति कुन्हाड़ी व विजयवर्गीय स्थानीय सभा महावीर नगर केशवपुरा, कोटा के साथ ही देश के विभिन्न शहरों से अग्रवाल-वैश्य समाज के कई संगठन भी जुड़ चुके हैं।

आप देश के किसी भी हिस्से में अरोड़ा, खत्री, पंजाबी अथवा सिख समाज या अग्रवाल समाज के संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

**एसएमएस अस्पताल :** जीवन बचाने के लिए किया जागरूक

## मानव शृंखला बनाई, अंगदान की शपथ



**जयपुर @ पत्रिका.** स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू प्रत्यारोपण ऑर्गनाइजेशन, (सोटो) राजस्थान की ओर से एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कार्यक्रम हुआ। जुलाई-अगस्त माह के अंगदान जागरूकता अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने लोगों को अंगदान का महत्व बताया।

एसएमएस फार्मेसी कॉलेज के नोडल अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि विशेष सत्र को सोटो जागरूकता समिति की संयोजक मोनिका जैन, संयुक्त निदेशक चित्रा सिंह और धर्मेश शर्मा ने संबोधित किया। इस मौके पर अंगदान पर आधारित रोल-प्ले भी हुआ। सभी प्रतिभागियों ने डिजिटल माध्यम से अंगदान की शपथ ली। साथ ही मानव शृंखला बनाकर जीवन बचाने के लिए चिकित्सा जगत की एकजुटता प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम में एसएमएस मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज, गवर्नमेंट फार्मेसी कॉलेज और पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के फैकल्टी सदस्य और रेजीडेंट शामिल हुए।

**सांगानेर** बार एसोसिएशन

## तीन सूत्री मांगों को लेकर 22 से हड़ताल

**सांगानेर. जयपुर @ पत्रिका.** दी बार एसोसिएशन, सांगानेर की साधारण सभा शुक्रवार को हुई। अध्यक्ष टीकम चंद शर्मा एवं महासचिव अशोक पारीक ने बताया कि सांगानेर न्यायालय की आवंटित भूमि पर भवन निर्माण के लिए बजट, तहसील भवन के निर्माण व एसडीओ कोर्ट के सांगानेर मुख्यालय पर पांच कार्यदिवस सुनवाई करवाने सहित अन्य मांगें लंबित हैं। सभा में सांगानेर एसडीओ की अपील पर सुनवाई का क्षेत्राधिकार सेटलमेंट ऑफिसर से एडीसी को करने के आदेश को निरस्त कराने की मांग का मुद्दा भी उठा। इसे लेकर सर्वसम्मति से 22 जुलाई से एसडीओ सांगानेर के न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय किया गया। वहीं, 31 जुलाई एवं एक अगस्त को सिविल न्यायालय में भी हड़ताल की जाएगी।

**विनायक चतुर्थी :** देवालयों में सजाई विशेष झांकी

## शहर के गणेश मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**जयपुर @ पत्रिका.** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की अनिरुद्ध विनायक चतुर्थी शुक्रवार को राजधानी में भक्तिभाव के साथ मनाई गई।

रवि योग के शुभ संयोग में गढ़ गणेश, मोतीडूंगरी, नहर के गणेश जी, सिद्धी विनायक व ध्वजाधीश गणेश सहित शहर के प्रमुख गणेश मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और सभी विघ्न-बाधाओं के निवारण की कामना की।

गणपति अथर्वशीर्ष एवं गणेश स्तोत्र का पाठ कर भगवान से जीवन के सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होने की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने चंद्रदर्शन से परहेज किया।

पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को गणेशजी की आराधना में तुलसी अर्पित नहीं करने सहित अन्य धार्मिक परंपराओं का भी पालन कराया गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। मंदिरों में प्रसाद वितरण, भजन-कीर्तन और आरती के आयोजन भी किए गए। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में विशेष झांकी सजाई गई।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**राहत**

### गोशाला में विभिन्न विकास कार्य

**जयपुर @ पत्रिका.** कदंब डूंगरी स्थित पशुपति गोशाला में विकास कार्यों की शुरुआत हुई। महंत संस्कार दास व सोनिका दीदी ने बताया कि फर्श के निर्माण के साथ ही गाय और नंदी के लिए शेड भी लगवाया जा रहा है। इससे सर्दी, गर्मी और बारिश में धूप और सर्द हवाओं से बचाव हो सकेगा।



**पहल**

### शिविर में रक्तदाताओं का किया सम्मान

**टोंक रोड. जयपुर @ पत्रिका.** दुर्गापुरा स्थित एक होटल में श्री गोपाल कृष्ण सेवा समिति एवं स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। प्रीति निरंकारी ने बताया कि शिविर में 24 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। बाद में रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

**पहल** | नारी शक्ति की 'बचत' से संवरेगा नौनिहालों का 'कल'

# गृहस्थी के बजट से बचाए पैसों से बना दिया 'स्मार्ट क्लासरूम'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मानसरोवर. जयपुर.** जब इरादे नेक हों और ममता का निश्छल भाव हो, तो घर की रसोई से निकला एक-एक रुपया भी इतिहास लिख देता है। धौलाई के सरकारी स्कूल के बच्चे जो कल तक ब्लैकबोर्ड पर धुंधली इबारतें पढ़ते थे, आज वे 'स्मार्ट क्लास' में अपनी आंखों में भविष्य के नए सपने सजा रहे हैं। यह चमत्कार किसी बड़े कॉर्पोरेट फंड से नहीं, बल्कि वैश्य समाज की महिलाओं की उस ममतामयी गुल्लक से हुआ है, जिसमें उन्होंने सालभर तक गृहस्थी के बजट से बचाए पैसे इकट्ठे किए थे।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आधुनिक, स्मार्ट क्लासरूम के लोकार्पण पर वैश्य महिला संस्था, जयपुर की अध्यक्ष हेमलता अग्रवाल व मृदुला नारनौली ने बताया कि उन्होंने इस काम के लिए किसी बाहरी व्यक्ति से चंदा नहीं लिया। सदस्यों ने तीज-त्योहारों के श्रृंगार और छोटी-मोटी बचत से पाई-पाई जोड़ी थी। किसी ने अपनी नई साड़ी का मोह छोड़ा, तो किसी ने अपनी किटी पार्टी के खर्च को इस नेक काम में लगा दिया।

सदस्यों ने इस कार्य के पीछे छिपी भावना को साझा करते हुए बताया कि स्मार्ट क्लासरूम के बाद यहां पढ़ने आने वाले बच्चों की शिक्षा का ढर्रा पूरी तरह बदल जाएगा। दिव्या गुप्ता और शोभा चौधरी सहित अन्य सदस्यों ने बच्चों से सीधा संवाद किया और उन्हें 'लक्ष्य' पर अर्जुन की तरह नजर रखने की सीख दी।



### समाज के प्रति फर्ज

बच्चे अब रटने के बजाय थीडी विजुअल्स और डिजिटल एनिमेशन के जरिए विज्ञान और गणित जैसे कठिन विषयों को आसानी से खेल-खेल में समझ सकेंगे। यह दान नहीं, समाज के प्रति हमारा फर्ज है।
**वीणा डेरेवाला व संतोष बंब,**
सदस्य, वैश्य महिला संस्था, जयपुर

### एक साल तक इंटरनेट भी

स्मार्ट क्लास रूम में एक साल का इंटरनेट का खर्चा भी संस्था की ओर से वहन किया जाएगा। इस पूरे कार्य में लगभग एक लाख रुपए का खर्चा आया जो सदस्यों ने बीते एक साल में मिलकर जोड़ा। महिलाओं की इस पहल से नई पीढ़ी का भविष्य संवरेगा।

स्मार्ट क्लासरूम में डिजिटल स्क्रीन, इंटरनेट और आधुनिक शिक्षण संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑडियो-वीडियो आधारित पढ़ाई कराई जा सकेगी। इससे बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ेगी और उन्हें तकनीक आधारित शिक्षा का लाभ मिलेगा।

**आर्य** समाज मंदिर में देवयज्ञ, सत्संग

## 'गाय-यज्ञ भारतीय संस्कृति के मूल आधार'



**आदर्श नगर. जयपुर @ पत्रिका.** राजा पार्क स्थित आर्यसमाज मंदिर में महिला आर्यसमाज के तत्वावधान में वैदिक देवयज्ञ एवं सत्संग हुआ। प्रधान शशि दीवान, मंत्री रमा एवं पण्डिता सरला के पौरोहित्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवयज्ञ हुआ। सत्संग में बाबा शंकर व गोपालशरण सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। ईश्वर दान शास्त्री ने कहा कि गाय-यज्ञ एक-दूसरे के पूरक हैं। ये दोनों मानव जीवन, पर्यावरण और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के मूल आधार हैं। उन्होंने गो-संवर्धन, पंचगव्य की उपयोगिता तथा यज्ञ के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोपालशरण ने गो-सेवा को राष्ट्रसेवा का माध्यम बताया। आर्य समाज के कार्यकारी प्रधान रवि नैय्यर ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति की आत्मा है और उसके संरक्षण से ही समाज में समृद्धि, स्वास्थ्य और अध्यात्मिक उन्नति संभव है।

**नुक्कड़** नाटक : बस्तियों में जागरूकता अभियान

## नशे से दूरी बनाने का दिया संदेश

**जयपुर @ पत्रिका.** पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत शास्त्री नगर क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ। इनके माध्यम से कलाकारों ने युवाओं व स्थानीय लोगों को व्यसन के दुष्प्रभाव बताए व इनसे दूरी बनाने का संदेश दिया। एडिशनल डीसीपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि भट्टा बस्ती क्षेत्र के राजीव आवासीय क्वार्टर और आसपास की बस्तियों में जनजागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान भी किया। पुलिस टीम घर-घर संपर्क कर लोगों को जागरूक कर रही है। वहीं गलियों, मोहल्लों व प्रमुख चौराहों पर नशा मुक्ति के लिए स्लोगन भी लगाए गए।

**रोजगार मेला :** प्रताप स्टेडियम में आयोजन

## 1321 युवाओं का चयन, 18 को मौके पर मिले नियुक्ति पत्र



**जयपुर @ पत्रिका.** कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की ओर से वैशाली नगर स्थित चित्रकूट के प्रताप स्टेडियम में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजक (एंटरप्रेन्योर) बनाने की दिशा में काम कर रही है।

मेले में मैन्युफैक्चरिंग, आइटी, बैंकिंग, मेडिकल और ई-कॉमर्स सहित विभिन्न सेक्टर्स की 50 कंपनियों ने हिस्सा लिया। संभागीय रोजगार कार्यालय की संयुक्त निदेशक नवरेखा ने बताया कि मेले के लिए 4160 युवाओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 2770 अभ्यर्थी इंटरव्यू के लिए पहुंचे। चयन प्रक्रिया के बाद 1321 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया, जबकि 18 युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र सौंपे गए। साथ ही, 527 युवाओं ने स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए पंजीकरण कराया।

## मूक-बधिर छात्रावास में चित्रकला प्रतियोगिता



**जयपुर @ पत्रिका.** महावीर नवयुवक मण्डल, जयपुर की ओर से आनंदीलाल पोद्दार मूक-बधिर संस्थान के छात्रावास में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। अध्यक्ष पदम चंद सेठी ने बताया कि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' विषय पर तीन वर्गों में हुई प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले तीन स्थान पर रहे विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं को बेडशीट दी गई।

## नए आइपीएस ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**जयपुर @ पत्रिका.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से नए आइपीएस ने मुलाकात की। आरपीएस से आइपीएस बने इन अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने निष्पक्ष कार्य करने और आमजन को राहत देने के कार्य करने के लिए कहा। गौरतलब है कि राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, नरपत सिंह, रामस्वरूप शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद खोथ, धनपत राज व रेवंत दान को आरपीएस से आइपीएस पद पर पदोन्नत किया गया है।

## झाड़खंड महादेव के दरबार में बाबा बर्फानी



**वैशाली नगर. जयपुर @ पत्रिका.** झाड़खंड महादेव मंदिर में भोलेनाथ ने बाबा अमरनाथ के स्वरूप में दर्शन दिए। पंकज अग्रवाल ने बताया कि बर्फ की सिल्लियों से आकर्षक झांकियां तैयार की गईं। बड़ी संख्या में भक्तों ने झांकी के दर्शन किए।

**पेंशनर्स** ने विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

## वित्तपोषित विवि. में पेंशन संकट पर चर्चा



**जयपुर @ पत्रिका.** राज्य के वित्त पोषित विश्वविद्यालय के पेंशनर्स के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही उन्हें वित्तपोषित विवि. में पेंशन की स्थिति और वित्तीय संकट से अवगत कराया।

राजस्थान विवि. पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. हरिशंकर शर्मा और फेडरेशन ऑफ द पेंशनर्स आफ स्टेट यूनिवर्सिटीज, राजस्थान के अध्यक्ष प्रो. सोमदेव ने कृषि विवि. एवं जोधपुर विवि. के पेंशनर्स की वर्तमान स्थिति के बारे में देवनानी को अवगत कराया।

विधानसभा अध्यक्ष ने सकारात्मक आश्वासन दिया। फेडरेशन के कोषाध्यक्ष प्रो. आर.डी. अग्रवाल व प्रो. मधुसूदन शर्मा ने बताया कि जोधपुर विवि. के पेंशनर्स को चार माह से पेंशन नहीं मिल रही है। अन्य विवि. में सरकार द्वारा आय में की जा रही 25 प्रतिशत कटौती को बंद करने का आग्रह किया।


Geeta (Phase-IV)
RERA Reg. No. RAJ/P/2022/2208
www.rera.rajasthan.gov.in
Shubhashish Forest Phase-1
RERA Reg.No.RAJ/P/2025/3615
www.rera.rajasthan.gov.in
Sā™
THE HOUSE OF SHUBHASHISH
• A part of JK Jajoo Ventures •
THE SHUBH FESTIVAL
Celebrate life's biggest milestone with privileges that truly matter.
Kapil Dev
for The House of Shubhashish
SHUBHASHISH
EMPORIUM
MANSAROVAR EXTENSION, JAIPUR
FINAL 8 SHOWROOMS
READY-TO-MOVE-IN
PREMIUM COMMERCIAL SPACES
450+ FAMILIES
7410 99 22 99
SHUBHASHISH
HIGH STREET PLAZA
ONE SEZ ROAD, JAIPUR
Launching Jaipur's Landmark High Street Retail
Facing 200 Feet Wide SEZ Road | Beautiful Promenade
Ample Parking Spaces | Market of 1500+ Premium Homes
Anchored by Shubhashish Forest, 150 Villas
9772 61 17 11
Joint Venture With
GURNANI GROUP
BOOKING CEREMONY WITH KAPIL DEV
GALA DINNER WITH KAPIL DEV
PRICE RISE OF UP TO ₹20 LAKH
LIMITED PERIOD OFFER!
9772 61 17 11
*T&C Apply
SHAKUN
Disclaimer1: "High Street Plaza" is the marketing name of the commercial segment forming part of the RERA registered project "Shubhashish Forest Phase I" (RERA Regd. No. RAJ/P/2025/3615).
The elevations, images, views and designs shown herein are artistic impressions based on conceptual plans and are indicative only.
Disclaimer2: This advertisement is for marketing and promotional purposes only and does not constitute a promise, representation, warranty, or any legally binding commitment.

पत्रिका मोहल्ला मीटिंग @ मानसरोवर, कावेरी पथ, सेक्टर-13 व 14 | क्षेत्र में नियमित नहीं आते सफाईकर्मी, कचरा संग्रहण वाहन

# लगातार चोरियों से दहशत, टूटी सड़कों से बारिश में जलभराव

## वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान न होने से स्थानीय लोगों में रोष

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** एक महीने में क्षेत्र में चार-पांच बड़ी चोरियां हो चुकी हैं। चोर पानी के मीटर तक उखाड़कर ले जा रहे हैं। कई घरों से लाखों रुपए के जेवरात और कीमती सामान चोरी हो चुका है। इन वारदातों से लोगों में भय का माहौल है और शाम के बाद सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ जाती है। पत्रिका मोहल्ला मीटिंग के तहत शुक्रवार को मानसरोवर, कावेरी पथ पर सेक्टर-13 एवं 14 में आयोजित बैठक में स्थानीय लोगों ने ये समस्याएं गिनाईं। सड़क, सफाई, सीवर और यातायात व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाने से लोगों में रोष भी दिखा।

पंकज शर्मा, रामकुमार हर्ष, कमल, कैलाशचंद गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, सूर्यकान्त झा, सत्यनारायण माथुर, संजय रामनानी, रामनारायण कुमावत सहित अन्य क्षेत्रवासियों ने अधूरी, टूटी सड़कों का मुद्दा भी रखा। इन लोगों का कहना था कि क्षेत्र की कई सड़कें लंबे समय से निर्माण की प्रतीक्षा में हैं।


मोहल्ला मीटिंग में स्थानीय लोगों ने क्षेत्र के विकास की भी उम्मीद जताई।

### गश्त बढ़ाई जाए, सीसीटीवी कैमरे लगें

बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, अधूरी सड़कों का निर्माण कराने, नियमित सफाई व कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने, सीवर व्यवस्था में सुधार तथा यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने की मांग की गई।

### गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी

**सफाई व्यवस्था** के मुद्दे पर लोगों ने कहा कि क्षेत्र में सफाईकर्मी नियमित नहीं आते। कचरा संग्रहण वाहन भी तय समय पर नहीं पहुंचता। इससे गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी जमा रहती है।

लोगों का आरोप था कि सीवर चैंबर खोलने और उसकी सफाई जैसे कार्यों के लिए भी स्वयं के स्तर पर खर्च करना पड़ता है। कई स्थानों पर चैंबर के ढक्कन गायब हैं और सफाई के लिए मशीनें समय पर नहीं पहुंचतीं।

इसके अलावा कई स्थानों पर डिवाइडर-कट अव्यवस्थित हैं, उचित यू-टर्न नहीं होने से लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इससे समय-ईंधन की बर्बादी होती है।

### क्या आपके मोहल्ले में भी कोई मुद्दा है?

यदि हां तो वॉट्सएप नं. 9057531314 व मेल आइडी jaipur@in.patrika.com पर समस्या हमें भेजें। अगली मीटिंग आपके मोहल्ले में होगी। आपकी बात जिम्मेदारों तक पहुंचाएंगे।

एक महीने में क्षेत्र में चोरी की 4 से 5 बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। इससे लोगों में भय का माहौल है।
**आशीष शर्मा,** कोषाध्यक्ष, शिवशक्ति विकास समिति

सेक्टर-13 की कई सड़कें आज भी जर्जर हाल हैं। बरसात में जलभराव से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।
**राजकुमार सक्सेना,** स्थानीय निवासी

### पर्यावरण संरक्षण का प्रण



**जयपुर @ पत्रिका.** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मानसरोवर मध्यमार्ग सेक्टर-84 स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। दीपा नाथावत व डॉ. असित त्रिवेदी सहित अन्य ने छायादार पौधे लगाए व आस-पासशीड बॉल भी डाली। एसएफएस विकास समिति अध्यक्ष किशन लाल छतानी, मंडल उपाध्यक्ष रतनलाल शर्मा ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोग हरियाली के संरक्षण के लिए आगे आएं। विजय अरोड़ा, सुनील शर्मा, आलोक गुप्ता, सतीश शर्मा, मनीष कुमार दुबे, पुष्पा त्रिवेदी, मेघा सैनी मौजूद रहे।

माता हिंगलाज एण्ड वरुणदेव चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कालवाड़ रोड पर एक सिटी के एच ब्लॉक स्थित शिव मंगलेश्वर महादेव मंदिर में पौधे लगाए।

सड़क सुरक्षा को लेकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का बड़ा कदम
### गंभीर यातायात अपराध पर ट्रेनिंग के बाद ही बहाल होगा लाइसेंस




आरयूएचएस : बेटे का इलाज करवाने आए थे पिता
## जन्मजात प्टोसिस से जूझ रहे पिता-पुत्र की एक साथ हुई सर्जरी

**जयपुर @ पत्रिका.** प्रताप नगर स्थित आरयूएचएस अस्पताल के नेत्र रोग विभाग ने जन्मजात प्टोसिस (पलकों का झुकना) से पीड़ित पिता और पुत्र की एक साथ सफल रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी कर उनकी दृष्टि बचाने में सफलता हासिल की है। दोनों की ऊपरी पलकें अत्यधिक झुकी हुई थीं, जिसके कारण उन्हें सामान्य रूप से देखने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नेत्र रोग विभाग की सह-आचार्य डॉ. माया हाड़ा ने बताया कि करौली निवासी 29 वर्षीय नारायण अपने आठ वर्षीय बेटे का इलाज करवाने के लिए अस्पताल आए थे। ओपीडी में जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि पिता भी उसी जन्मजात बीमारी से पीड़ित हैं। सर्जरी के बाद अब पिता-पुत्र दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनकी आंखों की कार्यक्षमता में सुधार आया है।



### समय पर इलाज बेहद जरूरी

चिकित्सकों के अनुसार, यदि बच्चों में जन्मजात झुकी हुई पलक लंबे समय तक पूरी आंख को ढके रखे, तो इससे दृष्टि का स्वाभाविक विकास प्रभावित होता है। इसके चलते एम्ब्लायोपिया (आलसी आंख) जैसी स्थायी समस्या होने का खतरा रहता है। समय पर सही सर्जरी कराकर इस गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।

डाक विभाग : आंदोलन की घोषणा, हड़ताल 5 को
## प्रदेशभर में पोस्टमैन के आधे से अधिक पद रिक्त, कार्य प्रभावित

**जयपुर @ पत्रिका.** डाक विभाग में कर्मचारियों की कमी तथा रिक्त पदों को समय पर नहीं भरने सहित अन्य मांगों को लेकर भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ (भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध), राजस्थान परिमंडल ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। इसके तहत पांच अगस्त को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी।

भारतीय डाक कर्मचारी एसोसिएशन (ग्रुप सी) के परिमंडल सचिव गोरखराम तथा डाक कर्मचारी एसोसिएशन (पोस्टमैन एंड एम.टी.एस.) के परिमंडल सचिव जयशंकर शर्मा ने बताया कि विभाग में लगातार बढ़ते कार्यभार, अव्यावहारिक लक्ष्य तथा निजीकरण की नीतियों के कारण डाक सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इससे डाक कर्मचारियों में भारी असंतोष है। राजस्थान परिमंडल में पोस्टमैन संवर्ग के आधे से अधिक पद रिक्त हैं।

### प्रस्तावित आंदोलन

**20 से 27 जुलाई :** कार्यालयों में काली पट्टी/बैज लगाकर कार्य किया जाएगा।

**28 जुलाई :** लंच अवकाश के दौरान मंडलीय कार्यालयों पर प्रदर्शन।

**5 अगस्त :** हड़ताल, मांगें पूरी नहीं होने पर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी।

सीमित कर्मचारियों से कई-कई बीटों का कार्य कराए जाने से समय पर डाक वितरण एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में कठिनाई आ रही है। पदाधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) के बड़ी संख्या में पद रिक्त होने तथा डाकघरों को समाप्त किए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

### जिन महेन्द्रसागर का जयपुर में प्रवेश कल

**जयपुर @ पत्रिका.** जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ, जयपुर की अगुवाई में खरतरगच्छाचार्य जिन महेन्द्रसागर सूरीश्वर का रविवार को जयपुर में आगमन होगा।



आचार्य की पदवी के बाद यह उनका प्रथम नगर प्रवेश है। उपाध्याय मनीष सागर म.सा., शिष्य ऋषभसागर म.सा., ऋजुप्रज्ञसागर म.सा., आत्मवर्धन सागर म.सा., साध्वी मणिप्रभा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा के चातुर्मास प्रवास के लिए नगर प्रवेश का वरघोड़ा जुलूस रविवार को सूरजपोल गेट से रवाना होकर अरिहन्त वाटिका, मोहनबाड़ी पहुंचेगा। सुबह 9.30 बजे सुखसागर पौषधशाला (उपासरे) के उद्घाटन व मंगलाचरण के बाद धर्मसभा होगी। संघ मंत्री देवेन्द्र कुमार मालू ने बताया कि खरतरगच्छ महिला परिषद की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## संक्रांति महोत्सव में आत्मपरिवर्तन का संदेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** जैन श्वेताम्बर संघ जवाहर नगर की ओर से जवाहरनगर स्थित लाल जैन मंदिर में आचार्य विजय जयानन्द म.सा., जयकीर्ति विजय म.सा. आदि ठाणा-5 के सान्निध्य में संक्रांति महोत्सव शुक्रवार को संपन्न हुआ। आगामी चातुर्मास के पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में गुरुभक्तों एवं श्रावक-श्राविकाओं ने शिरकत की। धर्मसभा में विजय जयानंद ने संक्रांति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालता। संघ अध्यक्ष विनोद सचेती, अनु, दीपक जैन ने भक्त मंडलों, आत्म वल्लभ सामयिक मंडल ने म.सा. के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उनके धर्मभावना के कार्यों का उल्लेख किया। जयकीर्ति विजय ने कहा कि संक्रांति केवल सूर्य के परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि अपने मन का परिवर्तन कर जीवन को ऊर्ध्वगामी बनाने की साधना है।



### ग्रह नक्षत्र

पंडित मुकेश भारद्वाज
ज्योतिर्विद व वास्तुविद्

| | | |
|---|---|---|
| शुभ वि. सं: 2083 | हिजरी संवत : 1448 | ऋतु: वर्षा |
| संवत्सर का नाम: रौद्र | मु.मास: सफर 3 | मास: आषाढ़ |
| शक संवत: 1948 | अयन: दक्षिणायन | पक्ष: शुक्ल |

**आज का दिन**

शनिवार, 18 जुलाई, 2026
सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति



**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज शुभ का चौघड़िया 7.29 से 9.10 तक रहेगा। चर का चौघड़िया 12.33 से 2.14 तक रहेगा। लाभ व अमृत के चौघड़िए 2.14 से 5.37 तक रहेंगे।

**तिथि:** पंचमी तिथि अंतरात्रि 3.43 तक, तदुपरांत षष्ठी तिथि होगी।

**दिशाशूल:** आज पूर्व दिशा में दिशा शूल रहेगा।

**राहुकाल वेला:** (मध्यमान से) दिन 9.00 से 10.30 तक।

**नक्षत्र:** पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र सायं 6.00 तक होगा, तदुपरांत उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र होगा।

**योग:** वरियान योग रात्रि 8.46 तक रहेगा, तदुपरांत परिघ योग रहेगा।

**करण:** बव करण दिन 4.13 तक रहेगा, तदुपरांत बालव करण रहेगा।

**विशिष्ट योग:** रवियोग सायं 6.00 से प्रारंभ।

**चंद्रमा:** रात्रि 11.59 तक सिंह राशि में, तदुपरांत कन्या राशि में प्रवेश होगा।

**व्रत/दिवस विशेष:** स्कंद पंचमी, द्वारकाधीश पाटोत्सव कांकरोली (राज.), श्री बल्लभाचार्य बैकुंठवास, हेरा पंचमी (उड़ीसा)।

**ग्रह का राशि/नक्षत्र परिवर्तन:** गुरु अस्त पश्चिम में दिन 10.25 पर।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे:** आज रात्रि 11.59 तक जन्म लेने वाले बच्चों की राशि सिंह, तदुपरांत कन्या राशि होगी। सायं 6.00 तक जन्म लेने वाले बच्चों का पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र, तदुपरांत उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र होगा। इन बच्चों का रजत पाद होगा। इनके प्रथम नामाक्षर टा, टी, टू, टे, टो पर रखे जा सकते हैं।

### आज का राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
**अधिकारियों** का बर्ताव सहयोगात्मक रहेगा। कार्य व्यवस्था पर पकड़ मजबूत होगी। संबंधों में नए अनुभव से गुजरेंगे।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
### नाबालिग भतीजी की शादी विधुर से तय, बदले में बेटों का विवाह

**सीकर @ पत्रिका.** गोकुलपुरा के एक गांव में आटा-साटा प्रथा के तहत होने जा रहे पांच बाल विवाह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व पुलिस ने रुकवा दिए। विवाह में 3 नाबालिग लड़कियां और दो लड़के शामिल थे। जांच में सामने आया कि एक व्यक्ति नाबालिग भतीजी की शादी 42 वर्षीय विधुर से करवा रहा था, इसके बदले उसके 9 और 12 वर्षीय दो बेटों का विवाह भी बच्चियों से तय किया गया था।

**इलाज में कोताही** तीन अन्य का आइसीयू में उपचार जारी

# बांसवाड़ा में एक प्रसूता की मौत, जोधपुर में दो वेंटिलेटर पर



सीएचसी में नहीं दिया ध्यान, रक्तस्राव से गई जान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बांसवाड़ा.** प्रदेश में प्रसूताओं की मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बांसवाड़ा जिले के गांगड़तलाई पीएचसी में प्रसव के बाद रक्तस्राव होने से एक प्रसूता की मौत हो गई। इसके साथ ही जिले में प्रसूताओं की मौत का आंकड़ा सात पहुंच गया है।

तेजपुरा निवासी रमेश ने बताया कि गुरुवार शाम उनकी पत्नी सरला को प्रसव पीड़ा होने पर गांगड़तलाई पीएचसी में भर्ती कराया गया। रात 12 बजे उसने बेटी को जन्म दिया। सुबह चिकित्सकों ने रक्तस्राव होने पर उसे एमजी अस्पताल रेफर किया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने आरोप लगाया कि रात में प्रसूता के अधिक रक्तस्राव होने के बावजूद स्टाफ ने समय पर ध्यान नहीं दिया। सुबह पत्नी की हालत के बारे में पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### टीम जांच कर रही है

सीएचसी में प्रसूता की मौत का मामला गंभीर है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच पूरी होने से पहले चिकित्सकीय लापरवाही पर कुछ कहना उचित नहीं होगा।

**- डॉ. खुशपाल राठौड़,** सीएमएचओ, बांसवाड़ा

### उम्मेद अस्पताल में लापरवाही

## सिजेरियन के बाद बिगड़ी 5 प्रसूताओं की तबीयत



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** पावटा जिला अस्पताल में सिजेरियन प्रसव के बाद आठ प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने की घटना के एक माह के भीतर अब जोधपुर के उम्मेद अस्पताल में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। पिछले दो दिनों में सिजेरियन प्रसव कराने वाली पांच महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। इनमें से दो की हालत गंभीर होने पर वेंटिलेटर पर रखना पड़ा, जबकि तीन अन्य का आईसीयू में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ऑपरेशन के बाद दो महिलाओं की हालत अचानक बिगड़ गई।

उन्हें तत्काल वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया। इससे एक दिन पहले तीन अन्य महिलाओं में भी अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति बनी थी। जिसके बाद उन्हें आईसीयू में शिफ्ट करना पड़ा। चिकित्सकों के अनुसार प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव गंभीर आपात स्थितियों में से एक है और समय पर इलाज नहीं मिलने पर मरीज की जान को खतरा हो सकता है।

### दवाओं की जांच करवा रहे

**मेडिकल** कॉलेज प्राचार्य डॉ. बी.एस. जोधा ने कहा कि प्रथम दृष्टया चिकित्सकीय लापरवाही सामने नहीं आई है। एहतियात के तौर पर दवाओं और उपयोग की गई सामग्री की जांच कराई जाएगी।

### एक माह पहले भी सामने आया मामला

**गत 20 जून** को पावटा जिला अस्पताल में सिजेरियन के बाद आठ प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ गई थी। इनमें दो महिलाओं को एम्स में भर्ती कराना पड़ा था।

### एक जैसे नाम से चूक, किडनी पर आया इफेक्ट

**उम्मेद** अस्पताल में एक प्रसूता को कथित तौर पर गलत ब्लड ग्रुप चढ़ाने का मामला सामने आया है। प्रथम दृष्टया एक जैसे नाम और पति के नाम भी समान होने के कारण यह गलती बताई जा रही है। महिला का उपचार फिलहाल महात्मा गांधी अस्पताल में चल रहा है। परिजनों के अनुसार 11 जुलाई को सामान्य प्रसव के बाद रक्त की कमी होने पर धापू को उम्मेद अस्पताल रेफर किया गया। जहां पहले ओ पॉजिटिव रक्त चढ़ाया गया। आरोप है कि 12 जुलाई की रात दूसरी बार गलती से बी पॉजिटिव रक्त चढ़ा दिया गया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे महात्मा गांधी अस्पताल रेफर करना पड़ा। अस्पताल की प्रारंभिक जांच में ब्लड यूनिट की पहचान में चूक सामने आई है।

### एम्स में जा चुकी मरीज की जान

**गलत** ब्लड ग्रुप चलाने के कारण कुछ समय पहले एम्स जोधपुर में एक मरीज की जान जा चुकी है। उधर एमजीएच में भर्ती धापू के परिजनों ने बताया कि उन्हें अस्पताल प्रबंधन की ओर से तबीयत बिगड़ने के कोई कारण नहीं बताए गए।

**8 किलो अफीम जब्त**

## पूर्व एनएसजी कमांडो के घर छापा, एक करोड़ नकद बरामद



**जोधपुर @ पत्रिका.** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व एनएसजी कमांडो रतनसिंह सिंवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एकता नगर स्थित उसके घर पर छापा मारकर 8 किलो अफीम का दूध, 1 करोड़ 6 लाख रुपए नकद और एक कार जब्त की। अधिकांश नकदी 500-500 रुपए के नोटों की गड्डियों में थी, जिन्हें गिनने में पूरी रात लग गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले असम राइफल्स में जवान और बाद में एनएसजी कमांडो रह चुका है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे भागने से पहले ही दबोच लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी का मकान शहर के पॉश इलाके में है। पुलिस अब बरामद अफीम के दूध के स्रोत, करोड़ों रुपए की नकदी और आरोपी के तस्करी नेटवर्क की जांच कर रही है।



रतनसिंह

### 50 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर @ पत्रिका.** रोहित गोदारा गैंग के नाम से डॉ. सचिन छाबड़ा से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने और धमकी देने के मामले में पुलिस ने पंजाब से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुक्तसर जिले के कख्खावाली निवासी जोनस सिंह उर्फ जॉनी (22) के रूप में हुई है। आरोपी पंजाब के गैंगस्टर बिंदा लाहौरी के संपर्क में था।

**आस्था की अनूठी मिसाल**

## माता और पिता की स्मृति में सात बीघा जमीन दान



**सुविधाएं बढ़ेंगी:** मंदिर समिति के अनुसार दान में मिली भूमि का उपयोग श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने के लिए किया जाएगा। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए धर्मशाला, धार्मिक आयोजनों के लिए बड़ा डोम तथा बगीचा विकसित किया जाएगा।

**बनकोड़ा (डूंगरपुर) @ पत्रिका.** आस्था व समर्पण की अनूठी मिसाल देखने को मिली। भासौर निवासी माधव जगजी पाटीदार और डायालाल जगजी पाटीदार ने माता-पिता की स्मृति में प्राचीन खेड़ा माता मंदिर के विस्तार के लिए 7 बीघा पैतृक जमीन दान कर दी। इसकी कीमत करोड़ों रुपए है। आज के समय में जमीन-जायदाद को लेकर पारिवारिक विवाद आम हैं, ऐसे में दोनों भाइयों की इस पहल की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

## पांचना बांध: 20 साल बाद नदी में लौटी पानी की धारा

फोटो स्टोरी



**भरतपुर.** वर्षों से अपने हिस्से के पानी की मांग कर रहे गंभीर नदी क्षेत्र के लोगों के लिए गुरुवार उम्मीद लेकर आया। पांचना बांध जल समझौते के तहत तीनों पक्षों के बीच हुए लिखित समझौते के अनुरूप टेस्ट रन किया गया। इस दौरान गंभीर नदी और दोनों नहरों में पानी छोड़ा गया तथा बांध के सातों गेट खोलकर पूरे सिस्टम की तकनीकी जांच की गई। गंभीर नदी जल बचाओ समिति ने इस पहल पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताया।

ट्रेंडिंग न्यूज

**एनएच-162**

### टैंकर में लगी आग, जिंदा जला चालक

**नागौर @ पत्रिका.** नेशनल हाईवे-162 पर शुक्रवार को चिमरानी टावर के पास एक टैंकर और ट्रेलर टकरा गए। इससे टैंकर में आग लग गई। हादसे में हरियाणा निवासी चालक सोनू जाट (42) केबिन में पैर फंस जाने से बाहर नहीं निकल सका और जिंदा जल गया।



**बारां**

### पोषाहार खाने से 30 बच्चे बीमार

**बारां @ पत्रिका.** मोठपुर क्षेत्र की केरवालिया ग्राम पंचायत के देवपुरिया बंजारा बस्ती स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पोषाहार खाने के बाद 30 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। सभी बच्चों को मोठपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करवाया गया।

**बीकानेर** 12वीं पास छात्र को 20 साल का पेटेंट, पानी-गैस-तेल पाइपलाइन की हो सकेगी निगरानी

# रिसाव से पहले आगाह करेगा छात्र का एआइ सिस्टम

अतुल आचार्य
patrika.com





**बीकानेर.** महज 18 वर्ष की उम्र में 12वीं पास छात्र महीप पुरोहित ने एआइ आधारित स्मार्ट पाइपलाइन सुरक्षा प्रणाली विकसित की है। यह पानी, गैस और तेल पाइपलाइनों में रिसाव, जंग और दबाव की गड़बड़ी का समय रहते पता लगाकर अलर्ट दे सकती है। इस नवाचार को भारत सरकार के पेटेंट महानियंत्रक कार्यालय ने 20 वर्षों का पेटेंट दिया है।

**ऐसे करेगी काम :** महीप की विकसित एआइपीआइएस (एडेप्टिव इंटेलिजेंट पाइपलाइन इंटीग्रिटी सिस्टम) तकनीक एआइ, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी), स्मार्ट सेंसर और डेटा विश्लेषण पर आधारित है। यह चौबीसों घंटे पाइपलाइन की निगरानी करती है। रिसाव, जंग या दबाव में गड़बड़ी के शुरुआती संकेत मिलते ही अलर्ट जारी कर देती है। इससे समय पर मरम्मत हो सकेगी। दुर्घटनाएं, पर्यावरणीय नुकसान और आर्थिक हानि भी कम होगी।

### उद्योग और पर्यावरण दोनों को फायदा

**ईसीबी** के प्राचार्य डॉ. संजीव जैन ने बताया कि बड़े स्तर पर इस तकनीक के उपयोग से पानी, गैस और तेल पाइपलाइनों में रिसाव और दुर्घटनाएं कम होंगी। संसाधनों की बर्बादी रुकेगी। साथ ही औद्योगिक सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। विभागाध्यक्ष पूजा भारद्वाज ने बताया कि कॉलेज इस नवाचार की फील्ड टेस्टिंग, तकनीकी सुधार और उद्योगों तक पहुंचाने में हरसंभव सहयोग करेगा।

### कम लागत में भी उपयोग

इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के एसोसिएट प्रोफेसर राहुल राज चौधरी ने बताया कि यह तकनीक मौजूदा प्रणालियों की तुलना में कम लागत वाली है। इसे लागू करना भी अपेक्षाकृत आसान है। इससे छोटे और मध्यम उद्योग भी आधुनिक पाइपलाइन निगरानी प्रणाली का लाभ उठा सकेंगे।

**आम सूचना** जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: F-JDA/Zone 07/2026/D-274

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन (क्रमांक 29903) दिनांक 04/10/2025 को निम्नलिखित भूखण्ड का Change in Land Use जारी करने हेतु प्रार्थना प्रस्तुत किये गये हैं

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | यू.डी.ए./निजी खातेदारी/अधिग्रहित योजना | योजना का नाम | भू-उपयोग परिवर्तन का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | वर्तमान | प्रस्तावित |
| 1. | Jasraj Yadav S/o SHANKAR LAL YADAV | 181-EP | 218.79 SQ. yard | Co-operative | Vidyut Nagar Sector/Block-C | Resi-dential | Mix Use |

[illegible] उपायुक्त जोन-07

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-14 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्र: 90A/JDA/2026-27/100846 लोक सूचना दि.17.07.2026

श्री ARYAN KHANDELWAL THROUGH POA ALOK KUMAR GUPTA SON OF NATHU LAL GUPTA पुत्र श्री ALOK KUMAR GUPTA जाति MAHAJAN निवासी 5-15 ADINATH NAGAR, J.L.N. MARG, JAIPUR, श्री RAJ KUMAR KHANDELWAL पुत्र श्री SATAYNARAYAN KHANDELWAL जाति MAHAJAN निवासी E-24 MADHU BAN COLONY, TONK PHATAK JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का ... [illegible]

| | | | खसरा नं. | क्षेत्रफल (है.) | कार्यालय क्षेत्रफल (है.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 1062 | 0.52 | 0.52 |
| 2 | | | 1247/1063 | 0.2 | 0.2 |
| | | | कुल | | 0.72 |

[illegible] प्राधिकृत अधिकारी जोन-14, जविप्रा, जयपुर

**नगर निगम जयपुर**
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)
(राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)

**सार्वजनिक सूचना**

मूल भूखण्ड संख्या ए-25, गांधी नगर योजना, जयपुर का अर्बन इम्प्रूवमेंट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल पुत्र श्री रामेश्वर अग्रवाल के नाम से क्षेत्रफल 500 वर्गगज भूमि का आवंटन किया गया था। दिनांक 29.05.2000 को नगर निगम जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या ए-25, बजाज नगर, जयपुर क्षेत्रफल 500 वर्गगज श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल पुत्र श्री रामेश्वर अग्रवाल के नाम से पट्टा जारी किया गया। दिनांक 16.08.2002 को पुरुषोत्तम अग्रवाल पुत्र स्व. श्री रामेश्वर अग्रवाल द्वारा भूखण्ड संख्या ए-25, बजाज नगर, जयपुर में से अपने 1/5 हिस्से की वसीयत अपने ज्येष्ठ पुत्र अतुल अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित की गई। दिनांक 09.08.2004 को श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल पुत्र श्री रामेश्वर अग्रवाल की मृत्यु हो गई। दिनांक 08.06.2006 को 1. श्री अतुल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल (प्रथम पक्ष) 2. श्री अखिल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल (द्वितीय पक्ष) 3. श्री आलोक अग्रवाल पुत्र स्व. श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल (तृतीय पक्ष) 4. श्रीमती पुष्पा अग्रवाल पत्नी स्व. श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल (चतुर्थ पक्ष) के मध्य कन्फर्मेशन डीड के माध्यम से उक्त भूखण्ड श्री अखिल अग्रवाल एच.यू.एफ. को हस्तान्तरित किया गया। दिनांक 06.05.2008 को नगर निगम जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या ए-25, बजाज नगर, जयपुर क्षेत्रफल 500 वर्गगज श्री अखिल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल के नाम से नाम हस्तान्तरण जारी किया गया। दिनांक 02.02.2026 को श्री अखिल अग्रवाल एच.यू.एफ. जरिये कर्ता श्री अखिल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल द्वारा भूखण्ड संख्या ए-25, बजाज नगर, जयपुर क्षेत्रफल 500 वर्गगज BRETT ENTERPRISES PRIVATE LIMITED जरिये अधिकृत निदेशक श्रीमती शीला अग्रवाल पत्नी श्री घनश्याम अग्रवाल को बेचान किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड पट्टे की प्रति, अपंजिकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, कन्फर्मेशन डीड, नाम हस्तान्तरण पत्र, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम जयपुर द्वारा BRETT ENTERPRISES PRIVATE LIMITED जरिये अधिकृत निदेशक श्रीमती शीला अग्रवाल के पक्ष में क्षेत्रफल 500 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय), नगर निगम जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/सं. एवं दू. सं., उ. प. रे. जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **ई-टेण्डर नोटिस नं. एसएनटी-जेपी-25R-2025-26 दिनांक -15.07.2026 1.कार्य का नाम व लोकेशन:** धानक्या स्टेशन पर हिन्द साइडिंग के संबंध में एस एण्ड टी विभाग का कार्य और लोको कॉलोनी में ऑल इंडिया एससी और एसटी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन उत्तर पश्चिम रेलवे के नए जी प्लस एक जोनल ऑफिस के निर्माण के संबंध में टेलीकॉम का काम। **2. अनुमानित लागत** : रू. 1869681.07/- **3 धरोहर राशि रूपये** : रू. 37400.00/- **4 वेबसाईट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय** : 06.08.2026 समय 15:00 बजे तक । **5 वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन** : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है । नोटिस बोर्ड लोकेशन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, पावर हाउस रोड जयपुर ।

1029-DE/26

हमें /NWRailways @NWRailways_पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**
(सर्वे एवं निर्माण)

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता निर्माण, उत्तर पश्चिम रेल्वे बीकानेर इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए निर्धारित इलेक्ट्रोनिक फॉर्मेट पर ऑन लाइन खुली ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली) आमंत्रित करते है। **1. निविदा सूचना संख्या** : उपरे-एससी-बीकेएन-02-2026-27-ईपीसी **2. कार्य का नाम स्थान सहित** : उत्तर पश्चिम रेल्वे के बीकानेर रेलवे स्टेशन का ईपीसी मोड पर प्रमुख उन्नयन का कार्य **3. कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 455,24,83,844.05 **4 जमा की जाने वाली बिड सिक्यूरिटी** : रू. 9,10,49,700.00 **5 निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की दिनांक** : दिनांक 14.08.2026 को 15.00 बजे तक **6. प्री बिड कोन्फ्रेस की दिनांक समय व स्थान** : प्री बिड कांफ्रेस की दिनांक : 23.07.2026 प्री बिड का समय : 11.30 बजे AM प्री बिड का स्थान :- मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मुख्यालय उत्तर-पश्चिम रेलवे, जगतपुरा, जयपुर (राजस्थान) **7 वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई निविदा देखि जा सकती हैं** : www.ireps.gov.in **8 कार्यालय का ई मेल पता** : dycecbkn@gmail.com **नोट** :- 1. कोई भी निविदा व्यक्तिगत रूप में स्वीकार नही की जाएगी । 2. बिड सिक्योरिटी का भुगतान नकद ई पेमेंट गेट वे द्वारा अथवा भारत स्थित किसी Scheduled Commercial Bank द्वारा जारी बैंक गारंटी बॉन्ड अथवा निविदा दस्तावेज में उल्लेखित अनुसार किया जाना चाहिए। बैंक गारंटी बॉन्ड वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी निर्माण उत्तर पश्चिम रेल्वे जयपुर के पक्ष में ही जारी किया जाना चाहिए अन्यथा निविदा मान्य नही होगी ।

1038-DE/26

हमें /NWRailways @NWRailways_पर फॉलो करें

प्ररूप-10
(नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)**

क्रमांक:-न.पा.मा./90-क/कृ.भू.रू./26-27/3790 **लोक सूचना** दिनांक:-17.7.2026

सैयद फहीम हसन पुत्र सैयद मुजफ्फर हसन जाति मुसलमान हॉल निवासी जेल रोड टोंक (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| मालपुरा जिला टोंक | वाके ग्राम बृजलालनगर तहसील मालपुरा | आराजी खसरा नम्बर 272/743 रकबा 3:00 बीघा अथवा 0.7587 हेक्टेयर | रकबा 3:00 बीघा अथवा 0.7587 हेक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17.07.2026 जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका मालपुरा

**पंचायत-निकाय चुनाव:** स्वायत्त शासन व पंचायती राज अधिकारियों ने ली अदालती आदेश की जानकारी

# हाईकोर्ट की सख्ती का असर, चुनाव कार्यक्रम तय करने की प्रक्रिया शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** पंचायत-निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट की सख्ती के चलते राज्य निर्वाचन आयोग, स्वायत्त शासन विभाग, पंचायती राज विभाग और ओबीसी (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग में शुक्रवार को हलचल बढ़ गई। निर्वाचन आयोग ने जहां चुनाव कार्यक्रम तय करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी, वहीं अन्य अधिकारियों ने अदालती आदेश के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर पालना के प्रयास शुरू कर दिए। इस बीच शुक्रवार तक करीब 25 लाख ओबीसी परिवारों का सर्वे हो चुका है, लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में राजधरा ऐप में तकनीकी समस्याओं के कारण सर्वे कार्य प्रभावित हो रहा है।

आयोग नहीं करवा सकता चुनाव तो बताए, जज करवा देंगे : हाईकोर्ट

पत्रिका में प्रकाशित

### ...तो 6 चरण में चुनाव

**पंचायत** चुनाव के लिए करीब 6 लाख कार्मिकों की आवश्यकता होगी, जिनमें 3.20 लाख चुनाव कर्मी व 2.80 लाख सुरक्षा कर्मी शामिल होंगे। इनके अलावा निकाय चुनाव के लिए करीब 2.40 कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। इतने कर्मचारी एक साथ उपलब्ध होना संभव नहीं है। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव चार चरण में और निकाय चुनाव दो चरण में कराने पर विचार कर रहा है। इसके अलावा आयोग ने मध्यप्रदेश से ईवीएम मंगवाने के लिए भी पत्राचार शुरू कर दिया है।

### चुनाव में देरी के लिए सरकार जिम्मेदार: निर्वाचन आयोग

**उधर,** राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह हाईकोर्ट में यह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि एससी-एसटी, ओबीसी व महिला आरक्षण की जानकारी बिना चुनाव कराना संभव नहीं, यह जानकारी उपलब्ध कराना और आरक्षण के लिए लॉटरी निकालना राज्य सरकार का दायित्व है। इस बारे में पंचायती राज व स्वायत्त शासन विभाग को कुल छह पत्र लिखे जा चुके हैं, लेकिन सरकार ने ओबीसी की जानकारी नहीं होने का हवाला देकर आवश्यक सूचना उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया है। निर्वाचन आयुक्त यह भी स्पष्ट कर चुके हैं कि यह जानकारी मिलने पर वे दो दिन में चुनाव कार्यक्रम घोषित करने को तैयार है और 90 दिन में चुनाव करा दिए जाएंगे।

### आयोग की अधिकारियों से चर्चा

**जानकारी** में आया है कि महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने अदालती आदेश की पालना के लिए ओबीसी आयोग से सर्वे जल्द पूरा कराने का आग्रह किया है। इस बीच आयोग की परेशानी यह है कि राज्य के सूचना-प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार सर्वे ऐप बार-बार तकनीकी दिक्कत कर रहा है और दूरदराज के क्षेत्रों में नेटवर्क की भी समस्या है। इसके अलावा राज्य सरकार ने हाल ही बड़े पैमाने पर तबादले कर दिए थे, जिससे सर्वे में लगे करीब 15 हजार कर्मचारी रिलीव हो चुके। अब उनके स्थान पर नए कर्मचारियों को लगाया जा रहा है। हालांकि शुक्रवार तक करीब 25 लाख ओबीसी परिवारों का सर्वे हो जाने की सूचना है। जिला स्तर पर यह कार्य तेजी से कराया जाए, तो सर्वे कार्य शीघ्र पूरा कराया जा सकता है।

### अफसरों ने की मंत्रणा

**पंचायती** राज, स्वायत्त शासन व ओबीसी आयोग के अधिकारियों ने शुक्रवार को अदालती आदेश की पालना को लेकर मंत्रणा की। बताया जा रहा है, जल्द ही उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर आदेश की पालना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### नहीं दिख रही जातियां

**सर्वे** कर रहे ओबीसी आयोग ने कलक्टरों को ओबीसी की जातियों की सूची भेजकर कहा है कि सर्वे ऐप में ओबीसी की सभी जातियां नहीं दिख रही हैं, ऐसे में सूची के अनुसार क्रमवार जातियों का उल्लेख किया जाए।

## 15 अगस्त तक 2,500 गांवों में 'जल अर्पण'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राज्य सरकार 15 अगस्त तक जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के करीब 2,500 गांवों में चरणबद्ध तरीके से 'जल अर्पण'' कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके तहत पूरी हो चुकी पेयजल योजनाओं का ग्राम पंचायतों और स्थानीय समुदायों को हस्तांतरण किया जाएगा। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को जिला कलेक्टरों और जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि अब प्राथमिकता योजनाओं को शीघ्र जनसेवा से जोड़ने और उनके प्रभावी संचालन की है।

## 180 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2025 के तहत केमिस्ट्री विषय के साक्षात्कार में सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की है। मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि लिखित परीक्षा के तीनों प्रश्न पत्रों की परीक्षा में उपस्थित एवं संबंधित सेवा नियमानुसार न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त 180 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया है।

जल जीवन मिशन

## दो किस्तों में 537 करोड़ रुपए की मिली मंजूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन 2.0 के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजस्थान को अब तक 537 करोड़ रुपए से अधिक की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की है। इसमें 51 करोड़ रुपए की पहली किस्त तीन-चार माह पहले जारी की जा चुकी है, जबकि 486 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त को 16 जुलाई को ही मंजूरी मिली है। मिशन निदेशक राजन विशाल के मुताबिक यह राशि जल जीवन मिशन के पहले चरण की समाप्ति और दूसरे चरण की शुरुआत के बीच की अंतरिम अवधि में राज्य सरकार की ओर से अपने संसाधनों से किए गए अतिरिक्त व्यय की केंद्रीय हिस्सेदारी की प्रतिपूर्ति के रूप में दी जा रही है।

## 487 वाहन जब्त, 17,850 का चालान

**जयपुर.** सडक सुरक्षा अभियान के अंतर्गत 8 से 28 जुलाई तक नियमों की पालना नहीं करने वाले 17850 वाहनों का चालान किया गया, वही 487 वाहन जब्त किए गए और 22 का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड किया गया। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य सड़कों पर सड़क सुरक्षा को लेकर हुई बैठक में यह जानकारी सामने आई। उधर, पुलिस ने इसी माह शहरी क्षेत्रों में 2 से 14 जुलाई तक नियमों की अवहेलना करने वाले 2 लाख 71 हजार 494 दुपहिया व चारपहिया वाहनों के चालान किए। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों में समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। जिससे दुर्घटना के समय तत्काल सहायता उपलब्ध हो सके।

**सख्ती का इंतजार:** तबादला निरस्त कराने की कोशिशों की चर्चा

# तबादले हुए...कुर्सियां नहीं छूटीं
## 7 दिन बाद भी कई पुराने पदों पर डटे

तबादला नीति
वादा जो रहा अधूरा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** प्रदेश में 10 जुलाई तक चले तबादलों में हजारों की संख्या में कर्मचारियों को इधर से उधर किया गया है, लेकिन तबादला होने के सात दिन बाद भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने नए पदों पर कार्यभार नहीं संभाला है। जो कर्मचारी अपने पुराने पदों पर ही जमे रहना चाहते थे, वे तबादला होने के बाद भी सीट नहीं छोड़ रहे हैं। इससे संबंधित विभागों के कामकाज पर असर पड़ रहा है।

कई विभागों में उच्चाधिकारियों ने भी तबादला होने के बावजूद अपने चहेते अधिकारियों को रोक रखा हैं। वहीं, प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से सभी कार्मिकों को तत्काल नए पदों पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश अभी तक जारी नहीं किए गए हैं और न ही ऐसे मामलों में कोई कार्रवाई हो रही है। चर्चा है कि पुराने पदों पर जमे कार्मिक तबादला निरस्त कराने के प्रयासों में जुटे हैं। नगरीय विकास, स्थानीय निकाय, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, समाज कल्याण, बाल अधिकारिता, पीडब्ल्यूडी, डीओआइटी सहित कई विभागों में ऐसे मामले सामने आए हैं।



चहेतों को रोक रहे अधिकारी, कई विभागों में कार्यभार ग्रहण अधर में

जयपुर विकास प्राधिकरण

### तबादला हुआ, फिर आदेश ही पलट गया

**विधि** एवं विधिक कार्य विभाग ने उमेंद्र कुमार गोयल को निदेशक (विधि) जेडीए नियुक्त किया, लेकिन उन्होंने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया हैं। सूत्रों का दावा है कि उन्हें जॉइन नहीं करने देने के लिए भी प्रयास चल रहे हैं। इसी सूची में जेडीए के संयुक्त विधि परामर्शी नरेंद्र कुमार आर्य का तबादला कृषि विभाग सचिवालय में किया गया था, लेकिन वे जेडीए से कार्यमुक्त नहीं हुए। बाद में उसी दिन उनका तबादला आदेश निरस्त कर उन्हें वापस जेडीए में ही पदस्थापित कर दिया गया।

नगर निगम

### पशु प्रबंधन शाखा... एक पद पर दो चिकित्सक

**पशुपालन** विभाग ने डॉ. नेहा गौड़ की नगर निगम से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय पांच बत्ती में पदस्थापित किया था। उनकी जगह डॉ. जितेंद्र कुमार को लगाया गया है। उन्होंने कार्यभार भी संभाल लिया। इसके बावजूद डॉ. गौड़ को अब तक निगम से कार्यमुक्त नहीं किया गया। ऐसे में एक ही पद पर दो चिकित्सक कार्यरत हैं। जबकि आदेश में स्पष्ट है कि अधिकारी आदेश जारी होने के साथ ही स्वत: कार्यमुक्त माने जाएंगे।

### कोर्ट की शरण में कर्मचारी, दफ्तरों से ले रहे अवकाश

**कई** कर्मचारी अपने तबादला आदेश को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अधिवक्ता भी न्यायालय में याचिका दायर करने के बाद संबंधित कर्मचारियों को अवकाश पर रहने की सलाह दे रहे हैं। तबादले से असंतुष्ट कर्मचारी बड़ी संख्या में राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटा रहे हैं।

## पासपोर्ट सत्यापन मामले में तत्कालीन आइएएस को राहत

संजय दीक्षित और रणजीत सिंह के खिलाफ सीबीआइ की एफआइआर रद्द

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** हाईकोर्ट ने पासपोर्ट के लिए चरित्र सत्यापन के मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के तत्कालीन अधिकारी संजय दीक्षित व रणजीत सिंह के खिलाफ सीबीआइ में दर्ज एफआइआर रद्द करने का आदेश दिया। न्यायाधीश अनूप कुमार ढंड ने संजय दीक्षित व रणजीत सिंह की याचिका पर शुक्रवार को यह आदेश दिया। इस मामले में प्रहलाद गुर्जर ने 2009 में पासपोर्ट कार्यालय में शिकायत की कि रणजीत सिंह को जारी पासपोर्ट अवैध है, उसके खिलाफ कई केस दर्ज हैं। रणजीत सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने कोर्ट को बताया कि प्रहलाद गुर्जर की जिस याचिका के आधार पर जांच सौंपी गई, वह खारिज हो चुकी है। ऐसे में एफआइआर को रद्द किया जाए। अधिवक्ता जगमोहन सक्सेना ने कहा कि दीक्षित ने हिस्ट्रीशीटर रहे व्यक्ति के चरित्र का सत्यापन किया और रणजीत सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सीबीआइ ने इस मामले में जांच कर ली, लेकिन चार्जशीट को अंतिम रूप देने से इनकार कर दिया गया। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद एफआइआर रद्द करने का आदेश दिया।

पत्रिका इन्फोग्राफिक्स

कमजोर मानसून से बाजरा-ज्वार की बुवाई पिछड़ी, उत्पादन और कीमतों पर असर की आशंका

## सुस्त बुवाई से महंगा हो सकता है श्रीअन्न

इस बार थाली में श्रीअन्न महंगा पड़ सकता है। कमजोर मानसून और धीमी बुवाई ने बाजरा, ज्वार समेत मोटे अनाज की फसल पर संकट के संकेत दे दिए हैं। राजस्थान से लेकर देश में श्रीअन्न (मोटे अनाज) की बुवाई पिछले साल और सामान्य स्तर दोनों से पीछे चल रही है।




**ग्राम विकास चौपाल:** सीएम से संवाद में महिलाओं ने साझा किए अनुभव

# हिम्मत बढ़ी और हाथ हुए मजबूत... महिलाओं ने बदल दी जिंदगी की तस्वीर



**नागौर.** तिलानेश ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम विकास चौपाल में महिलाओं का अभिवादन करते सीएम।

### मुख्यमंत्री बोले... महिलाओं का उत्थान होगा तो देश बनेगा सशक्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नागौर.** हिम्मत बढ़ी, हाथ मजबूत हुए, बदली जिंदगी की तस्वीर... तिलानेश में शुक्रवार को आयोजित ग्राम विकास चौपाल में राजीविका से जुड़ी महिलाओं की आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियां सामने आईं। महिलाओं ने साबित किया कि अवसर मिलने पर वे न केवल अपनी तकदीर बदल सकती हैं, बल्कि हजारों अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार और उम्मीद की राह खोल सकती हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं के अनुभव सुनने के बाद कहा कि महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला हैं। मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में प्राचीन काल से लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती के रूप में नारी शक्ति की पूजा होती रही हैं। उन्होंने स्वयं ग्रामीण जीवन में देखा हैं कि महिलाएं पुरुषों के बराबर मेहनत करती हैं। इसलिए उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं दृढ़ संकल्प कर लें तो वे स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ अन्य महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा सकती हैं। डेगाना विधायक अजयसिंह किलक ने भी विकास कार्यों की जानकारी दी।

**ये बोलीं महिलाएं...**

पहले मैं घर से बाहर नहीं निकलती थी, लेकिन अब सिलाई कार्य से आय अर्जित करने के साथ स्टॉल लगाकर उत्पाद बेच रही हूं।
**- नीलू सोलंकी,** क्लस्टर मैनेजर

साल में दो-तीन बार मेले आयोजित किए जाएं, ताकि ग्रामीण महिलाएं सीख सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।
**- अनिता गौड़**

वर्ष 2016 से राजीविका से जुड़ी हूं। पढ़ाई के साथ क्लस्टर मैनेजर बनी और आज मेरे माध्यम से चार हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं।
**- राजबाला**

**जम्मू-कश्मीर** की सियासत में शक्ति प्रदर्शन

# नेशनल कॉन्फ्रेंस घेरेगी दिल्ली तो भाजपा करेगी जम्मू-कश्मीर सचिवालय का घेराव

## बीस जुलाई को दम दिखाएंगी दोनों पार्टियां

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर में 20 जुलाई को बड़ा राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन देखने को मिलेगा। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगी, वहीं दूसरी ओर भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई उमर अब्दुल्ला सरकार की आउटसोर्सिंग नीति के विरोध में सचिवालय घेराव करेगी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दिल्ली सरकार से अनुमति मिलने या न मिलने के बावजूद पार्टी का कार्यक्रम तय है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन का स्थान या स्वरूप बदल सकता है, लेकिन कार्यक्रम रद्द नहीं होगा।

### विपक्षी नेताओं को भी न्योता

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन होने वाले प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष, विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री समेत 56 नेताओं को शामिल होने का निमंत्रण दिया है। सरकार बनने के बाद उमर अब्दुल्ला मंत्रिमंडल ने जम्मू-कश्मीर को मूल स्वरूप में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पारित किया था। हालांकि, अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है।

### भाजपा करेगी सचिवालय घेराव

**उधर,** भाजपा ने उमर सरकार की आउटसोर्सिंग नीति के विरोध में 20 जुलाई को सचिवालय घेराव का ऐलान किया है। आरोप है कि आउटसोर्सिंग से करीब 25 हजार नियुक्तियां की गई हैं, जिससे बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय हुआ है। भाजपा की मांग है कि आउटसोर्सिंग वाली नियुक्तियां बंद हों, भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित हो तथा युवाओं के रोजगार हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

**डी रेगुलेशन फेज-1** की मासिक रिपोर्ट से खुलासा

# नए उद्योगों को 10 दिन में बिजली, 16 दिन में पर्यटन इकाइयों को मंजूरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** मुख्य सचिव कार्यालय के अधीन गठित 'डी-रेगुलेशन सेल' की मासिक इम्पैक्ट एसेसमेंट रिपोर्ट जारी हो गई है। इसमें सामने आया है कि अब नए उद्योगों को 20 के बजाय 10 दिन में बिजली कनेक्शन मिल रहे हैं, जबकि प्रदेश में पर्यटन परियोजनाओं को अब 22 के बजाय 16 दिन में ही मंजूरी मिल रही है।

'राजनिवेश' सिंगल विंडो प्रणाली से यह सुधार आया है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास के अनुसार डी-रेगुलेशन फेज-1 से स्वीकृति प्रक्रियाओं का सरलीकरण हुआ है, वहीं ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार हुआ है। अप्रेल से जून के बीच राजनिवेश पोर्टल पर उद्योग एवं निवेश के 30,000 से अधिक आवेदन आए, जिनमें से 17,000 से अधिक का निस्तारण किया जा चुका है। औद्योगिक इकाइयों में 26 से 32 प्रतिशत महिलाएं विभिन्न भूमिकाएं निभा रही हैं।

### प्रत्येक जिले की बने विशिष्ट पहचान

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान बनाने को कहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों, कृषि, पर्यटन, खेल एवं वन संपदा जैसी विशेषताओं के संरक्षण, ब्रांडिंग एवं व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले, रोजगार के नए अवसर सृजित हों तथा प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान को व्यापक पहचान मिल सके।

**तैयारी** | भाजपा बूथ स्तर पर सक्रिय, कांग्रेस जिला इकाइयों को पूरा करने में जुटी

# पंचायत और निकाय चुनाव से पहले संगठन साधने की दौड़

प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा और कांग्रेस दोनों ने संगठनात्मक मजबूती पर फोकस बढ़ा दिया है। भाजपा जहां 61,404 बूथों में से करीब 15 हजार बूथों पर अध्यक्ष और कार्यकारिणी का गठन पूरा करने की चुनौती से जूझ रही है, वहीं कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के आठ माह बाद भी 50 में से 20 जिलों की जिला कार्यकारिणी घोषित नहीं कर सकी है।

### 15 हजार बूथों पर संगठन करेगी मजबूत

**जयपुर @ पत्रिका.** पंचायत और निकाय चुनाव की आहट के बीच भाजपा संगठन के सामने सबसे बड़ी चुनौती बूथ स्तर पर अपनी सबसे अहम इकाई को मजबूत करने की है। लगभग 15 हजार बूथों पर अभी तक अध्यक्ष या कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। सूत्रों के अनुसार, हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद प्रदेश भाजपा संगठन सक्रिय हुआ है। सभी जिलों से बूथ, मंडल और जिला स्तर की संगठनात्मक स्थिति की रिपोर्ट मांगी गई हैं। जिन जिलों में संगठन अधूरा है, वहां जल्द नियुक्तियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। बूथ अध्यक्ष को चुनावी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण पद माना जाता है, क्योंकि मतदाता तक सीधे पहुंच और मतदान प्रबंधन की जिम्मेदारी इसी स्तर पर होती है।



**नए जिलों में संगठन का भी होना है विस्तार:** संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा ने संगठन को 44 जिलों में बांटा हुआ है। प्रशासनिक नए जिलों के गठन के बाद कई स्थानों पर संगठनात्मक ढांचा भी नए सिरे से तैयार होना है। ऐसे में जिला स्तर पर खाली पड़े पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है, ताकि निकाय चुनाव से पहले संगठनात्मक ढांचा पूरी तरह खड़ा किया जा सके।

### 30 जिलों में ही कार्यकारिणी घोषित

**जयपुर @ पत्रिका.** पंचायत और निकाय चुनावों की तैयारियों में जुटी कांग्रेस संगठनात्मक स्तर पर अभी भी अपनी सभी जिला इकाइयों को पूरा नहीं कर सकी है। संगठन सृजन अभियान के तहत करीब आठ माह पहले जिलाध्यक्षों की नियुक्ति किए जाने के बावजूद प्रदेश के 50 संगठनात्मक जिलों में से 20 जिलों की जिला कार्यकारिणी अब तक घोषित नहीं हो सकी है। पार्टी नेतृत्व चाहता है कि जिला कार्यकारिणी में सभी प्रमुख नेताओं के समर्थकों और सक्रिय कार्यकर्ताओं को उचित प्रतिनिधित्व मिले। इसके लिए सांसदों, पूर्व सांसद प्रत्याशियों, विधायकों, पूर्व विधायक प्रत्याशियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी नाम लिए गए हैं।



**इनकी कार्यकारिणी घोषित:** हनुमानगढ़, बीकानेर ग्रामीण, सीकर, जयपुर ग्रामीण (वेस्ट), कोटपूतली-बहरोड़, डीग, धौलपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, अजमेर ग्रामीण, अजमेर शहर, डीडवाना-कुचामन, नागौर, ब्यावर, फलौदी, जोधपुर ग्रामीण, जोधपुर शहर, जैसलमेर, बालोतरा, जालौर, सिरोही, सलूंबर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद, कोटा ग्रामीण, बारां और झालावाड़।

**आकलन:** नीति आयोग की 'निवेश अनुकूलता सूचकांक' रिपोर्ट जारी

# निवेश अनुकूलता में मध्यप्रदेश सात, राजस्थान 10 और छग 12वें नंबर पर

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में निवेश में आसानी के मामले में गुजरात पहले और महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है जबकि मध्यप्रदेश सातवें, राजस्थान दसवें और छत्तीसगढ़ 12वें पायदान पर हैं। नीति आयोग ने शुक्रवार को निवेश अनुकूलता सूचकांक (इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली इंडेक्स, आइएफआइ) रिपोर्ट जारी की जिसमें राज्यों को यह रैंकिंग दी गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कारोबारी वातावरण, संसाधन, सरकारी नीति, रेगुलेटरी आसानी, इंस्टीट्यूशनल एन्वायर्नमेंट, वित्तीय सुदृढ़ता और एन्वायर्नमेंट रजिलिएंस के आधार पर यह आइएफआइ तय की गई है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयोग नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में निवेश अनुकूल चार्टर तैयार करने के लिए कहा था। पिछले साल के बजट में इस सूचकांक के जारी किए जाने की घोषणा की गई थी। बड़े राज्यों में नियामकीय सुगमता में राजस्थान दूसरे स्थान पर और गवर्नमेंट पॉलिसी के मामले में तीसरे स्थान पर है वहीं इंस्टीट्यूशनल एन्वायर्नमेंट में तेरहवें और फाइनेंशियल हेल्थ के मामले में 15वें स्थान पर है।

**राजस्थान का प्रदर्शन**

| | |
|---|---|
| एन्वायर्न्मेंट रिजिलिएंस | 71 |
| नियामकीय सुगमता | 67 |
| इंस्टीट्यूशनल एन्वायर्न्मेंट | 63 |
| फाइनेंशियल हेल्थ | 52 |
| संसाधन | 51 |
| सरकारी नीति | 48 |
| इंफ्रास्ट्रक्चर | 43 |
| बिजनेस क्लाइमेट | 29 |

सभी आंकड़े प्रतिशत में

**टॉप 12 राज्य**

1. गुजरात
2. महाराष्ट्र
3. तमिलनाडु
4. गोवा
5. ओडिशा
6. दिल्ली
7. मध्यप्रदेश
8. आंध्र प्रदेश
9. कर्नाटक
10. राजस्थान
11. उत्तराखंड
12. छत्तीसगढ़

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश



# वैज्ञानिकों में इसरो का कम होता आकर्षण देशहित में नहीं

अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों के इस्तीफे या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की नीति में सरकार की ओर से बदलाव यह संकेत देता है कि इस अहम संस्थान में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। पिछले साल 100 से ज्यादा वैज्ञानिकों ने इसरो छोड़कर अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र के नए स्टार्टअप की ओर रुख किया है। वीआरएस लेने वालों में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के लॉन्च वीकल मार्क-3 के परियोजना निदेशक विक्टर जोसेफ भी हैं। इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ भी अग्निकुल कॉस्मोस नामक स्टार्टअप से जुड़े हैं।

जाहिर है कि अंतरिक्ष क्षेत्र निजी कंपनियों के लिए खोलने के फैसले का असर अब दिखने लगा है। करीब 400 स्टार्टअप सक्रिय हो चुके हैं और देश की स्पेस इकोनॉमी 8.4 अरब डॉलर तक पहुंच चुकी है। इसरो पिछले कई दशकों से दुनियाभर में अपनी अपूर्व सफलताओं, किफायती मिशनों और तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए जाना जाता रहा है। वैज्ञानिक इस संस्थान को अलविदा करना चाहते हैं, तो इसके कारणों पर विचार करने की जरूरत है। अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र के प्रवेश को ही नहीं, बदलती नीतियों और प्रोत्साहन की कमी को भी इसरो का आकर्षण कम होने की वजह माना जा रहा है। हाल के वर्षों में अर्थ ऑब्जर्वेशन और कम्युनिकेशन सैटेलाइट परियोजनाओं में कमी आई है। क्योंकि, सरकार ने मंत्रालयों को अपनी जरूरत के सैटेलाइट खुद लॉन्च करने के लिए कहा है और मंत्रालयों को अपनी जरूरत का अहसास होने में समय लग रहा है। कई वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि विशेष प्रोत्साहन, परफॉर्मेंस बेस्ट इंसेंटिव और विशेष सैलरी जैसी योजनाओं को वापस लेने से निजी क्षेत्रों के विशेष पैकेज का आकर्षण बढ़ गया है। बहरहाल, ताजा आदेश के बाद इसरो के वैज्ञानिकों के इस्तीफों या वीआरएस आवेदन पर अब संबंधित केंद्र प्रमुख कोई निर्णय नहीं कर पाएंगे। यह अधिकार अब मंत्रालय के पास चला गया है। लेकिन, क्या इतने से समस्या का समाधान हो जाएगा? क्या वैज्ञानिकों को जबरन इसरो में रोककर काम का बेहतर माहौल बनाया जा सकेगा? क्या स्पेस स्टार्टअप को इसका जिम्मेदार माना जाना चाहिए? कई सवाल हैं, जिनका जवाब ढूंढना अभी बाकी है। इसमें कोई शक नहीं कि अंतरिक्ष क्षेत्र का बाजार अब काफी बढ़ा है और इसमें भारत की छलांग सिर्फ सरकारी धन के भरोसे नहीं लगाई जा सकती।

सरकार को ऐसी नीति बनानी होगी कि इस क्षेत्र में निजी निवेश लाने वाली संस्थाओं को 'शॉर्ट कट' अपनाने से रोका जा सके। निजी संस्थाएं इसरो के वैज्ञानिकों को अपनी ओर खींचने की बजाय स्वयं के बूते ऐसा माहौल बनाएं जहां काम करके नए-नए वैज्ञानिक उस तरह की ऊंचाई हासिल कर सकें जैसे इसरो ने लंबी अवधि में किया है। सार्वजनिक संस्थाओं की कीमत पर निजी संस्थाओं को फलीभूत करने का रास्ता देशहित में नहीं है।

**माया एक अद्भुत तत्त्व है।** है भी है और नहीं भी है। ऊर्जा है, जिसकी कोई आकृति होती नहीं है। ब्रह्म की कामना है। सृष्टि में ब्रह्म अव्यय, अक्षर, व क्षर भेद से त्रिविध रूपों में विद्यमान रहता है। इस दृष्टि से कामना को इच्छा का पर्याय नहीं माना जाता सकता।

# भिन्न है ईश्वर और जीव की कामना



गुलाब कोठारी
प्रधान संपादक
पत्रिका समूह
@patrika.com



**शरीर ही ब्रह्माण्ड**

माया व्यष्टि भाव में भी कार्य करती है एवं समष्टि भाव में भी समान भाव में कार्य करती है। सच तो यह है कि चारों युगों के आरंभ में माया चारों युगों के कर्म-फल एवं अवधि निश्चित कर देती है।

पंचपर्वा विश्व में पृथ्वी-चन्द्रमा-सूर्य ये तीन पर्व दिखाई पड़ते हैं। चौथा तत्व अव्यक्त है। इन चारों से ही विश्व का निर्माण होता है- तीन भाव व्यक्त, एक भाव अव्यक्त। चारों तत्वों से ही मानव का स्वरूप निर्माण हुआ है। तीन व्यक्त पर्वों से क्रमशः शरीर-मन-बुद्धि का भाग प्राप्त होता है। अव्यक्त के अंश से आत्मा आता है। यही प्राणात्मक आत्मा 'मनु' कहलाता है। चारों की समन्वित अवस्था का नाम 'मानव' है।

गीता के अनुसार ***'यो बुद्धेः परतस्तु सः'*** - (3/42) मानवता का एकमात्र आधार एकमात्र अव्यय पुरुषात्मा ही है। जब तक उस आत्मभाव से आप अपने जीवभाव को समन्वित नहीं कर लेते अर्थात् शरीर-मन-बुद्धि तीनों तत्व आत्मभाव से समन्वित नहीं हो जाते, आपको मानव तो नहीं कहा जा सकता। आत्मस्वरूप अभिव्यक्ति ही एकमात्र मानवता का मापदण्ड है, मानवता का मूल बीज है।

मानव योनि आत्मा के स्तर पर कार्य करने में समर्थ है। अव्यय मन-अव्यक्त में ही ब्रह्म और माया का मूल स्थान है। क्षर सृष्टि - स्थूल शरीर का सीधा कोई सम्बन्ध नहीं हो सकता। अतः शरीर-मन-बुद्धि प्रधान प्राणी अव्यक्त में गति नहीं पाते। मानव ही सृष्टि की मूल संरचना में परिवर्तन लाने में समर्थ होता है। मानव योनि में नर-नारी दोनों ही आते हैं। अतः दोनों में ही शरीर-मन-बुद्धि और आत्मा चारों पर्व हैं। इस दृष्टि से दोनों का ही स्वरूप समान है, किंतु सूर्य और चन्द्रमा के संवत्सर के आधार पर दोनों की इस समानता में विभिन्नता भी रहती है। शरीर की दृष्टि से मानव अग्निप्रधान और मानवी सोमप्रधान है, जबकि शुक्र और शोणित की दृष्टि से मानव सोमप्रधान व मानवी अग्निप्रधान है। आग्नेय मानव में बुद्धि की तथा सौम्या नारी में मन की प्रधानता होती है। सौर और चान्द्र संवत्सर स्वरूप मानव-मानवी की समन्वित अवस्था से यह संवत्सर पूर्णता को प्राप्त होता है। यही भारतीय दाम्पत्य जीवन की मौलिक परिभाषा है। परस्पर पूरक भाव ही इस संबंध का मूल आधार बनता है।

***द्वयं वा इदं न तृतीयमस्ति शुष्कं चेवार्द्रं च।***
***यच्छुष्कं तदाग्नेयं, यदार्द्रं तत् सौम्यम्।*** (शत. 1.6.3.23)

सृष्टि में मानव को ब्रह्म का तथा मानवी को कर्म का पर्याय कहा गया है। माया कर्म का पर्याय होने से उसे ही यह सुविधा प्राप्त है कि ब्रह्म को नई योनियों में प्रवेश करा सके। ब्रह्म के कर्मों को पूर्व नियोजित सृष्टिक्रम में आगे बढ़ा सके। कर्म के कई रूप हैं। शरीर ही कर्म का माध्यम है। ***शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्*** कहा गया है। हमारे मन, बुद्धि और आत्मा की अभिव्यक्ति शरीर के माध्यम से ही होती है। शरीर के कर्म को श्रम कहते हैं, प्राणों के कर्म को तप कहते हैं। बुद्धि के कर्म से शिल्प बनता है। मन कलाओं का आश्रय है। मन जब कर्म से जुड़ता है तब सारा श्रम कला रूप में परिवर्तित हो जाता है। बिना मनोयोग के कला पैदा ही नहीं होती। मन की एकाग्रता कर्म को पूजा अथवा ध्यान का रूप प्रदान कर देती है। कला स्वयं ईश्वर का गुण है। आत्मा को षोडशकल कहा है। अतः कला आत्मा को मन और इन्द्रियों सहित ब्रह्म की ओर मोड़ती जान पड़ती है। कलाकार अपनी कला में सदा लीन ही दिखाई देता है। यही भक्ति का स्वरूप है। मूल में सिद्धान्त यही है कि कर्म ही बान्धता है, कर्म ही बान्धा जाता है और कर्म की ही कर्मान्तर से ग्रन्थि पड़ती है। कर्म और ग्रन्थि दोनों मरणशील हैं। जैसे वेगवान् वायु जल में (बुद्बुद रूप) पूरी तरह बान्ध दिया जाता है, फेन रूप भासित होता है, उसी तरह ब्रह्म में कर्म का बन्धन ही विश्व रूप है। बाहर कर्म है, भीतर ब्रह्म है।



माया एक अद्भुत तत्त्व है। है भी है और नहीं भी है। ऊर्जा है, जिसकी कोई आकृति होती नहीं है। ब्रह्म की कामना है। सृष्टि में ब्रह्म अव्यय, अक्षर, व क्षर भेद से त्रिविध रूपों में विद्यमान रहता है। इस दृष्टि से कामना को इच्छा का पर्याय नहीं माना जाता सकता। यहां कामना शुद्ध भाव है अतः अव्यय मन में ही कामना उठती है। ईश्वरीय भाव से जुड़ी यह कामना सत्व गुण से युक्त स्थिर प्रज्ञावान मन की सहज प्राकृतिक इच्छा है। यह इच्छा अपने आप उठती है। अतः इसे उत्थिताकांक्षा (ईश्वरीय कामना) कहा जाता है। जबकि इच्छा मूलतः जीव से जुड़ी रहती है। इसी कारण इस इच्छा तंत्र को अक्षर प्रधान कहा जाता है। विचिकित्सा (विपरीत भाव की इच्छा) तंत्र क्षरप्रधान है। रज और तम गुणों से युक्त अस्थिर प्रज्ञान युक्त मन की वैकारिक इच्छा उत्थाप्याकांक्षा (जीव की इच्छा) है। जो लालसा, एषणा, लिप्सा आदि भावों से जुड़ी होती है, अतः इच्छा के दो भेद हैं-कामना और वासना।

कामना की भी कोई आकृति नहीं होती। ऋत भाव में केन्द्र या मन होता ही नहीं है। मन के अभाव में कामना कैसी? कामना को मन का बीज कहा है– ***कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत।*** (ऋ. 10.129.4) सृष्टि की शुरुआत कामना-बीज से ही होती है। कामना का आधार स्वयं का प्रसार-ब्रह्म रूप में-सृष्टि रूप में। कर्म का आरंभ भी कामना ही है। ब्रह्म के मन की कामना पूर्ति माया करती है। अधिकारी-तत्त्व है। ब्रह्म तो अमृतलोक का स्थायी भाव है। ब्रह्म का विवर्त यानी अस्थायी भाव, जो बनता जाए और मिटता भी जाए अर्थात् जहां मृत्यु भी हो। हर सृष्टि में सारे तत्व उपलब्ध भी रहे और मृत्यु के साथ नष्ट भी नहीं होने चाहिए। प्रत्येक सृष्टि में ब्रह्म केन्द्र में ही रहे। माया आकृति दे। परा प्रकृति और अपरा प्रकृति इस कार्य में निमित्त और उपादान कारण बने रहें। ये दोनों सूक्ष्म और स्थूल शरीर का निर्माण करें।

माया व्यष्टि भाव में भी कार्य करती है एवं समष्टि भाव में भी समान भाव में कार्य करती है। सच तो यह है कि चारों युगों के आरंभ में माया चारों युगों के कर्म-फल एवं अवधि निश्चित कर देती है। सृष्टि उसी अनुरूप आगे बढ़ती है। सृष्टि क्रम में कुछ परिवर्तन मनुष्य योनि की जीवेच्छा और तदनुरूप फलों से आता है। जीवात्मा अक्षर रूप-हृदय के साथ रहता है। कर्म स्थूल शरीर तथा ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से करता है। एक ओर पुराने कर्मों का क्षय होता है, तो दूसरी ओर नए कर्मों के बन्धन तैयार होकर कारण शरीर में संचित होते रहते हैं। जब तक ये दोनों क्रम चलते रहते हैं, तब तक विश्व भी बना रहता है। कर्म के फल भोगने के लिए जीव चौरासी लाख योनियों में विचरण करता रहता है।

पुरुष में कर्ता भाव नहीं होता। उसके मन में कामना मात्र उठती रहती है। कामना में कर्म नहीं होता। ब्रह्मांश ही बीज रूप केन्द्र में रहता है - अहंकृति रूप में। चन्द्रमा से त्रिगुणात्मक प्रकृति बनती है और पंच महाभूतात्मक पृथ्वी से विभिन्न आकृतियां बनती हैं। चूंकि मनु तत्व (केन्द्रस्थ सत्य) का नाम ही मानव कहलाया, अतः सभी पदार्थ इस मनु तत्व की ही सन्तति कहलाए। मानव के इतर (अन्य) जड़-चेतन पदार्थों में क्योंकि यह मनु तत्व स्वतन्त्र केन्द्र रूप में प्रतिष्ठित अर्क रूप में या अशनाया- रश्मि भाव में प्रतिष्ठित रहती है, अतः वे मनु से साक्षात रूप से उपकृत नहीं हैं। पुरुष में मनु स्वतंत्र उक्थ रूप में प्रतिष्ठित है। यही मानव की परिपूर्णता या सर्वश्रेष्ठता है।

**क्रमशः**

gulabkothari@epatrika.com

क्यूआर कोड को स्कैन कर आप आलेख सुन भी सकते हैं।

## बुक इनसाइट

# ए थ्योरी ऑफ जस्टिस

क्या एक ऐसा समाज संभव है, जहां हर व्यक्ति के साथ समान और निष्पक्ष व्यवहार हो? इसी सवाल का उत्तर खोजने का प्रयास करती है जॉन रॉल्स की प्रसिद्ध पुस्तक 'ए थ्योरी ऑफ जस्टिस'। वर्ष 1971 में प्रकाशित यह पुस्तक राजनीतिक दर्शन और सामाजिक न्याय पर लिखी गई सबसे प्रभावशाली कृतियों में मानी जाती है। पुस्तक समान अवसर, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समाज के कमजोर वर्गों के हितों को केंद्र में रखकर न्याय की नई व्याख्या प्रस्तुत करती है। इसमें दार्शनिक तर्क, सिद्धांत और विश्लेषण विस्तार से दिए गए हैं, इसलिए इसे पढ़ने में धैर्य की आवश्यकता होती है। कई बार इसकी भाषा और विचार जटिल लगते हैं, लेकिन विषय में रुचि रखने वालों के लिए यह बेहद उपयोगी साबित होती है। यह केवल न्याय की परिभाषा नहीं देती, बल्कि यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि एक आदर्श और निष्पक्ष समाज कैसा होना चाहिए।




## आर्ट एंड कल्चर

# शब्दों के मध्य भी बजते हैं संगीत के राग

शास्त्रीय संगीत रागाधारित है। हरेक राग का अपना समय और भाव होता है। राग का एक अर्थ ही है, रंगना। राग कारण है और रस उसका परिणाम। अभिनवगुप्त ने नौ रस बताए हैं। पर, राजा भोज कहते हैं, रस केवल एक ही 'शृंगार रस' है। उनका लिखा संस्कृत ग्रंथ 'शृंगार-मंजरी कथा' रागों के कारण और उसके परिणाम की कथाएं संजोए हैं। इसमें एक प्रमुख कथा और उसकी फिर तेरह छोटी-छोटी उप-कथाएं हैं। कथा की शुरुआत राजा भोज द्वारा अपनी धारानगरी के महिमा गान से होती है। औचक, फिर वह एक कठपुतली की ओर मुड़कर उसे बोलने का आदेश देते हैं। यांत्रिक गुड़िया भोज की महिमा का गान करती है। इसके बाद भोज अपनी प्रिय गणिका शृंगार-मंजरी और उसकी माता विषमा-शिला से कथा आगे बढ़ाते हैं। उपकथाओं में अलग-अलग चरित्र के पुरुषों के राग और उसके परिणामों के आलोक में गणिका की मां द्वारा पुत्री को शिक्षा दी गई है। मसलन एक कथा में स्त्री के प्रति आसक्ति को नील के रंग समान बताया गया है। जैसे नील में रंगा कपड़ा कई बार धोने के बाद भी अपना रंग नहीं खोता, वैसे ही इस चरित्र का व्यक्ति बर्बाद होने के बाद भी अपनी आसक्ति नहीं छोड़ता। इसी तरह केसर में रंगे कपड़े से जुड़े मानव मन के राग, हल्दी के रंग के जल्द छूट जाने आदि के आलोक में यह कथा पुरुष चरित्रों की स्त्री आसक्ति यानी राग-अनुराग की मनोहारी व्यंजना है। आचार्य मम्मट रचित 'काव्य प्रकाश' में रस, ध्वनि, अलंकार और दोष का वर्णन है।



डॉ. राजेश कुमार व्यास
संस्कृतिकर्मी, कवि एवं कला समीक्षक
@patrika.com

एक कविता में पर-पुरुष की प्रीति से जुड़े रस का नायिका कथन देखें, 'वही चांदनी रात है। वही रेवा का किनारा है। वही प्रेमी भी है, पर पहले वाली बात नहीं है। क्योंकि वह प्रेमी अब मेरा पति बन चुका है।' कहने में भाषा से जुड़ी यह लय ही राग बोध है। संतोष चौबे का एक उपन्यास है, 'जलतरंग।' मुख्य चरित्र देवाशीष और स्मृति के प्रेम में पगी यह मनोहारी कथा है। इसमें स्वरों में निहित भाव-रस और वहां पहुंचने के लिए राग में डूबने के बहाने संगीत की हमारी पूरी परम्परा का रोचक आख्यान है। संतोष चौबे ने उपन्यास के पांच अध्याय संगीत की गति-मति में गूंथे हैं। यह हैं, आलाप, जोड़, विलम्बित, द्रुत और झाला। देवाशीष के 'जलतरंग' वाद्य यंत्र सीखने से प्रारंभ होती कथा उसकी मित्र स्मृति से हुए संवाद में आगे बढ़ती भारतीय संगीत संधान में बदलते समय में कर्कश होती ध्वनियों में समाज के विद्रुप होते चरित्र को हमारे समक्ष रखती है। मुझे लगता है, यह उपन्यास संगीत के जरिए समाज में हो रहे बदलाव का कथा-रूप है। संगीत से जुड़ा शब्द 'विदारी' मुझे सदा लुभाता रहा है। माने स्वर और उसके गुच्छों के बीच का अंतराल। यह 'विदारण' शब्द से बना है। यानी बीच से टुकड़े करना। स्वर-प्रवाह के मध्य का मौन! निहित गूंज। जैसे किसी रंग के साथ दूसरे रंग की घुली छाया। स्पष्ट दिखती नहीं पर, अंतर्मन मथती है। 'विदारी' संगीत की 'गंधमयता' है। कथा के संदर्भ में कहें तो, वहां शब्दों के मध्य संगीत बजने, उनमें मधुर तान छिड़ने की अनुभति की अलौकिक छटा 'विदारी' है। जलतरंग ऐसी ही कृति है। वहां भाषा है, परंतु उसकी लय और निहित सांगीतिक प्रंसग-छटाओं में रागदारी परम्परा में जीवन से जुड़ी आत्मीयता घुली है। पर, बदलते समय संग आ रही कटुताओं में बिखरते जा रहे संगीत में रस-विहीन होती दुनिया की दास्तां भी है।

drrajeshkumarvyas@gmail.com

**विकास मॉडल पर सवाल** दिल्ली-मुंबई की रैंकिंग भारत के लिए चेतावनी

# 'स्मार्ट सिटी' से आगे बढ़कर अब 'लिवेबल सिटी' की नीति अपनाएं



डॉ. ब्रजेश कुमार तिवारी
लेखक, जेएनयू के अटल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर हैं
@patrika.com

भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन शुरू किया था, जिसका उद्देश्य 100 शहरों को टिकाऊ, नागरिक अनुकूल और तकनीक आधारित शहरी केंद्रों के रूप में विकसित करना था। एक दशक बाद इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआइयू) की ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2026 भारत के शहरी विकास मॉडल पर सवाल खड़ा करता है। सूची में नई दिल्ली 120वें, मुंबई 121वें, चेन्नई 123वें और बेंगलूरु 127वें स्थान पर हैं, जबकि कोपेनहेगन लगातार दूसरे वर्ष सबसे रहने योग्य शहर बना है। ईआइयू का लिवेबिलिटी इंडेक्स 173 शहरों का मूल्यांकन स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा, संस्कृति एवं पर्यावरण, शिक्षा और आधारभूत संरचना जैसे मानकों पर करता है।

रहने योग्य शहर केवल सड़कों, मेट्रो और डिजिटल सेवाओं से नहीं, बल्कि स्वच्छ हवा, सुरक्षित वातावरण, बेहतर परिवहन, सुलभ स्वास्थ्य-शिक्षा, हरित क्षेत्र और जवाबदेह शासन से बनता है। भारत के शहरों ने आर्थिक विकास तो किया है, लेकिन जीवन गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं ला सके। दिल्ली और मुंबई की कम रैंकिंग यह दर्शाती है कि शहरीकरण केवल आबादी, वाहनों और निर्माण के विस्तार तक सीमित नहीं होना चाहिए। दोनों शहर जाम, प्रदूषण, महंगे आवास और असमान सार्वजनिक सेवाओं जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विभिन्न संस्थाओं की साझा जिम्मेदारी के कारण जवाबदेही कमजोर पड़ती है और समस्या बार-बार सामने आती है। भारत में स्मार्ट सिटी की अवधारणा कई बार तकनीक तक सीमित रह गई है। एक स्मार्ट शहर वह है जहां बच्चा सुरक्षित स्कूल जा सके, बुजुर्ग स्वच्छ वातावरण में रह सके और गरीब परिवार भी सम्मानजनक जीवन जी सकें।

कोपेनहेगन जैसे शहरों से सीख लेते हुए भारत को पैदल मार्ग, सार्वजनिक परिवहन, हरित क्षेत्रों और बेहतर शहरी नियोजन पर ध्यान देना होगा। भारत के प्रमुख शहरों की चुनौतियां अलग-अलग हैं। दिल्ली में प्रदूषण और शासन समन्वय, मुंबई में अत्यधिक घनत्व, महंगा आवास और बुनियादी ढांचे का दबाव प्रमुख समस्याएं हैं। इन शहरों को बेहतर नियोजन, पारदर्शी शासन और नागरिक केंद्रित दृष्टि की आवश्यकता है। भारत को अब स्मार्ट सिटी से आगे बढ़कर लिवेबल सिटी की नीति अपनानी होगी। इसके लिए सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, निर्माण एवं कचरा प्रदूषण पर नियंत्रण, हवा-पानी-कचरा-यातायात और हरित क्षेत्रों से जुड़े आंकड़ों को सार्वजनिक करना तथा जल निकायों और हरित क्षेत्रों को संरक्षित करना आवश्यक है। छोटे और मध्यम शहरों को महानगरों पर दबाव कम करना होगा। भारत ने स्मार्ट सिटीज मिशन के माध्यम से शहरी सुधार की दिशा में कदम बढ़ाया है, लेकिन अब लक्ष्य केवल डिजिटल सुविधाओं और चमकदार बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं होना चाहिए।

यदि शहरों में कमांड सेंटर तो हों, लेकिन स्वच्छ हवा और सुरक्षित पैदल मार्ग न हों, तो विकास अधूरा है। भारत को केवल स्मार्ट नहीं, बल्कि रहने योग्य शहरों की आवश्यकता है।भविष्य के शहरों का मूल्यांकन केवल जीडीपी, रियल एस्टेट और वाहन संख्या से नहीं, बल्कि हवा की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, हरित क्षेत्र, यात्रा सुविधा और नागरिक संतोष से होना चाहिए। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी सफल होगा, जब भारत के शहर आर्थिक केंद्रों के साथ-साथ स्वस्थ, सुरक्षित, समावेशी और रहने योग्य स्थान बनेंगे।

brajeshtiwari@jnu.ac.in

विस्तार से पढ़ने के लिए **क्यूआर कोड स्कैन करें**

# रूस में प्रकृति का अद्भुत चमत्कार
## सेवन स्ट्रॉन्ग मेन रॉक फॉर्मेशंस



***रूस*** *के कोमी गणराज्य के ट्रोइट्स्को-पेचोर्स्की जिले में, यूराल पर्वतों के पश्चिम में स्थित मैनपुपुनेर रॉक फॉर्मेशंस प्रकृति का एक अद्भुत चमत्कार हैं। इन्हें 'सेवन स्ट्रॉन्ग मेन रॉक फॉर्मेशंस' (सात शक्तिशाली पुरुषों की शिलाएं) भी कहा जाता है। करीब 20 से 42 मीटर ऊंचे ये पत्थर के स्तंभ लगभग 20 से 25 करोड़ वर्ष पहले बने थे। समय के साथ हवा, बारिश, बर्फ और तापमान के प्रभाव से आसपास की अपेक्षाकृत मुलायम चट्टानें घिस गईं, जबकि कठोर चट्टानें इन विशाल स्तंभों के रूप में बची रहीं। इन्हें 'सेवन वंडर्स ऑफ रशिया' भी कहा जाता है।*

## आपकी बात

### गांवों की चौखट तक सरकारी सेवाएं

**ग्रामीण** सेवा शिविरों के माध्यम से अब लोगों को छोटे-छोटे सरकारी कार्यों के लिए शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। एक ही स्थान पर कई विभागों की सेवाएं मिलने से समय और श्रम की बचत हो रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंच रहा है और शासन के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत हुआ है। यही सुशासन की वास्तविक पहचान है। - **राजूराम पटेल, धवा**, जोधपुर

### समझें आजादी का सही अर्थ

**आजादी** का अर्थ केवल अधिकारों का आनंद लेना नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना भी है। सार्वजनिक स्थानों पर थूकना, कचरा फैलाना आजादी नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना है। स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए बेहतर कचरा प्रबंधन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक को भी अपनी आदतों में बदलाव लाना होगा। - **अमृता राजेंद्र प्रसाद**, जगदलपुर

**समसामयिक विषयों पर पाठकों के विचार आमंत्रित हैं। चुनिंदा विचार प्रकाशित किए जाएंगे।**

ईमेल करें: edit@epatrika.com

**उत्पादों का पुनर्चक्रण** उत्पादों और कच्चे माल की पूरी यात्रा का सुरक्षित एवं अपरिवर्तनीय डिजिटल रेकॉर्ड तैयार करना फायदेमंद

# सर्कुलर इकोनॉमी को प्रभावी बनाने में ब्लॉकचेन महत्वपूर्ण



मिलिंद कुमार शर्मा
प्रोफेसर
प्रदीप कुमार शर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर
एम.बी.एम. विश्वविद्यालय, जोधपुर
@patrika.com



यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि जिसे आज हम कबाड़ अथवा कचरा समझकर त्याग देते हैं, वही वास्तव में भविष्य की अर्थव्यवस्था का एक अमूल्य संसाधन है। लंबे समय तक हमारी अर्थव्यवस्था 'लीनियर मॉडल' पर आधारित रही है, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, उत्पादों का अनवरत निर्माण, उनका निरंतर उपयोग और अंततः उनका निस्तारण सम्मिलित था।

निःसंदेह इस मॉडल ने जहां एक ओर औद्योगिक विकास को तो गति प्रदान की, परंतु दूसरी ओर इसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक संसाधनों का निरंतर क्षय, बढ़ता प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर वैश्विक चुनौतियां भी देखने को मिली। परंतु अब समय एक नई आर्थिक सोच की स्वीकार्यता का है, जहां किसी उत्पाद का जीवनकाल केवल उसके उपयोग तक ही सीमित नहीं रहता, अपितु उसकी मरम्मत, पुनः उपयोग, पुनर्निर्माण और पुनर्चक्रण के माध्यम से उसे पुनः उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाता है। इसी सतत एवं संसाधन-कुशल आर्थिक मॉडल को 'सर्कुलर इकोनॉमी' भी कहा जाता है।

इसे प्रभावी, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने में ब्लॉकचेन तकनीक सशक्त डिजिटल आधार के रूप में उभर रही है। यह उत्पादों और कच्चे माल की पूरी यात्रा का सुरक्षित एवं अपरिवर्तनीय डिजिटल रेकॉर्ड तैयार कर संसाधनों की ट्रेसेबिलिटी, आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता और पुनर्चक्रण की विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है। दूरसंचार विभाग, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नीति आयोग और उद्योग जगत तक ने ब्लॉकचेन, एआइ और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसी तकनीकों के प्रयोग को सर्कुलर इकोनॉमी के लिए प्रभावी बताया है। भारत में तेजी से बढ़ते औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या के चलते संसाधनों पर दबाव महसूस किया जा रहा है। नीति आयोग एवं द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के अनुसार, 2024 में 6.19 मिलियन मीट्रिक टन ई-कचरा उत्पन्न हुआ, जो 2030 तक 14 मिलियन मीट्रिक टन होने का अनुमान है। लिथियम-आयन बैटरियों की मांग 2035 तक 248 गीगावाट-घंटे हो सकती है। वहीं, अनुपयोगी वाहनों की संख्या 2030 तक 5 करोड़ से अधिक होने की संभावना है। इनका प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक संभावनाएं पैदा कर सकता है।

ब्लॉकचेन तकनीक सर्कुलर इकोनॉमी को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाती है। यह उत्पादों के कच्चे माल से लेकर पुनर्चक्रण तक का सुरक्षित डिजिटल रेकॉर्ड रखती है, जिससे पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण, संसाधनों का संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी संभव होती है। नीति आयोग ने ई-कचरे और लिथियम-आयन बैटरियों के लिए सर्कुलर इकोनॉमी रोडमैप तैयार किया है। भारत सरकार द्वारा लागू एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी व्यवस्था के तहत कंपनियों को अपने उत्पादों के उपयोग के बाद उत्पन्न कचरे के संग्रह और पुनर्चक्रण का दायित्व दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस व्यवस्था को ब्लॉकचेन से जोड़ा जाए तो प्रक्रिया पारदर्शी बन जाएगी। परंतु भारत में छोटे एवं मध्यम उद्योगों के लिए इस तकनीक की उच्च लागत, प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी तथा विभागों के बीच डेटा मानकीकरण जैसी चुनौतियां हैं। निःसंदेह नीति निर्धारकों को इनके समाधान खोजने होंगे।

milindksharma@rediffmail.com

विस्तार से पढ़ने के लिए **क्यूआर कोड स्कैन करें**

**रेलवे ने रचा इतिहास:** भाप इंजन से हाइड्रोजन ट्रेन तक का सफर, 3200 हॉर्स पॉवर के साथ ट्रैक पर उतरी... पर्यावरण के अनुकूल

# 10 डिब्बों वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन भारत में शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू हो गई। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जहां हाइड्रोजन से चलने वाली यात्री ट्रेनें चल रही हैं। जर्मनी सबसे पहले ऐसी यात्री ट्रेनें शुरू करने वाला देश था। फ्रांस, इटली, चीन और जापान में भी सीमित स्तर पर या परीक्षण के रूप में हाइड्रोजन ट्रेनें चलाई जा रही हैं। हालांकि वहां ज यादातर दो से चार डिब्बों वाली ट्रेनें हैं। भारत की यह 10 डिब्बों वाली ट्रेन करीब 2,600 यात्रियों को ले जा सकती है, जिससे यह ज्यादा क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन बन गई है।



**पीएम** मोदी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी साथ थे।

- **देश** की पहली हाइड्रोजन ट्रेन
- **2,600** यात्री कर सकते हैं इस एक ट्रेन में सफर
- **89 किमी.** लंबे जींद-सोनीपत मार्ग पर चलेगी।
- **75 किमी/घंटा** परिचालन गति और अधिकतम गति 110 किमी/प्रति घंटा
- **5 रुपए** न्यूनतम और 25 रुपए अधिकतम किराया

### हाइड्रोजन-ऑक्सीजन से मिलकर चलती है

**यह ट्रेन** अपने अंदर ही बिजली तैयार करती है। इसके लिए प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन फ्यूल सेल तकनीक का इस्तेमाल होता है। सिलेंडरों में भरी हाइड्रोजन हवा की ऑक्सीजन से मिलकबिजली बनाती है, जिससे ट्रेन के मोटर चलते हैं। इस प्रक्रिया में केवल जलवाष्प ही निकलती है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, लगे हैं खास सेंसर

**अगर** हाइड्रोजन का रिसाव, ज्यादा गर्मी, आग या धुआं दिखाई देता है तो ट्रेन का सिस्टम कुछ ही सेकंड में इसका पता लगा लेगा और बिना किसी इंसानी हस्तक्षेप के हाइड्रोजन की सप्लाई अपने आप बंद कर देगा। ऐसे सेंसर लगाए गए हैं जो रिसाव, आग और धुएं पर नजर रखते हैं।

### जींद में हाइड्रोजन के लिए खास केंद्र बना

**जींद में** हाइड्रोजन के भंडारण, संपीड़न और आपूर्ति के लिए विशेष केंद्र भी बनाया गया है। यहां इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया से पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में अलग किया जाता है। हाइड्रोजन को 500 बार दबाव पर इकट्ठा किया जाता है और फिर 350 बार दबाव पर ट्रेन में भरा जाता है। यहां एक समय में 3,000 किलो हाइड्रोजन संग्रहित की जा सकती है, जो नियमित संचालन के लिए पर्याप्त है।

**अनशन पर चिंता:** कहा- उनके काम का सम्मान है

# 'थ्री इडियट्स' का रैंचो वांगचुक नहीं, यह गलतफहमी: आमिर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**लंदन/मुंबई.** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने वर्षों से चली आ रही उस धारणा को खारिज कर दिया कि फिल्म 'थ्री इडियट्स' का चर्चित किरदार रैंचो (फुंसुख वांगडू) शिक्षा सुधारक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से प्रेरित था। आमिर ने कहा कि यह केवल एक गलतफहमी है। फिल्म बनने के समय न तो वह और न ही लेखक राजकुमार हिरानी व अभिजात जोशी सोनम वांगचुक को जानते थे। आमिर ने कहा कि वह वांगचुक के काम का सम्मान करते हैं, चाहे उनका फिल्म से कोई संबंध हो या नहीं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि उम्मीद है कि वह जल्द अनशन समाप्त करेंगे। इस पर राजनीतिक बयानबाजी भी होने लगी। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि सभी बीजेपी के सामने नतमस्तक हो गए हैं। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि सत्ता के सामने रीढ़ सीधी रखना हर किसी के बस की बात नहीं है।

**राम मंदिर चढ़ावा चोरी:** 17 घंटे में रिकवर हुए थे 80 लाख

# शौचालय में छिपाए थे 40 हजार, गार्ड ने खोला राज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**अयोध्या/लखनऊ.** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले का खुलासा एक गार्ड की सतर्कता से हुआ था। मंदिर के शौचालय में मिले 40 हजार रुपये की जानकारी जब मंदिर प्रबंधन को हुई तो उसने मामले की जांच शुरू की। बाद में मुकदमा दर्ज होने के 17 घंटे के अंदर ही पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों से 80 लाख रुपये और जेवरात बरामद कर लिए थे।

यह घटना मई के अंतिम सप्ताह की है। मंदिर परिसर के एक शौचालय में नोटों की 40 हजार रुपये छिपाकर रखे गए थे। ड्यूटी पर मुस्तैद गेटकीपर की नजर जब इन लावारिस नोटों पर पड़ी, तो उसने इसकी सूचना ट्रस्ट के पदाधिकारियों को दी। शौचालय से मिले इस नोटों के बाद ट्रस्ट के तत्कालीन महासचिव चंपत राय ने 21 सदस्यीय एक आंतरिक जांच समिति गठित की। काउंटिंग सेंटर के कर्मचारियों से प्रारंभिक पूछताछ के बाद जैसे ही 4 जून को पुलिस ने एफआइआर दर्ज की, जांच का दायरा बढ़ा। पुलिस और ट्रस्ट के अधिकारियों ने अयोध्या, बहराइच और प्रतापगढ़ समेत कई जिलों में संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की।

### *टिन्नू-मनीष रिमांड पर*

शुक्रवार को पुलिस ने कोर्ट से मुख्य आरोपी टिन्नू यादव और मनीष यादव की रिमांड ली है। उनसे आमने-सामने बिठाकर पूछताछ होगी।

### एसआइटी सीधे सुप्रीम कोर्ट में देगी रिपोर्ट

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही एसआइटी ने सरकार से और समय मांगा है। फाइनल रिपोर्ट देने से पहले एसआइटी एक बार और अयोध्या जा सकती है। सूत्रों के अनुसार एसआइटी अपनी फाइनल रिपोर्ट सीधे सुप्रीम कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। मामले की सुनवाई 20 जुलाई को है और कोर्ट ने एसआइटी से इसी दिन जांच की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। स्टेटस रिपोर्ट के बाद ही न्यायालय सीबआइ जांच समेत विभिन्न मांगो पर निर्णय लेगा।

### बद्रीनाथ: रिटायर्ड अधिकारी गिरफ्तार

बद्रीनाथ धाम के चढ़ावा चोरी मामले में एसआइटी ने शुक्रवार को बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के पूर्व मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान को गिरफ्तार किया। चौहान 30 जून को सेवानिवृत्त हुए थे। पुलिस के अनुसार, दान कक्ष की सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान चौहान की भूमिका सामने आई। फुटेज में वह 22 जून, 25 जून और 29 जून को दान की गिनती के दौरान नकदी जेब में रखते दिखाई दिए। इन तीनों घटनाओं के अगले दिन वह सेवानिवृत्त हो गए। एसआइटी का दावा है कि प्रमोद नौटियाल और राजेंद्र चौहान के बीच मिलीभगत के साक्ष्य मिले हैं।

**युद्ध हुआ तेज:** पुलों को निशाना बनाने से ईरान और भड़का

# ईरान में चाबहार पोर्ट अमरीकी हमलों में तबाह, कार्गो टर्मिनल है सुरक्षित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**तेहरान/वाशिंगटन.** ईरान-अमरीका युद्ध दोबारा भड़कने से न सिर्फ भारतीय नाविकों पर संकट छाया है बल्कि भारतीय निवेश को भी चोट पहुंची है। ईरान के तटीय इलाकों खासकर बंदरगाहों पर कई दिनों से जारी बमबारी से भारी तबाही हुई है। इसमें भारत के निवेश से तैयार चाबहार पोर्ट भी शामिल है। शुक्रवार को अमरीकी युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने चाबहार पोर्ट के समुद्री ट्रैफिक कंट्रोल टावर के ढहते हुए की फोटो पोस्ट की। इस पोर्ट के विकास के लिए भारत ने लगभग 1,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि चाबहार पोर्ट में भारतीय फंड से बने बेहस्ती कार्गो टर्मिनल को हमलों से नुकसान नहीं हुआ है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार अभी भारतीय झंडे वाले 7 शिप फारस की खाड़ी में हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध से अब तक 14 भारतीयों की मृत्यु हुई है, जबकि दो लापता हैं। अमरीकी हमलों से तटीय इलाकों खासकर होर्मुज के आसपास ईरान को काफी नुकसान हुआ है।

### ढह गया बंदरगाह का टावर



**अमरीकी** हमलों में चाबहार बंदरगाह का वॉचटावर ढहा।

### जल संयंत्रों और पुलों पर हमले

**अमरीकी** कार्रवाई के जवाब में ईरान ने भी खाड़ी देशों में स्थित नागरिक उपयोग के ढांचों को निशाना बनाया। कुवैत में जल संयंत्र पर हमले के साथ ही बहरीन को सऊदी अरब से जोड़ने वाले पुल पर भी मिसाइल स्ट्राइक की। जॉर्डन में अमरीकी विमानों के बेस को बड़ा नुकसान होने की सूचना है। ईरान ने जॉर्डन, कुवैत, सीरिया, ओमान, बहरीन में हमले किए हैं।

### ईरान ने नागरिकों से कहा- बिजली बचाएं

**ईरान** ने पहली बार ऊर्जा संयंत्रों पर हमले से हुए नुकसान के कारण नागरिकों से बिजली बचाने की अपील की है। हमलों के कारण बंदर अब्बास स्टेशन पर ट्रेनें रोकी गईं। तटीय होरमुजगान प्रांत में पांच पुलों को निशाना बनाया गया। 38 लोगों की मौत हुई है जबकि 400 घायल हैं।

**बदलाव:** एंडी बर्नहैम लेबर पार्टी के नेता

# पत्रकार रहे अब ब्रिटिश पीएम बनेंगे 'किंग ऑफ द नॉर्थ'

*एंडी बर्नहैम (56) सोमवार को ब्रिटेन के 59वें प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्हें लेबर पार्टी का नेता चुन लिया गया। 10 साल पहले लंदन की राजनीति छोड़ ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर बनने वाले एंडी ने एक माह पहले उपचुनाव लड़ा और संसद में लौटे। अब प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के दो साल में पद छोड़ने के बाद बर्नहैम कमान संभालेंगे...*

### लिवरपूल में जन्म, कैंब्रिज से पढ़ाई

**एंडी** बर्नहैम की पहचान भले ही मैनचेस्टर से जुड़ी हो, लेकिन उनका जन्म लिवरपूल में हुआ था। पिता ब्रिटिश टेलीकॉम में इंजीनियर और मां रिसेप्शनिस्ट थीं। उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य की पढ़ाई की। इस दौरान नीदरलैंड की छात्रा मैरी-फ्रांस वैन हील से मिले जो उनकी पत्नी बनीं। दोनों की शादी 2000 में हुई। उनके एक बेटा और दो बेटियां हैं।

चर्चा में चेहरा



एंडी बर्नहैम

### 2001 में सांसद बने, कई मंत्रालय संभाले

**पढ़ाई** के बाद बर्नहैम ने ट्रेड मैगजीन में पत्रकार के रूप में काम किया। बाद में वह लेबर पार्टी के नेताओं के शोधकर्ता बने। 2001 में मैनचेस्टर के पास लीघ सीट से सांसद चुने गए। इसके बाद टोनी ब्लेयर और गॉर्डन ब्राउन की सरकार में अहम जिम्मेदारियां निभाईं। 2007 से 2010 के बीच वह ट्रेजरी के मुख्य सचिव, संस्कृति मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री रहे।

### मिला 'किंग ऑफ द नॉर्थ' का नाम

**2010** में लेबर पार्टी की हार के बाद बर्नहैम ने दो बार नेतृत्व का चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। 2017 में ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर बने, कई सुधार किए। कोरोना के दौरान तत्कालीन पीएम बोरिस जॉनसन की नीति का खुलकर विरोध किया। उन्हें 'किंग ऑफ द नॉर्थ' का नाम मिला।

### संसद में वापसी और प्रधानमंत्री पद

बर्नहैम को प्रधानमंत्री बनने के लिए पहले संसद में लौटना जरूरी था। इसके लिए लेबर पार्टी के एक सांसद ने इस्तीफा दिया और मेकरफील्ड सीट पर उपचुनाव में बर्नहैम जीते। इसके बाद लेबर पार्टी के नेता पद के चुनाव में वह अकेले उम्मीदवार रहे और निर्विरोध चुने गए।

***लोगों में उम्मीद जगाने का वादा:*** बर्नहैम की सबसे बड़ी योजना स्थानीय नेताओं को ज्यादा अधिकार देना है। उन्होंने 'नंबर 10 नॉर्थ' बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। यह ऐसा केंद्र होगा जो देशभर में सत्ता और संसाधनों के बेहतर बंटवारे का काम करेगा। उनके सामने धीमी अर्थव्यवस्था, महंगाई जैसी चुनौतियां हैं।

**मामले में नया मोड़:** एक किमी. दूर दी थी जमीन

# भोजशाला से दूर नहीं हो सकी नमाज, मुस्लिम पक्ष राजी नहीं



**भूमि** चिन्हित कर उसे समतल कराने की तैयारी हुई, लेकिन बात नहीं बनी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**धार.** भोजशाला विवाद में सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बाद शुक्रवार को पूरे दिन प्रशासन, दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों के बीच बैठकों का दौर चलता रहा। प्रशासन ने जुमे की नमाज के लिए भोजशाला परिसर से करीब एक किलोमीटर दूर मालीवाड़ा क्षेत्र स्थित 40 पीर दरगाह के पास शासकीय भूमि चिन्हित कर उसे समतल कराने और बैरिकेडिंग की तैयारी शुरू कराई। हालांकि, मुस्लिम पक्ष ने इस व्यवस्था पर असहमति जताते हुए कहा कि कमाल मौला मस्जिद के अलावा किसी अन्य स्थान पर नमाज स्वीकार नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की भावना के अनुरूप नमाज के लिए कमाल मौला मस्जिद के निकट ही स्थान उपलब्ध कराया जाना चाहिए था। प्रशासन के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। इस बीच, भोजशाला परिसर में परंपरा के अनुसार मां वाग्देवी की पूजा-अर्चना और दर्शन जारी रहे, जबकि जुमे की नमाज नहीं हो सकी। संवेदनशील स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पूरे शहर में हाई अलर्ट घोषित कर 300 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की तथा ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी।

### पत्रिका पोल

**Q क्या हाइड्रोजन ट्रेन से छोटे मार्गों पर रेलवे की तस्वीर बदलेगी?**

क्यूआर कोड स्कैन करें...

**कल का सवाल था**
क्या मणिपुर में शांति के लिए केंद्र-राज्य सरकार नई रणनीति पर काम कर रही है?

जवाब
69% हां 31% नहीं

**प. बंगाल:** चार छात्राओं समेत पांच की मौत, मुर्शिदाबाद के पास हादसा

# नशे में था गेटमैन, एक्सप्रेस गुजरते ही फाटक खोला दूसरी ओर से आई ट्रेन ने स्कूल वैन को मारी टक्कर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुर्शिदाबाद.** मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार सुबह कर्णसुबर्ण स्टेशन के नजदीक रेलवे लेवल क्रॉसिंग पार करते समय स्कूल वैन ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में वैन में सवार चार छात्राओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक साइकिल सवार भी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हावड़ा जाने वाली नवद्वीप धाम एक्सप्रेस के गुजरने के तत्काल बाद नशे में धुत गेटमैन ने फाटक खोल दिया गया, जबकि उसी लाइन पर दूसरी दिशा से निमटिटा-कटवा लोकल ट्रेन आने वाली थी। फाटक खुला देखकर स्कूल वैन चालक बच्चों को लेकर पटरी पार करने लगा। इसी दौरान लोकल ट्रेन आने से यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। गोबिंदपुर गांव के तीन विद्यार्थियों और 50 वर्षीय साइकिल सवार जमशेद शेख की मौके पर ही मौत हो गई। एक घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) शिवराम माझी ने बताया कि ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में पुलिस ने गेटमैन अनूप कर्मकार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पहले भी लोग उसकी शिकायत कर चुके हैं।



कर्णसुबर्ण स्टेशन के पास ट्रेन की टक्कर के बाद चकनाचूर स्कूल वैन।

### अनुराग दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर



**नई दिल्ली@ पत्रिका.** केंद्र सरकार ने दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोल्चा को हटाकर उनकी जगह 1994 बैच के यूटी कैडर के आइपीएस अधिकारी अनुराग कुमार को नया आयुक्त नियुक्त किया है। सूत्रो के अनुसार गृह मंत्रालय कई मामलों को लेकर गोल्चा से असंतुष्ट था। इसमें जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन और सोनम वांगचुक के अनशन से निपटने का मामला शामिल है। अनुराग इससे पहले इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में विशेष निदेशक थे।

### पहले निजी रॉकेट का प्रक्षेपण आज

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** देश पहला स्वदेशी निर्मित ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 शनिवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा। इसे निजी एयरोस्पेस कंपनी स्काईरूट ने विकसित किया है। विक्रम-1 का नाम देश के महान अंतरिक्ष वैज्ञानिक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। यह 350 किलो तक वजन वाले छोटे सैटेलाइट को लो अर्थ ऑर्बिट तक ले जा सकेगा।

### इंडिगो विमान में बम की झूठी धमकी

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी वाला नोट मिलने से केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने विमान खाली कराकर सघन जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**जंतर मंतर:** 20 जुलाई को सफल शांति मार्च के बाद अनशन तोड़ने के संकेत

# वांगचुक बोले-चैन की नींद सो पाऊंगा

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** कॉकरोच जनता पार्टी के जंतर-मंतर पर आंदोलन में अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है। डॉक्टरों ने आने वाले दिनों में उनके ऑर्गन फेल्योर की चेतावनी दी है। इस बीच वांगचुक ने लोगों के मैसेजों के चलते अनशन तोड़ने को लेकर संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि 20 जुलाई को शांति मार्च सफल रहता है, तो वे चैन की नींद सो पाएंगे व अनशन तोड़ पाएंगे। उन्होंने लोगों से शांति मार्च के लिए आने की अपील की है। वहीं कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा वांगचुक से मिलने पहुंचे।



सोनम वांगचुक@जंतर मंतर

***9 किलो कम हुआ वजन:*** वांगचुक के 20 दिन के अनशन के बाद वजन में 9 किलो से ज्यादा की कमी आई है। उनकी मांसपेशियां गलने लगी है। वांगचुक ने कहा कि मैं अनशन तोड़ भी दूं तो क्या बदलेगा? सरकार मानेगी कि जवाबदेही की जरूरत नहीं और लोग अपने आप चले जाते हैं।

**छत्तीसगढ़:** विस्तारा एयरलाइंस पर एक्शन

# जज को विमान में चढ़ने से रोका था, देना होगा एक लाख जुर्माना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर.** परिवार के साथ छुट्टी मनाकर कश्मीर से लौट रहे छत्तीसगढ़ के एक जज को विस्तारा एयरलाइन ने दिल्ली हवाई अड्डे पर टिकट होने के बाद भी कनेक्टिंग फ्लाइट पर चढ़ने से रोक दिया, जबकि परिवार के बाकी सदस्य रायपुर रवाना हो गए। कंपनी ने इसकी वजह ओवरबुकिंग बताई। इससे नाराज जज ने छत्तीसगढ़ में उपभोक्ता फोरम में शिकायत की। अब फोरम ने विस्तारा को सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी ठहराया है। फोरम ने एयरलाइन को मानसिक, शारीरिक और वित्तीय कठिनाई के लिए मुआवजे के रूप में एक लाख रुपए जुर्माना और मुकदमे की लागत के लिए 10 हजार रुपए का भुगतान करने के आदेश दिए हैं। मामला मई 2023 का है। जज जब आइजीआइ एयरपोर्ट पर चेक-इन काउंटर पर पहुंचे तो आखिरी घंटे में सिर्फ तीन ही बोर्डिंग पास जारी किए। शिकायतकर्ता को अगले दिन रायपुर जाना पड़ा था।

**पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहले 10-20 रुपए के नोट**

# देश में जल्द आएंगे प्लास्टिक नोट, रिजर्व बैंक ने जारी किया ग्लोबल टेंडर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** देश में जल्द ही कागज के बजाय प्लास्टिक के नोट चलन में आने वाले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) देश के करेंसी सिस्टम में बड़ा बदलाव करते हुए इसकी तैयारी कर रहा है। आरबीआइ की नोट मुद्रण शाखा ने पॉलीमर सबस्ट्रेट शीट्स (प्लास्टिक नोट बनाने वाले बेस मटीरियल) के लिए शुक्रवार को ग्लोबल टेंडर जारी किया है। निविदादाताओं से 18 अगस्त तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार शुरुआत में 10 और 20 रुपए के पॉलीमर (प्लास्टिक) बैंक नोटों का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। उसकी सफलता का आंकलन कर बाद में अन्य बड़े नोट जारी किए जाएंगे। यह काम तेजी से होगा और माना जा रहा है कि प्लास्टिक नोटों का पूरी तरह चलन अगले साल से हो सकता है।

### ये होगा फायदा

- **नए** एडवांस सुरक्षा फीचर्स शामिल होंगे, नकली नोटों पर लगाम
- **पेपर** करेंसी के मुकाबले साफ, ज्यादा उम्र, जल्दी फटेंगे नहीं
- **लंबे** समय में लागत कम आएगी
- **पानी** में भी खराब नहीं

### चलते रहेंगे कागजी नोट

**सूत्रों** ने बताया आरबीआइ प्लास्टिक नोट जारी करने के बाद चरणबद्ध रूप से कागज के नोटों को चलन से वापस लेता रहेगा। कागज के जो नोट चलन में रहेंगे वह बंद नहीं होंगे यानी वैध (लीगल टेंडर) बने रहेंगे।

***60 देशों में चलते हैं प्लास्टिक के नोट:*** ऑस्ट्रेलिया से शुरुआत के बाद दुनिया के करीब 60 देशों में प्लास्टिक नोट चलन में हैं। इनमें कनाडा, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, मलेशिया, थाईलैंड, रोमानिया और ब्रुनेई जैसे देश शामिल हैं।

**सुनवाई:** सरकारी योजनाओं से वंचित करने का मामला

# वोटर लिस्ट से नाम हटने पर खत्म नहीं होती नागरिकता: सुप्रीम कोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एसआइआर के तहत वोटर लिस्ट से नाम हटाने का मतलब नागरिकता खत्म नहीं होना नहीं है। नागरिकता अपने आप खत्म नहीं हो जाती। इसके लिए अलग प्रक्रिया है।

सीजेआइ सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने पश्चिम बंगाल में एसआइआर से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि नागरिकता तय करना चुनाव आयोग का अधिकार नहीं है। आयोग का अधिकार केवल वोटर लिस्ट के नियंत्रण और पर्यवेक्षण तक ही सीमित है। पीठ ने कहा कि कोई ट्रिब्यूनल किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न करने का फैसला देता है, तो आयोग को नागरिकता निर्धारण के लिए मामला मंत्रालय को भेजना होगा।

### याचिका मंजूर, 25 अगस्त को सुनवाई

**हालांकि** पीठ ने याचिका पर सुनवाई की सहमति दे दी है। इसमें आरोप लगाया कि मतदाता सूची से नाम हटाए लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अन्नपूर्णा योजना और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा रहा है। अगली सुनवाई 25 अगस्त को होगी।

**विश्व एआइ सहयोग संगठन** | जिनपिंग बोले- एआइ किसी एक देश का नहीं

# एआइ की जंग में यूएस को चीन की टक्कर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शंघाई.** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शनिवार को शंघाई में आयोजित वर्ल्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कॉन्फ्रेंस में एआइ को लेकर चीन की नई वैश्विक रणनीति पेश की। इसे अमरीका के प्रभुत्व को टक्कर माना जा रहा है। जिनपिंग ने कहा कि एआइ कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे पूरी दुनिया के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन ओपन-सोर्स एआइ को वैश्विक सार्वजनिक संपत्ति के रूप में देखता है। एआइ तय करेगा कि वैश्विक एआइ तंत्र किसके नेतृत्व में विकसित होगा।



एआइ की अभूतपूर्व गति से प्रगति को देखते हुए, हमें यह तय करना होगा कि इसका विकास सकारात्मक हो और मानवता के हित में हो।
- शी जिनपिंग

### चीन का नया एआइ संगठन?

**चीन** ने विश्व एआइ सहयोग संगठन बनाने की घोषणा की, जिसके 29 संस्थापक सदस्य हैं। इनमें कजाकिस्तान, लाओस, पाकिस्तान, रूस और इंडोनेशिया शामिल हैं। यह संगठन ऐसा मंच तैयार करेगा जहां एआइ से जुड़ी जरूरतों और तकनीकों को जोड़ने का काम होगा। ओपन-सोर्स नेटवर्क विकसित किए जाएंगे, ताकि लाभ सभी को मिले।

### नया एआइ मॉडल भी पेश किया

**एआइ** के क्षेत्र में अब भी अमरीका की ओपनएआइ और एंथ्रोपिक जैसी कंपनियों का दबदबा माना जाता है। अब चीन के कम लागत वाले और ओपन-सोर्स एआइ मॉडल जैसे-डीपसीक मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस में चीन के स्टार्टअप मूनशॉट एआइ ने अपना नया एआइ मॉडल किमी के3 पेश किया। कंपनी का दावा है कि टेस्ट में इसने क्लॉड ओपस 4.8 और जीपीटी 5.5 जैसे अन्य मॉडलों से बेहतर प्रदर्शन किया।

### चीन बढ़ा रहा दबदबा

**जेनरेटिव** एआइ से जुड़े पेटेंट दाखिल करने के मामले में चीन दुनिया में सबसे आगे है। 2024 से 2025 के बीच चीन में इस क्षेत्र से जुड़े 43,000 से अधिक पेटेंट आवेदन दाखिल किए गए, जो अन्य देशों से ज्यादा हैं।

विश्व कप में पहली बार... अमरीकी खेलों की मशहूर परंपरा से प्रेरित है यह

# विजेता को मिलेगी चैंपियनशिप रिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मियामी.** फीफा विश्व कप 2026 के विजेता खिलाड़ियों को इस बार एक खास सम्मान मिलेगा। विश्व कप के इतिहास में पहली बार चैंपियन बनने वाली टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ को ट्रॉफी और गोल्ड मेडल के साथ-साथ चैंपियनशिप रिंग भी दी जाएगी। फीफा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। फीफा के अनुसार, यह रिंग अमरीकी खेलों की मशहूर परंपरा से प्रेरित है और पहली बार फुटबॉल विश्व कप का हिस्सा बनेगी। इसका मकसद खिलाड़ियों को उनकी ऐतिहासिक जीत की एक खास याद देना है।



**30** रिंग कस्टमाइज की जाएगी, विजेता टीम के खिलाड़ियों के हिसाब से

**1996** रिंग प्रशंसकों के लिए बिक्री हेतु उपलब्ध होंगी

## खिलाड़ियों के हिसाब से होगी कस्टमाइज

**फाइनल** मैच खत्म होने के तुरंत बाद विजेता टीम के कप्तान और हेड कोच को अस्थायी रिंग दी जाएगी। इसके बाद पूरी विजेता टीम के लिए 30 रिंग तैयार की जाएंगी। हर रिंग को खिलाड़ियों के अनुसार कस्टमाइज किया जाएगा और बाद में आधिकारिक रूप से उन्हें सौंपा जाएगा। इस रिंग का कुल 2,026 पीस का लिमिटेड एडिशन बनाया जाएगा। रिंग के एक तरफ विश्व कप ट्रॉफी बनी होगी, वहीं दूसरी तरफ विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी का जर्सी नंबर होगा। इसके असली होने का प्रमाण पत्र भी साथ दिया जाएगा।

# पेले की विश्व कप फाइनल की जर्सी 47 करोड़ में बिकी

**न्यूयॉर्क @ पत्रिका.** ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी पेले ने 1958 के विश्व कप फाइनल में जो 10 नंबर की जर्सी पहनी थी, वह नीलामी में 49 लाख डॉलर (लगभग 47 करोड़ 21 लाख रुपये) में बिकी है। नीलामीकर्ता सोथबीज ने यह जानकारी दी। पेले उस समय 17 वर्ष के थे जब उन्होंने रासुंडा स्टेडियम में मेजबान स्वीडन पर ब्राजील की 5-2 की जीत में दो गोल किए थे। विश्व कप फाइनल में सबसे कम उम्र में गोल करने का रेकॉर्ड अब भी पेले के नाम पर दर्ज है। ब्राजील के स्टार खिलाड़ी द्वारा पहनी गई जर्सी अब तक बेची गई दूसरी सबसे महंगी फुटबॉल जर्सी है।




डिएगो माराडोना की 1986 के विश्व कप क्वार्टरफाइनल में पहनी गई ***जर्सी 2022 में 93 लाख डॉलर में बिकी थी।***

जंगल में लगी आग बनी मुसीबत

# स्पेनिश टीम के खिलाड़ियों को धुएं के गुबार के बीच करना पड़ा अभ्यास

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**न्यू जर्सी.** कनाडा के जंगलों में लगी आग के कारण यहां धुएं का गुबार बन गया है जिसने सूरज को ढक दिया है लेकिन इसके बावजूद स्पेन के खिलाड़ियों ने रविवार को होने वाले विश्व का फाइनल से पहले गुरुवार को यहां खुले में अभ्यास किया। इस धुएं के कारण हवा खराब हो गई हैं और परिस्थितियां खतरनाक बनी हुई हैं। अर्जेंटीना की टीम इंग्लैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के 24 घंटे बाद भी अभ्यास करने के लिए अटलांटा में ही रुकी रही जहां धुएं का प्रभाव नहीं है। धुएं को देखते हुए स्थानीय लोगों से घर के अंदर रहने या मास्क पहनने के लिए कहा गया है।



**यमाल,** खिलाड़ी, स्पेन।

## अर्जेंटीना के राष्ट्रपति नहीं जाएंगे फाइनल मुकाबला देखने

**ब्यूनस आयर्स @ पत्रिका.** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने गुरुवार को कहा कि वह विश्व कप फाइनल देखने के लिए न्यू जर्सी नहीं जाएंगे और उनकी टीम का रविवार को स्पेन के खिलाफ होने वाला खिताबी मुकाबला घर में बैठकर ही देखेंगे। मिलेई ने कहा, इन मैच के दौरान मैंने एक खास जैकेट पहनी थी और फाइनल में भी उसे पहनूंगा।

फीफा विश्व कप 2026 : रविवार को दोनों टीमों के बीच अमरीका के न्यूजर्सी में खेला जाएगा खिताबी मुकाबला

# मेसी के लिए स्पेन बिछाएगा विशेष 'जाल'

द फाइनल शो...
**अर्जेंटीना Vs स्पेन**
मेटलाइफ स्टेडियम

**न्यूयॉर्क @ पत्रिका.** स्पेन ने फीफा फुटबॉल विश्व कप 2026 में सभी को चौंकाते हुए 16 साल बाद फाइनल में जगह बनाई। अब खिताब के लिए रविवार को उसका सामना मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा, जो इस विश्व कप में लगातार सात मैच जीतकर अजेय है। अर्जेंटीना की सफलता में सबसे बड़ा योगदान टीम के कप्तान और लियोनल मेसी का है, जो अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक आठ गोल कर चुके हैं। स्पेन की टीम जानती है कि यदि उन्हें दूसरी बार विश्व कप जीतने का सपना पूरा कर इतिहास रचना है तो हर हाल में मेसी को रोकना होगा। ऐसे में स्पेनिश टीम अभी से रणनीति बनाने में जुट गई है।



एक मैच के दौरान अर्जेंटीना के लियोनल मेसी।

## जब इन कोचों ने मेसी की रफ्तार रोकी...

### रणनीति : सेंटर से मेसी को बाहर रखो

कोच: **जोस मोरिन्हो,** टीम: **इंटर मिलान,** साल: **2010**, टूर्नामेंट: यूएफा चैंपियंस लीग, **फाइनल**

**ये एक प्रसिद्ध** टैक्टिकल सिद्धांत है, जिसे विशेष रूप से कोच मोरिन्हो ने मेसी के खिलाफ अपनाया। इसका मतलब मेसी को मैदान के सबसे खतरनाक हिस्से (सेंटर) से दूर रखना है।

1 जावियर जानेट्टी और कांबियासो ***लगातार मेसी के पास की जगह बंद करते थे।***

2 मेसी जब दाएं तरफ से अंदर आते थे, ***तो 2-3 खिलाड़ी उन्हें घेर लेते थे।***

3 सैमुअल (जो स्ट्राइकर थे) को भी ***फुल-बैक की तरह ट्रैक बैक करने का आदेश दिया गया।***



**परिणाम:** बार्सिलोना के लिए खेल रहे मेसी प्रभाव नहीं डाल पाए। इंटर फाइनल में पहुंचा और चैंपियन बना।

### रणनीति : लो ब्लॉक संग जबावी आक्रमण

कोच: **रॉबर्टो,** टीम: **चेल्सी,** साल: **2012**, टूर्नामेंट: यूसीएल **अंतिम-4**

**लो ब्लॉक** का मतलब है, टीम अपनी रक्षापंक्ति को अपने ही पेनल्टी बॉक्स के पास रखती है। मेसी सबसे ज्यादा खतरनाक तब होते हैं जब उन्हें बॉक्स के बाहर या मिडफील्ड और डिफेंस के बीच जगह मिलती है। लो ब्लॉक उस जगह को बंद कर देता है।



1 जॉन टेरी, गैरी काहिल और एशली कोल ने ***बॉक्स के सामने दीवार बना दी।***

2 मेसी को बीच में जगह नहीं मिली, इसलिए ***उन्हें बार-बार गेंद पीछे लेनी पड़ी। वह गोल नहीं कर सके।***

3 काउंटर-अटैक के लिए रामीरेस और ***ड्रोग्बा को तैयार रखा गया।***

**परिणाम:** दबाव में मेसी ने पेनल्टी पर गोल करने का मौका गंवा दिया और चेल्सी ने कुल स्कोर 3-2 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

### जो कोच मेसी को रोकने में सफल रहे, उनसे सीख रहे स्पेनिश कोच फुएंते

**स्पेन** टीम के मुख्य कोच लुइस डी ला फुएंते विशेषज्ञों के साथ अर्जेंटीना टीम के खिलाफ रणनीति बनाने में जुटे हैं, लेकिन उनका सबसे ज्यादा फोकस मेसी पर है। ***फुएंते उन कोचों से भी सीख लेने की कोशिश कर रहे हैं, जो पूर्व में खेले गए कई बड़े मैचों में मेसी को रोकने में सफल रहे हैं।***



**पूर्व** में मोरिन्हो, रॉबर्टो डी माटेओ, डिएगो सिमियोने और वान गाल जैसे दिग्गज बड़े मुकाबलों में मेसी को रोकने में सफल हो चुके हैं। फुएंटे इन मैचों के वीडियो देख विशेषज्ञों की टीम संग मेसी को रोकने की रणनीति बना रहे हैं।

**हालांकि** इस विश्व कप में स्पेन का डिफेंस काफी मजबूत रहा है और सात मैचों में उसके खिलाफ सिर्फ एक गोल हो सका है। लेकिन कोच फुएंते जानते हैं कि मेसी किसी भी डिफेंस को भेदने में माहिर हैं। इस कारण स्पेनिश टीम फाइनल के लिए अपनी तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती।

### रणनीति : कॉम्पैक्ट 4-4-2

कोच: **डिएगो सिमियोने,** टीम: **एटलेटिको मैड्रिड,** साल: **2014,** टूर्नामेंट: यूसीएल, **अंतिम-8 मैच**

**ये** एक रक्षात्मक शैली है, जिसमें टीम चार डिफेंडर, चार मिडफील्डर और दो स्ट्राइकर संग खेलती है। सभी खिलाड़ी एक-दूसरे के करीब रहते हैं। विरोधी टीम को बीच से खेलने के लिए जगह नहीं दी जाती।



1 सिमियानो ने अपने ***सभी खिलाड़ियों को बेहद करीब रखा।***

2 गाबी और टियागो ***लगातार मेसी की ओर शिफ्ट करते थे।***

3 जैसे ही मेसी गेंद लेते, ***पीछे से एक और खिलाड़ी दबाव डालता।***

**परिणाम:** मेसी की टीम बार्सिलोना मैच में सिर्फ एक गोल कर सकी और एटलेटिको ने 2-1 से जीत हासिल कर ली।

### रणनीति : 5-3-2 से मेसी को फंसाना



कोच: **लुई वान गाल,** टीम: **नीदरलैंड्स,** साल: **2014,** टूर्नामेंट: **विश्व कप सेमीफाइनल**

**इस रणनीति** को अंग्रेजी में डिफेंसिव ट्रैप या प्रेसिंग ट्रैप कहा जाता है। मेसी को ऐसी जगह गेंद लेने को मजबूर किया, जहां पहले से कई डिफेंडर और मिडफील्डर उनका इंतजार कर रहे थे। मेसी गोल नहीं कर सके।

1 कोच वान गाल ने मेसी को रोकने के लिए तीन ***सेंटर-बैक और दो विंग-बैक लगाए।***

2 मेसी को जैसे ही मिडफील्ड और ***डिफेंस के बीच गेंद मिलती, पूरा ब्लॉक उनकी ओर खिसक जाता।***

3 डच टीम ने ***मेसी को ड्रिब्लिंग के लिए खुली जगह नहीं दी।***

**परिणाम:** मेसी पूरे मैच में सिर्फ एक बड़ा मौका ही बना पाए और मैच 0-0 से ड्रॉ रहा। हालांकि अर्जेंटीना की टीम को पेनल्टी पर जीत हासिल हुई।

तीसरे स्थान के लिए इंग्लैंड और फ्रांस में टक्कर

# रियाल मैड्रिड के दो स्टार एम्बापे और बेलिंघम आज होंगे आमने-सामने



**एम्बापे,** कप्तान फ्रांस | **हैरी केन,** कप्तान इंग्लैंड




## प्रसारण: आज देर रात 2.30 बजे से

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मियामी.** फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में हार झेलने वाली यूरोप की दो दिग्गज टीमें फ्रांस और इंग्लैंड अब तीसरे स्थान के लिए आमने-सामने होंगी। मियामी स्टेडियम में होने वाला यह मैच दोनों टीमों के लिए केवल तीसरे स्थान पर आने और कांस्य पदक जीतने का नहीं होगा, बल्कि टूर्नामेंट का समापन सम्मानजनक तरीके से करने का भी मौका होगा। फ्रांस को सेमीफाइनल में स्पेन ने 2-0 से हराया था, जबकि इंग्लैंड को अर्जेंटीना ने 2-1 से हराया। अब दोनों टीमें तीसरे स्थान के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगी। यह मुकाबला इसलिए भी रोचक होगा क्योंकि इसमें स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के दो स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बापे और जूड बेलिंघम एक-दूसरे के खिलाफ उतरेंगे।

## गोल्डन बूट की होड़ में

**यह मुकाबला** व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिहाज से भी बेहद अहम है। फ्रांस के कप्तान एम्बापे के पास गोल्डन बूट जीतने का अंतिम अवसर होगा। टूर्नामेंट में आठ गोल कर चुके एम्बापे अगर इस मैच में गोल करते हैं तो वह लियोनल मेसी को पीछे छोड़ सकते हैं। दूसरी ओर इंग्लैंड के हैरी केन और जूड बेलिंगम भी छह-छह गोल के साथ गोल्डन बूट की दौड़ में बने हुए हैं। इस मैच में इन तीनों के पास मौका होगा।

***फ्रांस चौथी बार खेलेगा तीसरे स्थान के लिए:*** फ्रांसीसी टीम चौथी बार विश्व कप में तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलने उतरेगी। उसने 1958 में पश्चिम जर्मनी और 1986 में बेल्जियम को हराकर कांस्य पदक जीता था, जबकि 1982 में पोलैंड से हार गया था। दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम तीसरी बार कांस्य पदक के लिए खेलेगा। इससे पहले उसे 1990 में इटली और 2018 में बेल्जियम के खिलाफ हार मिली थी।

## आज का पोल

**क्या संग्राम सिंह एमएमए फाइट में पाक फाइटर आबिद को हरा पाएंगे?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

शुक्रवार का जवाब

हां **80%** नहीं **20%**

***पिछला सवाल:*** क्या लियोनल मेसी इस विश्व कप में गोल्डन बूट जीत पाएंगे?

कुश्ती : विशाल और रूहल का कांस्य पर कब्जा

# हंसिका ने जीता रजत पदक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बुडापेस्ट.** पूर्व अंडर-23 विश्व चैंपियन पहलवान हंसिका लांबा ने पॉलीक इमरे, वर्गा जानोस और कोजमा इस्तवान मेमोरियल सीनियर रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट 2026 में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया। हंसिका ने जर्मनी की अनास्तासिया ब्लायवास से 2-7 से पिछड़ने के बाद 10-7 से जीत हासिल की। हालांकि स्वर्ण पदक मुकाबले में हंसिका को नतालिया क्लिवचुटस्का से 0-5 से हार झेलनी पड़ी। इस बीच 65 किग्रा वर्ग में विशाल कालीरमन और 125 किग्रा हैवीवेट वर्ग में रजत रूहल ने भारत को कांस्य पदक दिलाया।



भारतीय पहलवान हंसिका लांबा।

**अब तक पांच पदक जीते:** इसके साथ ही भारत के खाते में पांच पदक आ गए हैं। अमन सहरावत ने पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक और दीपक ने 61 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता है।

श्रद्धांजलि वेस्टइंडीज के 89 वर्षीय महान ऑलराउंडर ने ली अंतिम सांस

# एक युग का अंत...सर गैरी सोबर्स, जिन्हें डॉन ब्रेडमैन 'फाइव इन वन' क्रिकेटर बुलाते थे

**बारबाडोस @ पत्रिका.** क्रिकेट इतिहास में कई ऑलराउंडर आए, लेकिन जो मुकाम सर गैरी सोबर्स को मिला, वो शायद ही किसी को नसीब हुआ हो। 89 वर्षीय सोबर्स ने शुक्रवार को अपने निवास पर आखिरी सांस ली। इसके साथ ही एक महान युग का भी अंत हो गया। ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रेडमैन की नजर में सोबर्स फाइव इन वन क्रिकेटर थे। ऐसा इसलिए था, क्योंकि सोबर्स शानदार बल्लेबाज और फील्डर के साथ बाएं हाथ से तेज गेंदबाजी, धीमी गेंदबाजी और कलाई से स्पिन कराने की महारत भी रखते थे।



**जन्म:** 28 जुलाई 1936
**मृत्यु:** 17 जुलाई 2026

## 68 साल से उनका नायाब रेकॉर्ड कायम

**सोबर्स** के नाम एक ऐसा रेकॉर्ड है, जो 68 साल से कायम है। सोबर्स टेस्ट इतिहास में तिहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज है। उन्होंने ये रेकॉर्ड 1958 में किंग्सटन मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ 21 साल व 213 दिन की उम्र में बनाया था और 365 रन की पारी खेली थी।

**एक ही तारीख पर डेब्यू और संन्यास** सोबर्स ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण 30 मार्च 1954 में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ किया था। उन्होंने अपना अंतिम टेस्ट मैच भी 30 मार्च को ही इंग्लैंड के खिलाफ 1974 में खेला।

जापान ओपन : इस सीजन तीसरी बार अंतिम-4 में

# ओकुहारा ने दिया वॉकओवर, पीवी सिंधू सेमीफाइनल में पहुंची

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**टोक्यो.** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करीब तीन साल में पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची हं। शुक्रवार को जापान ओपन के महिला एकल क्वार्टरफाइनल से पहले नोजोमी ओकुहारा ने नाम वापिस ले लिया। इस सत्र में वह मलेशिया ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंची थीं। वैसे 16 साल बाद कोई भारतीय महिला एकल खिलाड़ी जापान ओपन के अंतिम-4 में पहुंची है। इससे पहले साइना नेहवाल ने यह उपलिब्ध हासिल की थी।



पीवी सिंधू, भारतीय खिलाड़ी।

**चेन युफेई से सामना:** सिंधू का सामना ओलंपिक चैंपियन चेन युफेइ से होगा जिन्होंने द.कोरिया की सिम यू जिन को 21-10, 21-12 से मात दी। चीन की युफेइ का सिंधू के खिलाफ 8-6 का रेकॉर्ड है।

डोपिंग पर सख्ती

# पाक स्पिनर को मिली सजा, तीन महीने के रेकॉर्ड मिटाए जाएंगे



**दुबई @ पत्रिका.** आइसीसी ने पाकिस्तान के स्पिनर मोहम्मद नवाज को डोप मामले में दोषी पाया है। इसके तहत, आइसीसी ने 07 फरवरी 2026 को नीदरलैंड्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले और उसके बाद 01 मई 2026 तक खेले गए सभी मैचों से मोहम्मद नवाज के व्यक्तिगत रेकॉर्ड और परिणामों को अमान्य घोषित कर दिया है। ये फैसला आइसीसी की एंटी डोपिंग नीति के कारण लिया गया है। 32 वर्षीय नवाज का डोप टेस्ट 07 फरवरी 2026 को श्रीलंका के कोलंबो में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेले गए आइसीसी टी-20 विश्व कप के बाद लिया गया था। उनके ऊपर तीन महीने का निलंबन भी लगाया गया था।

मिशन विश्व कप 2027 // दिग्गज सलामी बल्लेबाज योजनाओं में फिट नहीं, 19 जुलाई को खेल सकते हैं आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच

# विराट को हां, रोहित को ना...चयनकर्ताओं का आखिरी फैसला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को खेले गए दूसरे वनडे मैच के दौरान अचानक खबर आई कि दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा 19 जुलाई को लॉर्ड्स पर अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए उतरेंगे। ये खबर सभी के लिए चौंकाने वाली थी, क्योंकि रोहित 2027 वनडे विश्व कप खेलने की कोशिश में जुटे थे। रिपोर्ट के तहत, अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली बीसीसीआइ की सीनियर चयन समिति ने रोहित को कह दिया है कि वे अब 2027 वनडे विश्व कप के लिए उनकी योजनाओं में शामिल नही हैं। वहीं, विराट कोहली के खेलने पर सभी चयनकर्ता एकमत सहमत थे, क्योंकि वे फिट भी हैं और फॉर्म में भी हैं। इस तरह विराट कोहली के नाम पर मोहर लग गई।

## इस तरह एकमत हुए अगरकर और गंभीर

**रोहित** को वनडे विश्व कप से बाहर बैठाने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर के एकमत होने के बाद लिया गया। रिपोर्ट के तहत, इंग्लैंड सीरीज से पहले ही गंभीर और अगरकर ने रोहित को बाहर करने का फैसला ले लिया था। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में रोहित रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। इस कारण अगरकर के लिए रोहित को बाहर करने का फैसला और आसान हो गया। पिछले दो मैचों में रोहित सिर्फ 37 रन ही बना सके हैं।



## फैसला रोहित शर्मा पर छोड़ा...

**चयनकर्ताओं** और गंभीर ने रोहित शर्मा से हाल ही में बात की और उन्हें बताया कि वे उनकी विश्व कप 2027 की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। हालांकि रोहित ने कहा कि वे विश्व कप खेलना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने फिटनेस पर भी काम किया है लेकिन चयनकर्ताओं ने साफ कर दिया कि वे इंग्लैंड दौरे के बाद अब किसी युवा खिलाड़ी को मौका देना चाहते हैं। ऐसे में रोहित से कहा गया कि या तो वह खुद ही संन्यास ले लें, या उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाएगा।

## बढ़ती उम्र और खराब फॉर्म बनी वजह

1 रोहित अगले विश्व कप तक 40 साल के हो जाएंगे। वे भले ही अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं और पहले से काफी फिट भी हुए हैं, लेकिन ***बढ़ती उम्र का असर उनकी बल्लेबाजी पर साफ दिख रहा है। उनका फुटवर्क कमजोर हुआ है और वे लंबी पारी नहीं खेल पा रहे हैं।***

2 रोहित काफी समयसे उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन भी नहीं कर पा रहे हैं। पिछली नौ पारियों (वनडे व आइपीएल) में वे सिर्फ एक अर्धशतक लगा सके हैं। ***वहीं, इस साल खेले गए आठ वनडे मुकाबलों में एक अर्धशतक के साथ सिर्फ 241 रन ही बना सके हैं।***

## यशस्वी बने चयनकर्ताओं की पहली पसंद

**युवा** ओपनर यशस्वी जायसवाल चयनकर्ताओं और कोच गंभीर की पहली पसंद हैं। जायसवाल ने अब तक सिर्फ छह वनडे मैच खेले हैं और दो शतकों के साथ 285 रन बनाए हैं। उनका औसत 71.25 का है। चयनकर्ताओं का मानना है कि वनडे विश्व कप शुरू होने में अभी करीब 15 महीने का समय है। ऐसे में यशस्वी को ज्यादा से ज्यादा मौके देने चाहिए। यशस्वी यदि गिल के साथ ओपनिंग करेंगे तो दाएं-बाएं हाथ के बल्लेबाजों का कंबिनेशन भी बनेगा।



एमएमए फाइट

# संग्राम सिंह का सामना पाक के आबिद संग



**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारत के मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) फाइटर संग्राम सिंह रविवार को अपने कॅरियर का सबसे बड़ा मुकाबला खेलने के लिए उतरेंगे और पाकिस्तान के मोहम्मद आबिद अली से भिड़ेंगे। ये मुकाबला मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में होगा, जहां दोनों फाइटर प्रतिष्ठित स्ट्राइक एशिया चैंपियन टाइटल के लिए आमने-सामने होंगे। 40 वर्षीय संग्राम सिंह ने पेशेवर रेसलिंग में अपनी पहचान बनाने के बाद मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में सफलतापूर्वक कदम रखा है और अब वे एशियाई चैंपियन बनने से सिर्फ एक जीत दूर हैं।

*मेरा अनुभव बताता है कि एआइ के इस्तेमाल से स्मार्ट-मेहनती लोगों की प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी। युवाओं को इससे चिंतित होने की जरूरत नहीं है। उन्हें सिर्फ इस टेक्नोलॉजी को जानने-सीखने की जरूरत है।*
**एन. आर. नारायणमूर्ति** को-फाउंडर, इंफोसिस



# पत्रिका फाइनेंस
@बिजनेस & वेल्थ

| शेयर बाजार | | सोना | चांदी | रुपया |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | निफ्टी | स्टैंडर्ड (24K) | चांदी (999) | |
| 78,151 (+965) | 24,334 (+261) | ₹1,45,000 (प्रति 10 ग्राम) (-400) | ₹2,23,000 (प्रति किग्रा) (-2000) | ₹96.28 (प्रति 1 डॉलर) (+0.14) |

**नई म्यूचुएल फंड स्कीम** @पत्रिका इंफोग्राफिक्स

*जून तिमाही में एक भी सेक्टोरल फंड लॉन्च नहीं*

## निवेश घटा तो सेक्टोरल फंड्स से हुआ मोहभंग...

*मुंबई@पत्रिका. शेयर बाजार में अस्थिरता, सेक्टोरल-थीमैटिक फंड्स के निगेटिव रिटर्न और इनमें घटते निवेश के बीच म्यूचुअल फंड कंपनियों ने जून तिमाही 2026 में एक भी नया सेक्टोरल-थीमैटिक फंड (एनएफओ) लॉन्च नहीं किया। 5 साल में ऐसा पहली बार हुआ है। सभी श्रेणियों के एनएफओ की रफ्तार भी जून तिमाही में धीमी पड़ी, हालांकि जुलाई में नए फंड्स लॉन्चिंग ने रफ्तार पकड़ ली है।*






2026-27 की पहली तिमाही यानी अप्रेल-मई-जून में कोई सेक्टोरल-थीमैटिक एनएफओ नहीं आया, ***मार्च तिमाही 2021 के बाद पहली बार हुआ ऐसा***

### सेक्टोरल-थीमैटिक एनएफओ का सूखा

| माह | एनएफओ लॉन्च | जुटाई राशि |
|---|---|---|
| जनवरी | 02 | 423 |
| फरवरी | 06 | 3,560 |
| मार्च | 05 | 1400 |
| अप्रैल | 00 | 00 |
| मई | 00 | 00 |
| जून | 00 | 00 |
| जुलाई | 01 | - - |

### सेक्टोरल फंड्स में इस साल ऐसे घटा निवेश

| माह | निवेश राशि |
|---|---|
| जनवरी | 3211 |
| फरवरी | 2987 |
| मार्च | 2698 |
| अप्रेल | 1949 |
| मई | 647 |
| जून | 1669 |

*( एनएफओ लॉन्च और निवेश राशि करोड़ रुपए में)*

**आरबीआइ रिपोर्ट** छोटे पर्सनल लोन में फिनटेक कंपनियों की हिस्सेदारी करीब 57%, इनके ऊंचे ब्याज-वसूली के तरीके से लोग परेशान

# 50,000 रुपए तक के छोटे लोन के मोटे ब्याज में फंस रहे ग्राहक!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** छोटे पर्सनल लोन के बाजार पर मोबाइल ऐप और फिनटेक कंपनियों का कब्जा है। आरबीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2026 तक 50,000 रुपए से कम के कर्ज में फिनटेक कंपनियों की हिस्सेदारी बढ़कर 56.8% हो गई है। वहीं बैंकों की हिस्सेदारी काफी तेजी से घटी है। पिछले एक साल में 50 हजार से छोटे लोन के वितरण में 41.6% बढ़ोतरी हुई, जबकि 3 लाख रुपए तक के पर्सनल लोन की वृद्धि 20.1% रही। यानी छोटे लोन के बाजार में सबसे तेज विस्तार फिनटेक का हुआ है। बिना किसी गारंटी के केवल पैन और पहचान पत्रों के जरिए झटपट कर्ज बांटने के कारण फिनटेक कंपनियों की हिस्सेदारी में रेकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है।

### रिकवरी का तरीका बना चिंता की वजह

**फिनटेक** से कर्ज लेने वाले 50% से ज्यादा की उम्र 35 साल से कम है। आरबीआइ निर्देशों के बावजूद किस्त नहीं देने पर कुछ कंपनियां ग्राहकों को परेशान करती हैं और जानबूझकर उनका सिबिल स्कोर खराब करती हैं।




### लोन लेने से पहले इनकी जांच करें

1. ब्याज दर कितनी है, यह पहले समझें। प्रोसेसिंग फीस, जीएसटी और अन्य शुल्क भी देखें। ***शर्तें पढ़े बिना 'ओके' या 'एग्री' पर क्लिक न करें।***
2. किस्त समय पर नहीं भरने पर कितनी पेनल्टी लगेगी, यह जरूर पढ़ें। ***कंपनी आरबीआइ के साथ पंजीकृत है या नहीं, इसकी जांच करके ही लोन लें।***
3. इंस्टैंट लोन ऐप्स को कौन-कौन सी ***मोबाइल अनुमति (कॉन्टैक्ट, फोटो, लोकेशन आदि) देनी होगी, यह भी देखें।***

### महंगा पड़ रहा झटपट मिलने वाला लोन

**फिनटेक** कंपनियों की ओर से ऐप के जरिए झटपट बांटे जा रहे लोन लोगों की जेब पर भारी पड़ रहे हैं। ये कंपनियां बिना कुछ गिरवी रखे कुछ ही मिनटों में लोन दे देती हैं लेकिन इसके बदले वे 18% तक मोटा ब्याज वसूलती हैं। अगर ग्राहक समय पर किस्त नहीं चुकाता तो उस पर पेनल्टी लग जाती है और ब्याज 24% या उससे भी अधिक हो सकता है। जबकि बैंकों में पर्सनल लोन आमतौर पर 11-12% ब्याज पर मिल जाता है।

***कर्ज डूबने के मामले भी तेजी से बढ़े:*** फिनटेक कंपनियों के कर्ज डूबने के मामले भी तेजी बढ़े हैं। कर्ज न चुका पाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 6.4% पर पहुंच गई है, जबकि मार्च 2024 में 4.5% डिफॉल्टर्स थे। फिनटेक के कुल लोन पोर्टफोलियो में 70.5% हिस्सेदारी बिना किसी गारंटी वाले कर्जों की है। ऐसे में इनके डूबने की आशंका भी ज्यादा है।

***बैंक छोटे ऋण से बना रहे दूरी:*** छोटे लोन के बाजार से बैंक धीरे-धीरे पीछे हट रहे हैं। बैंक बिना गारंटी या सुरक्षा वाले कर्ज देने में अब पहले जितनी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। पिछले एक साल में 50,000 रुपए तक के छोटे लोन में बैंकों की हिस्सेदारी 30.8% घट गई। दूसरी ओर एनबीएफसी ने भी इस बाजार में हिस्सेदारी 17.5% बढ़ाई है।

**मार्केट** क्या एआइ बूम भी डॉट-कॉम बबल की तरह होगा खत्म? चिप स्टॉक्स का गिरना जारी

# लार्जकैप में 'वैल्यू बाइंग'... क्या ब्लूचिप शेयरों के पक्ष में बदला निवेशकों का रुख?

**12%** से ज्यादा चढ़ा निफ्टी आइटी इंडेक्स जुलाई में अब तक, 1.75% की तेजी ***निफ्टी आइटी में शुक्रवार को***

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** एआइ-सेमीकंडक्टर कंपनियों में रेकॉर्ड तेजी के बाद पिछले एक महीने से एआइ स्टॉक्स को लेकर निवेशकों का रुख बदल गया है और अब ऊंचे वैल्यूएशन और कमाई की चिंता का कारण इनमें जोरदार बिकवाली हो रही है। इससे दक्षिण कोरिया, ताइवान और अमरीका सहित तमाम शेयर बाजारों में तेज गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार को भी जापान-ताइवान-कोरिया व अमरीकी शेयर बाजार एआइ-टेक सेलऑफ के कारण धराशायी हो गए। अमरीका में दरें बढ़ने की आशंका से भी बाजार टूटा, पर भारतीय शेयर बाजार ने कंपनियों के शानदार तिमाही नतीजों, आइटी, ऑटो और बैंकिंग शेयरों के साथ रिलायंस में तगड़ी खरीदारी के दम पर दुनियाभर के कमजोर संकेतों को किनारे लगा दिया।

सेंसेक्स 965 अंक की छलांग लगाकर 78,151 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 1.09% की तेजी के साथ 24,334 पर रहा। बड़े शेयरों में तो तेजी रही, पर मिडकैप-स्मॉलकैप इंडेक्स लाल निशान में रहे। विशेषज्ञों का कहना है कि अब विदेशी निवेशक भारत लौट रहे हैं और लार्जकैप शेयरों पर दांव लगा रहे हैं, इससे इनके शेयर चढ़ रहे हैं। अब कई विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में बड़ी कंपनियों यानी लार्जकैप शेयरों का प्रदर्शन मिडकैप और स्मॉलकैप से बेहतर हो सकता है। इसकी सवजह इन शेयरों की अपेक्षाकृत कम वैल्यूएशन और विदेशी निवेशकों की वापसी की उम्मीद है। मार्च से जून के बीच विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से 28 अरब डॉलर निकाले। इससे लार्जकैप का प्रदर्शन कमजोर रहा।



### ट्रिपल सपोर्ट: आइटी, बैंकिंग, रिलायंस में तेजी से चढ़ा सेंसेक्स

#### बड़े शेयर चढ़े, छोटे शेयर फिसले

| इंडेक्स | प्रदर्शन |
|---|---|
| सेंसेक्स | ↑ 1.24% |
| निफ्टी 50 | ↑ 1.08% |
| निफ्टी बैंक | ↑ 1.63% |
| मिडकैप 150 | ↓ -0.40% |
| स्मॉलकैप 250 | ↓ -0.58% |
| निफ्टी माइक्रोकैप | ↓ -1.06% |

*(शुक्रवार को भारतीय बाजार का प्रदर्शन)*

**1.63%** चढ़ा निफ्टी बैंक इंडेक्स, प्राइवेट बैंक इंडेक्स में 2.12 की तेजी आई ***दिग्गज प्राइवेट बैंको के जून तिमाही नतीजों से पहले***

**04%** तक चढ़े टेक महिंद्रा, टीसीएस, इंफोसिस, ***एचसीएल और परसिस्टेंट जैसे आइटी शेयर***

**2.36%** चढ़ा रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर शुक्रवार को जून तिमाही नतीजों से पहले कंपनी के ***प्रमोटर्स की ओर से करीब 9000 करोड़ रुपए के शेयरों की खरीदारी से***

**965 अंक** चढ़कर 78,151 पर बंद हुआ ***सेंसेक्स, निफ्टी भी 261 अंक की तेजी के साथ 24,334 पर बंद***

**05 साल** के सबसे निचले स्तर पर म्यूचुअल फंड्स के पास कैश, इक्विटी फंड्स की कैश होल्डिंग्स घटकर कुल एसेट का सिर्फ 2.43%, भारतीय बाजार में मार्च 2026 के ***बड़े करेक्शन के बाद बाजार में तेजी आने के बाद घरेलू फंड्स ने मिड-स्मॉलकैप फर्म्स में जमकर किया निवेश***




(एआइ-सेमीकंडक्टर शेयरों में भारी गिरावट से गिरे अमरीकी और एशियाई बाजार, ***एआइ बबल फूटने के बावजूद भारतीय आइटी शेयर चढ़े)***

### अब क्यों बदल सकती है तस्वीर?

**ब्रोकरेज फर्म** बर्नस्टीन का कहना है कि विदेशी निवेशकों की वापसी होती है, तो सबसे पहले फायदा बड़ी कंपनियों के शेयरों को मिल सकता है। पिछले एक साल में घरेलू निवेशकों ने मिडकैप और स्मॉलकैप में काफी निवेश किया है। ऐसे में अब निवेश का बड़ा हिस्सा लार्जकैप की तरफ जा सकता है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों की वैल्यूएशन अब अपने लंबे समय के औसत से काफी ऊपर पहुंच गई है। मिडकैप का वैल्यूएशन फिलहाल 1.5 गुना है, जबकि इसका लंबी अवधि का औसत 1.31 गुना है। वहीं स्मॉलकैप का वैल्यूएशन 1.33 गुना है, जबकि इसका ऐतिहासिक औसत 0.97 गुना रहा है। एक्सिस म्युचुअल फंड के एमडी और सीईओ बी गोपकुमार का कहना है कि वैल्यूएशन के लिहाज से लार्जकैप शेयर बेहतर स्थिति में हैं। हालांकि मिड-स्मॉलकैप कंपनियों की कमाई की रफ्तार मजबूत है।

**डीपफेक** ज्वैलरी कंपनी स्काई गोल्ड से ठगी

## एआइ से नकली डायरेक्टर बनकर उड़ाए 11 करोड़ रुपए

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** एआइ आधारित डीपफेक तकनीक कंपनियों के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। जालसाजों ने ज्वेलरी कंपनी स्काई गोल्ड लिमिटेड की सब्सिडियरी एसपीएल को डीपफेक से 10.70 करोड़ रुपए की चपत लगा दी। साइबर अपराधियों ने कंपनी के कर्मचारी के मोबाइल- लैपटॉप का एक्सेस हासिल कर लिया। इसके बाद डीपफेक की मदद से खुद को कंपनी के डायरेक्टर का मुखौटा (चेहरा) लगाया, आवाज क्लोनिंग की और खुद को कंपनी का निदेशक बताकर कर्मचारी से बात की। कर्मचारी ने इसे डायरेक्टर का निर्देश समझकर कंपनी के खाते से कई बार में करोड़ों रुपए अज्ञात खातों में ट्रांसफर कर दिए।

### मल्टी-लेवल वेरिफिकेशन जरूरी

**बाद** में जांच में सामने आया कि डायरेक्टर ने ऐसे कोई निर्देश जारी नहीं किए थे। कंपनी ने इसकी शिकायत साइबर अपराध एजेंसियों से की है। रकम वापस लाने के लिए कंपनी ने बैंकों के साथ मिलकर लाभार्थी खातों को ट्रेस और फ्रीज कराने की प्रक्रिया शुरू की है। स्काई गोल्ड ने कहा कि अभी तक आइटी सिस्टम, नेटवर्क, ग्राहक डेटा या कर्मचारी डेटाबेस में सेंध के संकेत नहीं मिले हैं। हालांकि खबर के बाद बीएसई पर कंपनी का शेयर करीब 3% गिरकर 603 रुपए पर आ गया। यह मामला दिखाता है कि बड़े फंड ट्रांसफर में अब मल्टी-लेवल वेरिफिकेशन जरूरी हो गया है।

**परिणाम** ऑपरेटिंग प्रोफिट में वृद्धि

## रिलायंस का मुनाफा 22 फीसदी घटा, रेवेन्यू 25 प्रतिशत बढ़ा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। 30 जून 2026 को खत्म हुई इस तिमाही में कंपनी की कमाई और ऑपरेटिंग प्रॉफिट बढ़ा है। हालांकि दूसरी आय में कमी आने की वजह से कंपनी के मुनाफे पर असर पड़ा है। पहली तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 22.3% घटकर 20,946 करोड़ रुपए रह गया। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 26,994 करोड़ रुपए था।

### अन्य आय में कमी

रिलायंस के मुनाफे में आई इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह 'अन्य आय' का कम होना है। पिछले साल कंपनी की अन्य आय 15,119 करोड़ रुपए थी, जो इस बार 70.6% घटकर 4,447 करोड़ रुपए रह गई। इसकी वजह यह है कि पिछले साल के आंकड़ों में लिस्टेड इन्वेस्टमेंट्स की बिक्री से मिले 8,924 करोड़ रुपए भी शामिल थे, जबकि इस बार ऐसा कोई फायदा नहीं मिला। हालांकि, कंपनी के मुख्य कारोबार ने मजबूत प्रदर्शन किया है। रिलायंस का ऑपरेशनल रेवेन्यू सालाना आधार पर 25.4% बढ़ा है।

**रीको**

## राहत: माइलस्टोन नियम किए सरल

**जयपुर@ पत्रिका.** प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश करने वाले उद्यमियों को रीको ने बड़ी राहत दी है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत रीको ने प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 और ई-नीलामी से औद्योगिक भूखंड लेने वालों के लिए मध्यवर्ती माइलस्टोन नियमों को सरल किया है। रीको प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार ओला ने बताया कि पूर्व में पर्यावरण स्वीकृति वाली परियोजनाओं के लिए पांच और बिना स्वीकृति वाली परियोजनाओं के लिए तीन माइलस्टोन निर्धारित थे। अब पर्यावरण स्वीकृति वाली तीन वर्षीय परियोजनाओं के लिए केवल दो माइलस्टोन 12 और 24 माह पर होंगे।

**उपलब्धि** लोगों की खरीद क्षमता के आधार पर विश्लेषण

## बचत में भारत ने अमरीका को भी पछाड़ा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत ने क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर वैश्विक बचत में अमरीका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी बचत करने वाली अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के वर्किंग पेपर 'द वर्ल्ड इन परचेजिंग पावर पैरिटी' के अनुसार, ग्लोबल सेविंग में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 1992 के 3.3% से बढ़कर 2025 में 10.3% हो गई है। वहीं, अमरीका की हिस्सेदारी 15.4% से घटकर 9.4% रह गई है। 31.9% हिस्सेदारी के साथ चीन पहले स्थान पर है। तीन दशक में अमरीका, जापान और कई यूरोपीय देशों की वैश्विक बचत में हिस्सेदारी घटी है, भारत-चीन जैसे एशियाई देशों का योगदान बढ़ा है। वैश्विक निवेश में भारत की हिस्सेदारी 10.8% है, जो बचत में 10.3% हिस्से से ज्यादा है।




(यानी परचेजिंग पावर (पीपीपी) के आधार पर भारत-चीन में लोगों की बचत बढ़ी, ***अमरीकी लोगों की कुल ग्लोबल सेविंग में हिस्सेदीरी घटी)***

### ऐसे बढ़ी भारत की हिस्सेदारी

| साल | ग्लोबल बचत में हिस्सेदारी |
|---|---|
| 1992 | 3.3% |
| 2000 | 4.0% |
| 2010 | 7.8% |
| 2020 | 7.8% |
| 2025 | 10.3% |

**सिटी बिजनेस**

## आकाश के उपलक्ष्य गोयल ने री-नीट में फहराया परचम, देशभर में तीसरी रैंक



**जयपुर@पत्रिका.** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के छात्र उपलक्ष्य गोयल ने री-नीट यूजी 2026 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक एआइआर-3 हासिल कर राजस्थान के स्टेट टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। जयपुर निवासी उपलक्ष्य गोयल ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीईए) द्वारा घोषित परिणामों में 711/720 अंक प्राप्त किए। आकाश के छात्रों ने नीट यूजी 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम के छात्र आर्यन गुप्ता ने 715/720 अंकों के साथ एआइआर 1 हासिल की। वहीं, क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र आर्यन दुबे ने 710/720 अंकों के साथ एआईआर 7 तथा गीतांश सरीन ने 705/720 अंकों के साथ एआइआर 8 प्राप्त की। आदित्य शर्मा ने 695/720 अंकों के साथ एआईआर 76 हासिल की। इस वर्ष नीट यूजी 2026 में आकाश के 38 छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप 100 में स्थान बनाया, जिनमें 16 छात्रों ने टॉप 50 और 4 छात्रों ने टॉप 10 में जगह बनाई। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने कहा कि एसएल हमेशा छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

### सपना हुआ सच

**अपनी** सफलता पर उपलक्ष्य गोयल ने कहा कि नीट यूजी में एआइआर 3 हासिल करना किसी सपने के सच होने जैसा है। मेरी इस सफलता के पीछे नियमित पढ़ाई, निरंतर अभ्यास और आकाश के शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा। मैंने पूरे वर्ष एक अनुशासित दिनचर्या का पालन किया और हर विषय की अवधारणाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया। नियमित टेस्ट, उनकी गहन समीक्षा और अपनी गलतियों से सीखने की आदत ने मुझे लगातार बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की।



## री-नीट यूजी में एलन जयपुर का दबदबा



**जयपुर@पत्रिका.** एलन जयपुर के विद्यार्थियों ने री-नीट यूजी 2026 के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान के 21 विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय स्तर पर शीर्ष 2000 रैंक में स्थान प्राप्त किया है। वाइस प्रेसिडेंट एवं जोनल हेड अरुण जैन ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, समर्पण तथा एलन द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के बल पर यह प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि एलन जयपुर के अनेक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष रैंक प्राप्त की हैं। नीट यूजी 2026 में एलन जयपुर के तीन विद्यार्थियों ने टॉप 200 में, छह ने टॉप 400 में, दस ने टॉप 1000 में, पंद्रह ने टॉप 1500 में अपनी जगह बनाई। जिन विद्यार्थियों ने शीर्ष रैंक प्राप्त की हैं, उनमें अजय चौधरी (144), देवेश सिंह गुर्जर (153), दक्ष खंडेलवाल (154), भव्य यादव (319), बुशरा फिरोज (354), लक्ष्य सिंघल (362), जयश्री पारीक (604), पीयूष बंसल (617), ईशान कटारिया (903), विभोर (968), रचित गोयल (1232), उपकार सिंह राणा (1238), चित्रांश राज भारद्वाज (1291), कार्तिक शर्मा (1317), जयवर्धन भारद्वाज (1336), राघव डगायच (1636), सृष्टि शर्मा (1675), प्रत्युष जैन (1731), सृष्टि शिवनानी (1750), जयश्री लखेरा (1813) तथा स्नेहा चौधरी (1920) शामिल हैं।

## गीतांजली: जटिल ट्यूमर की सफल सर्जरी



**जयपुर@पत्रिका.** गीतांजली हॉस्पिटल में 43 वर्षीय रविंदर कुमार को पेट के अत्यंत जटिल ट्यूमर की सफल सर्जरी नया जीवन मिला है। यह ट्यूमर शरीर की मुख्य रक्तवाहिनी इन्फीरियर वेना कावा और महाधमनी से जुड़ा था, जिसकी सर्जरी बेहद जोखिमपूर्ण थी। रविंदर लंबे समय से पेट दर्द से पीड़ित थे। कई अस्पतालों में परामर्श के बाद उनके पेट में बड़ा ट्यूमर पाया गया। इसके बाद रविंदर गीतांजली हॉस्पिटल पहुंचे। यहां डॉ. कुलभूषण हल्देनिया (एसोसिएट प्रोफेसर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, हेपेटो-पैन्क्रियाटो-बिलियरी सर्जन) ने विस्तृत जांच की। उन्होंने अनुभवी विशेषज्ञों और आधुनिक तकनीक की मदद से सफल सर्जरी का आश्वासन दिया। इस अत्यंत दुर्लभ और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया को डॉ. हल्देनिया, डॉ. साहिल गुप्ता, डॉ. अंकित माथुर, डॉ. नरेश कुमार गर्ग सहित विशेषज्ञों की टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया।

**रिपोर्ट** कर्मचारियों के काम में मन नहीं लगने की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को हर साल लगभग 10 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान

# 80% कर्मियों का काम में नहीं लगता मन, 20% ही करते जी-जान से काम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दुनियाभर में कर्मचारियों का अपने काम के प्रति जुड़ाव लगातार घट रहा है। गैलप की स्टेट ऑफ द ग्लोबल वर्कप्लेस 2026 रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में केवल 20% कर्मचारी ही अपने काम को लेकर उत्साहित थे औप पूरे जी-जान से कम करते हैं। जबकि 80% कर्मचारियों का अपने काम में मन नहीं लगा। काम के प्रति उनका लगाव घटकर कोरोना महामारी के समय के स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, गैर-जरूरी मीटिंग, बर्नआउट और कर्मचारियों के काम में मन नहीं लगने से दुनियाभर की कंपनियों की प्रोडक्टिविटी घट रही है।




**16%** कर्मचारी कामचोर, बिल्कुल नहीं करना चाहते काम, ***जबकि 64% काम में लेते हैं कम रुचि***

**56% कर्मचारी** वर्क-लाइफ बैलेंस करने में संघर्ष कर रहे, 34% अच्छी तरह कर रहे मैनेज, ***जबकि 9% कर्मचारियों के लिए यह काफी मुश्किल***

**78%** मैनेजर लेवल के कर्मचारी काम से जी चुराते और ***अपना काम दूसरे कर्मियों पर थोपते हैं***

**इतना नुकसान** इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को हर साल 10 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान पूरी दुनिया की कुल जीडीपी के 10% के बराबर है।

**21%** महिला कर्मचारी तो 19 पुरुष कर्मचारी भारत सहित एशियाई देशों में जी-जान से करते हैं काम, हालांकि अमरीकी-लैटिन अमरीकी देशों में वर्क इंगेजमेंट वाले (मन से काम करने वाले) कर्मचारियों की संख्या 31% से अधिक, ***यूरोप में यह यह संख्या केवल 12%***

### कार्यालयों में इतने कर्मचारी परेशान

| वजह | कर्मियों की संख्या |
|---|---|
| तनाव में | 39% |
| गुस्से में | 22% |
| उदासी | 23% |
| अकेलापन | 21% |

*(दुनियाभर के आंकड़े)*

### ग्लोबल स्तर पर काम के प्रति मैनेजर्स का भी गिरा उत्साह

**आमतौर** पर टीम को संभालने वाले मैनेजर्स का उत्साह आम कर्मचारियों से ज्यादा होता था, लेकिन 2025 में उनकी खुद की वर्क एंगेजमेंट 27% से घटकर 22% पर आ गई। यानी केवल 22% मैनेजरों ने ही मन से काम किया। हालांकि जिन कंपनियों में बेहतर मैनेजमेंट और नीतियां अपनाई गईं, वहां 79% मैनेजर्स अपने काम को लेकर उत्साहित और समर्पित रहे। गैलप के सीईओ जॉन क्लिफ्टन ने कहा कि खराब मैनेजमेंट के कारण भी दफ्तरों में काम का दबाव बना हुआ है और दुनियाभर के करीब 40% कर्मचारियों ने माना कि वे कामकाज के दौरान किसी न किसी मानसिक तनाव से गुजरते हैं। ग्लोबल लेवल पर अपने वर्क-लाइफ बैलेंस से खुश और संतुष्ट रहने वाले कर्मचारियों की संख्या केवल 34% है।

## चांदी 2000 और जेवराती सोना 600 रुपए सस्ता

**जयपुर@पत्रिका.** बिकवाली के दबाव में जयपुर सर्राफा बाजार में दोनों कीमती धातुओं में गिरावट आई। शुक्रवार को चांदी दो हजार रुपए कम होकर 2,23,000 रुपए प्रति किलो रही। शुद्ध सोना 400 रुपए टूटकर 1,45,000 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। जेवराती 600 रुपए फिसलकर 1,34,100 रुपए प्रति दस ग्राम रहा।

SKJ Jewellers
VAISHALI NAGAR 0141-4005001
VIDHYADHAR NAGAR 0141-2820777

## एंकर ने जयपुर पार्टनर को दी 'टाटा पंच'



**जयपुर@पत्रिका.** एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्रा. लि. ने अपने राष्ट्रव्यापी ट्रेड लॉयल्टी कार्यक्रम 'एंकर उत्सव 1.0' के तहत जयपुर के चैनल पार्टनर मैसर्स राहुल एंड कंपनी को ग्रैंड प्राइज के रूप में टाटा पंच कार प्रदान की। देशभर में आयोजित इस ट्रेड स्कीम में 1600 से अधिक चैनल पार्टनर्स ने विभिन्न आकर्षक पुरस्कार जीते। इस अवसर पर असित रॉय, वाइस प्रेसिडेंट, एंकर कंज्यूमर ने कहा कि एंकर उत्सव हमारे व्यापारिक सहयोगियों के विश्वास, सहयोग और उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान करने का माध्यम है।




"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. केसरगढ़, जे.एल.एन. मार्ग एवं 5-ई, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं सेक्टर 5, प्रतापनगर, जयपुर एवं 73-74, रीको औद्योगिक क्षेत्र, झोटवाड़ा, जयपुर से मुद्रित। आर.एन.आई. नं.-3709/57, सम्पादक: भुवनेश जैन। संपादकीय प्रभारी: *निरंजन कंजोलिया - *पीआरपी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।"

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 71 | अंक 134 | पृष्ठ 12 | **जयपुर, शनिवार, 18 जुलाई, 2026** | आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी संवत् 2083

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

इस भाग में पृष्ठ 12

आज का अंक दो भागों में है। इस भाग में 12 पृष्ठ हैं। शेष पृष्ठों के लिए दूसरा अंक भी देखें।

राजस्थान पत्रिका
राजस्थान पत्रिका





Rate Revising Soon
Save Upto 8 Lakhs

MAHIMA'S
**PALM SPRINGS**

**LUXURY 3 & 4 BHK STARTING @ 1.05 CR.**

Sample Flat & Lobby Area Ready | 2-3 Sides Open Residences | 50,000 sq. ft. Clubhouse, One of the Rajasthan's largest | 5 mins from Medical, Educational, Industrial & Corporate hubs | Upcoming phase 2 Metro across the road & just 20 Mins from Airport

Tonk Road

9376 44 33 44

SHAKUN

## गिर में फिर से गूंजी 'इंडियन ग्रे हॉर्नबिल' की चहचहाहट



**गांधीनगर @ पत्रिका.** गुजरात के गिर जंगल से करीब छह दशक पहले विलुप्त हो चुके इंडियन ग्रे हॉर्नबिल (भारतीय धूसर धनेश) पक्षी को सफलतापूर्वक वापस बसाने का ऐतिहासिक प्रयास कामयाब हो गया है। राज्य सरकार के 'इंडियन ग्रे हॉर्नबिल री-इंट्रोडक्शन' प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2021 में अरावली के जंगलों से लाए गए इन पक्षियों को गिर में छोड़ा गया था। अब ये पक्षी गिर के जंगलों को अपना स्थायी बसेरा बना चुके हैं और प्रजनन भी कर रहे हैं। वन एवं पर्यावरण मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने बताया कि 1950-60 के दशक में दो चरणों में कुल 40 पक्षी छोड़े गए, जिनमें 11 नर पक्षियों पर सैटेलाइट ट्रांसमीटर लगाकर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। शोध के अनुसार, पहले वर्ष में एक जोड़े ने सफल प्रजनन किया, जबकि दूसरे वर्ष में तीन और जोड़ों ने घोंसले बनाए। अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'बर्ड्स' में प्रकाशित शोध पत्र में इस परियोजना की विस्तृत जानकारी दी गई है। 1965 में अभयारण्य और 1975 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित होने के बाद आवास सुधार से परिस्थितियां अनुकूल बनीं। यह सफलता गुजरात वन विभाग के प्रयासों की मिसाल है।

**नाड़ी ज्ञान को एआई का साथ :** शोध से जनजातीय चिकित्सा पर तैयार होगा डिजिटल दस्तावेज

# 385 पारंपरिक वैद्यों को वैज्ञानिक प्रमाण दिलाएगा आइआइटी भिलाई

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**भिलाई.** प्रदेश के पारंपरिक वैद्यों के पीढ़ियों पुराने चिकित्सा ज्ञान को वैज्ञानिक आधार देने की दिशा में आइआइटी भिलाई ने अहम पहल शुरू की है। संस्थान में आयोजित ट्रेडिशनल हेल्थकेयर विषयक मंथन सत्र में बताया गया कि प्रदेश के 385 पारंपरिक वैद्यों का व्यापक सर्वे पूरा हो चुका है। इनमें से 35 से 40 वैद्यों को शोध परियोजना से जोड़कर उनके उपचार अनुभव, औषधीय ज्ञान और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण किया जा रहा है।

आईआईटी भिलाई के शोधकर्ता कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों की सहायता से इन उपचार पद्धतियों का विश्लेषण करेंगे। शोध के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान की प्रभावशीलता और वैज्ञानिक प्रमाणिकता का आकलन किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल पारंपरिक चिकित्सा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ उसे आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में उपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**35 से 40 वैद्यों को सीधे शोध से जोड़ा गया**



### सीएस-इंजीनियरिंग का सहयोग

इस महत्वाकांक्षी परियोजना में राज्य के विभिन्न जिलों के पारंपरिक वैद्य, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, विद्यार्थी और सामाजिक कार्यकर्ता मिलकर योगदान दे रहे हैं। आईआईटी भिलाई के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की प्रयोगशाला इस पूरी योजना पर तेजी से कार्य कर रही है, ताकि इस जनजातीय ज्ञान को डिजिटल रूप में सुरक्षित कर भविष्य की वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपयोगी बनाया जा सके।

### मुख्य बातें

**व्यापक सर्वेक्षण:** छत्तीसगढ़ के 385 पारंपरिक वैद्यों का डेटा तैयार, 35-40 वैद्य सीधे वैज्ञानिक शोध में शामिल।
आधुनिक तकनीक: उपचार पद्धतियों और जड़ी-बूटियों के सटीक विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग।
**गंभीर बीमारियों पर फोकस:** कैंसर, मधुमेह और न्यूरोलॉजिकल विकारों के इलाज में जनजातीय चिकित्सा के प्रभाव का वैज्ञानिक अध्ययन।
**आजीविका और संरक्षण:** दुर्लभ औषधीय पौधों को लुप्त होने से बचाना और स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर बनाना।

### दुर्लभ जानकारियों को मजबूत आधार

**चिकित्सा** विशेषज्ञों का मानना है कि जनजातीय चिकित्सा में समाहित कई दुर्लभ औषधीय जानकारियां कैंसर, मधुमेह (डायबिटीज), जटिल फ्रैक्चर (हड्डी टूटना) और न्यूरोलॉजिकल (तंत्रिका संबंधी) रोगों के प्रभावी उपचार में नए शोध का मजबूत आधार बन सकती हैं। दुर्लभ औषधीय पौधों के संरक्षण और उनके माध्यम से स्थानीय आदिवासियों व ग्रामीणों की आजीविका को सुदृढ़ करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### परंपरा और विज्ञान का होगा संगम

**छत्तीसगढ़** आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पौधा बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान हमारे राज्य की एक अमूल्य और अनूठी धरोहर है। वहीं, आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का यह अद्भुत समन्वय स्वास्थ्य अनुसंधान के क्षेत्र में नए और क्रांतिकारी आयाम स्थापित करेगा।

**तटरक्षक बल के 14 जहाजों में होगा इस्तेमाल**

# भारत में पहली बार बने हाई-स्पीड वाटरजेट का किया सफल परीक्षण

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। देश में पहली बार निर्मित मरीन जेट पावर (एमजेपी) हाई-स्पीड वाटरजेट प्रणाली का गोवा में सफल परीक्षण किया गया।

ट्रायल के दौरान भारतीय तटरक्षक बल, क्लासिफिकेशन सोसायटी और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

स्वीडन से प्राप्त तकनीक के आधार पर विकसित इस अत्याधुनिक प्रणाली के सफल परीक्षण के साथ ही भारत में इसके स्वदेशी उत्पादन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। अब तक इस तकनीक का आयात किया जाता था।

### परिचालन क्षमता बढ़ेगी

**भारतीय** तटरक्षक बल के लिए एमडीएल द्वारा बनाए जा रहे 14 फास्ट पेट्रोल वेसल इस स्वदेशी वाटरजेट प्रणाली से लैस होने वाले देश के पहले जहाज होंगे। इससे विदेशी कंपनियों पर निर्भरता घटेगी, रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा और आपूर्ति श्रृंखला अधिक भरोसेमंद बनेगी। साथ ही जहाजों के रखरखाव, स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता और तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

**डूम्सडे आर्गुमेंट का अनुमान :** साल 19,126 में जी चुका होगा आखिरी इंसान

# प्रलय का गणित... धरती पर मानवता के पास बचे केवल 17100 साल, फिर इंसान नहीं होंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** इसे अच्छी खबर कहें या बुरी लेकिन गणित के एक सिद्धांत के अनुसार, मानवता के लिए धरती पर लगभग 17,100 साल ही बाकी हैं। साल 19,126 तक इंसान सुरक्षित हैं।

खगोलभौतिकविद ब्रैंडन कार्टर के 'डूम्सडे आर्गुमेंट' का नया अनुमान है कि अबतक लगभग 117 अरब इंसान जी चुके हैं। 'कॉपर्निकन सिद्धांत' के अनुसार, हम इतिहास के न तो बहुत शुरुआती दौर में हैं और न ही बहुत अंतिम दौर में। इस आधार पर 95 फीसदी संभावना है कि भविष्य में जन्म लेने वाले कुल मनुष्यों की संख्या 102.5 अरब से 4,000 अरब के बीच ही होगी। वर्तमान जन्म दर के हिसाब से हम इस अंतिम आंकड़े तक हम 17,100 साल बाद यानी साल 19,126 में पहुंचेंगे।

### विशेषज्ञों ने किया दावों को खारिज

**कई** विशेषज्ञ इस तरह के दावों को सिरे से खारिज करते हैं। इनका कहना है कि इस तरह के गणितीय मॉडल इंसानी तकनीक, चिकित्सा विज्ञान की तरक्की और अंतरिक्ष में बस्तियां बसाने की क्षमता को नजरअंदाज करते हैं।

### उधर, सिर्फ 300 साल!

**एक** अलग स्टडी का कहना है कि 2019 से 2024 के बीच वैश्विक प्रजनन दर में आई भारी गिरावट के आधार पर हमारे पास केवल 300 साल बचे हैं। इस स्टडी के अनुसार साल 2139 तक दुनिया की आबादी घटकर केवल 1.55 से 1.81 अरब रह जाएगी। इसी गिरावट के चलते साल 2339 तक पृथ्वी से मानव आबादी पूरी तरह गायब हो सकती है।

**संचार ढांचा :** प्रणाली का सैन्य फील्ड ट्रायल पूरा

# डीआरडीओ का क्वांटम सिस्टम साइबर हमलों और डेटा चोरी के जोखिम से करेगा सुरक्षित

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन प्रणाली का सैन्य फील्ड ट्रायल पूरा कर लिया है।

यह तकनीक संचार नेटवर्क को साइबर हमलों और डेटा चोरी के जोखिम से और अधिक सुरक्षित करेगी। यह सिस्टम भविष्य में स्वदेशी मल्टी-हॉप क्वांटम नेटवर्क का भी महत्वपूर्ण आधार बनेगा। इसे सेना, सरकार के साथ देश के रणनीतिक संस्थानों सहित बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों, दूरसंचार नेटवर्क और राष्ट्रीय महत्व के अन्य महत्वपूर्ण संचार ढांचों की सुरक्षा के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। फाइबर आधारित इस प्रणाली को बेंगलूरु की टेकबिट लैब्स के सहयोग से विकसित किया है। अब यह सैन्य उपयोग के लिए तैयार है।

### कैसे काम करती है तकनीक?

यह प्रणाली दो पक्षों के बीच एन्क्रिप्शन 'की' साझा करने के लिए क्वांटम मैकेनिक्स के सिद्धांतों का उपयोग करती है। डीआरडीओ ने बताया कि उसके सिस्टम में 'क्वांटम एंटैंगलमेंट' आधारित क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन (क्यूकेडी) तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यदि कोई संचार को बीच में रोकने या जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करता है तो क्वांटम अवस्था में बदलाव आ जाता है, जिससे अधिकृत यूजर्स को तुरंत इसकी जानकारी मिल जाती है। इससे संवेदनशील सैन्य सूचनाओं की सुरक्षा मजबूत होगी।

**साल्विनिया से मुक्ति** | **जबलपुर के डीडब्ल्यूआर की तकनीक, 58 करोड़ का काम 50 लाख रुपए में**

# पानी की 'हरी आफत' का छोटे कीड़ों ने किया इलाज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के जबलपुर स्थित खरपतवार अनुसंधान निदेशालय (डीडब्ल्यूआर) ने जलाशयों को जलीय खरपतवार साल्वीनिया मोलेस्टा से मुक्त करने प्रभावी जैविक नियंत्रण तकनीक विकसित की है। कॉर्पोरेट कंपनियां भी इसे अपनाने में रुचि दिखा रही हैं। इसे बढ़ावा देने बुधवार को दिल्ली में सीएसआर के तहत आयोजित 'बायोजन' कार्यक्रम में तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। करीब छह वर्ष पहले सारणी थर्मल पावर प्लांट का 1172 हेक्टेयर में फैला सतपुड़ा जलाशय इस खरपतवार से भर गया था। अन्य एजेंसियों ने इसे हटाने 58 करोड़ रुपए और पांच साल का समय मांगा था। इसके बाद आइसीएआर ने 50 लाख रुपए और 18 महीने में समस्या दूर करने का प्रस्ताव दिया।

पहले | अब



कटनी के पडुआ गांव का तालाब।

### केरल से मंगाए कीड़े

**वैज्ञानिकों** ने केरल के त्रिचूर से साइर्टोबैगस साल्विनिया प्रजाति के वीविल (एक प्रकार के कीड़े) मंगाए। ये केवल साल्विनिया खरपतवार खाते हैं। इन्हें जलाशय में छोड़ा गया। 14 महीने में खरपतवार खत्म हो गई और 16 माह में जलाशय साफ हो गया। मत्स्य उत्पादन 137% बढ़ा है। चचाई (अमरकंटक) और पनवेल (महाराष्ट्र) सहित कई राज्यों और संस्थानों ने आइसीएआर के साथ समझौते किए हैं। कई प्रस्ताव विचाराधीन हैं।

### गिर जाता है ऑक्सीजन का स्तर

**डीडब्ल्यूआर** के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह के अनुसार साल्विनिया मोलेस्टा (चाइनीज झालर) तेजी से मध्य भारत में फैल रही है। प्रदेश में छह साल पहले कटनी जिले में देखी गई थी। तालाबों और जलाशयों पर एक मोटी हरी चटाई की तरह फैल जाती है। इससे पानी में ऑक्सीजन स्तर गिर जाता है। जलीय जैव विविधता नष्ट होने लगती है।






गरीबी में बीता रोहित का बचपन, बांस के भाले से शुरू किया सफर

@स्पोर्ट्स&गेमिंग

# राजस्थान पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

फोटो स्टोरी



इस भाग में पृष्ठ 12

आज का अंक दो भागों में है। इस भाग में 12 पृष्ठ हैं। शेष पृष्ठों के लिए दूसरा अंक भी देखें।

राजस्थान पत्रिका

राजस्थान पत्रिका

**ऊर्जा:** देश में गैर-जीवाश्म ऊर्जा उत्पादन क्षमता 54% के पार

# ग्रीन पावर का गढ़ बना प्रदेश, 77% बिजली हरित ऊर्जा से

एक्सक्लूसिव

जग्गो सिंह धाकड़
patrika.com

**जयपुर.** देश में दशकों तक कोयले पर टिकी बिजली व्यवस्था अब तेजी से हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। पहली बार देश की आधे से अधिक स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से हो गई है। इस बदलाव में राजस्थान सबसे आगे खड़ा है, जहां बिजली क्षमता का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा से आता है।

राजस्थान में हर चार में से तीन मेगावाट बिजली क्षमता अब सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय स्रोतों पर आधारित है। केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय की ओर से हाल ही में 15 जुलाई को जारी रिपोर्ट के अनुसार, 30 जून 2026 तक देश की कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 5,48,858 मेगावाट हो गई है। इसमें 2,97,369 मेगावाट यानी 54.18 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित है। वहीं 2,51,489 मेगावाट (45.82 प्रतिशत) जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता है। यह पहला अवसर है जब देश की कुल स्थापित क्षमता में गैर-जीवाश्म ऊर्जा की हिस्सेदारी 54 प्रतिशत से अधिक पहुंची है।

## फिर भी कोयले का दबदबा कायम

**बिजली** उत्पादन में कोयले का दबदबा अभी भी कायम है। देश में कोयला आधारित स्थापित क्षमता 2,24,158 मेगावाट (40.84%) है। इसके अलावा लिग्नाइट 6,620 मेगावाट, गैस 20,122 मेगावाट तथा डीजल आधारित क्षमता 589 मेगावाट है। ग्रीन ऊर्जा को बढ़ावा देने पर राज्य सरकार का पूरा फोकस है। अभी 26 जिलों में किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने मार्च 2027 तक सभी जिलों में दिन में बिजली दिए जाने का लक्ष्य दिया है। ये सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने से ही हो पाया है।



राजस्थान की हर चार में से तीन मेगावाट बिजली ग्रीन स्रोतों से बन रही

**1,62,152** मेगावाट सौर ऊर्जा की क्षमता है देशभर में

**29.54** प्रतिशत है कुल क्षमता का सौर ऊर्जा

**57,443** मेगावाट पवन ऊर्जा

**52,065** मेगावाट,जलविद्युत (पम्प्ड स्टोरेज सहित)

**10,869** मेगावाट बायोमास

**5,182** मेगावाट लघु जलविद्युत

**8,780** मेगावाट परमाणु

**878** मेगावाट वेस्ट-टू-एनर्जी

### गैर-जीवाश्म ऊर्जा में राजस्थान बना अग्रणी

**गैर-जीवाश्म** ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी के बीच राजस्थान ने अलग पहचान बनाई है। 30 जून 2026 तक राज्य की कुल स्थापित विद्युत क्षमता 66817.80 मेगावाट दर्ज की गई है। इसमें 51,283.79 मेगावाट क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा की है, जो राज्य की कुल स्थापित क्षमता का करीब 77 प्रतिशत है। तापीय बिजली संयंत्रों की क्षमता 14,727.27 मेगावाट और जलविद्युत क्षमता 806.74 मेगावाट है। परमाणु क्षमता 806.74 मेगावाट है।

ग्रीन ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने के लिए पीएम कुसुम और पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना को भी तेजी से इंप्लीमेंट किया जा रहा है। इसके साथ ही दो ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर विकसित किए जा रहे है। **आरती डोगरा,** ऊर्जा सचिव

## न्यूज विंडो

### तीन विषय के साक्षात्कार संपन्न

**अजमेर @ पत्रिका.** आरपीएससी की विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार शुक्रवार से प्रारंभ हुए। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि संस्कृत शिक्षा विभाग (सहायक आचार्य भर्ती - 2024) के अन्तर्गत योग विज्ञान और भाषा विज्ञान के साक्षात्कार कराए गए।

### अवैध रूप से संचालित 10 बसें सीज

**गोविंदगढ़ (जयपुर ग्रामीण) @ पत्रिका.** जयपुर-बीकानेर हाईवे पर बधाला कट के पास गुरुवार रात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से संचालित लग्जरी व निजी बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। कार्रवाई शुरू होते ही बस संचालकों में हड़कंप मच गया और कई चालक मुख्य राजमार्ग छोड़ वैकल्पिक मार्गों पर बसें दौड़ाने लगे। रात 12 बजे तक चली जांच में नियमों का उल्लंघन करने वाली 10 बसों को सीज कर 10.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

पढ़ें और करियर में तरक्की पाएं
me.next...
आज के अंक के साथ

**आनासागर झील...** ताक रही बादलों की राह



**11**वीं शताब्दी में बनाई गई झील

**13** फीट है झील की भराव क्षमता

**16**वीं शताब्दी में जहांगीर ने बनवाई थी बारादरी

**05** किमी क्षेत्र में फैली हुई है झील

बांडी नदी का पानी आता है झील में

**अजमेर @ पत्रिका.** मानसून की सुस्ती का असर ऐतिहासिक आनासागर झील पर साफ नजर आ रहा है। जुलाई का आधा महीना गुजरने के बावजूद अच्छी बारिश नहीं होने से झील अब भी पर्याप्त जलभराव का इंतजार कर रही है। पिछले माह झील से करीब तीन फीट पानी निकाले जाने के बाद पुष्कर रोड और रीजनल कॉलेज क्षेत्र के पास झील की तलहटी व खाली जमीन उभर आई है। जलस्तर घटने से बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हुई, जिससे आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। झील को अब मानसून की मेहरबानी का इंतजार है, ताकि इसकी रौनक और जलस्तर फिर से लौट सके। *फोटो: जय माखीजा*

**पाक की नापाक चाल:** प्रस्ताव पास करवाया

# गिलगित-बाल्टिस्तान को 5वां राज्य बनाने की साजिश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**इस्लामाबाद.** एक तरफ जहां पीओजेके (पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर) बीते महीनों से हिंसा, विरोध प्रदर्शन और अशांति का माहौल है, वहीं अब पाकिस्तान ने एक बड़ी प्रशासनिक चालबाजी चलते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान को अपना पांचवां प्रांत बनाने की साजिश शुरू कर दी है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को गिलगित-बाल्टिस्तान की असेंबली में एक प्रस्ताव पास किया गया है। प्रस्ताव को वहां के एक नेता जलाल अली शाह ने पेश किया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि इस प्रस्ताव को वहां की सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष, दोनों का पूरा समर्थन मिला। इस प्रस्ताव में मांग की गई है कि गिलगित-बाल्टिस्तान को 'अंतरिम प्रांतीय दर्जा' यानी एक अस्थायी राज्य का दर्जा दे दिया जाए।

### अभी क्या स्थिति?

**गिलगित-बाल्टिस्तान** और पूरा पीओजेके भारत का अभिन्न हिस्सा है, जिस पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। ऐसे में प्रशासनिक तौर पर देखा जाए तो पाकिस्तान में अभी केवल चार मुख्य प्रांत हैं, पंजाब, बलूचिस्तान, सिंध व खैबर पख्तूनख्वा। अभी तक गिलगित-बाल्टिस्तान को राज्य का अधिकार नहीं मिला था, लेकिन पाकिस्तान सरकार इस नए प्रस्ताव को मंजूर कर लेती है, तो एक अस्थायी व्यवस्था के तहत गिलगित-बाल्टिस्तान 5वां प्रांत बन जाएगा।

**मानसून** की बेरुखी से सरकार अलर्ट

# प्रदेश के 693 बांधों में से 282 पूरी तरह खाली

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कोटा.** प्रदेश में मानसून की बेरुखी ने किसानों के साथ सरकार की भी चिंता बढ़ा दी है। जल संसाधन विभाग ने भी माना है कि बांधों में जलस्तर चिंताजनक रूप से घट गया है। विभाग की ओर से 17 जुलाई को जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश के कुल बांधों की वर्तमान जल संग्रहण क्षमता मात्र 45.43% रह गई है। यह पिछले वर्ष 17 जुलाई की तुलना में काफी कमी है, जब यह क्षमता 63.20% थी। वहीं, 15 जून, 2026 को यह 44.46% थी। मानसून आने के बाद भी पिछले एक माह में जलस्तर में मामूली वृद्धि हुई है। इधर राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश सरकार को पत्र लिखकर हाड़ौती के किसानों की मांग पर गांधी सागर बांध से 4500 क्यूसेक पानी छोड़ने की मांग की है हालांकि शुक्रवार को भी मध्यप्रदेश सरकार ने पानी नहीं बढ़ाया।

### 404 आंशिक भरे

**प्रदेश** के कुल 693 बांधों में से 282 बांध पूरी तरह खाली हो गए हैं। 404 बांध आंशिक भरे हैं। केवल 7 बांध ही पूर्ण क्षमता पर हैं। जोधपुर जोन के 117 बांधों में सबसे कम 17.76%, कोटा जोन के 81 बांधों में 56.18% पानी है। वहीं जयपुर जोन में 47.56%, भरतपुर जोन में 25.48%, बांसवाड़ा जोन में 45.36% और उदयपुर जोन में 36.60% जल शेष है। प्रमुख बांधों में बीसलपुर बांध 66.85%, राणा प्रताप सागर 66.39% और माही बजाज सागर 46.29% क्षमता पर हैं।



**कांग्रेस शासित केरल की 99.89 फीसदी,** वहीं भाजपा शासित राजस्थान की 96.89 फीसदी ग्राम पंचायतों में काम शुरू

# वीबी-जी राम जी में राजस्थान की दमदार दस्तक, केरल के बाद दूसरा स्थान

**शादाब अहमद**
patrika.com

**नई दिल्ली.** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) के शुरुआती क्रियान्वयन में राजस्थान ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि वह देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है।

मिशन लागू होने के शुरुआती पखवाड़े में प्रदर्शन के आधार पर कांग्रेस शासित केरल पहले स्थान पर हैं, जबकि भाजपा शासित राजस्थान दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। राज्य की 96.84 फीसदी ग्राम पंचायतों में योजना के तहत काम शुरू हो चुका है, जो देश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दरअसल, केंद्र सरकार ने मनरेगा की जगह 1 जुलाई से वीबी-जी राम जी शुरू किया है। योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान है। इसके साथ ही टिकाऊ ग्रामीण परिसंपत्तियों के निर्माण, आजीविका के अवसर बढ़ाने और गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। योजना के शुरुआती क्रियान्वयन में दक्षिण के चार राज्य आगे निकल गए हैं। वहीं उत्तर के राज यों में सिर्फ राजस्थान ने तेज गति से काम शुरू किया है।




### ग्राम पंचायतों में मिशन क्रियान्वयन में टॉप राज्य




### राजस्थान: 12.73 लाख से अधिक को मिला रोजगार

**राजस्थान** में मिशन शुरू होने के बाद अब तक 12.73 लाख से अधिक ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही 58.61 लाख मानव-दिवस का सृजन हुआ है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीणों को आजीविका का सहारा मिला है। मिशन के तहत राज्य में करीब 11 हजार ग्राम पंचायतों में 55,008 विकास कार्य चल रहे हैं।

### इस कारण से आगे निकले पांच राज्य

**जिन** राज्यों की सरकारों ने बेहतर समन्वय तथा मांग आधारित रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की, वहां मिशन के कार्य तेजी से शुरू हो गए।

### मनरेगा को लागू करने में लगे थे तीन साल

**ग्रामीण** विकास मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि मनरेगा को पूरी तरह से लागू करने के लिए तीन चरण और तीन साल लगे थे। इस मिशन को एक साथ लागू किया गया है।

---

**शहरी सेवा शिविरों का रिपोर्ट कार्ड**

## 76 हजार मामले निपटाए

## 33 हजार अब भी अटके, पट्टों में 38 प्रतिशत मामले लंबित

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** प्रदेश के शहरों में 34 दिन चले शहरी सेवा शिविर में एक लाख से ज्यादा लोगों ने आवेदन किए, लेकिन 76 हजार का ही निस्तारण किया जा सका। करीब 33 हजार मामले अब भी लंबित हैं। इन लंबित आवेदनों के निस्तारण के लिए सरकार ने निकायों, विकास प्राधिकरण, नगर विकास न्यास को एक माह का समय दिया है।

सबसे अधिक अड़चन पुराने शहरों के 69-ए और स्टेट ग्रांट पट्टों में सामने आई है, जहां हर दो में से एक आवेदन अब भी निस्तारण का इंतजार कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार स्वायत्त शासन विभाग ने 7496 और नगरीय विकास एवं आवासन विभाग ने 893 शिविर लगाए।

### नागरिक सेवाओं का मिला-जुला रिपोर्ट कार्ड

1 जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण के 1.12 लाख आवेदनों में से 1.01 लाख का निस्तारण किया गया। स्ट्रीट लाइट मरम्मत की 73,147 शिकायतों में 68,699 का समाधान हुआ, जबकि नई स्ट्रीट लाइट लगाने के 24,706 आवेदनों में से 22,287 का निस्तारण किया गया।

2 प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा। 18,700 आवेदनों में से केवल 6,741 मामलों का ही निस्तारण हो सका।

### 2.67 लाख वर्गमीटर सड़कें बनीं

**शिविरों** के साथ आधारभूत सुविधाओं पर भी काम किया गया। 2.67 लाख वर्गमीटर सीमेंट-कंक्रीट सड़क, 1.54 लाख वर्गमीटर डामर सड़क और 3.25 लाख वर्गमीटर ग्रेवल सड़क बनाई गई। 14.25 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में पार्क विकसित किए गए और 2.94 लाख से अधिक पौधे लगाए गए।

### ऊर्जा विभाग को 42 हजार आवेदन मिले

- ऊर्जा विभाग को मिले 42,420 आवेदनों में से 41,675 मामलों का निस्तारण कर दिया गया।
- समाज कल्याण विभाग ने पालनहार योजना में 2,797 आवेदनों की पहचान की। 12,558 बच्चों का सत्यापन और नवीनीकरण किया गया।
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 457 पात्र आवेदनों की पहचान की गई, लेकिन अब तक केवल 160 आवेदन ही ऑनलाइन दर्ज हो सके।
- राजस्व विभाग में 231 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 174 का निस्तारण हुआ। केवल चार मामलों को स्वीकृति मिली।

### प्रमुख कार्यों का लेखा-जोखा

| कार्य | आवेदन | स्वीकृत | लंबित |
|---|---|---|---|
| 69 ए के तहत पट्टे | 13948 | 6749 | 7199 |
| कृषि भूमि पर स्वीकृत योजनाएं | 29606 | 21292 | 8314 |
| निकाय-प्राधिकरण की योजनाएं | 3558 | 3121 | 437 |
| स्टेट ग्रांट के तहत जारी पट्टे | 7148 | 2388 | 4760 |
| लीज होल्ड से फ्री होल्ड | 4184 | 2987 | 1197 |
| नाम हस्तांतरण | 16620 | 13643 | 2977 |
| भवन मानचित्र | 8092 | 7289 | 803 |
| उपविभाजन-पुनर्गठन | 2560 | 1880 | 680 |
| नगरीय विकास कर | 6722 | 6202 | 516 |

---

**टोंक में बोले...**

## युवाओं का सरकार से उठ चुका भरोसा: पायलट



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**टोंक.** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लगातार हो रहे पेपरलीक और भर्ती घोटालों से युवाओं का व्यवस्था से विश्वास उठ चुका है।

उन्होंने मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें और सरकार सोनम वांगचुक के अनशन को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संवाद शुरू करे। पायलट शुक्रवार को टोंक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे। पायलट ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सोनम वांगचुक पिछले करीब 19-20 दिनों से जंतर-मंतर पर अनशन पर हैं। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से अब तक कोई सार्थक पहल नहीं की गई। पायलट ने एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर भी केंद्र सरकार की नीति की आलोचना की।

---

**पीएम मोदी ने देश के 75 और प्रदेश के** आठ रेलवे स्टेशनों का किया लोकार्पण

# अमृत भारत स्टेशनों से विरासत

## संस्कृति व पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: सीएम



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**गोटन (नागौर).** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को पुनर्विकसित गोटन रेलवे स्टेशन के लोकार्पण समारोह में कहा कि अमृत भारत रेलवे स्टेशनों से स्थानीय विरासत, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देश के 75 और प्रदेश के गोटन सहित आठ पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन बाड़मेर, दौसा, डीग, गंगापुर सिटी, खैरथल, जैसलमेर और सोमेसर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि देश में वर्ष 2014 के बाद गरीब कल्याण, विकास योजनाएं, सीमाओं की सुरक्षा को लेकर हुए काम और देश का बढ़ता गौरव नजर आ रहा है। देश के विकास की एक मजबूत आधारशिला रखी है।

रेलवे में स्टेशन, ट्रेनें और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। विकसित भारत- 2047 के विजन में रेलवे का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने के साथ रेपिड रेल शहरी कनेक्टिविटी मिली है। अमृत भारत ट्रेनें सांस्कृतिक विरासत को आपस में जोड़ने का काम कर रही हैं। देश में समारोह में केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्थान सरकार के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री तिलानेस गांव पहुंचे और ग्राम विकास चौपाल में ग्रामीणों से संवाद किया।



### राजस्थान का 12 साल में रेल बजट 15 गुना

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राजस्थान को रेलवे की ऐतिहासिक सौगातें मिल रही हैं। राजस्थान को 2009-14 में रेलवे बजट में 682 करोड़ रुपए मिलते थे, जो 2026-27 में 10 हजार 228 करोड़ रुपए हो गया है, जो 15 गुना है। पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर से देशभर के 103 अमृत भारत स्टेशनों का लोकार्पण किया, आज 75 का और हो रहा है। प्रदेश में पांच जोड़ी वंदेभारत एक्सप्रेस चल रही हैं।

---

**तीन दिन में ही** 23 कंपनियां पोर्टल पर ऑनबोर्ड

# ज्यादा विकल्प, कम मनमानी... सड़क सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

**जयपुर@पत्रिका.** परिवहन विभाग की नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू होने का असर दिखने लगा है। एसओपी जारी होने के चार दिन में ही राज्य के वीएलटीडी पोर्टल पर 23 कंपनियां ऑनबोर्ड हो चुकी हैं। पहले दिन पांच, दूसरे दिन 13 और तीसरे दिन तक कुल 23 कंपनियों ने पंजीकरण कराया। नई व्यवस्था के तहत अब पुराने भार वाहनों के मालिक अपनी पसंद की किसी भी अधिकृत कंपनी से एआईएस-140 मानक का वीएलटीडी डिवाइस लगवा सकेंगे। पहले सीमित कंपनियों के कारण डिवाइस लगाने में परेशानी आ रही थी, जिससे राष्ट्रीय परमिट, फिटनेस सहित अन्य परिवहन संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे थे। इसी मुद्दे पर ट्रांसपोर्टर्स ने प्रदेशव्यापी हड़ताल की थी। परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा के निर्देशन में नई एसओपी लागू की गई।

**विकल्प बढ़े, जवाबदेही भी तय:** एसओपी के तहत वीएलटीडी पोर्टल पर अधिकृत कंपनियों के पंजीकरण, ऑनबोर्डिंग, डिवाइस एक्टिवेशन और निगरानी की स्पष्ट व्यवस्था की गई है। इससे वाहन मालिक अब किसी एक कंपनी पर निर्भर नहीं रहेंगे। विभाग का मानना है कि अधिक कंपनियों के जुड़ने से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, सेवा की गुणवत्ता सुधरेगी और कीमतों में पारदर्शिता आएगी।

### गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई

**नई** एसओपी में कंपनियों की जवाबदेही भी तय की गई है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ओवरचार्जिंग, सेवा में अनियमितता या शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित कंपनी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ने पर उसे वीएलटीडी पोर्टल से डीलिस्ट भी किया जा सकेगा।

### नई व्यवस्था से यह होगा फायदा...

- वाहन मालिकों को अधिक विकल्प मिलेंगे।
- एकाधिकार और मनमानी की आशंका कम होगी।
- सेवा की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।
- पंजीकरण, परमिट, फिटनेस जैसी प्रक्रियाएं सुगम होंगी।
- सड़क सुरक्षा के लिए वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग व्यवस्था मजबूत होगी।

---

**न्यूज शॉर्ट्स**

### पुलिस ने 45.645 किलो अवैध डोडा चूरा पकड़ा

**राजसमंद @ पत्रिका.** पुलिस थाना भीम एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 45.645 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी। नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की कार को रोककर तलाशी ली गई। कार में कट्टों में भरा 45 किलो 645 ग्राम अवैध डोडा चूरा मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ एवं वाहन को जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महेन्द्र विश्नोई निवासी लोलो की ढाणी बाला थाना बिलाड़ा जिला जोधपुर ग्रामीण तथा अनिल पंवार निवासी केरिया की ढाणी रामनगर थाना कापरड़ा जिला जोधपुर के रूप में हुई है।

### कुएं में मिला लापता स्कूली छात्रा का शव

**डूंगरपुर (खड़गदा) @ पत्रिका.** जिले के एक गांव में दो दिन से लापता 11वीं कक्षा की छात्रा का शव शुक्रवार सुबह खेत के कुएं में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन के अनुसार छात्रा 15 जुलाई की शाम घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिवार ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि, इस दौरान पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई गई थी।

---

**भील प्रदेश की मांग...** मानगढ़धाम में जुटे 1.75 लाख से अधिक लोग



## नशे के लिए रुपए मांगने पर छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से ली बड़े की जान

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**नोखा (बीकानेर).** पंचारिया चौक में गुरुवार देर रात नशे के लिए रुपए मांगने को लेकर दो भाइयों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से वार कर बड़े भाई की हत्या कर डाली। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कुल्हाड़ी को जब्त कर लिया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। नोखा थानाधिकारी गोविंदसिंह चारण ने बताया कि हुकुमचंद (32) ने अपने छोटे भाई जगदीश (29) से नशे के लिए रुपए मांगे थे। इनकार करने पर कहासुनी के बाद तैश में आकर जगदीश ने कुल्हाड़ी से हुकुमचंद के सिर व गले पर कई वार किए। परिजन उसे गंभीर हालत में राजकीय बागड़ी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि हुकुमचंद नशे का आदी था और कोई काम नहीं करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुके थे।

## राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात से पहुंचे लोग

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**बांसवाड़ा.** महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश के आदिवासी जिलों को मिलाकर लंबे समय से भील प्रदेश बनाने की चल रही मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ ली है। आदिवासियों की शहादत स्थली मानगढ़ धाम में शुक्रवार को भील प्रदेश संदेश यात्रा का आयोजन आदिवासी परिवार की ओर से हुआ। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री शंकरसिंह वाघेला सहित चार राज्यों के आदिवासी नेताओं की मौजूदगी रही। लाखों लोगों की मौजूदगी में 40 से अधिक वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द आदिवासी क्षेत्र की 32 विधानसभाओं को मिलाकर भील प्रदेश का गठन करने और इस क्षेत्र की जनता को उनके संवैधानिक अधिकार देने की मांग की। करीब 6 घंटे तक चले कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासी समाजजन से अनुशासन बनाए रखने का भी आह्वान किया।

### ट्रेन से गिरा युवक, रातभर पटरियों पर पड़ा रहा

**पाली @ पत्रिका.** मारवाड़ जंक्शन के निकट चलती ट्रेन से गिरने से उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी 25 वर्षीय जावेद पुत्र नजीर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वह पूरी रात रेलवे पटरियों के किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा। शुक्रवार सुबह रेलवे लाइनमैन की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जावेद गुरुवार रात 8.25 बजे जयपुर से ट्रेन में सवार होकर ब्यावर जिले के बाबरा जा रहा था। यात्रा के दौरान मारवाड़ जंक्शन के पास ट्रेन के गेट पर खड़े होने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया।

### झाड़ियों में मिला नवजात, ग्रामीणों ने बचाई जान



**रणजीतपुरा (बीकानेर) @ पत्रिका.** दुनिया में आते ही जिस मासूम को मां की गोद की गर्माहट और ममता का आंचल मिलना चाहिए था, उसे किसी बेरहम ने झाड़ियों में मौत के भरोसे छोड़ दिया। भूख, प्यास और दर्द से तड़पती उसकी मासूम चीखें ही उसकी जिंदगी की आखिरी उम्मीद बनीं। सौभाग्य से उन किलकारियों ने ग्रामीणों का दिल झकझोर दिया और एक अनमोल जिंदगी बच गई। रणजीतपुरा गांव में एक खंडहर के पास झाड़ियों में नवजात मिलने से शुक्रवार को हर कोई सन्न रह गया। रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस व मेडिकल टीम ने मौके पर पहुंचकर नवजात को अस्पताल पहुंचाया।

---

**न्यायालय ने** अर्थदंड भी लगाया

## तिहरे हत्याकांड में तीन दोषियों को 20-20 साल का कारावास

### अप्रेल 2021 में लड़की को भगाने के मामले में हुआ था विवाद



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**कोटा.** अपर जिला एवं सत्र न्यायालय क्रम-2 की पीठासीन अधिकारी सरिता धाकड़ ने खातौली तिहरे हत्याकांड में तीन आरोपियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने तीनों पर 20-20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अपर लोक अभियोजक भारतसिंह आसावत ने बताया कि 17 अप्रेल 2021 को खातौली थाना क्षेत्र के बालूपा गांव में लड़की को भगाने के विवाद में मुकेश, गोपाल और श्योजी की हत्या कर दी गई थी। तीनों लड़की की तलाश में बालूपा पहुंचे थे, जहां बालू, हंसराज और विकास ने धारदार हथियारों व लाठियों से हमला कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष ने 32 गवाह, 116 दस्तावेजी और 16 भौतिक साक्ष्य पेश किए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

#### हत्या के बाद दी थी सूचना

**आरोपी** हंसराज ने श्योजी के पुत्र लाला को फोन कर तीनों की हत्या की जानकारी दी थी। इसके बाद लाला ने खातौली थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

---

**पर्यटकों को मिलेगी नई सौगात**

## चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर अब उत्तर दिशा से दौड़ेगा रोप-वे

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**चित्तौड़गढ़.** विश्व धरोहर चित्तौड़गढ़ दुर्ग आने वाले पर्यटकों को जल्द रोपवे की सौगात मिल सकती है। पर्यटन विभाग ने रोपवे के लिए नया रूट तय कर प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजा है। नए प्रस्ताव के अनुसार रोपवे शहर से सटे खामका बालाजी से लाखोटा बारी तक बनाया जाएगा।

**दक्षिणी नहीं, उत्तरी छोर से पहुंचेगा रोपवे:** पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक विवेक जोशी ने बताया कि पहले रोपवे गांधीनगर से दुर्ग के दक्षिणी हिस्से तक प्रस्तावित था। लेकिन वहां बायोलॉजिकल पार्क के लिए भूमि आरक्षित होने से योजना बदलनी पड़ी।

अब दुर्ग के उत्तरी छोर को ध्यान में रखते हुए नया रूट तैयार किया गया है। प्रस्ताव जिला कलक्टर के माध्यम से पर्यटन विभाग को भेज दिया गया है।

#### इसलिए खास है नया रूट

**खामका बालाजी** से लाखोटा बारी तक रोपवे यात्रा के दौरान पर्यटकों को घाटी और दुर्ग की प्राचीर का विहंगम दृश्य मिलेगा। खामका बालाजी क्षेत्र में पर्याप्त पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध है। इससे पर्यटक कम समय में दुर्ग के अधिक हिस्से देख सकेंगे। साथ ही बायोलॉजिकल पार्क को प्रभावित किए बिना पर्यावरण अनुकूल तरीके से परियोजना विकसित की जा सकेगी। जोशी ने बताया कि विभाग से मंजूरी मिलते ही तकनीकी सर्वे और टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

#### उत्तरी हिस्से के स्मारकों को मिलेगी पहचान

**अभी** अधिकांश पर्यटक दुर्ग के मुख्य द्वारों और दक्षिणी हिस्से के स्मारक ही देख पाते हैं। उत्तरी क्षेत्र के कई ऐतिहासिक स्थल पर्यटकों की पहुंच से दूर रह जाते हैं। रोपवे बनने से लाखोटा बारी और आसपास के स्मारकों तक पहुंच आसान होगी। इससे पर्यटन के साथ स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

---

**मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह में ठहरी सैकड़ों अधूरी कहानियां:** किसी को पिता का नाम याद, किसी को गांव... लेकिन घर पहुंचने का रास्ता अब भी अनजान

# अपनों की तलाश में ठहरी जिंदगी, एक ही जवाब- 'पापा हैं..., मम्मी हैं...'

**ह्यूमन स्टोरी**

**राजीव दवे/सुरेश हेमनानी**
patrika.com

**पाली.** 'पापा हैं..., मम्मी हैं... घर जाना है।'' यह कहते हुए नीतेश की आंखों में आज भी वैसी ही उम्मीद झलकती है, जैसी सात साल पहले थी।

हर बार वह बिहार के मुंगेर जिले का वही पता बताता है– नदी के पास खेत हैं और पिता का नाम शंभु नायक हैं। कई बार इस पते की पड़ताल हुई, लेकिन वहां न तो शंभु नायक मिला और न ही उस नाम का कोई परिवार। यादों और कल्पनाओं के बीच उलझा नीतेश आज भी अपनों के लौट आने की उम्मीद नहीं छोड़ पाया है। यह कहानी सिर्फ नीतेश की नहीं, बल्कि पाली के रामासिया स्थित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह में रह रहे अनेक लोगों की है। किसी को अपना गांव याद है, किसी को पिता का नाम और किसी को सिर्फ इतना कि उसका भी एक घर था। वर्षों बीत जाने के बाद भी उनकी जिंदगी अपनों की तलाश में जैसे ठहर गई है।





मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह में बैठे विमंदित बच्चे।

### हाथ पर लिखा है-'कम दिमाग'

**भोला** भंडारी की कहानी भी ऐसी ही है। उसके हाथ पर मोटे अक्षरों में लिखा है-'कम दिमाग'। मोबाइल देखते ही वह कहता है, 'बात कराओ... नंबर लगाओ... 8484...'। इसके आगे वह कुछ नहीं बता पाता। घर का पता पूछने पर सिर्फ इतना कहता है– 'रामासिया... पाली।' जबकि उसे यूपी का रहने वाला बताया जाता है। करीब आठ वर्षों से पुनर्वास गृह ही उसका घर बन चुका है।

#### कुछ से मिलने आते हैं परिजन

**पुनर्वास** गृह के मैनेजर जीवन चौधरी बताते हैं कि यहां रह रहे कुछ बच्चों और लोगों से उनके परिजन कभी-कभी मिलने आते हैं। वहीं कई ऐसे भी हैं, जिन्हें अपने परिवार के बारे में कुछ भी याद नहीं है। कुछ को परिजन स्वयं यहां छोड़ गए, जबकि कई के परिवार का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।

### दादा छोड़ गए, फिर कोई लौटकर नहीं आया

**सोजत** के पास हमीरवास निवासी राकेश के माता-पिता नहीं हैं। वर्षों पहले उसके दादा उसे पुनर्वास गृह में छोड़ गए थे। छह-सात साल बीत गए, लेकिन अब उससे मिलने कोई नहीं आता। घर की बात छिड़ते ही उसके शब्द साथ छोड़ देते हैं, मगर आंखें आज भी किसी अपने को खोजती नजर आती हैं। उसके पास बैठे सुखदेव की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उसके पास भी कुछ धुंधली यादें, कुछ अधूरे नाम और घर लौटने की एक अधूरी उम्मीद है।

**पंखे से हवा झलते यात्री बोले-** रोडवेज को सिर्फ वीआइपी यात्रियों की सुविधाओं की चिंता

# सिंधी कैंप बस स्टैंड: प्रीमियम सवारी... सुविधाएं भी प्रीमियम, साधारण यात्री असुविधाओं के बीच

## प्लेटफॉर्म नंबर-1 को छोड़ बाकी सभी प्लेटफार्म पर हालात बेहद खराब दिखे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** सिंधी कैंप बस स्टेंड केन्द्रीय बस स्टेंड है और यहां से राजस्थान नहीं पूरे देश के लिए साधारण से लेकर लग्जरी वोल्वो बसों तक का संचालन होता है। लेकिन रोडवेज प्रबंधन इस बस स्टेंड पर आने वाले यात्रियों को हैसियत के तराजू की नजर से देख रहा है। हाल ये है कि प्रीमियम रूट की प्रीमियम सवारियों के लिए बस स्टैंड पर प्रीमियम सुविधाएं हैं। लेकिन साधारण रूट वाले साधारण यात्री इस भीषण गर्मी में गत्ते से हवा कर बस आने का इंतजार करते नजर आए।

**श्वानों के कारण यात्री सहमे :** चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि यहां नॉन प्रीमियम रूट वाले 2 से 5 नंबर प्लेटफॉर्म पर श्वान भी बैठे दिखे। ऐसे में यात्री सहमे और डर के साए में नजर आए। इन श्वानों के कारण यात्री एक कौने में बैठे रहने को मजबूर दिखे। यात्रियों ने कहा कि इन हालात में सबसे ज्यादा चिंता बच्चों की होती है।


प्लेटफॉर्म नबंर 1 पर सुविधाएं।


प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर यात्री गत्ते से हवा करता हुआ।

### प्लेटफॉर्म नंबर 2 से 5 के हाल- गर्मी और गंदगी में पसीना पौंछते नजर आए यात्री

**प्लेटफॉर्म** नंबर 2 से 5 की पड़ताल भी की गई। यहां यात्री गर्मी और गंदगी के कॉकटेल के बीच पसीने पौंछते बस का इंतजार करते दिखे। हाल ये था कि शेड में लगा पंखा भी गायब हो चुका था। यात्री गत्ते से हवा कर गर्मी से निजात पाने के जतन करते दिखे। यात्रियों के लिए यहां साफ सुथरे टॉयलेट्स की भी कोई व्यवस्था नहीं थी और महिला यात्री तो इस समस्या को लेकर खासतौर पर खासी परेशान दिखीं।

### एयरकूल्ड वैटिंग हॉल

**पत्रिका** संवाददाता ने सिंधीकैंप बस स्टेंड पर घूमकर रोडवेज प्रबंधन के आम और खास यात्रियों वाले नजरिए की पड़ताल की तो स्थितियां बेहद खराब नजर आई। यहां प्रीमियम रूट वाले प्लेटफार्म नंबर-1 पर शानदार एयरकूल्ड वैटिंग हॉल है। वहीं साफ सुथरे टॉयलेट देखने को मिले। वहीं वेटिंग एरिया में यात्री बहुत ही आराम से वोल्वो व प्रीमियम रूट पर चलने वाली बसों का इंतजार करते नजर आए और सफाईकर्मी लगातार सफाई करते दिखे।

### ये बोले यात्री

रोडवेज कमाई के हिसाब से यात्रियों में भी भेदभाव कर रहा है। साधारण और डीलक्स बसों के प्लेटफॉर्म पर यात्री गर्मी और गंदगी झेलने को मजबूर हैं। जबकि जबकि एक नंबर प्लेटफार्म पर वीआइपी सुविधाएं हैं। **हरिमोहन यात्री,** सुजानगढ़

## चुनाव सहित समाज हित में लिए अहम निर्णय



**जयपुर @ पत्रिका.** अखिल भारतीय बैरवा महासभा ( पंजी.) राजस्थान प्रदेश चुनाव समिति-2026 की बैठक डॉ. बी. आर.अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, झालाना डूंगरी के परिसर में हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी रोडूराम सुलानिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में बूंदी व दौसा सहित प्रदेश में बैरवा समाज बाहुल्य जिलों-तहसीलों में चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। जयपुर संभाग में 30 अगस्त को चुनाव कराने पर सहमति बनी। राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक हरिनारायण, अध्यक्ष रामदयाल बड़ोदिया, महामंत्री रामनिवास जोनवाल मौजूद रहे।

## जेठ चंड पर भगवान झूलेलाल की आराधना

**जयपुर @ पत्रिका.** सिंधी समाजजन ने जेठ चंड का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया। महिलाओं ने जलाशयों, मंदिर-घरों में भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और प्रकृति के संरक्षण की कामना की। तुलसी संगतानी ने बताया कि महिलाओं ने टहनी को आटे के मोदक में स्थापित कर भगवान झूलेलाल का पूजन किया। ऋतु फलों सहित अन्य व्यंजनों का भोग अर्पित किया। रतन ऐलानी व मोहन नानकानी ने बताया कि नई पीढ़ी को सिंधी संस्कृति, धार्मिक परंपराओं के महत्व से जोड़ने का संदेश भी दिया।



## कर्मचारियों के हित में प्रस्ताव पारित, वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग

**जयपुर @ पत्रिका.** राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन (शाखा नगर निगम जयपुर) की द्वितीय कार्यकारिणी बैठक नगर निगम मुख्यालय में हुई। बैठक में कर्मचारियों के हितों से जुड़े कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। फेडरेशन ने नगर निगम के अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक कर्मचारियों की लंबित वरिष्ठता सूची जल्द जारी करने और समयबद्ध पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाई। साथ ही सफाई कार्मिकों के घरों को यूजर चार्ज से पूरी तरह मुक्त करने तथा निगम क्षेत्र में रहने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को नगरीय विकास कर से छूट दिलाने के लिए प्रशासन से पैरवी करने का निर्णय लिया गया। मुख्यालय परिसर में कर्मचारियों के लिए पर्याप्त वाहन पार्किंग की व्यवस्था और टीम भावना के उद्देश्य से वार्षिक अंतर-विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कराने का भी प्रस्ताव पारित हुआ। संगठन को मजबूत बनाने के लिए अंकित सक्सेना को संगठन महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए सदस्यों को शामिल करने की घोषणा की गई।



पत्रिका **हैरिटेज विंडो**...जितेन्द्र सिंह शेखावत

## रामचंद्र मंदिर वाली जगह पर हुआ पुरानी विधानसभा के भवन का निर्माण

66 साल राजस्थान की राजनीति का गढ़ बनी रही पुरानी विधानसभा में 1952 के प्रथम चुनाव में विजयी सदस्यों ने प्रथम विधान अध्यक्ष नरोत्तम लाल जोशी की अगुवाई में शपथ ली थी । उस समय गुरुमुख निहाल सिंह प्रथम राजयपाल एवं जयनारायण व्यास मुख्यमंत्री बने थे।

इस प्रथम विधानभवन का नाम सवाई मानसिंह टाउन हॉल था । सिरह ड्योढ़ी बाजार में हवा महल के पास खड़ी इमारत की जगह रामसिंह द्वितीय अपनी मां चन्द्रावत की इच्छा के मुताबिक प्रभु श्रीराम का मंदिर बनवाना चाहते थे। तत्कालीन चीफ इंजीनियर कर्नल एस. जैकब की सलाह पर कौंसिल भवन का निर्माण करवाया गया ।

> सवाई मानसिंह टाउन हॉल था पुराने विधान भवन का नाम, मां की इच्छा के मुताबिक रामसिंह द्वितीय बनवाना चाहते थे राम मंदिर

पुराने विधानसभा भवन की खिड़कियां सिरह ड्योढ़ी बाजार में खुलती थीं। विधानसभा सत्र के दौरान जनता या राजनीतिक दलों के आंदोलन में धरने-प्रदर्शन और भाषण को मुख्यमंत्री, मंत्री या विधायक खिड़कियों से सुनते और देखते थे । ऐसे में जनता की दर्द भरी आवाज सरकार तक सीधी सुनाई देती थी । बड़ा प्रदर्शन या रैली जब विधानसभा भवन के नीचे आती तब मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास, टीकाराम पालीवाल, मोहन लाल सुखाड़िया, बरकत तुल्ला खान, हरिदेव जोशी, शिवचरण माथुर, भैरों सिंह शेखावत जैसे दिग्गज नेता एवं मंत्रीगण भी खिड़कियों से जनता की ताकत को देखते और उनकी बात को सुनते थे। जयपुर की परंपरागत शैली के बजाय आयताकार कोण में ब्रिटिश व रोमन वास्तु शैली में बनी इस इमारत को अंग्रेज अभियंता कर्नल स्वीटंन जैकब ने अपनी देख-रेख में बनवाया ।

राम सिंह की मृत्यु के बाद माधो सिंह द्वितीय ने इमारत के निर्माण को पूरा करवाया था।

**व्यापारियों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

## फायर एनओसी लें, अवैध कब्जों पर हो कार्रवाई

फॉलोअप


चिंता: टावर ऊंचे, इंतजाम बौने...
आग लगी तो किस गली से बच पाएंगे लोग

राजस्थान पत्रिका
प्रकाशित खबर।

**जयपुर @ पत्रिका.** विद्याधर नगर स्थित क्रॉस रोड मॉल और अन्य बहुमंजिला भवनों में कॉमन एरिया में अवैध कब्जे को मुक्त कराने के लिए स्थानीय व्यापारियों ने जेडीसी, नगर निगम आयुक्त और मुख्य अग्निशमन अधिकारी को ज्ञापन सौंपे। व्यापारियों ने अपने पत्र में लिखा कि क्रॉस रोड मॉल में सबसे बुरा हाल है। मॉल के कॉमन एरिया पर अवैध रूप से चुनिंदा लोगों ने कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। इससे न सिर्फ आवाजाही बंद हो गई, बल्कि हवा और धूप भी आना बंद हो गई है। व्यापारियों ने जेडीए, निगम और अग्निशमन शाखा से संयुक्त निरीक्षण की मांग भी की है।

दरअसल, सेंट्रल स्पाइन के टावरों की बदहाली और सोसाइटी की ओर से की जा रही मनमानी को लेकर राजस्थान पत्रिका ने हाल ही खबर प्रकाशित की थी। उसमें बताया था कि कैसे टावर्स में सुरक्षा को ताक पर रखकर सार्वजनिक जगहों पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है।



### ये की मांग

**जेडीए से:** स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण को हटाया जाए

**निगम से:** पार्किंग क्षेत्र से अतिक्रमण हटाए जाएं

**अग्निशमन शाखा से:** फायर सेफ्टी सिस्टम को चेक किया जाए

**यातायात प्रबंधन, अतिक्रमण नियंत्रण और अन्य गतिविधियों की निगरानी पर जोर**

# सिटी पार्क बना शहरवासियों और पर्यटकों की पसंद, भीड़ बढ़ने से व्यवस्थाओं में सुधार की उठी मांग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** मानसरोवर स्थित सिटी पार्क अपनी हरियाली, स्वच्छ वातावरण और आधुनिक सुविधाओं के कारण शहरवासियों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन गया है। सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग यहां सैर, योग, व्यायाम तथा परिवार के साथ समय बिताने पहुंच रहे हैं। सप्ताहांत पर पार्क में आगंतुकों की संख्या और अधिक बढ़ जाती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पार्क का शांत वातावरण और सुव्यवस्थित हरियाली लोगों को आकर्षित कर रही है, लेकिन बढ़ती भीड़ के साथ यातायात और प्रबंधन संबंधी चुनौतियां भी सामने आने लगी हैं। क्षेत्रवासियों ने वीटी रोड चौराहा तथा अरावली मार्ग-मध्यम मार्ग चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि आवागमन सुचारु बना रहे।



नागरिकों के अनुसार पार्क के मुख्य प्रवेश द्वार के आसपास ठेले और ई-रिक्शों के अनियोजित खड़े होने से कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। लोगों ने इनके लिए निर्धारित स्थान विकसित करने का सुझाव दिया है, जिससे यातायात प्रभावित न हो। पार्क में मॉर्निंग वॉक करने वालों के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था है, जबकि अन्य आगंतुकों के लिए टिकट की सुविधा उपलब्ध है। स्थानीय लोगों के अनुसार पार्क के भीतर कुछ लोगों द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की शारीरिक तैयारी (फिजिकल ट्रेनिंग) कराई जाती है तथा अन्य व्यावसायिक गतिविधियां भी संचालित की जाती हैं। ऐसे में पार्क परिसर में संचालित विभिन्न गतिविधियों की नियमित निगरानी की भी आवश्यकता है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ बाहरी पर्यटक भी अब सिटी पार्क पहुंच रहे हैं। आधुनिक सुविधाओं, जॉगिंग ट्रैक, उद्यान, आकर्षक लैंडस्केपिंग और सुसज्जित वातावरण ने इसे जयपुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में शामिल कर दिया है। नागरिकों ने रखरखाव के साथ ही पार्क की प्रभावी मॉनिटरिंग करने की मांग की है।



## उपयोगी न्यूज

### 'एमआरएम' पोर्टल से वापस पाएं साइबर ठगी का पैसा



मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) गृह मंत्रालय (14C) द्वारा शुरू किया गया एक पोर्टल है, जिसके जरिए साइबर ठगी के शिकार लोग फ्रीज की गई राशि का रिफंड पाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कैसे करें आवेदन?

1930 हेल्पलाइन या NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। प्राप्त 14-अंकीय एक्नॉलेजमेंट आइडी (Acknowledgment ID) के साथ MRM पोर्टल पर लॉगिन करें। Raise Refund Request पर आवेदन भर सबमिट करें। रिफंड तभी संभव है, जब ठगी की राशि स्कैमर के खाते में पहले से फ्रीज की गई हो। ये है लिंक- https://mrm-crp.mha.gov.in/ public-info

## काम की बात

### नोटिस असली है या नकली? 'अभय' से जानें

अभय एक एआइ पावर्ड वेरिफिकेशन प्लेटफॉर्म है, जिसे साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसे बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड से लोगों को बचाने के लिए विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य फर्जी सीबीआइ नोटिस, नकली समन और संदिग्ध दस्तावेज की पहचान करना है। https://abhay.cbi.gov.in/ पर जाएं। यहां आपको स्टार्ट वेरिफिकेशन पर क्लिक करना है। इसके बाद अपना मोबाइल नंबर और नाम डालकर आगे की प्रक्रिया आसानी से स्टेप वाइज पूरी करते जाएं।

## नियम-कानून — नियमों की समझ मुश्किल परिस्थिति में सही निर्णय लेने में मदद कर सकती है।

# जागरूक रहें, सुरक्षित रहें, जानिए गिरफ्तारी से जुड़े अधिकार

*गिरफ्तारी को लेकर कई लोगों के मन में अक्सर कई तरह की गलतफहमियां होती हैं। लेकिन भारतीय कानून नागरिकों को कई महत्त्वपूर्ण अधिकार प्रदान करता है। इन अधिकारों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी के साथ अन्याय न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कहा है कि गिरफ्तारी केवल इसलिए नहीं की जानी चाहिए क्योंकि पुलिस के पास अधिकार है। गिरफ्तारी तभी होनी चाहिए जब उसकी वास्तव में जरूरत हो।*

### गिरफ्तारी क्या होती है?

जब पुलिस किसी व्यक्ति को अपने नियंत्रण में लेकर उसकी आने-जाने की स्वतंत्रता रोक देती है, तो उसे गिरफ्तारी कहा जाता है। गिरफ्तारी का मतलब यह नहीं होता कि व्यक्ति अपराधी साबित हो गया है। अदालत द्वारा दोष साबित होना जरूरी है। गौरतलब है कि पुलिस हर मामले में तुरंत गिरफ्तारी नहीं कर सकती। कानून ने गिरफ्तारी के लिए कुछ नियम और सीमाएं तय की हैं।



**रिशिका सौगानी**
एडवोकेट
Patrika.com

### वारंट की जरूरत नहीं

- कुछ गंभीर मामलों में पुलिस बिना वारंट के भी गिरफ्तारी कर सकती है। जैसे हत्या, चोरी, धोखाधड़ी, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध, साइबर अपराध और देश की सुरक्षा से जुड़े मामले आदि। हालांकि ऐसी स्थिति में भी पुलिस को कानून के अनुसार पूरी प्रक्रिया का पालन करना जरूरी होता है।
- **सुप्रीम कोर्ट का क्या कहना है:** कानून पुलिस को मनमानी तरीके से किसी को गिरफ्तार करने की अनुमति नहीं देता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गिरफ्तारी अंतिम विकल्प होनी चाहिए। बिना गिरफ्तारी के जांच संभव है, तो पुलिस को तुरंत गिरफ्तारी नहीं करनी चाहिए। इसके अलावा जिसे गिरफ्तार किया जा रहा है, उसे मेडिकल जांच कराने का भी अधिकार है।



### इन बातों का रखें ध्यान

**अगर पुलिस गिरफ्तार करने आए तो क्या करें?** ऐसे में घबराने के बजाय समझदारी से काम लेना चाहिए। 1. शांत रहें और बहस या झगड़ा करने से बचें। 2. गिरफ्तारी का कारण पूछें। 3. पुलिस अधिकारी की पहचान जानने की कोशिश करें। 4. अपने परिवार या वकील को तुरंत जानकारी दें। 5. बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें। 6. अगर संभव हो तो गिरफ्तारी से जुड़ी जानकारी नोट कर लें। डर या फिर गुस्से में प्रतिक्रिया देने से बचें।

### ये हैं आपके अधिकार

- **गिरफ्तारी का कारण:** यह जानने का अधिकार है कि किस कारण से गिरफ्तार किया जा रहा है। पुलिस को बताना होता है कि व्यक्ति पर कौनसा आरोप लगाया गया है।
- **वकील से संपर्क:** किसी को गिरफ्तार किया जा रहा है, तो उसे अपने वकील से बात करने का पूरा अधिकार है। अगर कोई आर्थिक रूप से कमजोर है और वकील नहीं कर सकता, तो सरकार की तरफ से मुफ्त कानूनी सहायता भी दी जाती है। यह सुविधा लीगल एड के माध्यम से उपलब्ध होती है।
- **परिवार-रिश्तेदार को सूचना:** गिरफ्तारी के बाद पुलिस को व्यक्ति के परिवार-रिश्तेदार या किसी करीबी को इसकी जानकारी देना जरूरी होता है।
- **महिलाओं के लिए विशेष अधिकार:** सामान्य परिस्थिति में रात के समय महिलाओं को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। महिला की तलाशी महिला पुलिस ही ले सकती है। गिरफ्तारी के दौरान उसकी गरिमा और सम्मान बनाए रखना जरूरी है।

## आपका हक — ई-कॉमर्स कंपनी खराब, गलत या क्षतिग्रस्त उत्पाद का रिटर्न स्वीकार न करे, तो उठाएं ये कदम।

# खराब या डैमेज प्रोडक्ट रिटर्न न हो, तो क्या करें?

*आज ऑनलाइन खरीदारी लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुकी है। कपड़े, मोबाइल, घरेलू सामान, दवाइयां और किराना तक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए खरीदा जा रहा है। लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब उपभोक्ता को खराब, गलत या विज्ञापन से अलग उत्पाद मिलता है और रिटर्न या रिफंड का अनुरोध ई-कॉमर्स कंपनी अस्वीकार कर देती है। ऐसे मामलों में कई लोग यह मान लेते हैं कि अब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा। जबकि भारतीय कानून उपभोक्ताओं को अधिकार प्रदान करता है।*



**विजय पाठक**
एडवोकेट
Patrika.com



### उत्पाद वापसी को लेकर क्या हैं उपभोक्ता के अधिकार?

- **सबसे पहले** यह समझना जरूरी है कि देश में ऐसा कोई कानून नहीं है, हर ऑनलाइन खरीद पर नो-क्वेश्चन रिटर्न का अधिकार देता हो। कई कंपनियां अपनी व्यावसायिक नीति के तहत 7 दिन, 10 दिन या 30 दिन की रिटर्न सुविधा देती हैं। इसलिए केवल पसंद न आने या मन बदल जाने की स्थिति में रिटर्न का दावा हमेशा कानूनी अधिकार नहीं माना जाएगा। हालांकि उत्पाद खराब (Defective), नकली (Fake), क्षतिग्रस्त (Damaged), गलत (Wrong Product) या वेबसाइट पर दी गई जानकारी से अलग हो, तो उपभोक्ता के पास शिकायत करने और राहत पाने का पूरा अधिकार होता है।
- ***रिटर्न रिजेक्ट होने पर सबसे पहले क्या करें?*** किसी भी कानूनी प्रक्रिया से पहले निम्नलिखित साक्ष्य सुरक्षित रखें- ऑर्डर की रसीद और इनवॉइस, उत्पाद की फोटो और वीडियो, अनबॉक्सिंग वीडियो (यदि उपलब्ध हो), रिटर्न रिजेक्शन का स्क्रीनशॉट, ई-मेल और चैट रिकॉर्ड, ग्राहक सेवा से हुई बातचीत का विवरण और उपभोक्ता विवादों में दस्तावेजी साक्ष्य महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- **ई-कॉमर्स कंपनियों पर क्या कानूनी जिम्मेदारी है?** उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 के तहत प्रत्येक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र (Grievance Redressal Mechanism) स्थापित करना अनिवार्य है। कंपनी को एक शिकायत अधिकारी नियुक्त करना होता है, जिसका नाम-संपर्क विवरण प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए।
- **शिकायत प्राप्त होने के 48 घंटे के भीतर उसकी पुष्टि करनी होगी।** शिकायत का निस्तारण एक महीने में करना होगा। कंपनी शिकायत को अनदेखा करती है या बिना उचित कारण रिटर्न अस्वीकार करती है, तो उपभोक्ता कानूनी कार्रवाई कर सकता है।
- **क्या विक्रेता रिटर्न लेने से मना कर सकता है?** यदि उत्पाद में वास्तविक दोष है, गलत वस्तु भेजी गई है या विवरण से भिन्न उत्पाद दिया गया है, तो विक्रेता या प्लेटफॉर्म केवल मनमाने ढंग से रिटर्न लेने से इनकार नहीं कर सकता। उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियमों का उद्देश्य ऐसी अनुचित व्यापारिक गतिविधियों को रोकना है।

***नोट: पूरी और सही जानकारी जुटाकर ही कोई कदम उठाएं।***

### शिकायत करें

1. **कंपनी के ग्रीवांस ऑफिसर को शिकायत:** हर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर शिकायत अधिकारी का विवरण उपलब्ध होना चाहिए। पहले लिखित वहां शिकायत दर्ज करें और शिकायत संख्या सुरक्षित रखें।
2. **राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन:** कंपनी समाधान नहीं देती है, तो उपभोक्ता राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर सकता है। **हेल्पलाइन नंबर: 1915। उपभोक्ता हेल्पलाइन पोर्टल** और मोबाइल ऐप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन कई ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ समन्वय कर उपभोक्ता शिकायतों का समाधान कराने का प्रयास करती है।
3. **ई-दाखिल:** यदि समाधान नहीं होता है, तो उपभोक्ता जिला, राज्य या राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में मामला दायर कर सकता है। वर्तमान में ई-दाखिल प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध है।

## स्कैम अलर्ट

# फर्जी इंटरनेशनल कॉल्स विभाग ने जारी की एडवाइजरी



*हाल में दूरसंचार विभाग (Department of Telecommunications - DoT) ने एक स्कैम को लेकर चेतावनी जारी की है, जिसमें स्कैमर्स कॉलर आइडी स्पूफिंग तकनीक का इस्तेमाल कर इंटरनेशनल कॉल को (+91-इंडिया कॉलिंग कोड) के रूप में दिखाते हैं।*

### कैसे जानें कि हो सकता है धोखा

1 स्कैमर्स खुद को टेलीकॉम अधिकारी, पुलिसकर्मी, बैंक कर्मचारी या कस्टमर सपोर्ट प्रतिनिधि बताकर लोगों को डराने और उनकी निजी-बैंकिंग जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हैं। DoT की एडवाइजरी के अनुसार, हर फोन कॉल के साथ एक कंट्री कोड जुड़ा होता है। ऐसे में +91 के साथ इंटरनेशनल कॉल दिखना फर्जी या स्पूफ कॉल का संकेत हो सकता है। इसी तरह साइलेंट कॉल स्कैम को लेकर भी सावधान रहें। टेलीकॉम धोखाधड़ी को लेकर सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।

2 ऐसे में DoT ने नागरिकों से सतर्क रहने, संदिग्ध कॉल्स पर कोई जानकारी साझा न करने और ऐसे मामलों की रिपोर्ट 'संचार साथी' प्लेटफॉर्म पर करने की सलाह दी है। विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि अगर +91 नंबर से कोई कॉल खुद को इंटरनेशनल बताए, तो यह पहला रेड फ्लैग है। किसी अनजान नंबर से कॉल आए और हेलो बोलते ही फोन कट जाए? तो नजरअंदाज न करें। गृह मंत्रालय और CyberDost (14C) ने चेतावनी दी है कि ऐसे कॉल्स साइलेंट स्कैम का हिस्सा हो सकते हैं और धोखे के शिकार हो सकते हैं।

## कंज्यूमर कोना

# सशुल्क क्रेच सेवाओं में कमी तो पा सकते हैं क्षतिपूर्ति



**डॉ. अनन्त शर्मा**
नेशनल चेयरमैन, कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन

क्रेच की सेवाएं लेने वाले बच्चे और उनके अभिभावक उपभोक्ता की श्रेणी में आते हैं और यदि क्रेच में बताई गई सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तो उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई करने का उन्हें अधिकार प्राप्त है। यदि सुविधा उपलब्ध न कराने या बच्चों के साथ किसी तरह का गलत व्यवहार करने से किसी भी प्रकार की हानि पहुंची है, शारीरिक या मानसिक परेशानी हुई है, तो उपभोक्ता कानून के अनुसार बच्चों के अभिभावक क्षतिपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ता को ऐसे केन्द्रों की सेवाएं लेते समय दी जाने वाली सुविधाओं का विवरण लिखित रूप से प्राप्त करना चाहिए।

### शिकायत करें

क्रेच सुविधाओं के लिए शुल्क वसूलते हैं। इस संबंध में शिकायत होने पर कंज्यूमर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पाठक हमसे जुड़ सकते हैं

***आपकी** ऐसी कोई समस्या हो, तो हमें भेजें। हमें अपने सुझाव भी दें। दिए गए वॉट्सऐप पर हमें बताएं। **8955003879।***


## नगर निगम जोधपुर

क्रमांक:-6654 दिनांक:- 15.07.2026

:: ई-निविदा सूचना ::
(UB NO. DLB2627WSOB10343)

नगर निगम जोधपुर की ओर से टर्नकी प्रोजेक्ट विभिन्न सिविल कार्यों हेतु ऑनलाईन द्विस्तरीय बीड प्रणाली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्तें आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम जोधपुर
राज.संवाद/सी/26/7138

## कार्यालय नगरपालिका, गुलाबपुरा, जिला-भीलवाड़ा

E-Mail ID : eombgp@yahoo.in, npbgulabpura@gmail.com Telephone No. 01483-23079

क्रमांक/नपागु/स्टोर/2026-27/881-83 दिनांक :- 15.07.2026

ऑनलाईन निविदा सूचना 11/2026-27

नगर पालिका गुलाबपुरा की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर नगरपालिका गुलाबपुरा मे पंजीबद्धव एम.एस.एम.ई. के अन्तर्गत पंजीकृत संवेदक द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागो मे पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा 2 प्रतिशत राशि पृथक-पृथक रूप में डी.डी. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका गुलाबपुरा के नाम ऑनलाईन निविदा खोलने से पूर्व पालिका मे प्रस्तुत करना होगा। उक्त निविदा सूचना https://sppp.rajasthan.gov.in पॉर्टल पर भी देखी जा सकती हैं। NIB code DLB2627A4321 and UBN is: DLB2627SLOB10365

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका गुलाबपुरा
राज.संवाद/सी/26/7128

## कार्यालय ग्राम पंचायत कालोता, पंचायत समिति, दौसा (दौसा)

क्रमांक-पंसदौ/लेखा/ई-टेण्डर/2026-27/32-38 दिनांक:-16.07.2026

ई-निविदा सूचना 01/2026-27

पंचायत समिति दौसा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कालोता में महानरेगा एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समस्त विकास योजनाओं में वर्ष 2026-27 में निर्माण सामग्री आपूर्ति करने हेतु जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के अन्तर्गत पंजीकृत/प्राधिकृत एवं अनुभवी विनिर्माता, थोक विक्रेता एवं अधिकृत डिलर्स एवं व्यापारिक फर्मों से सामग्री एवं सेवाओं की आपूर्ति हेतु अनुमानित मात्रा अनुसार दर अनुबंध हेतु निविदाऐं आमन्त्रित की जाती हैं। जिसके NIB NO. PDS2627A0026 & UBN NO. PDS2627GLOB00028 है। निविदा की विस्तृत सूचनाऐ एवं शर्तें वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय :- दिनांक 16.07.2026 प्रात 11.30 बजे से
2. ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि व समय :- दिनांक 25.07.2026 सायं 06.00 बजे तक
3. ऑनलाईन आवेदन खोलने की तिथि व समय :- दिनांक 27.07.2026 दोपहर 02.00 बजे से पंचायत समिति दौसा
4. संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में भौतिक दस्तावेज जमा करवाने के अन्तिम तिथि व समय :- दिनांक 27.07.2026 प्रात 11.00 बजे तक

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कालोता — प्रशासक, ग्राम पंचायत कालोता

## फाइल नं.- A-35/2/2024-ESTT-V

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, आरडी एवं जीआर विभाग
केन्द्रीय जल आयोग
सेवा भवन, नई दिल्ली

रिक्ति सूचना

केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली, भारत के विभिन्न भागों में स्थित केन्द्रीय जल आयोग के कार्यालयों में वेतन स्तर -7 (44900-142400 रुपये) में सहायक निदेशक ग्रेड-II/ उप मंडलीय अभियंता, ग्रुप बी राजपत्रित (गैर- मंत्रालयी) के 52 (अस्थाई संख्या) पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है। विस्तृत रिक्ति परिपत्र और अन्य विवरण केन्द्रीय जल आयोग की वेबसाइट https://www.cwc.gov.in/orders_and_circulars पर उपलब्ध है। इच्छुक पात्र अधिकारी, रोजगार समाचार में इस रिक्ति सूचना के प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों के भीतर, उचित माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रोफोर्मा में अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी को भेज सकते हैं।

अवर सचिव,
(स्थापना - V अनुभाग),
केंद्रीय जल आयोग, नई दिल्ली
cbc 45101/11/0008/2627

## उत्तर मध्य रेलवे

Letter No:- DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION Dated:- 16.07.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है :-

श्रेणी - Misc-Mobile-Services | केटलौग संख्या : 20176-PUB-26-01

एसेट्स डिटेल्स: वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 20175/76) की सभी बोगियों मे हर सीट पर फूड ट्रे और हेडरेस्ट कवर के आगे और पीछे विज्ञापन पैच लगाकर विज्ञापन के संचालन के ठेके के संबंध में।

ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक:- 31.07.2026 समय: - 11:00
ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक:- 31.07.2026 समय: - 11:30

नोट:- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलोग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 1635/26(AK)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत बून्दी

क्रमांक: केशियर/डी-881 दिनांक: 14.07.2026

निविदा सूचना संख्या 04/2026-27
NIB code: PWD2627A1647

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से "मेणोली से हरिपुरा उर्फ काली तलाई तक सड़क" एवं "सड़क निर्माण कार्य पैकेज सं. RJ-09-03/NP/SRF/2018-19 ग्राम अल्कोदिया से ग्राम पंचायत गुमानपुरा तक" के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त पात्र श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष से पांच/दस वर्ष की गारण्टी अवधि सहित निम्न कार्यों की निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.dipr.rajasthan.gov.in", http://eproc.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है। निविदा अपलोड करने की तारीख 24.07.2026 (शुक्रवार) से 14.08.2026 (शुक्रवार) को सायं 6:00 बजे तक।

UBN is: PWD2627WSOB06946,
UBN is: PWD2627WSOB06947
DIPR/C/12589/2026

(मुकेश कुमार गुप्ता),
अधीक्षण अभियन्ता,
सा.नि.वि. वृत बून्दी

## कार्यालय नगर परिषद डीग (राज0)

क्रमांक : न.प.डीग/स्टोर/2026-27/694-95 दिनांक : - 14.07.2026

ई-निविदा सूचना 08/2026-27

नगर परिषद डीग द्वारा द्वारा निकाय क्षेत्र में आईओटी आधारित डोर-टू-डोर घरेलू अपशिष्ट संग्रहण के संचालन हेतु योग्य एवं अनुभवी सेवा प्रदाताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। जिसमें वेस्ट ट्रैकिंग समाधान Waste Tracking Solution को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वाहन में जीपीएस एवं ट्रैकिंग सिस्टम की स्थापना कार्य हेतु तथा मद विवरण के अनुसार निगरानी की सेवा की खरीद हेतु ऑफलाइन बोली आमंत्रित करती है। सभी वार्डों में पात्र बोलीदाताओं से www.sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से बोलियाँ आमंत्रित की जाती हैं। बोलियाँ आरटीपीपी अधिनियम 2012 और आरटीपीपी अधिनियम 2013, जो अद्यतन संशोधित हैं, के अनुसार प्रक्रियाओं के माध्यम से और एकल चरण वाली राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के तहत दो लिफाफों में आयोजित की जाएँगी। पूर्व-योग्यता फिल्टर के साथ बोली प्रक्रिया। एनआईबी का विवरण नीचे दिया गया है-

| | |
|---|---|
| आयुक्त का नाम और पता | आयुक्त नगर परिषद डीग |
| खरीद का विषय | आईओटी आधारित डोर टू डोर घरेलू अपशिष्ट संग्रह के संचालन के लिए सेवा। |
| बोली की अवधि | एक वर्ष |
| बोली मूल्यांकन मानदंड (चयन विधि) | तकनीकी बोली और वित्तीय बोली मूल्यांकन |
| पात्रता मापदंड | जैसा कि बोली दस्तावेजों में विस्तृत रूप से बताया गया है |
| बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए वेबसाइटें | www.Sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in |
| अनुमानित लागत | 99.00 लाख |
| फीस | बोली दस्तावेज शुल्क (गैर-वापसी योग्य) रू 1000/- और बोली प्रसंस्करण आरआईएसएल, जयपुर एफसीई रु. 500/- |
| बोली सुरक्षा (ईएमडी) | राजस्थान सरकार के अनुसार परियोजना लागत की 2.00 प्रतिशत बोली सुरक्षा अन्य के लिए लागू है और परियोजना लागत की 0.50 प्रतिशत बोली सुरक्षा केवल एमएसएमई के लिए लागू है |
| निविदा अपलोड/डाउनलोड करने की दिनांक और समय | From 15-07-2026, 04:00 PM to 31-07-2026, 06:00 PM |
| निविदा भौतिक रूप से जमा कराने की दिनांक और समय | Date : 03-08-2026 Time : 12:00 PM Till |
| खोलने की तिथि और समय | Date : 03-08-2026 Time : After 12:00 PM |
| NIB Number | DLB2627A4307 |
| BID Number | DLB2627SLOB10332 |

आयुक्त
नगर परिषद डीग
राज.संवाद/सी/26/7136

## जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

कॉर्पोरेट आइडेन्टीफिकेशन नम्बर (सीन) - यू40109 आरजे 2000 एसजीसी016483
पंजीकृत कार्यालय : न्यू पॉवर हाउस, जोधपुर-342003 कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (आरई-डीएसएम)
ईमेल: bessjdvvnl@gmail.com, वेबसाईट : http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl

No. :- JdVVNL/ZCE (JDZ, DSM)/S. RE-DSM /F.TN-DSM-116/Corrsp./D. Date :-

ई-निविदा

ई-निविदाएँ (एकल चरण द्वि-भागीय बोली प्रणाली तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली) के अंतर्गत पात्र बोलीदाताओं से जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (JdVVNL) हेतु Build & Own & Operate (BOO) मॉडल के माध्यम से पायलट आधारित लघु क्षमता के स्टैंड अलोन विकेन्द्रीकृत बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (Battery Energy Storage System & BESS) परियोजनाओं की स्थापना एवं 15 वर्षों की अवधि हेतु संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance & O&M) सहित बैटरी ऊर्जा भंडारण सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के अंतर्गत कुल 150 मेगावाट / 600 मेगावाट घंटा (150MW/600 MWh) क्षमता की BESS परियोजनाएँ स्थापित की जानी हैं, जिनमें प्रत्येक परियोजना की क्षमता 1 मेगावाट /4 मेगावाट घंटा (1 MW/4 MWh) होगी तथा इन्हें जोधपुर डिस्कॉम के अधीन चिन्हित 33/11 केवी ग्रिड उपकेंद्रों पर स्थापित किया जाएगा।

निविदा से संबंधित विस्तृत Request for Selection (RfS), पात्रता मानदण्ड, अर्हता आवश्यकताएँ (Qualifying Requirements), तकनीकी विनिर्देश वाणिज्यिक शर्तें तथा बोली कार्यक्रम (Bidding Schedule) वेबसाइट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त दस्तावेज NIT संख्या JDVVNL/SE (RE-DSM)/XEN(RE-DSM)/TN-DSM-116 के माध्यम से डाउनलोड किए जा सकते हैं। भविष्य में यदि कोई शुद्धिपत्र (Corrigendum), स्पष्टीकरण (Clarification), परिशिष्ट (Addendum) अथवा समय-वृद्धि (Extension) जारी की जाती है, तो उसकी सूचना केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रकाशित की जाएगी। इस संबंध में समाचार पत्रों में कोई पृथक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

राज.संवाद/सी/26/7143
अधीक्षण अभियंता (आरई - डीएसएम)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

## कार्यालय भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी वजीरपुर जिला-सवाई माधोपुर

क्रमांक: राजस्व/2026/2277 दिनांक: 08.07.2026

आम सूचना/जनसुनवाई

राजस्थान राजपत्र विशेषांक संख्या 09/भू.अ./ज.स./2026/604-616 दिनांक 15.05.2026 द्वारा ईसरदा से खुरा चैनपुरा से बन्ध बारैठा भरतपुर तक फीडर का निर्माण हेतु धारा 4(1) का गजट नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के उपखण्ड वजीरपुर में ईसरदा से खुरा चैनपुरा से बन्ध बारैठा भरतपुर तक फीडर का निर्माण हेतु निम्नांकित गांवों में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 और राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016 के अधीन सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भूमि अवाप्ति करने हेतु सामाजिक समाघात अध्ययन (S.I.A.) की कार्यवाही करवाया जाना प्रावधानित है।

इस बाबत् प्रभावित गांवों की सूची संलग्न है जिनके निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार भूमि अर्जन हेतु जनसुनवाई बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें समस्त प्रभावित व्यक्तियों, आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है:-

| क्र.सं. | तहसील का नाम | प्रभावित राजस्व ग्राम का नाम | जनसुनवाई दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वजीरपुर | शेखपुर, खरेड़ा | 03.08.2026 प्रातः 11:00 बजे | राजीव गांधी सेवा केन्द्र, श्यारौली |
| 2 | वजीरपुर | पावटा, किशोरपुर, वजीरपुर | 04.08.2026 प्रातः 11:00 बजे | राजीव गांधी सेवा केन्द्र, पावटा |
| 3 | वजीरपुर | खण्डीप, फुलवाड़ा | 05.08.2026 प्रातः 11:00 बजे | राजीव गांधी सेवा केन्द्र, खण्डीप |
| 4 | वजीरपुर | पीलौदा | 06.08.2026 प्रातः 11:00 बजे | राजीव गांधी सेवा केन्द्र, पीलौदा |

भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी वजीरपुर
राज.संवाद/सी/26/7142

## कार्यालय नगर परिषद हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.)

क्रमांक:-182 दिनांक: 17.07.2026

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित आवेदक ने अपनी खातेदारी की भूमि में से जरिये इकरारनामा द्वारा भूमि का क्रेताओं द्वारा निम्नांकित वर्णित भूमि का 90ए/90बी/69क/स्टेट ग्राण्ट एक्ट तहत आवासीय पट्टा/व्यवसायिक पट्टा चाहा गया है जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम व पता | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (वर्गगज में) | राजस्व गांव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री घनश्याम शर्मा निवासी अमृतपुरी कॉलोनी हिण्डौन सिटी | 6087 | 127.55 | हिण्डौन |
| 2. | श्री गणेश पुत्र श्री बादाम निवासी 60 फीट रोड कैला गोदाम के पास हिण्डौन सिटी | 44 | 266.66 | हिण्डौन |
| 3. | श्री बबलू धाकड पुत्र श्री हरिओम निवासी सपाट के पास हिण्डौन सिटी | 4645 | 167.22 | हिण्डौन |
| 4. | श्री गोविन्द सिंघल पुत्र श्री प्यारेलाल निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 152.77 | हिण्डौन |
| 5. | श्री दिनेश चन्द गुप्ता पुत्र श्री प्यारेलाल निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 194.44 | हिण्डौन |
| 6. | श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी श्री सोनू शर्मा निवासी कृष्णा कॉलोनी हिण्डौन सिटी | 2484 | 101.29 | हिण्डौन |
| 7. | श्रीमती मीना शर्मा पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी मण्डावरा रोड हिण्डौन सिटी | 2288 | 20 | हिण्डौन |
| 8. | श्री मुकेश कुमार सोनी पुत्र श्री गौरी शंकर निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 46.66 | हिण्डौन |
| 9. | श्री मुकेश कुमार सोनी पुत्र श्री गौरी शंकर निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 60.69 | हिण्डौन |
| 10. | श्री जगमोहन पुत्र श्री गौरी शंकर निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 46.66 | हिण्डौन |
| 11 | श्री जगमोहन पुत्र श्री गौरी शंकर निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 66.75 | हिण्डौन |
| 12 | श्री राजूलाल सोनी पुत्र श्री गौरी शंकर निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 46.66 | हिण्डौन |
| 13 | श्री राजूलाल सोनी पुत्र श्री गौरी शंकर निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 30.08 | हिण्डौन |
| 14 | श्री सुरेश चन्द सोनी पुत्र श्री गौरी शंकर निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 41.39 | हिण्डौन |
| 15 | श्री सुरेश चन्द सोनी पुत्र श्री गौरी शंकर निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 46.66 | हिण्डौन |
| 16 | श्रीमती कान्ता पत्नी श्री सुरेश चन्द शर्मा निवासी न्यू कॉलोनी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6038 | 180.55 | हिण्डौन |
| 17 | श्री संतोष कुमार गौड, मनोज कुमार गौड, शिवराज गौड पुत्रान श्री कल्याण प्रसाद गौड निवासी न्यू कॉलोनी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 178.18 | हिण्डौन |
| 18 | श्रीमती निर्मला पत्नी श्री दिनेश चन्द निवासी कृष्णा कॉलोनी हिण्डौन सिटी | 6189 | 83.32 | हिण्डौन |
| 19 | श्री मनोज मीना पुत्र श्री घनश्याम मीना निवासी रूपचन्द पुरा के पास बाईपास हिण्डौन सिटी | 2669 | 555.55 | हिण्डौन |
| 20 | श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी श्री सोनू शर्मा निवासी कृष्णा कॉलोनी हिण्डौन सिटी | 2484 | 101.29 | हिण्डौन |
| 21 | श्री शेरसिंह मीना पुत्र श्री कैलाश चन्द मीना निवासी भोपूर तह बालघाट जिला करौली | 4001 | 200 | हिण्डौन |
| 22 | श्री शेरसिंह मीना पुत्र श्री कैलाश चन्द मीना निवासी भोपूर तह बालघाट जिला करौली | 4001 | 200 | हिण्डौन |
| 23 | श्री प्रदीप कुमार आर्य पुत्र श्री बसंत लाल निवासी बयाना मोड हिण्डौन सिटी | 6509,6511 | 647.88 | हिण्डौन |
| 24 | श्री रामचरण लाल पुत्र श्री गेंदाराम निवासी झारेडा रोड हिण्डौन सिटी | 6040 | 166.66 | हिण्डौन |

आयुक्त
नगर परिषद हिण्डौन

न्यूजीलैंड क्रिकेट

## बल्लेबाजी कोच पद छोड़ेंगे ल्यूक रोंची



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वेलिंगटन**. न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची इस साल भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद अपना पद छोड़ देंगे। उन्होंने बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के मुख्य कोच का पद स्वीकार कर लिया है। रोंची ने 2020 में पीटर फुल्टन की जगह लेने के बाद न्यूजीलैंड के पूर्णकालिक बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया है, ऑस्ट्रेलिया में अपनी नई जिम्मेदारी संभालने से पहले भारत सीरीज तक राष्ट्रीय टीम के साथ बने रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके रोंची राष्ट्रीय टीम के बेहद सफल दौर में कोचिंग टीम का हिस्सा रहे हैं।

इस दौरान टीम ने 2021 में आइसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीती, 2021 और 2026 में आइसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल तक का सफर तय किया। उन्होंने न्यूजीलैंड की भारत में ऐतिहासिक 3-0 टेस्ट सीरीज जीत और क्रमशः 2024 और 2026 में वनडे सीरीज जीत के साथ-साथ हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीत में भी अहम भूमिका निभाई।

एथलेटिक्स: 87.05 मीटर फेंक एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई हुए रोहित यादव

# गरीबी में बीता रोहित का बचपन, बांस के भाले से शुरू किया सफर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** उत्तर प्रदेश के जौनपुर के रहने वाले 25 वर्षीय जेवलिन थ्रोअर रोहित यादव आगामी एशियाई खेलों में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ भारतीय चुनौती पेश करेंगे। रोहित ने हाल में संपन्न नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 87.05 मीटर का थ्रो किया और पुरुष जेवलिन थ्रो का स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआइ) द्वारा तय एशियन गेम्स 2026 के 77.87 मीटर के क्वालिफाइंग मानक को भी आसानी से पार कर लिया था।

**भारत में भाला फेंक में बढ़ी प्रतिस्पर्धा:** इंटर-स्टेट चैंपियनशिप में यशवीर सिंह ने 83.72 मीटर के साथ दूसरा और सचिन यादव ने 82.32 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। दोनों ने भी एशियन गेम्स का क्वालिफाइंग मानक पार कर लिया। वहीं, हांगझाउ एशियन गेम्स 2023 के रजत पदक विजेता किशोर जेना 77.21 मीटर के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

### मां बोलीं- गरीबी झेली, लेकिन बेटे ने देश का नाम रोशन किया

**रोहित** की उपलब्धि पर उनकी मां भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, हमें बेटे पर बहुत गर्व है। हमने काफी गरीबी और संघर्ष देखा है। उसके पिता ने उसे इस खेल की बारीकियां सिखाईं। रोहित जहां भी रहता है, रोज अभ्यास करता है। आज उसने पूरे देश और गांव का नाम रोशन किया है।

नीरज के साथ पेश करेंगे भारतीय चुनौती



### नीरज से आगे निकले रोहित का सीजन बेस्ट

**रोहित** ने अपने ही हालिया पर्सनल बेस्ट 83.76 मीटर (लुधियाना) को पीछे छोड़ते हुए 87.05 मीटर का नया रेकॉर्ड बनाया। इस सीजन में उनसे बेहतर थ्रो केवल श्रीलंका के रुमेश थरंगा (92.62 मीटर) का रहा है। वहीं, नीरज चोपड़ा का इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 85.69 मीटर है। रोहित पहले ही कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में जगह बना चुके हैं। अब एशियन गेम्स में भी उनसे पदक की बड़ी उम्मीदें रहेंगी।

### बांस के भाले से शुरू हुआ सफर

**रोहित** की सफलता के पीछे वर्षों का संघर्ष और परिवार का त्याग छिपा है। जौनपुर के एक साधारण परिवार से आने वाले रोहित ने भाला फेंक की शुरुआत किसी आधुनिक उपकरण से नहीं, बल्कि बांस के भाले से की थी। उनके पिता खुद एथलीट रह चुके हैं और उन्होंने ही दोनों बेटों को इस खेल से परिचित कराया। रोहित के बड़े भाई राहुल यादव ने बताया, "हमारे पिता ने 2013 में हमें जेवलिन थ्रो की ओर प्रेरित किया।

### चोट से वापसी, रोज 7-8 घंटे की मेहनत

**रोहित** के वर्ष 2023 में उन्हें कोहनी की गंभीर चोट लगी, जिसके बाद सर्जरी करानी पड़ी। करीब एक साल तक मैदान से दूर रहने के बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी की। राहुल ने बताया, रोहित दिन में दो बार अभ्यास करते हैं। हर सत्र 3-4 घंटे का होता है। यानी वह रोजाना 7 से 8 घंटे ट्रेनिंग करते हैं। उनकी मेहनत का ही नतीजा है कि आज वह एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उन्हें सम्मानित कर चुके हैं।

लंका प्रीमियर लीग

## ओपनिंग मैच से पहले टीम का सह-मालिक गिरफ्तार

**कोलंबो @ पत्रिका.** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) की फ्रेंचाइजी 'जाफना किंग्स' के एक सह-मालिक को शुक्रवार को श्रीलंका में गिरफ्तार किया गया। उस पर एक खिलाड़ी को रिश्वत देने की कोशिश करने का आरोप है। यह गिरफ्तारी 2026 सीजन शुरू होने से कुछ घंटे पहले हुई। भारत के पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर मनजोत कालरा और उद्यमी मयंक गोयल इस साल की शुरुआत में जाफना किंग्स के ओनरशिप ग्रुप का हिस्सा बने थे। बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने जाफना किंग्स फ्रेंचाइजी के मालिक की गिरफ्तारी से जुड़ी मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान दिया है।' यह गिरफ्तारी 'खेल से जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए बनी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट' (एसआइयू) ने की है।"

फीफा विश्व कप: सेमीफाइनल में अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया था

# इंग्लैंड की हार के बाद बेलिंघम ने प्रशंसकों के लिए लिखा भावुक पोस्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** फीफा विश्व कप 2026 से इंग्लैंड के बाहर होने के बाद टीम के स्टार मिडफील्डर जूड बेलिंघम ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा कर प्रशंसकों का आभार जताया। टूर्नामेंट जीतने का सपना टूटने के बाद बेलिंघम ने स्वीकार किया कि यह हार बेहद निराशाजनक है, लेकिन टीम इससे सीख लेकर और अधिक मजबूत होकर वापसी करेगी। गौरतलब है कि सेमीफाइनल में अर्जेंटीना ने पलटवार करते हुए इंग्लैंड को 2-1 से शिकस्त दी थी। इंग्लैंड की टीम ने एकमात्र बार 1966 में फीफा विश्व कप खिताब जीता था।

हौसला बढ़ाने के लिए धन्यवाद



**बेलिंघम** ने अपने संदेश में लिखा कि विश्व कप से बाहर होना बेहद दर्दनाक है। पूरी टीम ने मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन कई बार फुटबॉल में परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते। उन्होंने इंग्लैंड के समर्थकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान देश-विदेश से मिले प्यार, विश्वास और समर्थन ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे लिखा कि टीम ने हर मैच में देश के लिए अपना सबकुछ झोंक दिया। हालांकि ट्रॉफी जीतने का सपना अधूरा रह गया।

**फैंस ने टीम के प्रदर्शन को सराहा:** इंग्लैंड की हार के बाद बेलिंघम का यह संदेश सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। हजारों प्रशंसकों ने उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए टीम के प्रदर्शन की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कई फैंस ने लिखा कि हार के बावजूद टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जज्बा दिखाया और अगले बड़े टूर्नामेंट में वापसी की उम्मीद जताई।

महिला हॉकी विश्व कप 2026: 15 से 30 अगस्त तक होगा आयोजन

# सलीमा टेटे संभालेंगी भारतीय टीम की कमान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** स्टार खिलाड़ी सलीमा टेटे को एफआइएच महिला विश्व कप 2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है। यह टूर्नामेंट बेल्जियम और नीदरलैंड्स में 15 से 30 अगस्त तक खेला जाएगा। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को इस बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा की। यह टीम वैसी ही है जैसी आइजी-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए चुनी गई 20 सदस्यीय हॉकी टीम थी। 2026 महिला हॉकी विश्व कप के लिए भारत को पूल डी में चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। सलीमा टेटे और उनकी टीम अपने सभी पूल मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में स्थित वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेलेगी।




सलीमा टेटे

**16 अगस्त को पहला मैच:** भारतीय महिला हॉकी टीम टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 16 अगस्त को चीन के खिलाफ करेगी, इसके बाद 18 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका और 20 अगस्त को इंग्लैंड से मुकाबला करेगी। चारों पूल में से शीर्ष दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी।

**नौवीं बार खेलेगी भारतीय टीम:** महिला हॉकी विश्व कप में यह भारत की नौवीं भागीदारी होगी।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर:** सविता, बिचू देवी खारीबम
**डिफेंडर:** इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, लालथंतलुंगी, ज्योति, शिल्पी डबास
**मिडफील्डर:** निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, दीपिका सोरेंग
**फॉरवर्ड:** लालरेम्सियामी, ऋतुजा दादासो पिसल, नवनीत कौर, दीपिका, इशिका, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग

@बिजनेस & वेल्थ

ईपीएफओ 3.0 पीएफ-ईपीएस की तरह करेगा काम, गिग वर्कर्स को भी फायदा

# असंगठित क्षेत्र के लिए आएगी नई पेंशन योजना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) 3.0 सुधारों के तहत गिग वर्कर्स, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के दायरे से बाहर रहने वाले प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए नई अंशदायी (कन्ट्रिब्यूटरी) पेंशन योजना लाने की तैयारी कर रही है। प्रस्तावित योजना में कर्मचारी, नियोक्ता, सरकार, सीएसआर फंड्स, गिग वर्कर्स के मामले में एग्रीगेटर कंपनियां और जरूरत पड़ने पर अन्य स्रोत भी योगदान कर सकेंगे। जमा राशि को सरकारी प्रतिभूतियों और अन्य सुरक्षित निवेश साधनों में निवेश किया जाएगा, जिस पर हर साल



ब्याज मिलेगा। इस योजना के तहत प्रत्येक सदस्य का ईपीएफओ के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत पेंशन खाता होगा। इसमें जमा राशि समय के साथ बढ़ती रहेगी।

***डिजिटल डैशबोर्ड मिलेगा***

ईपीएफओ 3.0 में डिजिटल डैशबोर्ड भी मिलेगा, जहां सदस्य अपने योगदान, संचित कॉर्पस और पेंशन लक्ष्य की प्रगति रियल-टाइम में देख सकेंगे। अपने टारगेट रिटायरमेंट सम में बदलाव कर सकेंगे।

ऐसे करेगी काम, इन्हें होगा फायदा

- **55 साल** की उम्र तक सदस्यता कर सकेगा कि वह अपनी रिटायरमेंट बचत का इस्तेमाल किस तरह करना चाहता है। वह तक यह योजना कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) की तरह काम करेगी और खाते में लगातार पैसा जमा होता रहेगा।
- 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर इस योजना के तहत प्रस्तावित टारगेट रिटायरमेंट सम (टीआरएस) को उस समय प्रचलित एन्युटी और ब्याज दरों के आधार पर मासिक पेंशन में बदला जाएगा। सदस्यों को यह स्वतंत्रता होगी कि वे हर महीने कितनी पेंशन लेना चाहते हैं या अपनी संचित राशि में से कितनी निकासी करना चाहते हैं।
- सदस्य चाहें तो इस राशि को एन्युटी में बदल सकते हैं या फिर सिस्टेमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) के जरिए हर महीने जरूरत के अनुसार पैसा निकाल सकते हैं। कम निकासी करने पर ब्याज मूलधन में जुड़ता रहेगा, जिस पर ब्याज मिलेगा।

**परिवार को भी मिलेगा सुरक्षा कवच:** प्रस्तावित योजना में केवल कर्मचारी ही नहीं, बल्कि उसके परिवार की सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। सरकार फैमिली बेनिफिट फंड बनाने पर विचार कर रही है, जिसके जरिए सदस्य की मृत्यु के बाद उसके पति या पत्नी, बच्चों और अनाथ बच्चों को भी पेंशन का लाभ मिल सकेगा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 96.4 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई@पत्रिका.** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के आंकड़ों के अनुसार भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 96.4 करोड़ डॉलर (964 मिलियन डॉलर) बढ़कर 675.16 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले वाले रिपोर्टिंग सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.26 अरब डॉलर की मजबूत बढ़त के साथ 674.19 अरब डॉलर पर पहुंच गया था, जिससे पहले इसमें आई गिरावट की भरपाई हो गई थी। विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) होता है। समीक्षा अवधि के दौरान इसमें 93 करोड़ डॉलर (930 मिलियन डॉलर) की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 546.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान देश का गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा है।

## गेल-केएबीआइएल में खनिजों पर समझौता

**नई दिल्ली@पत्रिका.** गेल इंडिया लिमिटेड ने शुक्रवार को खानिज विदेश इंडिया लिमिटेड (केएबीआइएल) के साथ महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों में अवसरों की पहचान और मूल्यांकन के लिए सहयोग का एक ढांचा प्रदान करती है। इसमें तकनीकी विशेषज्ञता का आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण तथा खनन मूल्य श्रृंखला में संयुक्त पहलों की संभावनाओं की खोज शामिल है। इस सहयोग का उद्देश्य भारत की दीर्घकालिक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और स्वच्छ ऊर्जा




संक्रमण को गति देना है। समझौते पर गेल की ओर से कार्यकारी निदेशक संजीव कुमार और केएबीआइएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर गेल के निदेशक (व्यवसाय विकास) आरके सिंघल सहित दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान में खरीफ फसलों पर संकट

**जयपुर@पत्रिका.** राजस्थान में बारिश की कमी से अकाल जैसी स्थिति बन रही है। यदि अगले पांच दिन वर्षा नहीं होती है, तो राज्य की प्रमुख खरीफ फसलों की पैदावार बुरी तरह प्रभावित होगी। इसमें बाजरे की 40 लाख टन, मूंग की 14 लाख टन, उड़द की 1 लाख टन, मोठ की 4 लाख टन, सोयाबीन की 8 लाख टन, तिल की 2 लाख टन, मक्का की 15 लाख टन, ज्वार की 8 लाख टन और मूंगफली की 20 लाख टन पैदावार समाप्त होने की कगार पर है। राज्य के कई जिलों जैसे केकड़ी, विजय नगर, नागौर, टोंक, बीकानेर, श्रीगंगानगर, खैरथल, भरतपुर, दौसा और लालसोट में खरीफ फसलों की बुवाई केवल 15 प्रतिशत आंकी जा रही है। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि बाजरा उत्पादक क्षेत्रों में कमी से 10 से 15 लाख टन गेहूं की अतिरिक्त मांग उठेगी। राज्य सरकार ने केंद्र से 10 लाख टन गेहूं और पशुचारे की तुरंत मांग करने का निर्णय किया है।



## अवैध कारोबार पर कार्यबल बनाने की मांग

**नई दिल्ली@पत्रिका.** कंज्यूमर ऑनलाइन फाउंडेशन (सीओएफ) ने पीएमओ से अवैध तंबाकू व्यापार पर राष्ट्रीय कार्यबल के गठन का आग्रह किया है। फाउंडेशन ने तस्करी कर लाई जाने वाली सिगरेट, नकली तंबाकू उत्पादों तथा गैरकानूनी निकोटीन उत्पादों के तेजी से बढ़ते बाजार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यह कदम उठाया है। पीएमओ को भेजे गए पत्र में सीओएफ ने अवैध तंबाकू व्यापार को उपभोक्ताओं की सुरक्षा, जनस्वास्थ्य, सरकारी राजस्व और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताया। फाउंडेशन के संस्थापक बेजोन कुमार मिश्रा ने कहा कि केवल कर बढ़ाने से जनस्वास्थ्य के लक्ष्य पूरे नहीं किए जा सकते, यदि अवैध व्यापार लगातार बढ़ता रहेगा। अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी दर्शाता है कि जब अवैध तंबाकू उत्पाद सस्ते होते हैं, तो उपभोक्ता अनियंत्रित बाजार की ओर रुख करते हैं। सीओएफ ने एक उच्चस्तरीय राष्ट्रीय कार्यबल का प्रस्ताव रखा है, जिसमें स्वास्थ्य, वित्त, गृह, उपभोक्ता मामले, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालयों के साथ-साथ राजस्व खुफिया निदेशालय और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड जैसे विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल हों।


## कार्यालय नगर निगम जयपुर

क्रमांक :– जसअ / 2026 / 170 पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर दिनांक : 15.07.2026

**सार्वजनिक सूचना**

राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के अनुसार नगर निगम जयपुर की सेवा में सेवारत रहते हुये मृतक हुये उनके आश्रित को नियुक्ति देने की कार्यवाही की जानी है। विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्र.स | मृतक कर्मचारी का नाम | मृतक कर्मचारी का पद | मृत्यु दिनांक | आश्रित के रुप में नियुक्ति चहाने वाले का नाम | मृतक से सम्बन्ध (आश्रित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व. श्री कालू सिंह | वाहन चालक | 21.04.2026 | श्री जसवंत सिंह | पुत्र |

इस सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि मृतक के स्थान पर नियुक्ति चाहने वाले आश्रित नियुक्ति के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर–अन्दर उपायुक्त (कार्मिक) नगर निगम जयपुर, कमरा नं० 106 लालकोठी (मुख्यालय), टोंक रोड, जयपुर (dckarmik.jmc.nnj@gmail.com) को अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित अवधि में आपति प्राप्त न होने की दशा में नियमानुसार अनुकम्पा नियुक्ति सम्बन्धी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

राज.संवाद / सी / 26 / 7159 उपायुक्त (कार्मिक)

## कार्यालय नगरपालिका टोडाभीम जिला-करौली (राज.)

क्रमांक/नपाटो/2026-27/794 दिनांक:-15.07.2026

**आपत्ति आमंत्रण-पत्र**

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन/69-ए के अन्तर्गत टोडाभीम में आवासीय / व्यवसायिक / मिश्रित पट्टा/निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन किया है उक्त के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि 07 दिवस में पालिका में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है अन्दर अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

| क्र.सं. | नाम | पिता/पति का नाम | स्थान | क्षेत्रफल (वर्गगज में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनमोहन | हरि नारायण मीना | सैनी कॉलोनी / 1503 | 180.00 आवासीय |
| 2. | सकील अहमद<br>जमील<br>खलील अहमद | मुबारक अली<br>मुबारिक अली<br>मुबारिक अली | खेल पाड़ा/69-A | 67.58 आवासीय |
| 3. | राधा | दिनेश चन्द शर्मा | नौ बिस्वा/69-A | 86.44 आवासीय |
| 4. | राधा | दिनेश चन्द शर्मा | नौ बिस्वा/69-A | 174.02 आवासीय |
| 5. | सोमोती देवी कोली | बाबू लाल कोली | खेल पाड़ा/69-A | 62.00 आवासीय |
| 6. | सुमन देवी<br>सुनीता देवी | रामचन्द्र<br>सत्यनारायण | जीप स्टैण्ड/69-A | 154.29 आवासीय |
| 7. | इशरीन फातमा | अमीनुलहसन | काजी पाड़ा/69-A | 197.50 आवासीय |
| 8. | जाकिरा बेगम | खलिक अहमद | काजी पाड़ा/69-A | 123.00 आवासीय |
| 9. | कल्ला | लल्लू खां | खेल पाड़ा/69-A | 85.55 आवासीय |
| 10. | फिरोज खांन | नजीर | फूटा महोदव/69-A | 79.16 आवासीय |
| 11. | विशम्भर दयाल मीना | गंगा सहाय मीना | तांता कुआं/69-A | 232.08 आवासीय |
| 12. | जितेन्द्र कुमार तिवाड़ी | ओमप्रकाश तिवाड़ी | तिवाड़ी पाड़ा/69-A | 108.00 आवासीय |
| 13. | गोपाल लाल | भौरी लाल | सेड़ पाड़ा/69-A | 95.69 आवासीय |
| 14. | लखन लाल प्रजापत | प्रभाती लाल प्रजापत | डूंगर पाड़ा/69-A | 120.55 आवासीय |
| 15. | राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता | हीरा लाल महाजन | पुरानी अनाज मण्डी के पीछे (निर्माण स्वीकृति) | 117.73 वर्गगज |
| 16. | जुबेदा बानो | शब्बीर खांन | खेल पाड़ा (निर्माण स्वीकृति) | 30.19 वर्गगज |
| 17. | सुनीता मीना | सुरेन्द्र कुमार मीना | नई मण्डी रोड़ (निर्माण स्वीकृति) | 166.66 वर्गगज |

(हनुमान शर्मा), अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका टोडाभीम (करौली)

## जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : F-JDA/PRO/2026/D-V-60 दिनांक: 16.07.2026

**शहरी सेवा शिविर । आम सूचना**

आवेदकों द्वारा अपनी सम्पत्ति के पट्टे/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये गये है। जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट **jda.rajasthan.gov.in** पर जाकर देख सकते है। अत : इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर **jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module** के माध्यम से **online** अथवा जोन कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. सं. | जोन / आवेदन क्रमांक | भू.सं. | गृ.नि.स.स.लि./योजना का नाम | आवेदक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22 / 303230 | 478 | (JDA) Rohini Enclave, Sector/Block-A, Issue Free Hold E-Patta | Sachin Garg S/o Shankar Lal Garg |
| 2 | 17 / 298503 | 1A | (Private) Sun City Phase-II, Sector/Block-Z, Issue Free Hold E-Patta | Vinod Bharti Jain S/o R.K Jain एवं Arpan Jain S/o Vinod Bharti Jain एवं Nidhi Jain W/o Axat Jain |
| 3 | 24 / 306882 | 65 | (JDA) Pitambra Yojana Sector/Block-A, Issue Free Hold E-Patta | Yash Dalmia S/o Satish Kumar Dalmia |
| 4 | PRN / 310194 | 35 | (Cooperative) Chanda Vihar-PRN, Issue Free Hold E-Patta | Pushpa Deve W/o Begraj Agarwal |
| 5 | 17 / 309237 | 62 | (Private) Green Trivani Phase-II Name Transfer | Kshitij Godara S/o Narendra Godara |
| 6 | 14 / 303102 | C36 | (Private) Bhaskar Enclave Sector/Block-L, Name Transfer | Anita Agrawal W/o Virendra Agrawal एवं Ayush Khandelwal S/o Gopal Khandelwal |
| 7 | 14 / 301879 | 179 | (Private) Shri Ram Enclave Sector/Block-A, Name Transfer | Abhishek Fatehpuriya S/o Jugal Kishore Fatehpuriya |
| 8 | B / 304620 | 30 | (Cooperative) Vikas Nagar (Shankar Bhawan) Sector/Block-B, Sub Division and Reconstitution | Javed Ali Nagra S/o Panney Khan Nagara |
| 9 | C / 311836 | 33-AB | (Private) Ram Nagar (Ganesh Path, Tagore Path, Gautham Path, Issue Free Hold E-Patta | Ram Chandra Tekwani S/o Rocha Mal |
| 10 | PRN / 307884 | 17 | (Cooperative) Ghanshyam Vihar Vistar-PRN, Issue Free Hold E-Patta | Vijay Kumar Uchenia S/o Moti Lal Uchenia |
| 11 | C / 311858 | 5 | (Cooperative) Shyam Colony (Shri Laxmi GNSS), Name Transfer | M/s Richwell Enterprises Pvt Ltd Director Vivek Sethia S/o Kamal Sethia |
| 12 | PRN / 303686 | 161 | (Cooperative) Shri Dhanraj City-PRN, Issue Free Hold E-Patta | Girdhar Lal Gupta S/o Prahalad Kumar Gupta |
| 13 | 12 / 312881 | 142 | (Cooperative) Rameshwaram, Issue Free Hold E-Patta | Sukant Jodha S/o Bhagwan Singh Jodha |
| 14 | 12 / 312864 | 153 | (Cooperative) Rameshwaram, Issue Free Hold E-Patta | Neeta Singh Jodha W/o Ghanshyam Singh Jodha |

राज.संवाद/सी/26/7107

## जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक - F-JDA/PRO/2026/D-V-68 दिनांक - 16.07.2026

**शहरी सेवा शिविर । आम सूचना**

आवेदकों द्वारा अपनी सम्पत्ति के पट्टे/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये गये है। जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट **jda.rajasthan.gov.in** पर जाकर देख सकते है। अत : इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर **jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module** के माध्यम से **online** अथवा जोन कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. सं. | जोन / आवेदन क्रमांक | भू.सं. | गृ.नि.स.स.लि./योजना का नाम | आवेदक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07 / 310160 | 384 | (JDA), Chitrakoot Yojana, Sector/Block-1, Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed), Original Lease Deed (Patta) | Dr. Mahima Sharma W/o Mohit Sharma |
| 2 | 09 / 309388 | 6 | (Private), Bajrang Deep-I, Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed), Original Lease Deed (Patta) | Harpreet Singh S/o Satpal Singh & Rajni Kaur W/o Satpal Singh |
| 3 | 09 / 311234 | 7 | (Private), Bajrang Deep-II, Sector/Block-C, Name Transfer | Savita Mathur W/o Ram Narayan Mathur |
| 4 | 09 / 308981 | 105 | (JDA), Central Spine, Sector/Block-B, Name Transfer | Rajendra Singh S/o Anand Singh & Anand Singh S/o Jodha Singh |
| 5 | 09 / 310514 | 281 | (Private), Oriental Arcade), Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed), Original Lease Deed (Patta) | Sudhir Kumar Agrawal S/o Gopi Kishan |
| 6 | 09 / 304404 | 53 | (Cooperative), Shiv Sahay Colony, Sch. No. 16, Issue of [Lease/Free Hold] Deed (E-Patta) | Jai Prakash Gupta S/o Om Prakash Khandelwal |
| 7 | 09 / 309396 | B24 | (Private), Shiv Officers Colony-B, Name Transfer | Sharvan Kumar Bansal S/o Trilok Chand Bansal & Shruti Bansal W/o Sharvan Kumar Bansal |
| 8 | 09 / 312179 | 123 | (Cooperative), Doctors Colony, Name Transfer | Ugantti Devi W/o chatar Singh Gurjar |
| 9 | 09 / 308926 | 319 | (Cooperative), Nandpuri-B, Name Transfer | Lalita Devi W/o Radhamohan Gupta |
| 10 | 14 / 290395 | 14/ID/239 | (JDA), Ring Road Project (Zone-14), Sector/Block-ID, Name Transfer | Shankar Lal Sharma S/o Narayan Sharma & Shojiram Sharma S/o Shri Narayan Sharma & Lal Chand Sharma S/o Shri Narayan Sharma |

राज.संवाद/सी/26/7113







"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. केसरगढ़, जे.एल.एन. मार्ग एवं 5-ई, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं सेक्टर 5, प्रतापनगर, जयपुर एवं 73-74, रीको औद्योगिक क्षेत्र, झोटवाड़ा, जयपुर से मुद्रित। आर.एन.आई. नं.-3709/57, सम्पादक: भुवनेश जैन। संपादकीय प्रभारी: *निरंजन कंजोलिया - *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।"

पत्रिका plus

jaipur. Saturday 18/07/2026 rajasthanpatrika.com/entertainment


पेज@11
30 से 40 मिनट का नो फोन ब्लॉक बनाकर करें एक्टिव स्टडी



## रीडर्स कनेक्ट

**हमें भेजें**

खबरें | समस्याएं | सुझाव
फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट

**ई-मेल:** jaipur@in.patrika.com

**पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो**

patrika.com/jaipur-news

क्यूआर कोड को मोबाइल से करें स्कैन

**हमसे जुड़ें**
facebook.com/groups/patrikamycity

## टॉप मूवीज

- **मैं वापस आऊंगा:** दिलजीत दोसांझ, नसीरूद्दीन शाह
  **रेटिंग:** 8.2/10
- **कॉकटेल 2:** शाहिद कपूर, कृति सेनन, रश्मिका मंदाना
  **रेटिंग:** 7.6/10
- **चांद मेरा दिल:** अनन्या पांडे, लक्ष्य **रेटिंग:** 7/10
- **वेलकम टू द जंगल:** अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, परेश रावल और रवीना टंडन
  **रेटिंग:** 4.6/10
- **ऐल्फा:** आलिया भट्ट, शरवरी, बॉबी देओल, ऋतिक रोशन
  **रेटिंग:** 3.1/10

## टॉप वेबसीरीज

- **मेड इन इंडिया: ए टाइटन स्टोरी:** नसीरूद्दीन शाह, नमिता दुबे और कावेरी सेठ
  **ओटीटी प्लेटफॉर्म:** अमेजन एमएक्स प्लेयर
  **रेटिंग:** 8.6/10
- **गुल्लक सीजन 5:** जमिल खान, गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर और अनंत वी. जोशी
  **ओटीटी प्लेटफॉर्म:** सोनी लाइव
  **रेटिंग:** 8/10
- **प्रीतम एंड पेड्रो:** विक्रांत मैसी, वीर हिरानी, अरशद वारसी
  **ओटीटी प्लेटफॉर्म:** जिओ हॉटस्टार
  **रेटिंग:** 7.9/10

## ब्रीफ न्यूज

### कार्यक्रमों के लिए अकादमी देगी आर्थिक सहयोग

**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** राजस्थान सिन्धी अकादमी ने वीर शिरोमणी सिन्धुपति महाराजा दाहिरसेन जयंती (25 अगस्त) के उपलक्ष में राज्यभर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि पंजीकृत सिन्धी पंचायतों, संस्थाओं एवं विद्यालयों के माध्यम से आयोजित कार्यक्रमों में महाराजा दाहिरसेन की जीवनी, वीरता और राष्ट्ररक्षा में उनके योगदान पर संगोष्ठी, चित्रकला, वाद-विवाद, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित करने की योजना हैं। इन आयोजनों के लिए सिंधी अकादमी की ओर से आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। ऐसे में पंजीकृत संस्थाएं 27 जुलाई तक आवेदन कर सकती हैं।

**जयपुर के होनहार:** 21 जून को आयोजित री नीट-यूजी 2026 का परिणाम जारी, रैंक होल्डर्स बोले...

# हौसला नहीं टूटा, मेहनत रंग लाई...चुनौतियों को हराकर हासिल की मंजिल

plus रिपोर्टर
patrika.com

**जयपुर.** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजीबिलिटी कम एंट्रेस टेस्ट (री नीट-यूजी 2026) का परिणाम गुरुवार को जारी हुआ। यह एग्जाम 21 जून को आयोजित हुआ था। इसमें देशभर के 5,440 सेंटर्स पर करीब 20 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दे थी। परिणाम के बाद 11.21 लाख स्टूडेंट्स मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए क्वालिफाई हुए। सफल स्टूडेंट्स में 58 प्रतिशत संख्या गर्ल्स की हैं।

### अजय चौधरी
**ऑल इंडिया रैंक: 144**



**जब** नीट का एग्जाम कैंसिल हुआ था, तब डीमोटिवेट हो गया था, लेकिन टीचर्स और पेरेंट्स ने सपोर्ट किया। री-नीट की तैयारी आसान नहीं थी। एग्जाम के लिए खुद को दोबारा उसी ऊर्जा के साथ तैयार करना बड़ी चुनौती रहा। इस बार सबसे ज्यादा फोकस सिली मिस्टेक्स पर किया और नियमित मॉक टेस्ट दिए। मेरा मानना है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, केवल निरंतर मेहनत और धैर्य ही मंजिल तक पहुंचाते हैं।

### देवेश सिंह गुर्जर
**ऑल इंडिया रैंक: 153**



नीट में रैंक लाने के लिए रोज 8 से 10 घंटे स्टडी करता था। पिता एक स्कूल में प्रिंसिपल हैं। उनका सपना डॉक्टर बनने का था, लेकिन वह सपना मैं पूरा करूंगा। री-एग्जाम ने हमें मानसिक रूप से मजबूत बनना सिखाया। कई बार लगा कि फिर से शुरुआत करना मुश्किल होगा, लेकिन परिवार और शिक्षकों के भरोसे ने हिम्मत दी। सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर फोकस किया। साथ ही 100 से ज्यादा मॉक टेस्ट दिए।

### दक्ष खंडेलवाल
**ऑल इंडिया रैंक: 154**



**सटीक** प्लानिंग के साथ रोज 8-10 घंटे स्टडी करता था। किसी भी एग्जाम में रैंक लाने के लिए टेस्ट देना बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही डाउट क्लियर करना भी जरूरी है। बायो में रूचि होने के कारण डॉक्टर बनने का सपना देखा। सोशल मीडिया से दूरी बनाकर तैयारी की, हालांकि कुछ प्लेटफॉर्म्स ने मदद भी की। हर दिन तय लक्ष्य के अनुसार पढ़ाई की और आत्मविश्वास बनाए रखा।

## 19 को सजेगी सुरों की संध्या



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में 19 जुलाई को कारवां सुरों का सीएसके म्यूजिकल ग्रुप की ओर से संगीतमय कार्यक्रम 'रेट्रो सीजन-1' का आयोजन होगा। कार्यक्रम शाम 5 से रात 9 बजे तक चलेगा। ग्रुप के संस्थापक विल्सन राय, सुधीर बाड़ोलिया और आनंद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के कई कलाकार पुराने दौर के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देंगे। संगीत रसिकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा।

**पत्रिका इग्नाइटर्स-2026** के तीसरे दिन 350 होनहार विद्यार्थियों का सम्मान

# 'बोर्ड परीक्षा की सफलता चुनौतियों-अवसरों की शुरुआत'

VGU PRESENTS PATRIKA IGNITERS 2026 EMPOWERING YOUTH Powered by PRATAP UNIVERSITY

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर.** राजस्थान पत्रिका के 'पत्रिका इग्नाइटर्स-2026' के तीसरे दिन महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि आइएएस एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नवीन जैन रहे। उन्होंने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में मिली सफलता केवल शुरुआत है, अंतिम मंजिल नहीं। जीवन में आगे और भी कई चुनौतियां और अवसर आएंगे, इसलिए निरंतर सीखने, मेहनत करने और खुद को बेहतर बनाने का संकल्प बनाए रखना होगा।

नवीन जैन ने कहा कि 10वीं और 12वीं के अच्छे परिणाम से विद्यार्थियों की पहचान जरूर बनती है, लेकिन असली सफर इसके बाद शुरू होता है। समारोह में 350 होनहार छात्रों को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मंच संचालन 95 तड़का के आरजे निखिल और शिवांगी ने किया।

### इन संस्थानों का साथ

कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय है। पॉवर्ड बाय प्रताप विश्वविद्यालय, नॉलेज पार्टनर एमिटी विश्वविद्यालय है। सपोर्टेड बाय आनंद इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, स्वामी केशवानंद प्रौद्योगिकी संस्थान है। आइएएस/आरएएस विशेषज्ञ सम्यक संस्थान है। कार्यक्रम का संचालन आइएफएफपीएल की ओर से किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी और अभिभावक 9928015903, 9828557513 और 7737103990 पर संपर्क कर सकते हैं।



### आज आखिर दिन

समारोह के चौथे दिन मुख्य अतिथि आइएएस डॉ. समित शर्मा, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी एवं राजस्थान राज्य कर सेवा संघ के अध्यक्ष कौशल भारद्वाज होंगे।

### रुचि और क्षमता को प्राथमिकता दें

आनंद कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को संचार कौशल, नवाचार और समस्या-समाधान की क्षमता भी विकसित करनी होगी। कॉलेज के प्रवेश प्रभारी शिव कुमार एस ने विद्यार्थियों से कहा कि कॅरियर चुनते समय रुचि, क्षमता को प्राथमिकता दें।

**ओपन माइक लीग सीजन-3**

## युवा प्रतिभाओं ने बिखेरा हुनर, विजेताओं का सम्मान



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** युवा प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच देने के उद्देश्य से राजस्थान जैन युवा महासभा की ओर से गुर्जर की थड़ी क्षेत्र में ओपन माइक लीग सीजन-3 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से चयनित युवक-युवतियों ने गायन, कविता, स्टैंड-अप कॉमेडी, स्टोरीटेलिंग और अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि इस तरह के आयोजन नई प्रतिभाओं को मंच देने के साथ युवाओं में आत्मविश्वास और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देते हैं। प्रतियोगिता में म्यूजिक कैटेगिरी में संकेत सोलंकी ने अपनी बीट बॉक्सिग प्रस्तुति से पहला स्थान हासिल किया, जबकि नॉन-म्यूजिक कैटेगिरी में गौरी सोनी और मयंक सोनी की स्टोरीटेलिंग प्रस्तुति विजेता रहीं। दोनों श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

**शास्त्रीय** संगीत संध्या बैठक आयोजित

## विलंबित, मध्य और द्रुत लय में प्रस्तुत की राग की बंदिशें



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** गोपाल कृष्ण स्ट्रिंग्स फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में शास्त्रीय संगीत संध्या बैठक-2026 का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में सरोद वादक डॉ. चंद्रिमा रॉय मजूमदार, सितार वादक उस्ताद सईद जफर और स्लाइड गिटार वादक पं. अक्षत शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। संगीत संध्या की शुरुआत पं. अक्षत शर्मा ने स्लाइड गिटार पर राग श्री की प्रस्तुति के साथ की। उन्होंने विलंबित, मध्य और द्रुत लय में राग की बंदिशों को तंत्रकारी और गायकी अंग के साथ प्रभावी ढंग से पेश किया। इसके बाद राग पीलू की मधुर धुन से वातावरण सुरमय हो उठा। कार्यक्रम फनकार पं. गोपाल कृष्ण शर्मा की जन्मशती वर्ष के उपलक्ष में आयोजित हुआ।

### सरोद पर राग सुरदासी मल्हार

कार्यक्रम में चंद्रिमा रॉय ने सरोद पर राग सुरदासी मल्हार की मनोहारी प्रस्तुति दी, जबकि उस्ताद सईद जफर ने सितार पर जेजेवंती राग की प्रस्तुति से दिल्ली घराने की परंपरा की झलक दिखाई। तीनों कलाकारों ने आलाप, जोड़, झाला, मींड और तानों के माध्यम से रागों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति दशाई। तबले पर उस्ताद अख्तर हसन और दिनेश खींची ने संगत की।

## दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्क्लेव कल से

**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** राजधानी में दिल्ली रोड स्थित एक होटल में 19 जुलाई से इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आइडब्ल्यूटीसी) सीजन-3 का आयोजन होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी।

कॉन्क्लेव के डायरेक्टर अरशद हुसैन ने बताया कि कॉन्क्लेव में देश-विदेश से वेडिंग, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के 600 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य विभिन्न राज्यों की पर्यटन संभावनाओं, सांस्कृतिक विरासत और वेडिंग डेस्टिनेशन को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है।

## संवाद कार्यक्रम 'ट्रैवल टेल्स' कल

**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** प्रभा खेतान फाउंडेशन की 'सहयोग' पहल के अंतर्गत रविवार को सी-स्कीम में 'ट्रैवल टेल्स - ए सूटकेस विद 101 स्टोरीज' कार्यक्रम आयोजित होगा। इस संवाद कार्यक्रम में ट्रैवल एंथूजियास्ट नीरू सलूजा अपने यात्रा अनुभवों, प्रेरक प्रसंगों और यादगार किस्सों को साझा करेंगी। कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा।






**डिजिटलीकरण** | समय और परिवार की कहानियां बताती है तस्वीरें

# फ्रेम में नहीं, अब मोबाइल स्क्रीन में सिमटी यादें

plus रिपोर्टर
patrika.com

**जयपुर.** कभी परिवार में जब नया बच्चा जन्म लेता था, शादी होती थी या स्कूल का पहला दिन होता था, तो सबसे पहले फोटो स्टूडियो का रुख किया जाता था। तस्वीरें खिंचवाना एक यादगार पल होता था और उन्हें एलबम में सहेजकर रखा जाता था।

वर्षों बाद वही तस्वीरें परिवार की कहानियां सुनाती थीं। लेकिन स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के दौर में यह संस्कृति तेजी से बदल गई है। आज लोग पहले से कहीं अधिक तस्वीरें खींच रहे हैं, लेकिन उन्हें प्रिंट कर सुरक्षित रखने की आदत कम होती जा रही है। नतीजा यह है कि यादें मोबाइल की गैलरी, क्लाउड और चैट बॉक्स तक सीमित होकर रह गई हैं। मोबाइल बदलने, डेटा डिलीट होने या फोन खराब होने के साथ ये तस्वीरें भी हमेशा के लिए खो जाती हैं।



### स्क्रीन तक सीमित हो रहा बचपन



सोडाला में वर्ष 1983 से स्टूडियो संचालित कर रहे अर्पित शर्मा बताते हैं कि एक समय उनकी लैब में प्रतिदिन हजारों फोटो प्रिंट होती थीं। लेकिन यह संख्या अब करीब 100 रह गई है। कई लोगों के पास आज भी बचपन की फोटोज मौजूद हैं, लेकिन आज की पीढ़ी का बचपन मोबाइल स्क्रीन तक सीमित होता जा रहा है।

### यादों के गवाह फोटो स्टूडियो



किशनपोल बाजार में 1936 से संचालित फोटो स्टूडियो के संचालक विनीत काला बताते हैं कि पहले फोटो स्टूडियो केवल कारोबार नहीं, बल्कि परिवारों की यादों को संजोने का माध्यम थे। हर खास अवसर की तस्वीरें एलबम में सजती थीं और पीढ़ियों तक सुरक्षित रहती थीं।

### दिखती थी जीवनशैली

**समाजशास्त्री** माधुरी गौड़ ने बताया कि एक तस्वीर केवल चेहरा नहीं दिखाती, बल्कि उस समय की संस्कृति, रिश्तों, जीवनशैली को भी संजोकर रखती है। डिजिटल डेटा के साथ भावनात्मक यादें भी खो रही हैं।

## OFFICE CULTURE

### रात 10 बजे के बाद बॉस के मैसेज का जवाब दें?



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

*कई बार ऑफिस या बॉस की तरफ से लेटनाइट मैसेज मिलते हैं। अब सवाल है कि रात में इनका रिप्लाई करना चाहिए या नहीं।*

1. हर संदेश का तुरंत जवाब देना जरूरी नहीं। कामकाजी घंटों के बाहर आए साधारण संदेश का जवाब अगले कार्य-दिवस पर देना पूरी तरह स्वीकार्य माना जाता है, जब तक टीम में इसकी स्पष्ट अपेक्षा तय न हो या इमरजेंसी की स्थिति न बनी हो।

2. लिखित संदेश में लहजा गलत समझा जा सकता है। इसलिए भावनाओं को स्पष्ट करने के लिए इमोजी का संतुलित इस्तेमाल मददगार होता है। लेकिन औपचारिक विषयों में इमोजी से बचना ही बेहतर रहता है।

3. निजी बातचीत या स्क्रीनशॉट बिना अनुमति किसी और समूह में साझा न करना भी डिजिटल शिष्टाचार का अहम हिस्सा है।

## HELPING CAREER

### एनएचएसआरसीएल में 237 पदों पर भर्ती



नेशनल हाइ स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने टेक्नीशियन के 237 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। आवेदन ऑनलाइन किए जा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तारीख 5 अगस्त है। आवेदक की अधिकतम उम्र 35 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। जिन उम्मीदवारों के पास संबंधित विषय में उच्च योग्यता जैसे बीई/बीटेक की योग्यता है लेकिन उन्होंने आइटीआइ/डिप्लोमा (अनिवार्य योग्यता) नहीं किया है, वे टेक्नीशियन के पद के लिए पात्र नहीं हैं। अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और ऑफिशियल नोटिफिकेशन देखें।

https://nhsrcl.in/

## AI IN STUDY — शिक्षा के क्षेत्र में भी एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है

# क्या तकनीक टीचर्स को रिप्लेस कर देगी?

*शिक्षा के क्षेत्र में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ का दबदबा बढ़ता जा रहा है। स्टूडेंट्स अब किताबों से ज्यादा एआइ पर निर्भर होते जा रहे हैं। यही वजह है कि शिक्षा जगत में पिछले कुछ साल से एक गंभीर बहस चल रही है कि क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) आधारित एजुकेशन सिस्टम शिक्षकों की जगह ले सकता है या फिर सीखने की प्रक्रिया में इंसान की भूमिका को मशीन कभी पूरी तरह नहीं भर सकती? इस पर हुए अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि यह मुकाबला जितना सीधा लगता है, उतना है नहीं।*

### एआइ कहां आगे निकल जाता है?

शोध बताते हैं कि एआइ आधारित एजुकेशन सिस्टम व्यक्तिगत जरूरत के हिसाब से पढ़ाई का तरीका ढालने में बेहद कारगर साबित हुए हैं। भारत में भी इसका एक उदाहरण देखने को मिला, जहां दिल्ली में चलाए गए एक पायलट कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महज कुछ महीने में गणित और भाषा में सामान्य समूह के मुकाबले दोगुनी प्रगति दिखाई। इसके अलावा एआइ तुरंत प्रतिक्रिया देने, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की प्रगति पर लगातार नजर रखने और हर विद्यार्थी की जरूरत के हिसाब से अभ्यास तैयार करने में भी बेहतर साबित होता है। यही वजह है कि अब इसे कक्षा में सहायक उपकरण के तौर पर अपनाया जा रहा है।




### जहां इंसान आगे है

जब बात भावनात्मक जुड़ाव, नैतिक मार्गदर्शन की आती है, तो शोध का पलड़ा साफतौर पर शिक्षकों की तरफ झुक जाता है। अध्ययन के मुताबिक सहानुभूति दिखाने के मामले में शिक्षकों ने 95 प्रतिशत प्रभावशीलता दिखाई, जबकि एआइ प्रणालियां सिर्फ 25 प्रतिशत तक ही पहुंच पाईं। नैतिक और मूल्य-आधारित मार्गदर्शन में भी इंसानों का स्कोर 96 प्रतिशत रहा, जबकि एआइ का प्रदर्शन 20 प्रतिशत तक ही सीमित रहा।

### गुरु-शिष्य परंपरा का पहलू

- **हमारे** देश के संदर्भ में बहस और गहरी हो जाती है। यहां शिक्षा को सिर्फ जानकारी देने का काम नहीं बल्कि मूल्यों, संस्कारों और व्यक्तित्व निर्माण से जोड़ा गया। एक सर्वे में पाया गया कि 92 प्रतिशत भारतीय विद्यार्थियों ने पहचान-निर्माण और नैतिक फैसलों के मामले में इंसानी मार्गदर्शन को ही प्राथमिकता दी और इस क्षेत्र में एआइ की भूमिका को साफ तौर पर नकार दिया। यह भारतीय समाज की सोच को दर्शाता है।
- **इसी** आधार पर विशेषज्ञ अब एक मिला-जुला मॉडल सुझाते हैं, जिसमे एआइ दोहराव वाले और डेटा-आधारित काम संभाले। जैसे अभ्यास तैयार करना, प्रगति ट्रैक करना और तुरंत प्रतिक्रिया देना, जबकि शिक्षक भावनात्मक समर्थन और गहरे अर्थ वाली शिक्षा की जिम्मेदारी निभाएं। एक प्रयोग में ट्यूटर और एआइ प्रणाली ने भी अकेले इंसानी ट्यूशन जितना ही असरदार प्रदर्शन दिखाया।

**यह भी जान लें:** एक अमरीकी संस्थान के शोध में सामने आय, जो विद्यार्थी पूरी तरह एआइ ट्यूटर पर निर्भर रहे, उनमें परीक्षा के अंक भले बेहतर आए हों, लेकिन उनमें अकेलापन और पढ़ाई से जुड़ाव कम होने की शिकायत ज्यादा देखी गई।

## STUDY WITH TECH — शामिल करें ये तकनीक

# डिजिटल टूल से होगी स्टडी व्यवस्थित

*पढ़ाई में तेजी लाने और समय बचाने के लिए बाजार में कई ऐसे डिजिटल टूल मौजूद हैं, जिनके बारे में ज्यादातर विद्यार्थियों को जानकारी नहीं होती। जानिए ऐसे ही उपकरण...*

- **बनाएं डिजिटल नोट्स:** हाथ से लिखे नोट्स बिखरे रहते हैं और परीक्षा के समय ढूंढना मुश्किल हो जाता है। डिजिटल नोट व्यवस्थित रखते हैं। इसके लिए गूगल डॉक इस्तेमाल कर सकते हैं।
- **टाइम मैनेजमेंट टूल:** कई विद्यार्थी पढ़ाई का समय तय तो करते हैं, लेकिन उस पर टिके नहीं रहते। समय गिनने वाले और याद दिलाने वाले टाइमर ऐप तय अवधि तक बिना रुके पढ़ाई करने में मदद करते हैं और एकाग्रता बढ़ाते हैं।
- **गलतियां बताने वाला ऐप:** निबंध, प्रोजेक्ट या असाइनमेंट में व्याकरण की गलतियां अंक कटवा सकती हैं। लेख जांचने वाले उपकरण इन गलतियों को तुरंत पकड़ लेते हैं और सुधार भी सुझाते हैं।



- **शोध-संदर्भ खोलने वाला टूल:** प्रोजेक्ट के लिए सही और भरोसेमंद जानकारी ढूंढना समय लेने वाला काम है। कुछ विशेष खोज उपकरण सीधे शोध-पत्र और प्रमाणित स्रोत दिखाते हैं, जिससे गलत जानकारी से बचा जा सकता है।
- **दिमागी नक्शा बनाने वाला उपकरण:** जटिल विषयों को समझने के लिए चित्रों और रेखाओं के जरिए विचार जोड़ने वाला उपकरण बहुत कारगर होता है। यह याद रखने की क्षमता भी बढ़ाता है क्योंकि जानकारी सिर्फ शब्दों में नहीं चित्र के रूप में भी दिमाग में बैठ जाती है।

## BE FOCUSED — ध्यान केंद्रित करने के तरीके

# दिमागी कसरत से बढ़ेगा आपका फोकस

*काम के बीच ध्यान भटकना आम है। लेकिन कुछ दिमागी कसरतें एकाग्रता वापस ला सकती हैं। जानिए ऐसी कारगर तकनीकें...*

1. **गहरी सांस लेने की एक्सरसाइज:** चार सेकंड सांस अंदर लें, चार सेकंड रोकें और चार सेकंड में बाहर छोड़ें। यह तकनीक दिमाग को तुरंत शांत करती है। ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है।
2. **उल्टी गिनती:** 100 से शुरू करके 7-7 घटाते हुए उल्टी गिनती करना दिमाग को सक्रिय करता है और भटकाव को तुरंत रोकता है।
3. **पांच इंद्रियों वाला अभ्यास:** आसपास मौजूद 5 चीजें देखें, 4 आवाजें सुनें, 3 चीजें छुएं, 2 गंध पहचानें और 1 स्वाद महसूस करें। यह अभ्यास दिमाग को वर्तमान क्षण पर वापस लाता है।
4. **एक बिंदु पर लगातार देखें:** किसी एक वस्तु पर लगातार 60 सेकंड तक नजर टिकाए रखना दिमाग की भटकने की आदत को कम करता है और एकाग्रता बढ़ाता है।
5. **शब्द जोड़ने का खेल:** किसी एक अक्षर से शुरू होने वाले जितने शब्द याद आएं 30 सेकंड में बोलना या लिखना दिमाग को तेजी से सक्रिय करता है।



6. **हाथ बदलकर लिखना:** अपने दोनों हाथ से कुछ पक्तियां लिखने की कोशिश करना दिमाग के दोनों हिस्सों को सक्रिय करता है और नई तंत्रिका से जुड़ाव बनाता है।
7. **एक मिनट की खामोशी:** पूरी तरह चुप बैठकर सिर्फ अपनी सांसों पर ध्यान देना, बिना किसी विचार को रोकने की कोशिश किए, दिमाग को रीसेट करने का सबसे तेज तरीका है।

*इन 7 आसान कसरतों को रोज की दिनचर्या में शामिल कर एकाग्रता बढ़ा सकते हैं।*

## GK STUDY

### क्या है यूरेनियम डील और नाटो समिट?

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

यूपीएससी समेत कई परीक्षाओं में करंट अफेयर्स से जुड़े सवाल पूछ जाते हैं। जानिए, कुछ ऐसे शब्द जो चर्चा में रहे।

- **यूरेनियम डील:** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बानीज के बीच यूरेनियम डील हुई है। यानी अब ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम भारत आएगा। यूरेनियम एक प्राकृतिक रेडियोधर्मी धातु है। इसका उपयोग मुख्य रूप से परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में ईंधन के रूप में किया जाता है। परमाणु रिएक्टर में यूरेनियम से ऊर्जा पैदा होती है, जिससे बड़ी मात्रा में बिजली बनाई जाती है। यूरेनियम का उपयोग केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है।
- **नाटो समिट:** हाल में तुर्किए की राजधानी अंकारा में नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गैनाइजेशन यानी नाटो की समिट का आयोजन किया गया। नाटो दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य गठबंधन है। इसमें यूरोप और उत्तरी अमरीका के कई देश शामिल हैं। हर साल या कई बार जरूरत पड़ने पर नाटो का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाता है। इसमें सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष और सरकारों के प्रमुख शामिल होते हैं। वे सुरक्षा, रक्षा और वैश्विक चुनौतियों पर फैसले लेते हैं।

## JOBS ALERT

- **एनएचआइडीसीएल**
  पद: एसोसिएट्स
  पद संख्या: कुल 100 पद
  अंतिम तिथि: 05 अगस्त, 2026
  https://www.nhidcl.com/
- **इंडियन ओवरसीज बैंक**
  पद: अप्रेंटिस
  पद संख्या: कुल 750 पद
  अंतिम तिथि: 20 जुलाई, 2026
  https://www.iob.bank.in/
- **प्रोजेक्ट एंड डवलपमेंट इंडिया लिमिटेड**
  पद: इंजीनियर
  पद संख्या: कुल 153 पद
  अंतिम तिथि: 27 जुलाई, 2026
  https://www.pdilin.com/
- **कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया**
  पद: मैनेजमेंट ट्रेनी, जूनियर असिस्टेंट आदि
  पद संख्या: कुल 148 पद
  अंतिम तिथि: 24 जुलाई, 2026
  https://cotcorp.org.in/

---

# Learning & Growth — सीखें और तरक्की पाएं

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए। - स्वामी विवेकानंद

## TECH-ALERT

### कहीं लापरवाही से फोन का डिस्प्ले तो नहीं कर रहे खराब

1. स्मार्टफोन स्क्रीन पर मौजूद ओलियोफोबिक कोटिंग उंगलियों के निशान, तेल और धूल से बचाने में मदद करती है और स्क्रीन को स्मूद बनाए रखती है। बार-बार रगड़कर सफाई करने या केमिकल क्लीनर इस्तेमाल करने से यह परत खराब हो सकती है।



2. कई लोग दिनभर में कई बार अपनी स्क्रीन को शर्ट, रूमाल, टिशू पेपर या किसी भी कपड़े से रगड़कर साफ करते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए।

3. स्क्रीन की लाइफ बढ़ाने के लिए हमेशा माइक्रोफाइबर कपड़े का इस्तेमाल करें। तेज केमिकल वाले क्लीनर से बचें और जरूरत पड़ने पर केवल स्क्रीन के लिए बने सुरक्षित क्लीनिंग सॉल्यूशन का ही उपयोग करें।

## LEARNING TOOLS

15-50 आयु वालों के लिए

### अब मोशन डिजाइन बनाना हुआ आसान



डिजिटल दौर में अब तकनीक की मदद से बड़े से बड़े सॉफ्टवेयर को भी पीछे छोड़ा जा सकता है। कई ऐसी वेबसाइट हैं, जो मोशन डिजाइन के टेम्प्लेट्स बनाकर दे रही हैं। इसमें अपनी जानकारी भरें और ये सोशल मीडिया पर इस्तेमाल के लिए तैयार हैं। ऐसी ही एक वेबसाइट है । यहां वायरल ऐनिमेशन पहले से तैयार मिलते हैं। यही नहीं एआइ की मदद से इन्हें तैयार भी कर सकते हैं। इस वेबसाइट पर जाते हैं तो आपको कई कैटेगरी मिलती है। जैसे- टेक्स्ट एनिमेशन, वीडियो फ्लोचार्ट, एंगेजमेंट मॉकअप, गूगल सर्च एनिमेशन, 3डी ट्रांसफॉर्मेशन। ये पहले से बने हुए मोशन ग्राफिक टेम्प्लेट हैं। इनका इस्तेमाल करने के लिए क्लिक करें। वीडियो प्ले करें और जो पहले से मौजूद साइज चुनें। इसके बाद अपनी जानकारी इसमें भरें और एक्सपोर्ट करें। इस तरह इसे डाउनलोड करके सोशल मीडिया के लिए इस्तेमाल करें और वीडियो का एंगेजमेंट बढ़ाने के साथ अपने फॉलोअर्स बढ़ा सकते हैं।

## STARTUP-MANTRA

# बड़े उद्यमी भी कुछ घंटे फोन से दूर क्यों रहते हैं?

*एक कारोबारी के लिए मोबाइल फोन सिर्फ बात करने का साधन नहीं रह गया है। यह उसका कार्यालय है, उसका मीटिंग रूम, उसका हिसाब-किताब है और ग्राहकों व टीम से जुड़ने का सबसे बड़ा माध्यम भी। ऐसे में यह सुनना अजीब लगता है कि दुनिया के सबसे धनी और सफल कारोबारी रोज कुछ घंटे जानबूझकर अपना फोन दूर रख देते हैं। लेकिन गहराई से देखें तो यही आदत उनकी सफलता के पीछे का बड़ा राज है।*

### छोटी शुरुआत से आता है बड़ा बदलाव

जो कारोबारी अभी इस आदत को अपनाना चाहते हैं, उनके लिए विशेषज्ञ छोटी शुरुआत की सलाह देते हैं। पूरे दिन के लिए फोन बंद करने की बजाय, दिन में सिर्फ एक घंटा तय करके शुरुआत की जा सकती है। धीरे-धीरे समय बढ़ाया जा सकता है। कैलेंडर में किसी जरूरी बैठक की तरह ही दर्ज करना चाहिए। फोन से दूरी बनाना कोई शौक या दिखावा नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है जो सफल कारोबारियों को बाकियों से अलग करती है। यह दिखाता है कि असली सफलता सिर्फ हर पल व्यस्त रहने से नहीं बल्कि सही समय पर रुकने, सोचने और खुद को तरोताजा करने की क्षमता से भी आती है।



### दिमाग को चाहिए खाली समय

अक्सर टहलते समय, नहाते समय या यूं ही खाली बैठे समय में सबसे अच्छे विचार दिमाग में कौंधते हैं क्योंकि उस पल डिजिटल रुकावट नहीं होती। लगातार सूचनाओं की बौछार दिमाग को यह भरोसा दिलाती रहती है कि कुछ न कुछ तुरंत जरूरी है, भले ही वह वास्तव में इतना जरूरी न हो। हर घंटी, हर चमकती स्क्रीन ध्यान को तोड़ती है।

### सफल कारोबारी क्या करते हैं?

कई इंटरव्यू में दुनिया के कई बड़े कारोबारी यह स्वीकार चुके हैं कि सुबह उठने के बाद पहले आधे घंटे तक फोन को हाथ ही नहीं लगाते, ताकि दिन की शुरुआत खुद के हिसाब से हो, न कि किसी सूचना या संदेश के हिसाब से। कुछ लोग रात को सोने से पहले फोन को दूसरे कमरे में रख देते हैं, ताकि नींद बिना किसी डिजिटल दबाव के पूरी हो सके। कुछ कारोबारी हफ्ते में एक दिन या दिन में एक तय समय पर फोन को हवाई यात्रा मोड में डाल देते हैं, ताकि बिना किसी रुकावट के बड़े और जरूरी फैसले लिए जा सकें। एक कारोबारी ने बताया कि जब भी वह जरूरी बैठक में जाता है तो न फोन रखता है, न कोई और टूल। सिर्फ कागज और कलम।

### लगातार जुड़े रहने का भ्रम

पिछले कुछ साल में कारोबारी दुनिया में एक धारणा बन गई थी कि जो जितना ज्यादा समय ऑनलाइन रहेगा, वह उतना ही ज्यादा प्रोडक्टिव होगा। हर संदेश का तुरंत जवाब देना, हर सूचना पर नजर रखना, यह एक तरह की व्यस्तता का दिखावा बन गया था। लेकिन असल में यह लगातार जुड़ाव उत्पादकता नहीं बल्कि थकान और मानसिक कोहरा बढ़ाता है। जब दिमाग हर पल किसी न किसी सूचना से जूझता रहता है, तो वह गहरी सोच और रचनात्मक विचार के लिए जगह ही नहीं बना पाता।

### क्या इससे कमाई बढ़ती है?

यहां एक बात साफ समझनी जरूरी है कि फोन से दूरी बनाना सीधे तौर पर मुनाफा नहीं बढ़ाता। यह कोई जादुई नुस्खा नहीं है लेकिन यह जरूर सोचने-समझने की क्षमता, फैसला लेने की गुणवत्ता और तनाव से निपटने की ताकत बढ़ाता है। यही चीजें लंबे समय में किसी भी कारोबार की नींव मजबूत करती हैं। जब कोई कारोबारी थका हुआ, उलझा हुआ और लगातार सूचनाओं में डूबा रहता है, तो वह गलत फैसले लेने की संभावना बढ़ा देता है।

## INNOVATION-NEWS

### लकवाग्रस्त और न चल-फिर पाने वालों के लिए बना एक्सोस्केलेटन



केरल के रॉबिन कनाट्टु थॉमस ने स्टार्टअप के जरिए ऐसा रोबोटिक एक्सोस्केलेटन बनाया है जो लकवाग्रस्त और चलने में असमर्थ मरीजों को चलने में मदद करता है। रॉबिन को इसका आइडिया तब आया जब उनके दादा सर्जरी के बाद भी दोबारा नहीं चल पाए। इसी घटना ने उन्हें ऐसा रोबोटिक एक्सोस्केलेटन बनाने के लिए प्रेरित किया। यह डिवाइस मरीज की कमर और पैरों में बांधी जाती है और मशीन लर्निंग की मदद से चलने की प्रक्रिया को सही करती है। इसे तैयार करने के लिए टीम ने 6 साल तक लोगों के खड़े होने का डेटा इकट्ठा करके एल्गोरिदम तैयार किया। दावा है कि यह विदेशी रोबोटिक एक्सोस्केलेटन से काफी सस्ता है और इसका डिजाइन काफी मॉड्यूलर है। यह डिवाइस सिर्फ पैर नहीं हिलाती बल्कि बार-बार चलने की क्रिया दोहराकर दिमाग और रीढ़ की हड्डी में नई तंत्रिका रूट बनाने में मदद करती है।

## MOTIVATION-TIPS

# आज का संघर्ष सिर्फ आज के लिए नहीं, कल के लिए जरूरी

*साल 1861 था। अमरीका गृह युद्ध की आग में जल रहा था। देश दो हिस्सों में बंटने की कगार पर था और राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के कंधों पर एक ऐसे देश को बचाने की जिम्मेदारी थी, जिसका भविष्य पूरी तरह अनिश्चित था। ऐसे कठिन समय में कांग्रेस को दिए अपने वार्षिक संबोधन में लिंकन ने एक ऐसी बात कही, जो आज डेढ़ सौ साल बाद भी उतनी ही असरदार है। उन्होंने कहा- आज का संघर्ष सिर्फ आज के लिए नहीं, यह एक विशाल भविष्य के लिए है। यह वाक्य सुनने में सीधा लगता है, लेकिन इसके पीछे एक गहरी सोच छिपी है। लिंकन अपने देश को यह समझा रहे थे कि आज जो कठिनाई झेली जा रही है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव रखने के लिए है।*



### सोच आज भी प्रासंगिक

यही सोच आज हर युवा के लिए भी उतनी ही प्रासंगिक है। जब कोई विद्यार्थी रात-रात भर जागकर पढ़ाई करता है, जब कोई नया कर्मचारी शुरुआती साल में कम वेतन पर भी मेहनत से काम सीखता है, जब कोई उद्यमी शुरुआती विफलताओं के बावजूद डटा रहता है तब यह संघर्ष सिर्फ आज के नतीजे के लिए नहीं होता। यह उस भविष्य की नींव होता है, जिसे आज समझा नहीं जा सकता, लेकिन आने वाले सालों में यही मेहनत रंग लाती है।

## SIDE EARNING — एआइ दौर में साइड अर्निंग इतनी मुश्किल नहीं

# एआइ प्रॉम्प्ट-टेम्पलेट बेचकर कैसे करें कमाई?

*पिछले कुछ समय में एआइ टूल्स का इस्तेमाल इतना बढ़ गया है कि अब हजारों लोग रोज बेहतर नतीजे पाने के लिए तैयार प्रॉम्प्ट और टेम्पलेट ढूंढते हैं। यही मांग एक नए तरह के साइड-अर्निंग अवसर में बदल गई है, जिसमें बिना कोडिंग या तकनीकी पृष्ठभूमि के भी शुरुआत की जा सकती है।*

**1 यह काम है क्या:** प्रॉम्प्ट यानी वह सटीक निर्देश जो किसी एआइ उपकरण को दिया जाता है ताकि वह मनचाहा नतीजा दे जैसे कंटेंट लिखने का प्रॉम्प्ट, तस्वीर बनाने का प्रॉम्प्ट या डेटा विश्लेषण का प्रॉम्प्ट। टेम्पलेट इसका ही बड़ा रूप है, जिसमें कई प्रॉम्प्ट, बदलाव-योग्य हिस्से और इस्तेमाल की पूरी संरचना पहले से तैयार होती है, जिसे कोई भी अपने काम के हिसाब से थोड़ा बदलकर इस्तेमाल कर सकता है।

**2 किसके लिए बनाएं:** सबसे पहले यह तय करना जरूरी है कि टेम्पलेट किस वर्ग के लिए बनाए जाएं। कंटेंट क्रिएटर्स के लिए हेडलाइन-फॉर्मूला और सोशल मीडिया कैप्शन टेम्पलेट, छोटे कारोबारियों के लिए मार्केटिंग और ग्राहक-सेवा वाले प्रॉम्प्ट, विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई और नोट्स बनाने वाले प्रॉम्प्ट और नौकरी ढूंढने वालों के लिए बायोडाटा व साक्षात्कार तैयारी वाले टेम्पलेट, ये अच्छी मांग रखते हैं। अगर स्क्रिप्ट राइटिंग का अनुभव है, तो यह काम बेहतर साबित हो सकता है।




**3 कैसे करें शुरुआत:** पहला कदम है अपने अनुभव से जुड़ा एक छोटा-सा नमूना-सेट तैयार करना, जैसे 10 हेडलाइन-फॉर्मूला या 10 मेटा-विवरण टेम्पलेट। इसे मुफ्त में सोशल मीडिया पर साझा करके लोगों की प्रतिक्रिया देखी जा सकती है।

**अगर** अच्छी प्रतिक्रिया मिले, तो इसी विषय पर एक बड़ा और विस्तृत पैकेज तैयार करके कीमत के साथ बेचा जा सकता है। शुरुआती कीमत बहुत कम रखनी चाहिए - जैसे 99 से 299 रुपए के बीच ताकि ज्यादा लोग आसानी से खरीद सकें।

**4 कहां बेचें:** यहां डिजिटल फाइल अपलोड करके सीधे बेची जा सकती है, भुगतान सीधे खाते में आता है और सेटअप बहुत आसान है।

भारतीय भुगतान प्रणाली के हिसाब से यह मंच खास सुविधाजनक है, यूपीआइ और कार्ड दोनों से भुगतान लिया जा सकता है।

खासतौर पर एआइ प्रॉम्प्ट बेचने के लिए बना अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहां अलग-अलग एआइ उपकरणों के लिए तैयार प्रॉम्प्ट खरीदे और बेचे जाते हैं।

डिजिटल डाउनलोड वाले उत्पादों के लिए दुनिया भर में मशहूर मंच, जहां टेम्पलेट को आकर्षक तरीके से पेश करके अच्छी कीमत मिल सकती है।

## CURRENT NEWS

# करंट अफेयर्स क्लियर करने वाले सवाल-जवाब



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

**Q1 किस मुगल शासक ने सत्ता के लिए अपने पिता को कैद में डाल दिया था?**

***औरंगजेब*** *ने। मुगल शासक औरंगजेब ने सत्ता के लिए पहले अपने भाइयों से संघर्ष किया और बाद में अपने पिता शाहजहां को आगरा के लाल कले में कैद कर दिया। बाद में औरंगजेब ने अपने भाई दाराशिकोह को मौत की सजा दी।*

**Q2 यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में अब तक भारत की कितनी सम्पत्तियां शामिल हुई हैं?**

***कुल*** *42 सम्पत्तियां। यूनेस्को विश्व विरासत सूची में भारत की कुल 42 सम्पत्तियां हैं जिनमें 34 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और एक मिश्रित विरासत स्थल शामिल किए गए हैं।*

**Q3 गणेश चतुर्थी को सार्वजनिक उत्सव के रूप में किसने लोकप्रिय बनाया?**

***बाल*** *गंगाधर तिलक ने। वर्ष 1893 में तिलक ने इस उत्सव को घरेलू पूजा से सार्वजनिक उत्सव के रूप में मान्यता देने का काम किया। उन्होंने इस उत्सव को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रेरित करने और सभी जाति, वर्ग व पृष्ठभूमि के भारतीयों को एकजुट करने के लिए एक आंदोलन के रूप में प्रेरित किया।*

**Q4 प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत कब की गई थी?**

***28 अगस्त,*** *2025 को। प्रधानमंत्री जन धन योजना की घोषणा 15 अगस्त, 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी जबकि इसका शुभारंभ 28 अगस्त, 2014 से हुआ। इस योजना का मुख्य उद्देश्य हर परिवार को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना था, ताकि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल सके।*

**Q5 एशिया की पहली स्वास्थ्य अनुसंधान प्री-क्लिनिकल नेटवर्क सर्विस कहां स्थित है?**

***फरीदाबाद*** *में। एशिया की इस पहली स्वास्थ्य अनुसंधान संबंधी सर्विस की शुरुआत 16 जुलाई, 2024 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने ट्रांसलेशन हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (टीएचएसटीआई) में की थी। मंत्रालय के अनुसारस इसमें लगभग 75 हजार चूहों को रखने की क्षमता है जिनमें प्रतिरक्षा में कमी वाले चूहे और अन्य प्रजातियां जैसे चूहा, खरगोश, हैम्स्टर, गिनी पिग शामिल हैं।*

## Study-Abroad

दूसरे देश में पढ़ाई के लिए ट्यूशन फीस के साथ ही आवास सहित अन्य खर्च का प्रबंधन भी जरूरी है।

# विदेश में पढ़ाई के लिए इन योजनाओं से जुटाएं Course Fee



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

*विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भारतीय छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां महत्त्वपूर्ण वित्तीय सहायता देती हैं जिससे वे अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक सपनों को साकार कर सकते हैं। विभिन्न छात्रवृत्तियों में केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाएं, यूएसए, यूके, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी जैसे प्रमुख अध्ययन स्थलों में अंतरराष्ट्रीय एवं देश-विशिष्ट छात्रवृत्तियां, साथ ही निजी और विश्वविद्यालय-विशिष्ट कार्यक्रम शामिल हैं।*

- **कॉमनवेल्थ स्कॉलरशिप:** यह छात्रवृत्ति भारत सहित कॉमनवेल्थ देशों के छात्रों को यूके में स्नातकोत्तर अध्ययन करने के लिए दी जाती है।
- **ग्रेट स्कॉलरशिप:** ब्रिटिश काउंसिल के माध्यम से दी जाने वाली यह छात्रवृत्ति छात्रों को यूके में स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता देती है।
- **रोड्स स्कॉलरशिप:** यह मेरिट-आधारित छात्रवृत्ति ऑक्सफोर्ड विवि में पीजी स्टडी के लिए दी जाती है।
- **टाटा कॉर्नेल स्कॉलरशिप:** यह छात्रवृत्ति कॉर्नेल विवि, अमरीका में स्नातक पाठ्यक्रमों को फॉलो करने वाले भारतीय छात्रों के लिए है। यह आवश्यकता-आधारित वित्तीय सहायता के लिए योग्य 20 छात्रों को प्रतिवर्ष 8 सेमेस्टर तक सहायता देती है।
- **ऑस्ट्रेलिया अवॉर्ड्स स्कॉलरशिप:** यह ऑस्ट्रेलिया में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दी जाती है।
- **मैत्री स्कॉलरशिप:** यह संबंधित क्षेत्रों में मास्टर या पीएचडी का करने वाले भारतीय छात्रों को दी जाती है।
- **जॉन ऑलराइट फैलोशिप:** यह पीएचडी व मास्टर्स छात्रों के लिए योग्यता-आधारित कार्यक्रम है जो ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन कर रहे हैं।
- **जर्मनी:** जर्मनी, ट्यूशन-मुक्त सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के लिए जाना जाता है, जो इसे एक आकर्षक विकल्प बनाता है।
- **ब्रिटिश काउंसिल स्कॉलरशिप फॉर वुमैन इन :** ब्रिटिश काउंसिल विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) के क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए यह छात्रवृत्ति ऑफर करती है।
- **सिडनी स्कॉलर्स इंडिया स्कॉलरशिप:** यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी द्वारा शुरू की गई यह छात्रवृत्ति, इस विवि में यूजी-पीजी कोर्सवर्क डिग्री के लिए दी जाती है।
- **ओंटेरियो ग्रेजुएट स्कॉलरशिप:** यह छात्रवृत्ति कनाडा के ओंटेरियो प्रांत में स्नातक छात्रों को वित्तीय सहायता और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का अवसर देती है। यह टोरंटो विवि द्वारा वित्तपोषित है।
- **वेनियर कनाडा ग्रेजुएट फैलोशिप:** कनाडा की यह प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति, डॉक्टरेट छात्रों के लिए है जो नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट अकादमिक रिकॉर्ड प्रदर्शित करते हैं।
- **बेनटिंग पोस्ट-डॉक्टोरल फैलोशिप:** यह उन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए है जो कनाडा में पोस्ट-डॉक्टोरल रिसर्च कर रहे हैं।



प्रो.अशोक कुमार
शिक्षाविद
patrika.com

## KNOWLEDGE-CORNER

# हाइ वैल्यू करेंसी नोट



इतिहास में सबसे ऊंचे मूल्य की मुद्रा हंगरी की सौ मिलियन बिलियन पेंगो थी। 1946 में जारी इस नोट का मूल्य सौ क्विंटिलियन पेंगो था जिससे दूसरे विश्वयुद्ध के बाद हंगरी में अत्यधिक मुद्रास्फीति का पता लगता है। पहले इस संख्या को समझें- एक हजार ट्रिलियन से एक क्वॉड्रिलियन और एक हजार क्वॉड्रिलियन से एक क्विंटिलियन बनता है। ऐसा ही एक करेंसी नोट जिम्बाब्वे का सौ ट्रिलियन जिम्बाब्वे डॉलर था जिसका चलन वर्ष 2009 में खत्म हुआ।

अमरीका में चालीस के दशक तक दस हजार डॉलर का नोट चलता था। हालांकि वह भी अमरीका का सबसे बड़ा करेंसी नोट नहीं था, बल्कि वहां सबसे बड़ा नोट था एक लाख डॉलर का गोल्ड सर्टिफिकेट जिस पर राष्ट्रपति वुडरो विल्सन का पोर्ट्रेट छपा था। तीस के दशक में ऐसे 42 हजार नोट छापे गए थे। 1969 में अमरीकी सरकार ने सौ डॉलर से ऊपर के नोटों का चलन बंद कर दिया। यूरोपीय यूनियन का पांच सौ यूरो का नोट इस वक्त बड़ा नोट माना जाता है, पर 2019 के बाद से उसे जारी नहीं किया गया है। दस हजार जापानी येन, दस हजार सिंगापुर डॉलर, दस हजार ब्रूनेई डॉलर, एक लाख इंडोनेशियाई रुपिया और वियतनाम का पांच लाख डोंग भी कुछ बड़े नोटों के उदाहरण हैं।

## PRODUCTIVE STUDY

सकारात्मकता के लिए फैलो स्टडी एक्सचेंज पर काम करें।

# 30 से 40 मिनट का नो फोन ब्लॉक बनाकर करें एक्टिव स्टडी

एक स्टूडेंट का शेड्यूल सामान्यतः छह से आठ घंटे की स्टडी प्रैक्टिस से युक्त होता है, साथ ही अगर वह कोई क्लास या कॉलेज जॉइन करता है, तो यह डेढ़ से दोगुना भी हो जाता है। ऐसे में ज्यादा पढ़ने के बजाय स्मार्ट तरीके से पढ़ें।

- **हल्के** और रिवीजन वाले टॉपिक्स को उस समय के लिए रखें, जब आप थोड़े कम एक्टिव हों।
- **आप** संबंधित कोर्स या तैयारी क्यों कर रहे हैं, इसे बार-बार ध्यान में लाएं, ताकि सक्रियता बढ़ पाए।
- **रिसर्च** बताती है कि थकान से मस्तिष्क की कार्यक्षमता घटती है, अतः एनर्जी साइकल के अनुसार पढ़ें। कम समय में पढ़ने के लिए गैजेट्स का इस्तेमाल कर शॉर्ट या वॉइस नोट्स बना लें।
- **आप** किस समय ज्यादा एक्टिव व पॉजिटिव महसूस करते हैं, इसके लिए एनर्जी मैपिंग तकनीक यूज करें।



- **अपनी** लर्निंग्स को रिवाइज कर लें और इसके लिए वीकली अलग से समय निकालें।
- **सेल्फ** लर्निंग के लिए भी टाइम निकालें और इस दौरान ब्रेन एक्टिवनेस पर ध्यान दें।
- **फैलो** एस्पिरेंट्स के साथ टॉपिक्स बांट लें और आप भी उन्हें सिखाने की कोशिश करें।

### डिजिटली डिटॉक्स रहें

आपका ध्यान न भटके, इससे बचने के लिए 30 से 40 मिनट का नो फोन ब्लॉक बनाएं। इससे आपकी एकाग्रता बूस्ट होगी और आपका ध्यान बार-बार फोन के नोटिफिकेशन्स पर नहीं जाएगा। छोटे ब्रेक्स लें और इस समय में से अधिकतर टाइम सीखने पर ध्यान दें।

### रिवीजन के लिए तकनीक

लर्निंग बेहतर करने के लिए आप माइक्रो रिवीजन कार्ड्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए छोटे-छोटे कार्ड्स पर टॉपिक्स, हैडिंग्स, सब-हैडिंग्स या फॉर्मूला के नाम लिख सकते हैं। पढ़ाई से जुड़े तथ्य, विश्लेषण आदि के रिमाइंडर भी इनमें शामिल कर सकते हैं।

## COURSE CLICK

ओपन लर्निंग मॉड्यूल

# वर्धमान महावीर खुला विवि में एडमिशन के लिए करें आवेदन



ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए राजस्थान की प्रतिष्ठित वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी (वीएमओयू) कोटा ने अपने जुलाई सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। 31 जुलाई इसकी लास्ट डेट है। ऐसे में अगर आप ओपन एंड डिस्टेंस स्कूलिंग के माध्यम से पढ़ाई करना चाहते हैं, तो इस विकल्प का चयन कर सकते हैं। इस हेतु आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन निर्धारित की गई है।

### सर्टिफिकेट से पीजी तक प्रवेश

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय ने अपने यहां सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स ऑफर किए हैं। यहां से आप ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन एमबीए जैसे प्रोग्राम्स के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

### नियम ठीक से जान लें

यदि आप वीएमओयू कोटा से पढ़ाई करने की इच्छा रखते हैं, तो आप इसकी वेबसाइट और क्षेत्रीय कार्यालयों पर विजिट कर कोर्स, एडमिशन और प्रवेश हेतु आवश्यक योग्यताओं आदि की जानकारी जुटा सकते हैं। साथ ही अप्लाई करने से पहले अपने सभी दस्तावेज जमा कर लें। इसके बाद ही आवेदन प्रक्रिया में हिस्सा लें, ताकि संभावित परेशानी से बच सकें।

वीएमओयू-

## SELF-HELP



# तनाव घटाने और प्रदर्शन में सुधार के लिए नियमित पढ़ें

**रीडिंग** यानी टॉपिक्स को बोलते हुए पढ़ना, पढ़ाई को महत्त्वपूर्ण और प्रभावी बनाने में वैज्ञानिक रूप से मजबूत आधार है। विभिन्न शैक्षणिक शोध बताते हैं कि नियमित पढ़ाई से मस्तिष्क की कॉग्निटिव एबिलिटी में सुधार होता है।

- **केवल** पढ़ने मात्र से लॉन्ग टर्म मेमोरी भी मजबूत होती है, क्योंकि मस्तिष्क बार-बार पढ़े गए तथ्यों को संरचित रूप में संग्रहित करता है।
- **नेशनल** इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल रिसर्च और ओइसीडी की रिपोर्ट के अनुसार, नियमित पढ़ने की आदत रखने वाले स्टूडेंट्स की भाषा समझ, शब्दावली और विश्लेषण क्षमता दूसरों की तुलना में अधिक विकसित होती है।
- **यूनिवर्सिटी** ऑफ ससेक्स के एक अध्ययन में पाया गया कि हर दिन 20-30 मिनट का गहन पठन लगभग 68% तक तनाव कम करता है।
- **ध्यान** केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है।
- **रिसर्च** में जुटते हैं या अपने पढ़े हुए टॉपिक्स को किसी और को समझाते हैं, तो वे टॉपिक्स आपको स्वतः ही क्लियर होते चले जाते हैं।
- **रीडिंग** से कल्पनाशक्ति, नैतिक समझ और तार्किक सोच विकसित होती है। रट्टा लगाने के बजाय पढ़ने की आदत डालें।

# Board Education

9वीं से 12वीं तक के लिए

सीखना कभी भी मन को थकाता नहीं बल्कि उसे नई ऊर्जा, नई दृष्टि और बेहतर विचारों से समृद्ध करता है। -लियोनार्डो दा विंची

## EXAM CALENDAR

# SSC CHSL की आगामी परीक्षाओं से जुड़े कारगर टिप्स



**एसएससी** यानी कर्मचारी चयन आयोग के परीक्षा कैलेंडर 2026-27 के अनुसार एसएससी सीएचएसएल (10+2) टियर-1 परीक्षा जुलाई से सितंबर 2026 के बीच आयोजित होना प्रस्तावित है। आयोग प्रत्येक अभ्यर्थी की परीक्षा तिथि, केंद्र और शिफ्ट के अनुसार एग्जाम सिटी इंटिमेशन स्लिप परीक्षा से कुछ दिन पहले जारी करता है, जबकि एडमिट कार्ड सामान्यतः परीक्षा से तीन से सात दिन पूर्व उपलब्ध करवाया जाता है। परीक्षा से पहले अभ्यर्थी पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्रों का अभ्यास करें, नियमित मॉक टेस्ट दें, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, गणित और रीजनिंग पर विशेष ध्यान दें तथा समय प्रबंधन का अभ्यास करें। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश-पत्र के साथ वैध फोटो पहचान-पत्र अवश्य ले जाएं और रिपोर्टिंग समय से पहले पहुंचें। आधिकारिक सूचना केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें।

ssc.gov.in

## READERS REQUEST

# पीएचडी के लिए मार्गदर्शन

**लोकेश चतुर्वेदी, भोपाल, मध्य प्रदेश**

**- पीएचडी की शुरुआत के लिए किस तरह आगे बढ़ें, इस पर सुझाव दीजिए।**

**कॅरियर काउंसलर, दीपक सक्सेना**

- पीएचडी शोध की शुरुआत स्पष्ट शोध-विषय के चयन से होती है। विषय ऐसा होना चाहिए जो आपकी रुचि, शैक्षणिक पृष्ठभूमि और समाज या संबंधित क्षेत्र की आवश्यकता से जुड़ा हो। इसके बाद उस विषय पर उपलब्ध शोध-पत्रों, पुस्तकों और वैज्ञानिक पत्रिकाओं का विस्तृत अध्ययन कर रिसर्च गैप की पहचान करें। इसी आधार पर शोध-समस्या, उद्देश्य और शोध-प्रश्न तय किए जाते हैं। अगला चरण उपयुक्त रिसर्च मैथडोलॉजी का चयन है जिसमें गुणात्मक, मात्रात्मक या मिश्रित विधि अपनाई जा सकती है। रिसर्च सुपरवाइजर के साथ नियमित चर्चा करते हुए शोध-प्रस्ताव तैयार करें और विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों का पालन करें। शोध के दौरान सभी स्रोतों का सही रेफरेंस देना और रिसर्च एथिक्स का पालन करना अनिवार्य है। सुव्यवस्थित समय-प्रबंधन, नियमित लेखन और प्रमाण-आधारित विश्लेषण ही एक सफल एवं गुणवत्तापूर्ण पीएचडी शोध की मजबूत नींव माने जाते हैं। ***आप भी भेजें अपने सवाल...***

## SCHOLARSHIP ALERT

# चार्ल्स डार्विन यूनिवर्सिटी रिसर्च ट्रेनिंग प्रोगाम

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com



ऑस्ट्रेलिया की चार्ल्स डार्विन यूनिवर्सिटी, रिसर्च डिग्री प्राप्त करने के लिए तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप ऑफर कर रही है। इसके तहत संस्थान की ओर से रिसर्च ट्रेनिंग प्रोग्राम (आरटीपी) जारी किया गया है जो स्कॉलरशिप रिसर्च डिग्री हासिल करने के लिए एक बेहतरीन अवसर है। इसके जरिए रिसर्च मास्टर्स डिग्री या डॉक्टोरल डिग्री प्राप्त की जा सकती है।

### प्रोग्राम के बारे में जानिए

- ***यह*** स्कॉलरशिप ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा फंडेड एक रिसर्च ब्लॉक ग्रांट प्रोग्राम है।
- ***इसका*** उद्देश्य उन स्टूडेंट्स को आर्थिक मदद देना है जो रिसर्च डॉक्टरेट (पीएचडी) या रिसर्च मास्टर डिग्री करना चाहते हैं।
- ***एस्पिरेंट्स*** को हर साल लगभग साढ़े 23 लाख रुपए दिए जाएंगे।
- ***डॉक्टरेट*** डिग्री के लिए तीन साल तक और रिसर्च मास्टर डिग्री के लिए दो साल तक स्कॉलरशिप अमाउंट दिया जाएगा।
- **स्कीम** के लिए आवेदन करने से पहले इसके बारे में जानकारी जुटा लें।

## CHILD GROWTH

मोबाइल फोन, टैबलेट या कम्प्यूटर से पढ़ने वाले स्टूडेंट्स पर भी निगरानी रखें।

# नए सेशन में स्कूलिंग के साथ पेरेंट्स ऐसे करें बच्चों की मॉनिटरिंग

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

*बच्चों की पढ़ाई के बदलते तौर-तरीकों के दौर में माता-पिता या अभिभावकों की जिम्मेदारी दोहरी हो जाती है। बच्चों के टाइम शेड्यूल को समझने से लेकर उन्हें मानसिक रूप से तैयार करने तक की बात समझना आवश्यक है।*

### आपका व्यवहार कैसा है, समझें

सबसे पहले यह देखें कि बच्चों से आपका व्यवहार कैसा है। हर बात को समझाने के लिए डांटें नहीं, बल्कि बच्चे की योग्यता व उम्र को ध्यान में रखकर समझाने का प्रयास करें। किसी दोस्त की तरह उनकी समस्याएं सुनें और समय पर हंसी-मजाक भी करे।

### तुलनात्मक भाव पैदा करने से बचें

दूसरों के उदाहरण से अपने बच्चे को प्रेरित तो करें, लेकिन उसकी तुलना करने से बचें। इससे वह डी-मोटिवेट हो सकता है और उसके मन में हीन भावना जन्म ले सकती है। प्रैक्टिकल बनें।

### क्लास टेस्ट के प्रति सहजता सिखाएं

स्कूल शुरू होने के बाद से ज्यादातर स्कूल्स में रुटीन या क्लास टेस्ट होते हैं। इनके लिए बच्चे के मन में सहजता पैदा करें यानी वह डरे नहीं। अपने स्कूल के दिन बताएं कि किस तरह से आप अपने स्कूल डेज में पढ़ाई करते थे व टेस्ट में शामिल होते थे।




### पीछे न पड़ें, दोस्तों के साथ खेलने भी दें

बच्चों को स्पेस दें और थोड़ी देर अकेले रहने दें या फिर उनके दोस्तों के साथ समय बिताने दें। पूरे समय बच्चों के आगे-पीछे रहने से वे चिड़चिड़े हो सकते हैं। इस तरह उनका शारीरिक व मानसिक स्तर अपग्रेड होगा।

### स्टडी स्पेस अलग हो या आप भी पढ़ें कोई किताब

अगर संभव हो, तो बच्चों के लिए अलग स्टडी स्पेस की व्यवस्था करें जहां कोई व्यवधान न हो। साथ ही आप भी उनके साथ कोई किताब लेकर पढ़ सकते हैं। इससे उनमें मोटिवेशन आएगा और आप उनका ख्याल भी रख पाएंगे।

### पीछे क्यों छूट रहा बच्चा?

कई बार देखा गया है कि स्टूडेंट्स निरंतर पीछे छूटते चले जाते हैं और धीरे-धीरे तनाग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में उनकी हर छोटी-बड़ी बात, एक्टिविटी और जरूरत को ध्यान में रखें। उनसे बातचीत करें और उन्हें तनाव न दें।

### पूछने के तरीके बदलें

बच्चे से यह न पूछें कि स्कूल में आज क्या पढ़ाया?, बल्कि पूछें- आज सबसे अच्छा क्या लगा? या आज कोई परेशानी हुई क्या? बच्चे का होमवर्क, स्कूल डायरी और बैग सप्ताह में कम से कम एक-दो बार जरूर देखें। स्क्रीन टाइम पर नजर रखें। पढ़ाई के नाम पर मोबाइल का गलत इस्तेमाल न हो, इसका ध्यान रखें। स्कूल से भी रेगुलर फीडबैक लें।

### शिकायतों को नजरअंदाज न करें

बच्चा अगर स्कूल या क्लास से जुड़ी कोई शिकायत करता है, तो उसे नजरअंदाज न करें। बल्कि स्कूल जाकर बात करें, साथ ही अगर बच्चा स्कूल से जुड़ी कोई भी बात साझा न करता हो, तो आपको अलर्ट होने की जरूरत है। हो सकता है कि आपका बच्चा शरारती हो और अपनी गलतियां छिपाता हो। अतः स्कूल प्रबंधन से उसकी एक्टिविटीज जानें।

## STUDENT ZONE

# स्किल डवलपमेंट से बनेगी बात, डर या घबराहट से नहीं

***Q मैं ग्रेजुएशन फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट हूं और क्लास में अपनी बात ठीक ढंग से नहीं रख पाता हूं, मुझे क्या करना चाहिए?***

***- सोमेश गुप्ता,*** *भीलवाड़ा, राजस्थान*

*- सबसे पहले तो यह मानकर न चलें कि आप बात नहीं रख पाएंगे। अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स सुधारने का अभ्यास करें। आप चाहें, तो इसके लिए अपने फैलो स्टूडेंट्स की मदद ले सकते हैं और जरूरत हो, तो एक्सपर्ट से परामर्श भी कर सकते हैं। एंग्जाइटी जैसी स्थिति हो, तो मनोचिकित्सक से मिलें और अपनी समस्या रखें। डर या घबराहट न आने दें, बल्कि प्रश्न समझें और तब उत्तर देने का प्रयास करें।*

***Q मेरी रुचि स्टार्टअप एंड बिजनेस में है, लेकिन पेरेंट्स चाहते हैं कि मैं इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर कोई जॉब कर लूं। कैसे समझाऊं?***

***- डिम्पल वर्मा,*** *रायपुर, छत्तीसगढ़*

*अपने लक्ष्य को माता-पिता के सामने रखें और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय करें। ध्यान रखें, अपना जीवन आपको खुद जीना है और आप जिस क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं, वह आपकी जिम्मेदारी है। अतः शब्दों के बजाय प्रोजेक्ट तैयार करते हुए बात रखें। पेरेंट्स की बातों को भी समझें और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के बाद जॉब से भी आप शुरुआत कर सकते हैं। जॉब के बाद स्टार्टअप करने में सफलता के मौके अधिक होते हैं।*



एक्सपर्ट:
डॉ. संगीता हटीला
मनोचिकित्सक

**अपने प्रश्न हमें भेजें**

**स्टूडेंट** जोन के साथ अपनी दिनचर्या व रिलेशनशिप से जुड़ी समस्याएं साझा करने के लिए हमें 9057531584 नं. पर हमें वॉट्सऐप मैसेज करें।

## LEARNING KICK

लाइब्रेरी में पढ़ाई के समय आपको अपनी एकाग्रता और नियमितता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है।

# अध्ययन कौशलयुक्त बेहतर स्कॉलर बनाता है लाइब्रेरी में पढ़ना

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

*अगर आप पढ़ाई करने के लिए किसी लाइब्रेरी जाते हैं, तो वहां आपको खुद में लगातार सुधार और अच्छे परिणामों के लिए एकाग्रता और नियमितता पर ध्यान देना होगा। आपको यह ध्यान रखना होगा कि लाइब्रेरी के माहौल का प्रभाव आपके अंदर विकसित हो, साथ ही आपकी समझ का विकास भी बेहतर हो पाए।*

**टाइम टेबल व नियमितता:** केवल लाइब्रेरी जॉइन कर लेने का अर्थ यह नहीं कि आप एक अच्छए स्कॉलर बन गए हैं, बल्कि आपको अपना टाइम टेबल तैयार करना और नियमित रहना चाहिए।

**पर्सनल और सोशल डवलपमेंट:** लाइब्रेरी सामाजिक और आर्थिक विकास में भी योगदान करती हैं, क्योंकि यहां उपलब्ध किताबें पढ़कर आप अच्छा काम भी कर पाएंगे।

**नॉलेजफुल अप्रोच:** लाइब्रेरी में विभिन्न विषयों की सामग्री उपलब्ध होती है जिससे आपके अंदर नॉलेज की विस्तृत श्रृंखला विकसित होती है।

### प्रमुख टिप्स

**तकनीक अपनाएं:** आप ध्यान केंद्रित करने के लिए विभिन्न तकनीकें आजमा सकते हैं, जैसे कि ध्यान या मेडिटेशन।
**इनसे बचें:** सोशल मीडिया, इंटरनेट या अन्य किसी डिस्ट्रेक्शन से दूर रहें।
**ध्यान न भटकाएं:** लाइब्रेरी में शोरगुल न करें, जोर से बात न करें और मोबाइल फोन का जरूरी हो, तो ही इस्तेमाल करें।
**ब्रेक लें:** पढ़ाई के दौरान बीच-बीच में छोटे ब्रेक लें और कुछ समय के लिए टहलें। लेकिन ध्यान रखें, यहां सोएं नहीं।
**कम्फर्टेबल सीट चुनें:** पढ़ाई के लिए एक आरामदायक और शांत जगह व सीट चुनें।



**डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता:** लाइब्रेरी डिजिटल संसाधनों, जैसे कि ई-बुक्स, ऑनलाइन जर्नल और डेटाबेस तक पहुंच प्रदान करती हैं।

**व्यक्तिगत विकास:** लाइब्रेरी व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने में भी मदद करती हैं, क्योंकि वे आपको नए कौशल हासिल करने और अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने में मदद करती हैं।

**संसाधनों की पहुंच:** लाइब्रेरी में शैक्षिक संसाधन, जर्नल लेख और अन्य सूचनाएं उपलब्ध होती हैं जो आपको पढ़ाई में मदद देते हैं।

**माहौल होगा बेहतर:** आप लाइब्रेरी में एक शांत, एकाग्र और अध्ययन वातावरण बना सकते हैं।

**नियमों का पालन करें:** शोरगुल न करें, भोजन और पेय पदार्थों का उपयोग न करें, और लाइब्रेरी की सामग्री का सम्मान करें।
**सभी का सम्मान करें:** शांत और सम्मानजनक रहें और दूसरों को उनकी पढ़ाई करने दें।
**फिक्स शेड्यूल रखें:** पढ़ाई के लिए अपना शेड्यूल फिक्स करें और इसके अनुसार ही पढ़ाई के लिए आएं और पुनः प्रस्थान करें।
**मदद मांगें:** यदि आपको कोई समस्या है, तो लाइब्रेरी के कर्मचारी से सहयाग ले सकते हैं।
**संसाधनों का ख्याल:** लाइब्रेरी के संसाधनों का उपयोग करें और उन्हें सुरक्षित रखें। संसाधनों का इस्तेमाल अपना समझकर ही करें।
**सही उपयोग करें:** तीन या चार से ज्यादा किताबें इश्यू न करवाएं और इन पर नोट्स न चिपकाएं।
**सहयोग करें:** लाइब्रेरी की बेहतरी और अच्छे माहौल में सहयोग करें और स्वच्छता का ध्यान रखें।

## OPEN ADMISSION

# DDU: यूजी, पीजी सहित अन्य कोर्स में करें अप्लाई

**दीनदयाल** उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में सीधे एडमिशन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। इस सत्र में दो नए कोर्स डिप्लोमा इन थियेटर और बीबीए (टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ऑपरेशंस) के लिए भी ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन हेतु अंतिम तिथि 22 जुलाई तय की गई है। अंतिम तिथि का इंतजार न करें।

**कोर्स:** यूजी-पीजी, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट

**अंतिम तिथि:** 22 जुलाई, 2026

dduguadmission.in


A BUNAI BY SHILPI
A THE ATELIER
AAKANSHA
AKARSHAK (LADNUN DORIA SAREES)
ANANNYA JEWELS
ANJANI SPICES
AONE CREATION
ARTS AROMA
ASMA CROCKERY AND DÉCOR
AURA AFFAIRS
BABOSA KRIPA
BOW AND TIE
COTTON CUDDLE KIDS
CROCHEY TREASURE / ATRAYENTE JEWELS
CROWN IMPORTS WEDDING PROPS AND HOME DECOR DAULATRAM CHURUWALA
DE CARATO AND THE ATELIER BY SHREYA
DHAKAD FASHION
DIVINE CREATION
DUBB AND JERRY
EZTRENDS
FESTIVE WORLD (GARG RAKHI)
GAURAKSHI BOUTIQUE
GET SET BUYY
GOGO POGO CAFE
HAPPY FEET
HOBBITS CREATIONS
HOME DÉCOR AND LIGHTING SOLUTIONS
HOUSE OF CAERA
HOUSE OF FASHION
HOUSE OF NEHA
INTARSIA BY WOVEN PEOPLE
JUTTI DEKHO
KAVI_TA_ROT
KHUBSURAT BY GAURI
KIDS ERA
KIDS ERA KIDS WEAR
KUSUM COLLECTION
LABEL GSHUK
LINE & LABEL
LOVE AND GIFTING (RAKHI)
MALVERA
MANGO MISCHIEF
MJ ENTICE
MYRAH CREATION
NAARI VASTRA
NAARITAV
NATURAL NECTAR
NEST & NOOK & MAATI NATURALS
NIYARA SAREES
PARTY PEPPER
PRISHA COLLECTION
PUSHPAVIKA DESIGN
QLB LABEL
RANGREET
RITAMBRA MOTIFS
ROAST WAY
RYSAS
SAHAJ HAST
SAUMANYA CREATION
MANKI JEWELS SHARVI JEWELS AND GIFTS
SHREE ADANIYA JEWELLERS
SHREE SHIV CHUDI GHAR & SAREE MAHAL SHRI HARI HANDICRAFT
SHRI MADHUSUDAN JEWELLERY
SHRI VASTRA
SHYAM CREATIONS
SIBATTA HOME & LIVING
SILVESTA JEWELS
SINE JAIPUR
SOM SPARSH
SOS KIDS
STREE COLLECTION
SUNSHINE FASHION
SUUTRANGI PREMIUM SUIT FABRICS
TARAE JEWELLERY
THE BATHING CO.
THE CURATED BASKET
THE GIFTING CARTEL
THE RUKRITI VAULT
TIRUPATI FASHION
TRUE FAB GARMENT
UWORE
WOMEN HANDLOOM HOUSE
YELLOW
ZERO TO LABEL
Dream ACHIEVERS
Celebrating the creativity and passion of our exceptional exhibitors
18 & 19
JULY 2026
BIRLA AUDITORIUM, JAIPUR
TIME : 11 AM to 9 PM
CONTACT : +9196670 22204


SALE
upto 50%
JUPITER | DREAMZ
MANDAKINI®
B-285, Vaishali Nagar, Vaishali Circle • Ph. : 4038899 • M. : 96365-58899
37, Kankurgachi Road, Kolkata


PRATAPSONS HERITAGE
END OF SEASON SALE
SHOP EARLY. CHOOSE FIRST.
UPTO 50% OFF
DON'T MISS OUT!
THE SALE ENDS SOON SHOP NOW
PRITHVIRAJ ROAD, C-SCHEME, JAIPUR
BRIDAL | FESTIVE | OCCASION | EVERYDAY ELEGANCE
SALE
PRATAPSONS HERITAGE
LOCATION QR

# DailyEpaper.in

One Place. Endless Reading.

INDIA'S MOST TRUSTED
**DIGITAL READING PLATFORM**
Newspapers . Magazines . Editorials

15K+ Happy Users in Paid Plan | 7 Million+ Readers on Websites | 100% Safe Secure & Ad-Free

# CHOOSE YOUR PERFECT PLAN

All Newspapers. All Magazines. All Editorials. One Subscription.

## 1 ALL HINDI PASS

Perfect For
Hindi Readers, State Govt Aspirants & General Readers

INCLUDES
- 24+ All Hindi Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

24+ HINDI NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹149~~ | ₹79 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ | ₹279 |
| 1 YEAR | ~~₹799~~ | ₹419 |

CLICK HERE

## 2 ALL ENGLISH PASS

Perfect For
UPSC, SSC, Bank, MBA, Professionals & English Readers

INCLUDES
- 25+ All English Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition -Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

25+ ENGLISH NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹169~~ | ₹89 |
| 6 MONTHS | ~~₹599~~ | ₹289 |
| 1 YEAR | ~~₹899~~ | ₹429 |

CLICK HERE

## 3 PREMIUM NEWSPAPER PASS

Perfect For
UPSC, IAS, Professionals & Editorial Readers

INCLUDES
- The Hindu
- The Indian Express
- Business Line
- The News Indian Express
- Daily Editorial

3-DAY TRIAL
₹19 ~~₹49~~

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹129~~ | ₹69 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ | ₹269 |
| 1 YEAR | ~~₹699~~ | ₹399 |

CLICK HERE

## ⭐ MOST POPULAR ⭐ 4 ALL IN ONE PASS

Perfect For
UPSC, SSC, Banking, PCS, Judiciary, CUET, Researchers & Journalists

INCLUDES
- All Hindi Newspapers (24+)
- All English Newspapers (25+)
- Daily Editorial
- International Newspapers (Top Global Newspapers)
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- 2-Year Backup IN PDF (only in Yearly Plan)

3-DAY TRIAL
₹29 ~~₹69~~

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ | ₹129 |
| 6 MONTHS | ~~₹899~~ | ₹499 |
| 1 YEAR | ~~₹1299~~ | ₹749 |

CLICK HERE

## 5 MAGAZINE PASS

Perfect For
Current Affairs, Knowledge, Business & Exam Preparation

INCLUDES
- 125+ Indian Magazines
- 150+ International Magazines
- Daily Update (New Magazines)
- Easy to Read & Download
- All Categories Covered

125+ INDIAN MAGAZINES
150+ INTERNATIONAL MAGAZINES

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ | ₹149 |
| 6 MONTHS | ~~₹1199~~ | ₹699 |
| 1 YEAR | ~~₹1799~~ | ₹999 |

CLICK HERE

SINGLE EDITIONS All Papers In One Place | DAILY UPDATES After 6 AM Everyday | EASY TO READ Mobile, Tablet & Desktop | DAILY EDITORIALS Excluded in Every Plan | SECURE & AD-FREE 100% Safe Experience | 24X7 SUPPORT Always Here To Help You

PERFECT FOR ASPIRANTS & PROFESSIONALS
UPSC/IAS | SSC | BANKING | PCS/STATE PCS | JUDICIARY | DEFENCE | RESEARCHERS | STUDENTS

LIMITED TIME OFFER!

Save More with 6 Months & 1 Year Plans!
More Duration, More Savings!

100% Safe Payments
Multiple Payment Options
UPI | Paytm | PhonePe | G Pay | VISA | RuPay

Trusted By Thousands | 7Million+ Reader on Website | Daily Updates | Unmatched Collection | One Subscription | Endless Benefits